RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 67
लखनऊ, शुक्रवार, 25 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





हर साल एक फिल्म ऐसी करती हूं जो मुझे चुनौती देती हो
विविध-12



www.dailypioneer.com


# सरकार ने किसानों को फिर बातचीत का भेजा न्योता

● संयुक्त मोर्चा से उन मुद्दों का मांगा ब्योरा मांग जिस पर किसान नेता करना चाहते हैं वार्ता

● कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने लिखा पत्र, एमएसपी से संबंधित किसी नई मांग को तार्किक नहीं बताया

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में गुरुवार को सिंघू बार्डर पर कृषि कानूनों के विरुद्ध प्रदर्शन करते किसान

**किसान** संगठनों द्वारा कृषि कानूनों को रद्द करने तथा बातचीत के लिए ठोस प्रस्ताव भेजने की मांग के एक दिन बाद गुरुवार को केंद्र ने गेंद वापस किसानों के पाले में डालते हुए उन्हें फिर बातचीत का न्योता दिया।

केंद्र ने किसानों से उन मुद्दों का ब्योरा मांग जिस पर वे वार्ता करना चाहते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक अग्रवाल ने 40 किसान नेताओं को लिखे तीन पन्नों के पत्र में कहा कि मैं आपसे फिर आग्रह करता हूं कि सरकार प्रदर्शन को समाप्त कराने के लिए सभी मुद्दों पर खुले मन से और अच्छे इरादे से चर्चा करती रही है और ऐसा करती रहेगी। कृपया (अगले दौर की वार्ता के लिए) तारीख और समय बताएं। लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य से संबंधित किसी भी नयी मांग को एजेंडे में शामिल करना 'तार्किक' नहीं होगा, जिसका नए कृषि कानूनों से कोई संबंध नहीं है।

सरकार और किसान संगठनों के बीच पिछले पांच दौर की वार्ता का अब तक कोई नतीजा नहीं निकला है। दिल्ली की सीमाओं पर लगभग एक महीने से प्रदर्शन कर रहे किसान तीनों नए कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की मांग पर अड़े हैं। अग्रवाल ने किसान यूनियनों से कहा कि वे उन अन्य मुद्दों का भी ब्योरा दें जिनपर वे चर्चा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वार्ता मंत्री स्तर पर नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर अग्रवाल ने कहा कि कृषि कानूनों का इससे कोई लेना-देना नहीं है और न ही इसका कृषि उत्पादों को तय दर पर खरीदने पर कोई असर पड़ेगा। किसानों द्वारा केंद्र को भेजे खुले पत्र में कहा गया था कि वे बातचीत के लिए राजी हैं लेकिन सरकार को पहले एक ठोस प्रस्ताव के साथ आना होगा और जब तक कि सरकार एक नया एजेंडा लेकर नहीं आती तब तक बातचीत नहीं होगी। किसानों के इस खत के बाद सरकार का यह पत्र आया है। गौरतलब है कि इस बार पत्र संयुक्त किसान मोर्चा को संबोधित है, न कि पहले कि तरह दर्शन पाल को, जिसे अग्रवाल ने भेजा था।

मोर्चा 40 कृषि संगठनों का मंच है। पत्र में किसान संगठनों द्वारा उठाई गई विभिन्न आपत्तियों के बारे में चर्चा की गई जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य और पांच दौर की बातचीत में शामिल मुद्दे शामिल हैं। पत्र में ( शेष पेज 9 )

## नौ करोड़ किसान सुनेंगे प्रधानमंत्री की बात: भाजपा

● मोदी आज करेंगे देश के किसानों को संबोधित, पार्टी का दावा-एक छोटे से वर्ग को छोड़कर कृषि कानूनों को अधिकांश कृषक समुदाय का समर्थन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के किसानों को संबोधित करने से एक दिन पहले भाजपा ने गुरुवार को दावा किया कि 'नौ करोड़ किसान' प्रधानमंत्री को सुनेंगे और यह भी कहा कि 'एक छोटे हिस्से' को छोड़कर अधिकांश कृषक समुदाय कृषि सुधारों पर मोदी के साथ खड़ा है।

सरकार और आंदोलनरत किसानों के बीच गतिरोध तीसरे हफ्ते भी कायम है तथा यह बढ़ता जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा ' कांग्रेस किसानों का इस्तेमाल कर रही है' और 'उसने हमेशा उनके हितों के खिलाफ काम किया है।' जावडेकर ने कहा 'मैं राहुल को इस मुद्दे पर बहस की चुनौती देता हूं। कांग्रेस ने किसानों को केवल 53,000 करोड़ दिए और वह भी बैंकों के जरिये जबकि मोदी ने 1,2000 करोड़ रुपये किसानों के बैंक खातों में डाले।' भाजपा के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी एक और संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल झूठ बोल रहे हैं।

यह वही थे जिन्होंने एपीएमसी प्रणाली के बारे में काम करने की वकालत की थी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी कांग्रेस पर किसानो को गुमराह करने का आरोप लगाया। गतिरोध को जल्द खत्म होता न देख भाजपा और सरकार ने अपने नए कृषि कानूनों पर ' जागरूकता अभियान' तेज करने का फैसला किया है। किसानों तक पहुंच बढ़ाने की ( शेष पेज 9 )

## किसानों से धोखेबाजी करने वालों का जेल में होगा ठिकाना: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किसानों के साथ धोखेबाजी करने वालों के लिए जेल ही परमानेंट ठिकाना है। उन्होंने कहा है कि किसानों का हित संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई अधिकारी हो या कर्मचारी अथवा निजी संस्था, किसी को भी किसानों के हक के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।

सीएम योगी ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि प्रदेश में धान खरीद की सुचारु कार्यवाही में कुछ लोग रोड़ा अटकाना चाह रहे हैं, इनसे सख्ती के साथ निपटा जाए। सीएम योगी ने धान क्रय केंद्रों पर दलालों की गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत बताते हुए पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि किसानों को 72 घंटे में धान का मूल्य उपलब्ध करा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के संबंध में राज्य सरकार की जीरो टालरेंस की नीति है। सरकारी कर्मियों के भ्रष्टाचार के मामलों में कारवाई के संबंध में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। सीएम योगी ने प्रदेश में जारी यूपी-नीट की प्रवेश प्रक्रिया की ताजा स्थिति की समीक्षा की। सीएम ने हॉस्टल फीस, मिसलेनियस शुल्क आदि के नाम पर मनमाना शुल्क निर्धारण करने की सूचनाओं का संज्ञान लेते हुए ऐसे कॉलेजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि, अल्पसंख्यक संस्थान के नाम पर मनमानी फीस ( शेष पेज 9 )

### उत्तर प्रदेश के दो करोड़ किसानों को आज मिलेंगे 4,260 करोड़

**लखनऊ।** किसानों के मान, सम्मान और सुरक्षा, संवर्धन के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को किसानों से मुखातिब होंगे। अटल जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के 2 करोड़ 13 लाख से अधिक किसान परिवारों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की नई किश्त के तहत करीब 4,260 करोड़ की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी की वर्चुअल उपस्थिति वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी शामिल होगे। सीएम योगी लखनऊ के मोहनलालगंज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। विदित हो कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के किसानों को अब तक कुल 24 हजार 183 करोड़ की धनराशि मिल ( शेष पेज 9 )

### अवकाश सूचना



क्रिसमस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 25 दिसंबर 2020 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 27 दिसंबर को प्रकाशित होगा।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,973 | ↑ | 529 | |
| निफ्टी | 13,749 | ↑ | 148 | |
| सोना | 49,624 | ↑ | 385 | /10g |
| चांदी | 66,954 | ↑ | 1102 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जम्मू-कश्मीर में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले मे बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद आज सुबह बारामूला जिले के करीरी क्षेत्र मे वनिगाम पाईन में तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चला दी।

## पश्चिम बंगाल विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने वाम दलों से गठबंधन को दी हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** आलाकमान ने अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वाम दलों के साथ गठबंधन करने के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में वाम दलों के साथ गठबंधन को आज औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान की। कांग्रेस के पश्चिम बंगाल प्रभारी जितिन प्रसाद ने कहा, इस चुनाव में कांग्रेस इस गठबंधन में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। यह चुनाव प. बंगाल की अस्मिता, संस्कृति और संस्कार को बचाने का है जिन पर चोट करने की कोशिश की जा रही है। प्रसाद ने हाल ही में पश्चिम बंगाल का दौरा किया था और वहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेकर नेतृत्व को इससे अवगत कराया था। इसके बाद नेतृत्व ने गठबंधन करने को हरी झंडी दी है। साल 2016 के विधानसभा चुनाव में भी वाम दल और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़े थे। हालांकि ये दोनों केरल में एक दूसरे मुख्य विरोधी हैं।

## पशुधन घोटाला मामले में आईपीएस अरविंद सेन भगोड़ा घोषित हुए

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**पशुधन** घोटाला मामले में वांछित सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन व एक अन्य मुल्जिम अमित मिश्रा को भगोड़ा घोषित करते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने दोनों के खिलाफ कुर्की से पहले की कार्यवाही की नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने इसके साथ ही इस मामले में निरुद्ध सिपाही दिलबहार यादव का वायॅस सैम्पल लेने की इजाजत भी दे दी है। कहा है कि यदि मुल्जिम अपनी मर्जी से वायॅस सैम्पल देता है, तो उसे नियमानुसार रिकार्ड किया जाए। बीते 16 दिसंबर को विशेष अदालत में इस मामले की विवेचक व एडीशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस गोमतीनगर, श्वेता श्रीवास्तव ने दो अर्जी दाखिल की थी। एक अर्जी में अरविंद सेन व अमित मिश्रा के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत आदेश पारित करने की मांग की थी। जबकि दूसरी अर्जी में सिपाही दिलबहार यादव का वायॅस सैम्पल लेने की मांग की थी। उनका कहना था कि अरविंद सेन व अमित मिश्रा की गिरफ्तारी के लिए कई कई बार दबिश दी गई। लेकिन ये फरार चल रहे और छिपकर कहीं रह रहे हैं। लिहाजा विवेचनात्मक कार्यवाही के लिए इनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी करना नितांत आवश्यक है। उन्होंने अपनी दूसरी अर्जी में सिपाही दिलबहार यादव का वायॅस सैम्पल लेने की मांग करते हुए कहा कि इसने इस मामले के एक मुल्जिम आशीष राय से घटना के संदर्भ में वार्ता की है। इस वार्ता को एसटीएफ ने रिकार्ड किया है। जिसका मिलान कराना है। लिहाजा इसके लिए इसका वायॅस सैंपल प्राप्त करना आवश्यक है। उनका यह भी कहना था कि इस मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष राय, धीरज कुमार देव, रुपक राय, रघुवीर प्रसाद व संतोष मिश्रा का वायॅस सैम्पल लेने का आदेश दिया जा चुका है।

## वोडाफोन मामले में आदेश को भारत ने दी चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने वोडाफोन ग्रुप मामले में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के आदेश को सिंगापुर अदालत में चुनौती दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। न्यायाधिकरण ने भारत सरकार की कंपनी से पूर्व की तिथि से 22,100 करोड़ रुपए की कर मांग को खारिज कर दिया था। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने कहा कि भारत के पास न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देने के लिए 90 दिन का समय था और इसके आधार पर सिंगापुर अदालत में इस सप्ताह की शुरुआत में चुनौती दी गई। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत ने ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी के 2007 में भारतीय इकाई के अधिग्रहण से जुड़े मामले में 25 सितंबर को कर विभाग की 22,100 करोड़ रुपए की पूर्व प्रभाव से कानून को लागू करके कर और जुर्माने की मांग को खारिज कर दिया था। इस अपील के साथ सरकार के लिय तीन सदस्ईय न्यायाधिकरण के आदेश को हेग स्थित स्थाई मध्यस्थता अदालत में चुनौती देने ( शेष पेज 9 )

## इस बार ग्राम प्रधानों के लिए लागू हो सकती है न्यूनतम शैक्षिक योग्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा। ऐसे में सरकार की कोशिश मार्च 2021 तक चुनाव करा लेने की है। ऐसे में पंचायती राज विभाग ने होमवर्क शुरू कर दिया है। माना यह जा रहा है कि इस बार सरकार पंचायत चुनावों को लेकर उम्मीदवारों की न्यूनतम योग्यता निर्धारित कर सकती है। यदि ऐसा हुआ तो फिर अंगूठा छाप उम्मीदवार चुनाव से वंचित हो जाएंगे। इस बार योगी सरकार पढ़े लिखे प्रधानों को गांवों के विकास की बागडोर सौंपना चाह रही है। इसलिए ग्राम प्रधान चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता को लागू करने पर विचार कर रही है। यदि ऐसा हुआ तो अब अंगूठा टेक व्यक्ति प्रधान, ब्लॉक प्रमुख अथवा जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रतिनिधि नहीं होगा। हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा जैसे राज्यों में ग्राम पंचायत सदस्यए ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय व जिला पंचायत सदस्यों के अलग अलग पदों के लिए कक्षा आठ से लेकर इंटरमीडिएट परीक्षा तक पास होना जरूरी है। ऐसे में सरकार के निर्देश पर अन्य राज्यों के ड्राफ्ट का अध्ययन किया जा रहा है। फिलहाल, यह कब तक लागू होगा, अभी इस बारे में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। सूत्रों का कहना है कि अनपढ़ ग्राम प्रधान को विकास की योजनाओं को ठीक से समझने में दिक्कत आती है।

वित्तीय खातों का संचालन, पंचायत सचिवों के भरोसे चलता है। ऐसे हालात में वित्तीय अनियमितताओं की संभावना बनी रहती है। पंचायत प्रतिनिधियों का पढ़ा लिखा होना अनिवार्य किए जाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक वातावरण तैयार करने में भी सहायता मिलेगी। वहीं इसके अलावा ग्राम पंचायत चुनाव प्रक्रिया में सुधार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के उठाये जाने की संभावना है। दो बच्चों से अधिक संतान वालों को ग्राम प्रधानी का चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार इस पर भी फैसला ले सकती है।

## नए कोरोना स्ट्रेन के भारत पहुंचने का कोई सबूत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने आम लोगों में फैले इस डर को कम करने की कोशिश की है कि कोरोना का नया स्वरूप भारत में आ चुका है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अभी कोई सबूत नहीं मिले हैं। बेहद घातक संक्रमण को लेकर किसी भी नतीजे पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी। मंत्रालय ने कहा कि वायरस की उपस्थिति का पता लगाने के लिए एक जीनोम सिक्वेंसिंग को स्थापित करने की जरूरत है। यह कार्य सरकार द्वारा चिह्नित प्रयोगशालाओं के माध्यम से ही किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार ब्रिटेन से आए यात्रियों की जीनोम सिक्वेंसिंग का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 22 दिसंबर को ब्रिटेन से मुंबई आने वाले 590 यात्रियों में से 15 यात्रियों का अभी तक जीनोम सिक्वेंसिंग नहीं हुआ है। इसलिए, यह कहना उचित नहीं है कि कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन भारत में आ चुका है। जब तक सरकार द्वारा चिन्हित ( शेष पेज 9 )

## आत्मनिर्भर भारत अभियान टैगोर के दृष्टिकोण का सार: प्रधानमंत्री

● विश्व भारती विवि के शताब्दी समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मोदी ने किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** शांतिनिकेतन (कोलकाता)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के दृष्टिकोण का सार बताया और कहा कि यह विश्व कल्याण के लिए भारत के कल्याण और उसे सशक्त करने के साथ विश्व में समृद्धि लाने का भी मार्ग है। पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन स्थित विश्व भारती विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी विश्वविद्यालय से निकले संदेश आज पूरे विश्व तक पहुंच रहे हैं और भारत आज अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज इकलौता बड़ा देश है जो पेरिस समझौते के पर्यावरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के सही मार्ग पर है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी इस समारोह के दौरान उपस्थित थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा विश्व भारती, देश का सबसे पुराना केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है। नोबेल पुरस्कार विजेता टैगोर पश्चिम बंगाल की प्रमुख हस्तियों में गिने जाते हैं।

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। वर्ष 1951 में विश्व भारती को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था और उसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में शुमार किया गया था। प्रधानमंत्री इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेद से विवेकानंद तक भारत के चिंतन की धारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के राष्ट्रवाद के ( शेष पेज 9 )

## आगे बढ़ने को प्रेरित करती हैं अटल की स्मृतियां: योगी

● पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर काव्य संध्या का आयोजन

● मुख्यमंत्री ने कहा, मजहब देश, काल और परिस्थिति के हिसाब से बदलते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मजहब देश, काल और परिस्थिति के हिसाब से बदलते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। उन्होंने बताया कि इंडोनेशिया की रामलीला के पात्रों को मैंने अयोध्या में देखा, उसके बाद उन्हें लखनऊ में सम्मान के लिए बुलाया। मैं देखकर हैरान था कि सभी पात्र मुस्लिम थे। मैंने उनसे कहा कि आप मुस्लिम होने के बावजूद राम, सीता या हनुमान बने थे। उन्होंने कहा हमारे यहां राम को लोग बड़ी श्रद्धा के साथ सम्मान करते हैं। मैंने कहा अगर भारत के अंदर कोई बनता तो फतवा जारी हो गया होता। मुख्यमंत्री राजधानी के साइंटिफिक कन्वेंशन सेण्टर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती की पूर्व संध्या पर अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित काव्य संध्या को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अटल जी एक कवि व एक साहित्यकार थे और साहित्य से राजनीति में आए थे। कवि हृदय राजनेता के लिए यह उपयुक्त श्रद्धांजलि है। स्वतंत्र भारत में 1957 में उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखा और 2006 तक सक्रिय रूप से राजनीति को प्रभावित किया। अटल बिहारी वाजपेयी सबके प्रिय बने रहे। दल से ऊपर उठकर उनके प्रति लोगों में सम्मान का भाव था। सार्वजनिक जीवन में जाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए उनका जीवन अनुकरणीय हो सकता है। उन्होंने सदैव प्रेरणा दी कि राजनीति मूल्यों और आदर्शों की होनी चाहिए। उनकी स्मृतियां हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं में राष्ट्र के प्रति जो ( शेष पेज 9 )

# वैट की बकाया राजस्व वसूली को ओटीएस स्कीम लागू करें

● प्रदेश में कम से कम 25 लाख व्यापारियों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन होना चाहिए

## मुख्यमंत्री ने की वाणिज्य कर विभाग के कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैट की बकाया धनराशि की वसूली के लिए पुन: ओटीएस स्कीम लागू की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी और सर्वाधिक उपभोक्ता वाला प्रदेश है। इसलिए यहां जीएसटी संग्रह भी सर्वाधिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रभावी प्रयास करते हुए जीएसटी राजस्व संग्रह में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व चोरी में संलग्न तत्वों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोक भवन में वाणिज्य कर विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव वाणिज्य कर आलोक सिन्हा ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पंजीकृत व्यापारियों, रिटर्न फाइल की प्रगति, राजस्व प्राप्ति, जीएसटी संग्रह, रिटर्न नान फाइलर्स, प्रवर्तन कार्यवाहियों आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्राप्ति के सम्बन्ध में सभी स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। अधिकारियों के कार्य का आकलन उनके परफार्मेंस के आधार पर किया जाए। योग्य अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रह के कार्य में तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाए। तकनीक का इस्तेमाल राजस्व की वसूली के साथ इसकी चोरी रोकने में भी सहायक सिद्ध हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी संग्रह के लिए सर्वाधिक आवश्यक है कि सभी व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कम से कम 25 लाख व्यापारियों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड व्यापारी के लिए 10 लाख रुपये के बीमे की व्यवस्था है। इसके लिए कोई धनराशि नहीं देनी पड़ती। जीएसटी में रजिस्ट्रेशन होने से भविष्य में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता। व्यापारियों को इस सम्बन्ध में जागरूक करते हुए अधिक से अधिक व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन का कार्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के समन्वय व सहयोग से किया जाना चाहिए। व्यापारियों को रिटर्न फाइल करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, अयोध्या, गौतमबुद्धनगर, गोरखपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ आदि जोनों में कार्यरत अपर वाणिज्य कर आयुक्तों से रिटर्न फाइलिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता द्वारा दिया गया राजस्व देश व प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए राजस्व संग्रह में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैट की बकाया धनराशि की वसूली के लिए पुन: ओटीएस स्कीम लागू की जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, आयुक्त वाणिज्य कर अमृता सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम योगी ने जताया प्रधानमंत्री के प्रति आभार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं के लिए 59 हजार करोड़ रुपये की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से 04 करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति के छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे। इन विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा अर्जित करने की राह और अधिक आसान हो जाएगी।

## क्रिसमस पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी ने क्रिसमस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की है। क्रिसमस के अवसर पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि प्रभु यीशु ने असहाय और पीड़ित मानवता को प्रेम, करूणा और अटूट संकल्प शक्ति का जो सन्देश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। प्रभु यीशु की शिक्षाओं पर चलकर सभ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है। पटेल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सावधान और सतर्क रहें, भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए पर्व को मनायें। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व जरूरतमंदों की मदद करने तथा मिल जुलकर खुशियां बांटने का संदेश देता है।

## कारागार महकमे में चल रहे निर्माण कार्यों की अब शासन स्तर पर होगी हर सप्ताह समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● 148 निर्माण कार्यों की सम्पूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां जारी

**प्रदेश** की जेलों को और अधिक बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिए कारागार विभाग के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाने के लिए अपर मुख्य सचिव गृह एवं कारागार अवनीश कुमार अवस्थी ने लोक भवन स्थित अपने सभा कक्ष में कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। शासन द्वारा कारागारों से सम्बन्धित निर्माण कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा किये जाने का भी निर्णय लिया गया है।

अपर मुख्य सचिव गृह एवं कारागार द्वारा निर्माण कार्यों को सम्पन्न कराने वाली कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाते हुए उन्हें गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कुल 168 निर्माण कार्यों में से 148 निर्माण कार्यों की सम्पूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं तथा अवशेष स्वीकृतियां शीघ्र निर्गत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगामी वर्ष 2021 के माह फरवरी तक निर्माण कार्यों को पूरा करने के कार्यदायी संस्थाओं और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक मे बताया गया कि पुलिस आवास निगम के कुल 44 कार्यों की परियोजना लागत 7356.94 लाख रुपए के सापेक्ष 4632.48 लाख रुपए की धनराशि निर्गत की जा चुकी है। यूपी प्रोजेकटस कॉरपोरेशन लिमिटेड के कुल 91 कार्यों की परियोजना लागत 2730.73 लाख रुपए के सापेक्ष 2222.95 लाख रुपए की धनराशि निर्गत की जा चुकी है। सीएण्डडीएस के कुल 33 कार्यों की परियोजना लागत 1995.55 लाख रुपए के सापेक्ष 1247.05 लाख रुपए की धनराशि निर्गत की जा चुकी है। अपर मुख्य सचिव गृह एवं कारागार ने निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने हेतु अवशेष धनराशि को शीघ्र ही निर्गत किए जाने के निर्देश दिए।

## महोबा में दुर्घटना में मरने वालों के परिजनों को दो-दो लाख

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने महोबा में एक सड़क दुर्घटना में छात्रों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की अनुमन्य सहायता राशि प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायलो का समुचित उपचार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दुर्घटना के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

## यूपी दिवस आयोजन की कार्य योजना शीघ्र उपलब्ध कराएं विभाग: सीएस

**लखनऊ।** आगामी 24 जनवरी को उप्र दिवस आयोजन को लेकर मुख्य सचिव आरके तिवारी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल व इस सम्बन्ध में जारी एडवाइजरी व निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन कराते हुए उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों एवं मण्डलायुक्त मेरठ से आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तथा कार्य योजना तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि 24 से 26 जनवरी तक पूर्व की भांति अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। लखनऊ के साथ-साथ नोएडा में भी उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। उत्तर प्रदेश दिवस में पर्यटन, सूचना, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई एवं खादी-ग्रामोद्योग विभाग, संस्कृति, श्रम, समाज कल्याण आदि विभागों की सहभागिता रहेगी।

# चीनी उत्पादन में यूपी लगातार तीन वर्षों से देश में प्रथम स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### योगी सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में रिकॉर्ड 112829 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ गन्ना मूल्य का भुगतान



**प्रदेश** सरकार गन्ना किसानों की समृद्धि और चीनी उद्योग में स्थिरता लाये जाने की दिशा में पूर्ण कौशल और आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए पूरी गम्भीरता से कार्य कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प किसानों की आय दोगुनी करने की ओर प्रदेश सरकार ने गति के साथ कदम बढ़ाये हैं।

यह बातें प्रदेश के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा ने बृहस्पतिवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में साढ़े तीन वर्ष की उपलब्धियों के सम्बंध में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि गन्ना एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है तथा प्रदेश मे लगभग 45.44 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता किसान है। लगभग 67 लाख गन्ना किसान, गन्ना समितियों एवं चीनी मिल समितियों मे पंजीकृत हैं। गन्ना इन 67 लाख गन्ना किसानों के लगभग 3 करोड़ 35 लाख परिवारीजनों की जीविका का आधार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। गन्ना मंत्री ने कहा कि गन्ना विभाग ने प्रदेश की कुल जीडीपी में 8.45 प्रतिशत एवं कृषि क्षेत्र की जीडीपी में 20.18 प्रतिशत का योगदान दिया है।

देश के कुल चीनी उत्पादन का 47 प्रतिशत एवं गन्ना क्षेत्रफल का 59 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश का है। गन्ना एवं चीनी उत्पादन में उत्तर प्रदेश लगातार 3 वर्षों से देश में प्रथम स्थान पर है। एथनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम के लिए आयल कम्पनियों को एथनॉल की आपूर्ति में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।

वर्ष 2019-20 में लगभग 70 करोड़ लीटर एथनॉल आपूर्ति की गयी है। राणा ने कहा कि वर्तमान सरकार के मात्र साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में रिकॉर्ड 1,12,829 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ है, जो अब तक इतनी कम अवधि में किये गये भुगतान में सर्वाधिक है। सरकार द्वारा विगत साढ़े तीन वर्ष की अवधि में किसानों को कुल 1,12,829 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया। इसके पूर्व के 3 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान 53,367 करोड़ से 59,462 करोड़ अधिक तथा 5 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान 95,215 करोड़ से 17,614 करोड अधिक है।

लॉकडाउन अवधि में चीनी मिलों में चीनी बिक्री आदि अत्यंत कम हो जाने के बावजूद इस अवधि में भी गन्ना किसानों को 5,954 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। गन्ना मंत्री ने कहा कि कृषकों के वर्षो से लम्बित अनपेड गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को कराने के लिए अभियान चलाकर अब तक 92,215 गन्ना किसानों को लगभग 126.61 करोड़ की धनराशि का भुगतान कराया गया है। गन्ना मंत्री ने इस दौरान गन्ना विभाग की उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# उपभोक्ता सेवाओं में लापरवाही पर तय होगी एमडी की जवाबदेही

● ऊर्जा मंत्री ने की मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधीन जनपदों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन जनपदों में विद्युत आपूर्तिए गर्मियों में इन जनपदों को ट्रिपिंग फ्री बनाये जाने की तैयारियों, किसानों को समय से ट्यूबवेल कनेक्शन देने की कार्रवाईए उपभोक्ता को सही और समय पर डाउनलोडेबल बिल उपलब्ध कराने सहित उपभोक्ता सेवाओं में सुधार के बिंदुओं पर समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि एमडी यह सुनिश्चित करें कि लखनऊ सहित मध्यांचल के सभी जनपद ट्रिपिंग फ्री हों। उन्होंने कहा कि जहां लाइन लॉस 15 प्रतिशत से कम है वहां 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित होगी। निर्बाध आपूर्ति के लिए एमडी अपने स्तर से प्रभावी निगरानी करें। यह जरूर देख लें कि पिछली गर्मियों में कहीं भी आपूर्ति से संबंधित कोई भी समस्या रही हो वहां आगामी गर्मियों में दिक्कत न हो, इसके लिए फरवरी तक सभी तैयारियां कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार उपभोक्ता देवो भव: की नीति पर काम कर रही है। उपभोक्ता की समस्या सरकार की समस्या हैए उपभोक्ता की संतुष्टि ही सरकार की संतुष्टि है। सभी अधिकारी व स्वयं एमडी यह सुनिश्चित करें कि उपभोक्ता सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। ऐसे प्रकरणों पर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। गलत बिलिंग को लेकर आ रही शिकायतों पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 31 जनवरी तक प्रबंध निदेशक सभी जनपदों में सुनिश्चित कर लें कि 100 फीसदी डाउनलोडेबल बिलिंग सुनिश्चित हो। उपभोक्ताओं को सही बिल मिले यह डिस्कॉम की जवाबदेही है। उपभोक्ताओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। उपभोक्ता सुविधाओं का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई भी करें।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

हमारी फर्म के फार्म '38' सं0 C4668323 एवं C4668346 दिनांक 17 मई 2019 को वास्तव में कहीं खो गये थे। जिसका प्रयोग अवैध होगा। ओम प्लास्ट इण्डिया प्रा0लि0, बी. 19, उद्योगकुंज पनकी साईट 5, कानपुर।

## सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र इनायल अली व बहू सबीना बानों को को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। फकीर अहमद पुत्र बदलू निवासी-ग्राम इस्माइलपुर मजरा जलालीपुर देहात, थाना हरगांव, तहसील व जिला - सीतापुर

## सूचना

एक विक्रय विलेख दिनांकित 01-10-2009 जो गीता त्रिपाठी पत्नी भरत त्रिपाठी निवासिनी एल. 96 ई, स्टेडियम कालोनी, एनईआर, जी.टी. रोड, वाराणसी द्वारा आरती देवी पत्नी करुणा सिंह निवासिनी बभनौली, थाना-लार, जिला-देवरिया के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी नं. 333, रकबा 1529 वर्गफीट स्थित मौजा परशुरामपुर, परगना-शिवपुर, वार्ड सारनाथ, तहसील व जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है जिसका पंजीयन उपनिबन्धन कार्यालय वाराणसी में पुस्तक सं. 1, जिल्द सं. 2366 के पृ.सं. 255/284 पर दस्तावेज नं. 4316 दिनांक 01-10-2009 के रुप में पंजीकृत हुआ है खो गया है। इस विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /संस्था के पास कोई सूचना या आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, सिविल कोर्ट वाराणसी पर सूचित करें **मो.: 9451525826**

## सूचना

सुशीला देवी सिंह पत्नी पन्ना लाल सिंह आराजी नं. 959, मौजा-गोइठहाँ, परगना-शिवपुर, तहसील-सदर, जिला-वाराणसी में से रकबा 141.56 वर्गमी. को बन्धक कर एलआईसी एचएफएल कमच्छा, वाराणसी ऋण हेतु आवेदन किया है। इस सम्पत्ति से सम्बन्धित पिछला विक्रय विलेख प्रमोद कुमार पटेल पुत्र श्री रामलाल पटेल ने सुरेन्द्र लाल उपाध्याय पुत्र स्व. गंगा प्रसाद उपाध्याय के पक्ष में निष्पादित किया है जिसका इन्द्राज उपनिबन्धक कार्यालय, वाराणसी में बही सं.1, जिल्द नं. 3414 पृष्ठ 307/330 दस्तावेज नं. 3688 पर दिनांक 23-09-2008 को अंकित है एवं दूसरा पिछला विक्रय विलेख सुरेन्द्र लाल उपाध्याय पुत्र स्व. गंगा प्रसाद ने माधुरी यादव पत्नी अशोक यादव के पक्ष में निष्पादित किया है जिसका इन्द्राज उपनिबन्धक कार्यालय, वाराणसी में बही सं.1, जिल्द नं. 3832, पृष्ठ सं. 1/26 दस्तावेज नं. 3896 पर दिनांक 09-09-2009 को अंकित है तथा दोनो विक्रय विलेख उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित है। दोनो विक्रय विलेख कही खो गया है। उक्त विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति/सूचना/जानकारी है तो कृपया 15 दिन के अंदर सूचित करें। 1. एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस कमच्छा, वाराणसी। 2. हरदर्शन एडवोकेट, म.नं. 9, माँ भागीरथी नगर कालोनी, सुन्दरपुर, वाराणसी।
**मो.: 9415300600**

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

मैंने पुत्र मयंक सिंह बहू रितु सिंह से सारे सम्बन्ध खत्म कर दिये हैं। उनके किसी कार्य के प्रति मेरी या मेरे परिवार की जिम्मेदारी न होगी। श्रीमती रेखा सिंह, R.K. पुरम, मिर्जापुर कल्यानपुर, कानपुर नगर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शहाब आलम व पिता का नाम महबूब आलम था, जो अब बदल कर मारूफ अहमद पुत्र मुहम्मद अहमद हो गया है। भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मारूफ अहमद S/o मुहम्मद अहमद, निवासी - 22A/1R/3A रहमत नगर, करामत की चौकी, जी.बी.टी. नगर, करैली, प्रयागराज।

## सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सुनील व उसकी पत्नी श्रीमती श्यामकली को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। रामशंकर पुत्र श्री रामेश्वर निवासी-ग्राम सहरूईया,

## सूचना

एक विक्रय विलेख दिनांकित 20-03-2007 जो शिवशंकर मिश्र पुत्र स्व. राम निहोर मिश्र निवासी चन्दापुर, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी द्वारा सितारा बेगम पत्नी फकरुल इस्लाम निवासिनी सी. 10/14, जियापुर, नया पान दरीबा, चेतगंज, वाराणसी जो आराजी नं.433 ख, रकबा 126.39 स्थित मौजा चन्दापुर, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है जिसका पंजीयन उपनिबन्धन कार्यालय वाराणसी में पुस्तक सं. 1, जिल्द सं. 2852 के पृ.सं. 111/140 पर दस्तावेज नं. 1028 दिनांक 20-03-2007 के रुप में पंजीकृत हुआ है खो गया है। इस विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /संस्था के पास कोई सूचना या आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, सिविल कोर्ट वाराणसी पर सूचित करें **मो.:9451525826**

# भाजपा राज में किसान सबसे ज्यादा अन्याय का शिकार हुआ: अखिलेश

● किसानों के समर्थन में सपा आज पूरे प्रदेश में करेगी किसान घेरा कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी 25 दिसम्बर 2020 को समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित करेगी। इसी दिन महाराजा बिजली पासी की जयंती भी पार्टी कार्यालय लखनऊ में मनाई जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान भाजपा राज में सबसे ज्यादा अन्याय का शिकार हुआ है। भाजपा सरकार ने किसानों से किया अपना एक भी वादा तो निभाया नहीं उल्टे किसान विरोधी तीन कानून लाकर उसने कारपोरेट के हाथों किसानों को बर्बाद करने की साजिश रच डाली है। पूरे देश के किसान इसके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी किसानों की अपनी पार्टी है। वह किसानों के संघर्ष में उनके साथ है। समाजवादी पार्टी किसान घेरा कार्यक्रम के जरिए किसानों तक अपना समर्थन पहुंचाने के साथ समाजवादी सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी देंगे। किसान घेरा कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता गांवों में घेरा बनाकर अलाव के साथ चौपाल में किसानों से बातचीत करेंगे। उनकी समस्याओं पर चर्चा करेंगे और उनके संघर्ष में सहयोगी होने का भरोसा दिलाएंगे।

**क्रिसमस पर्व पर दीं शुभकामनाएं:** अखिलेश यादव ने क्रिसमस पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यीशु के जन्म को पूरे विश्व में सोल्लास मनाया जाता है। ईसामसीह ने मानवता को शांति प्रेम तथा करुणा का संदेश दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों के लिए भी क्षमा मांगी।

# सिर्फ जिला पंचायत सदस्य का चुनाव सिंबल पर लड़ेगी भाजपा

**लखनऊ।** साल की शुरूआत के साथ ही यूपी में पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज हो जाएगी। सरकार और संगठन अब पंचायत चुनाव में विजयी पताका फहराने की तैयारी में जुट गया है। उप चुनाव और एमएलसी चुनाव की ही तरह इस चुनाव में भी बूथ स्तर तक रणनीति तय की गई है। बीजेपी ने पंचायत चुनाव में जाने से पहले एक सर्वे कराया है। इस सर्वे से मिली रिपोर्ट के आधार पर बीजेपी ने इस चुनाव में सिर्फ एक ही पद पर अपने प्रत्याशी सिंबल के साथ खड़ा करने का निर्णय लिया है। अन्य पदों पर बीजेपी समर्थित प्रत्याशी चुनाव मैदान में होंगे। बीजेपी सूत्रों की मानें तो जब सर्वे कराया गया तो यह तथ्य सामने आया कि अगर प्रधान पद पर भी सिंबल पर पार्टी चुनाव लड़ती है तो अगले साल विधान सभा चुनाव पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। वह इसलिए क्योंकि पंचायत चुनाव में हार जीत की दुश्मनी की आग जल्दी ठंडी नहीं होती है। अगले साल के अंत तक प्रदेश में अगले विधान सभा चुनाव की तैयारी हो जाएगी। प्रधान पद के लिए एक गांव में 12 से 15 प्रत्याशी मैदान में होंगे और बीजेपी प्रत्याशी के लिए चुनौती सबसे अधिक होगी। इसलिए सिर्फ जिला पंचायत सदस्य के पद पर सिंबल पार्टी देगी। चुनाव में जो समर्थित प्रत्याशी जीत कर आएंगे वह पार्टी में शामिल होंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पंचायतों में आरक्षण चक्रानुक्रम में होगा। यूपी में कई नई पंचायतों और नगर पालिका परिषद तथा नगर निगम का गठन तो हुआ ही है और कई निकायों की सीमा विस्तार भी किया गया है। 15 से 20 फरवरी के बीच आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और ठीक उसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव की अधिसूचना जारी कर देगा। चुनाव मार्च के अंत तक हर हाल में करा लिया जाएगा। सभी पदों पर चुनाव एक साथ करा लिया जाएगा। चुनाव चार चरणों में कराने की तैयारी है।

## प्रसपा की प्रदेशव्यापी पद यात्रा की शुरुआत

**लखनऊ। प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया द्वारा जनता में व्याप्त असंतोष व आक्रोश को स्वर देने के लिए लिए एवं जनविरोधी नीतियों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने व जन संपर्क के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी पदयात्रा का प्रारम्भ किया गया। गांव-गांव पहुंचे प्रसपा जन के पांव के संकल्प के साथ शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के हर गांव में पहुंचना और पार्टी के विचारों को जनता तक पहुंचाना है। यह यात्रा तीन चरणों में सम्पन्न होगी। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि इटावा के ताखा ब्लॉक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव तो लखनऊ के बीकेटी ब्लॉक में राष्ट्रीय महासचिव आदित्य यादव ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारम्भ किया। इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा राज्य व केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखे हमले करने के साथ ही वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने व प्रसपा के प्रभावी नेतृत्व वाली सरकार बनाने का आह्वान किया। लखनऊ में जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना, छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो् आसिफ व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव, प्रदेश महासचिव बीनू शुक्ला, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष शम्मी बोहरा, आदि ने पद यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में चौपाल का आयोजन किया।

**U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.**
**E-Tender Notice**
**E-Tender No.-03/UNL/CE(E&S)/2020-21 "RENOVATION & RETROFIT OF ESPs OF 2X210 MW PARICHHA-BTPS"** uploaded on **23.12.2020** at https://mstcecommerce.com/eprochome/uprvunl/. Time Period: **24 months**. E.M.D. cost: **INR 1,00,00,000/- (Indian Rupees One Crore only)**. Last date of tender submission: **27.01.2021 at 16:00 Hrs.** Total Quality of work, tender specification and other terms & condition is as per tender document available on the e-tender portal. Undersigned reserves the right to cancel the e-Bids without assigning any reason. Corrigendum, Addendum, Extension if any shall be uploaded only on the above website. Bidders are advised to visit the website regularly for updated information from time to time.
**CHIEF ENGINEER (E&S)**
पत्रांक : 1692/मु.अ.(पर्या0एवंसु0)/उनिलि/पारीछा 'ब' ESP दिनांक 24 दिसम्बर 2020
'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

# प्रियंका गांधी का निर्देश, 20 दिन प्रवास पर रहेंगे सभी पदाधिकारी

### प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी व जिला शहर-अध्यक्षों की बैठक संपन्न

● पूरे प्रदेश में व्यापक पैमाने पर मनाया जाएगा कांग्रेस का स्थापना दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों को अपने अपने प्रभार वाले जनपदों में 20 दिन तक प्रवास करने और इस दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रियंका बृहस्पतिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी और जिला व शहर अध्यक्ष की बैठक को वर्चुअल माध्यम से लाइव संबोधित कर रही थी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने की। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव-सहप्रभारी उप्र जुबेर खान, धीरज गुर्जर, सचिन नाईक, बाजीराव खाड़े एवं रोहित चौधरी सहित सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि प्रियंका गांधी के निर्देशानुसार पदाधिकारियों का प्रवास उनके परिवार वाले क्षेत्र में आगामी 3 जनवरी से शुरू होगा। प्रदेश पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में रहकर संगठन के निर्माण में सहयोग करेंगे और उसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराएंगे। कांग्रेस महासचिव ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि उन्हें पूरे मनोयोग से संगठन को समयबद्ध तरीके से मजबूत बनाना है। कांग्रेस महासचिव ने अपने लॉइव उद्बोधन में कहा कि सभी पदाधिकरियों की पहली जिम्मेदारी संगठन का निर्माण करना है। इसके लिए उन्हें अपन अपने प्रभार वाले जनपदों में रहकर कार्य करना होगा। बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत अभी तक ब्लाकों का गठन पूर्ण हो चुका है और न्याय पंचायत स्तर तक संगठन को और अधिक तेजी लाते हुए गठन का कार्य पूरा करना है।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारियों को एक एक जिले की कमान सौंपी गयी है जिन्हें उस जनपद में रहकर संगठन को तैयार करने और गतिशील बनाने हेतु जुटना है।

### 28 से 30 तक सभी इकाइयां निकालेंगी कांग्रेस संदेश पदयात्रा

**बैठक** के द्वितीय सत्र में प्रदेश कांग्रेस के जिला एवं शहर अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें आगामी 28 दिसम्बर को कांग्रेस स्थापना दिवस को जिलो जिलों में व्यापक पैमाने पर मनाए जाने और कांग्रेस संदेश पदयात्रा निकाले जाने का निर्देश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस स्थापना दिवस 28 दिसम्बर से लेकर 30 दिसम्बर तक जिला एवं शहर इकाइयों द्वारा कांग्रेस संदेश पदयात्रानिकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ इस कार्यक्रम को अपने अपने जिलों में करना है।

**विद्युत सेवा आयोग**
**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज-2, गोमती नगर, लखनऊ-226010

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन सं0 05/विसेआ/2019/PO के अन्तर्गत कार्मिक अधिकारी के 15 पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 18.01.2020 को सम्पन्न ऑनलाइन परीक्षा (CBT) एवं तदोपरान्त रिस्पांस-की के विरुद्ध अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर प्राप्त विषय विशेषज्ञ की रिर्पोट को संज्ञान में लेने के उपरान्त दिनांक 20.03.2020 को साक्षात्कार हेतु शार्टलिस्टेड सूची निर्गत की गयी थी। शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 19.12.2020 को सम्पन्न कराया गया। सी0बी0टी0 परीक्षा एवं साक्षात्कार के कुल अंक.ों के आधार पर श्रेष्ठतानुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org पर अनुकमाकवार उपलब्ध है चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्गत किये जायेंगे।

**सचिव, विद्युत सेवा आयोग**

पत्रांक: 1471/विसेआ/05.2019-PO
दिनांक : दिसम्बर 24, 2020

राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी लगायें'

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन पर रखें पैनी नजर: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के मद्देनजर प्रदेश में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि एयरपोर्ट आदि पर इस सम्बन्ध में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने नए स्ट्रेन के दृष्टिगत कोविड उपचार के सम्बन्ध में सभी जरूरी इन्तजाम करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोक भवन में अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की प्रयोगशालाओं को उच्चीकृत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए स्ट्रेन के दृष्टिगत चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग प्रोएक्टिव होकर टेक्नोलॉजी को अपडेट करे। उन्होंने वायरस के नए स्वरूप के सम्बन्ध में प्रदेश में जरूरी विशेषज्ञता विकसित किए जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विदेशों से आए लोगों की सूची बनाकर उनकी टेस्टिंग सुनिश्चित कराई जाए। टेस्टिंग का परिणाम आने तक ऐसे व्यक्तियों को नियमानुसार होम आइसोलेशन मे रखा जाए।

### विदेशों से आए लोगों की टेस्टिंग और परिणाम आने तक होम आइसोलेशन में रखने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कोविड 19 की रिकवरी दर को बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रिकवरी दर में वृद्धि के लिए कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को प्रभावी बनाकर रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड चिकित्सालयों में औषधियों, मेडिकल उपकरण तथा आक्सीजन की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता प्रत्येक दशा में बनी रहे। उन्होंने टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि रैपिड एन्टीजन टेस्ट की संख्या में वृद्धि की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मेडिकल कालेजों की स्थापना को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने तृतीय चरण में बनने वाले समस्त 14 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की कार्यवाही को गति प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में गम्भीरता से प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता बरदाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना

## ब्रिटेन से लौटे यात्रियों के फोन स्विच ऑफ

### महकमा परेशान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ब्रिटेन** में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के सामने आने के बाद भारत सरकार सतर्क हो गई है। वहां से लौटने वाले यात्रियों की आरटीपीसीआर जांच कराने के निर्देश सभी राज्यों को दिए गए हैं। इसमें राजधानी लौटे अधिकतर यात्रियों के मोबाइल फोन बंद होने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी परेशान हैं। वह उन्हें तलाशने की कोशिश कर रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक नवंबर महीने से अब तक लखनऊ में ब्रिटेन से करीब 48 यात्री आए हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने यात्रियों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय भटनागर ने बताया कि केंद्र सरकार ने ब्रिटेन से उत्तर प्रदेश आने वाले यात्रियों की सूची भेजी है। इसमें राजधानी लखनऊ आने वाले यात्रियों के बारे में भी जानकारी है, लेकिन इसमें यात्रियों के केवल फोन नंबर ही हैं। उन नंबरो पर संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। अधिकतर यात्रियों के फोन बंद हैं। संजय भटनागर ने बताया कि अधिकारी 24 नवंबर से ब्रिटेन से राज्य पहुंचे यात्रियों का पता लगा रहे हैं। ब्रिटेन से लखनऊ आए यात्रियों की संख्या को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### राजधानी में 219,सूबे में कोरोना के 1166 नए केस मिले

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 219 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1166 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 16299 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2884 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8267 मरीजों की और राजधानी में 1097 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,40,055 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,29,72,685 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1166 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 16,299 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोविड.19 का रिकवरी प्रतिशत 95.75 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,77,450 क्षेत्रों में 4,94,482 टीम दिवस के माध्यम से 3,07,50,398 घरों के 14,97,20341 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि वायरस के नये स्वरूप सामने आने पर भारत सरकार ने यूनाइटेड किंगडम के बीच की उड़ाने स्थगित कर दी हैं। यूके में वायरस के नए स्वरूप से मिलने पर यूके से 9 दिसम्बर 2020 के बाद प्रदेश में आए लोगों की अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर विधि से टेस्टिंग की जायेगी तथा कोविड प्रोटोकॉल का भी पालन कराया जायेगा। यूनाइटेड किंगडम के अलावा अन्य आने वाले लोग अपनी जांच करायें।

#### यूके से 9 दिसम्बर के बाद आने वालों की कोरोना जांच अनिवार्य

## रिश्वतखोरी में क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी को सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

500 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने बद्री प्रसाद सेन को दोषी करार दिया है। विशेष जज गौरव शर्मा ने जालौन के कोंच ब्लाक के क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी रहे इस मुल्जिम को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 30 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 20 सितंबर 1997 को इस मामले की एफआईआर जालौन में थाना कोंच के निरीक्षक चिंतामणि सिंह ने दर्ज कराई थी।

## कल विरोध दिवस मनाएंगे वकील

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एटा** के वरिष्ठ वकील राजेंद्र शर्मा व उनके परिजनों की गिरफ्तारी के विरोध में 26 दिसंबर को सूबे के वकील विरोध दिवस मनाएगें। उप्र बार काउसिंल के सदस्य व पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल ने इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है कि वकील राजेद्र शर्मा की गिरफ्तारी से सूबे के वकीलों में आक्रोश है। जिस तरह सम्पति के विवाद में भूमाफिया के इशारे पर एक पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी ने अवैध हस्तक्षेप किया है, वो शर्मनाक है। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की भी मांग की है। यह भी कहा है कि उप्र बार काउसिंल भी अपनी एक समिति जांच के लिए भेज रही है।

## आलमबाग से पटना बस सेवा आज से

**लखनऊ।** यूपी बिहार बस समझौते के तहत कौशांबी से पटना वाया लखनऊ बस सेवा शुक्रवार से शुरू हो रही है। ये बस कौशांबी से शाम पांच बजे चलकर नोएडा, कुबेरपुर होते हुए रात दो बजे आलमबाग बस अड्डे पहुंचेगी। यहां से अयोध्या, गोरखपुर, गोपालगंज होते हुए पटना पहुंचेगी। वापसी में पटना से सुबह आठ बजे चलकर रात दस बजे आलमबाग बस अड्डे आएगी।



क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सजे-धजे कैथेड्रल चर्च में कैंडल जलाते लोग

## हुड़दंग किया और अराजकता फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**क्रिसमस** डे और नववर्ष के दौरान अगर किसी ने किसी तरह का हुड़दंग किया या फिर अराजकता फैलाई तो ऐसे हुड़दंगियों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। यही नहीं सीसीटीवी कैमरों और रूम कैमरों के जरिए निगरानी भी की जाएगी। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने क्रिसमस डे व नववर्ष की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं।

नववर्ष 2021 की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कड़े व पुख्ता इंतेजमात किए जाने के साथ सभी अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित भी किया है कि वह पूरी मुस्तैदी के साथ अराजक तत्व से निपटने के लिए तैयार रहें। पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने कमिश्नरेट लखनऊ के समस्त डीसीपी, एडीसीपी,एसीपी, प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारियों को इस बाबत कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि कमिश्नरेट लखनऊ में पड़ने वाले शॉपिंग मॉल, भीड-भाड़ वाले स्थान, मंदिर, चर्च आदि मुख्य मार्ग-प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों द्वारा पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी तथा सादे वस्त्रों में भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो संदिग्ध वस्तु, संदिग्ध व्यक्तियों पर बराबर नजर रखेगी। साथ ही पीएससी बल को भी लगाया गया है। सुगम यातायात व्यवस्था के लिए डीसीपी यातायात को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में शॉपिंग मॉल, भीड़-भाड़ वाले स्थानो, बाजार इत्यादि जगहों पर पिंक मोबाइल व पॉलीगान मोबाइल, डॉग स्क्रायड व बम डिस्पोजल दस्ते की तैनाती भी की गई है, जो चप्पे चप्पे पर नजर बनाये रखेगी।

इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर लखनऊ द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने व हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं व कहा है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ब्रेथ एनालाइजर लगाकर चेकिंग कर चालान की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### क्रिसमस डे और नववर्ष पर पुलिस ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम बढ़ाई गई गश्त शहर में चला सघन चेकिंग अभियान

## खुलासे के लिए पांच टीमें गठित खंगाली गईं सीसीटीवी फुटेज

**लखनऊ।** विभूतिखंड के विराजखंड में इंजीनियर योगेंद्र श्रीवास्तव के घर में धावा बोलने वाले बदमाशों ने परिवार के सभी मेंबर्स के मोबाइल फोन लूट ले गए। बदमाशों ने फोन से सिम कार्ड निकालकर मौके पर ही फेंक दिया और खाली फोन अपने साथ ले गए। बदमाशों के सुराग के लिए पुलिस की पांच टीम लगाई गई हैं। गुरुवार को पुलिस की एक टीम आस पास इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही। हालांकि पुलिस के हाथ अभी कोई मजबूत सुराग नहीं लगा हैं।बुधवार को मेरठ से वापस घर पहुंचे इंजीनियर योगेंद्र श्रीवास्तव और उनके परिवार से पुलिस ने एक बार फिर गुरुवार को मुलाकात की। गुरुवार को योगेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बदमाश घर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये कैश और सात लाख रुपये की ज्वैलरी लूट ले गए। बदमाश अलमारी में रखी महंगी साड़ी व जेंट्स सूट भी लूट ले गए। बेटी के दो मोबाइल फोन का सिम कार्ड निकाल मौके से फेंक दिया। इसके अलावा पत्नी का मोबाइल और घर में रखा एक पुराना मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए।डीसीपी ईस्ट संजीव सुमन ने बताया कि बदमाशों के सुराग के लिए पुलिस की पांच टीम लगाई गई है। चिनहट में फूड इंस्पेक्टर के घर 6 अक्टूबर की घटना और इंजीनियर के घर डकैती की वारदात की माडस अपरेंडी एक जैसी हैं। बदमाशों के सुराग के लिए इलाके आस पास लगे करीब पचास से ज्यादा सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि बदमाशों के आने व जाने के दौरान आस पास के स्टेशनों से कौन कौन सी ट्रेन रूकती हैं।

### विभूतिखंड में इंजीनियर के घर डकैती का मामला

## भाषा यूनिवर्सिटी में डीन व सब डीन की नियुक्ति


**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा यूनिवर्सिटी में विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने गुरुवार को शैक्षणिक कार्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए विवि के विभिन्न संकायों में अधिष्ठाता एवं सह अधिष्ठाताओं की नियुक्ति कर दी है। कुलपति प्रो पाठक के द्वारा जारी आदेश में विवि के विज्ञान संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, कला और मानविकी संकाय, वाणिज्य संकाय एवं स्टूडेंट वेलफेयर में अधिष्ठाताओं एवं सह अधिष्ठाताओं की नियुक्ति की गयी है।

विज्ञान संकाय में प्रो एसएसए असरफी को अधिष्ठाता एवं डॉ. प्रियंका सूर्यवंशी और डॉ. अब्बास रज़ा हैदरी को सह अधिष्ठाता नियुक्त किया गया। सामाजिक विज्ञान संकाय में प्रो. चंदना डे को अधिष्ठाता एवं डॉ. प्रवीण कुमार राय और डॉ. रुचिता सुजाई चौधरी को सह अधिष्ठाता नियुक्त किया गया। कला और मानविकी संकाय में प्रो. मसूद आलम को अधिष्ठाता एवं डॉ. सोबान सईद और डॉ. जावेद अख्तर को सह अधिष्ठाता नियुक्त किया गया। वाणिज्य संकाय में प्रो. एहतेशान अहमद को अधिष्ठाता एवं डॉ. मनीष कुमार को सह अधिष्ठाता नियुक्त किया गया। स्टूडेंट वेलफेयर में प्रो सैयद हैदर अली को अधिष्ठाता एवं डॉ प्रियंका सूर्यवंशी और डॉ उधम सिंह को सह अधिष्ठाता नियुक्त किया गया। कुलपति प्रो पाठक ने बताया कि अकादमिक कार्यों में तेजी लाने एवं कुशल समन्वयन हेतु अधिष्ठाताओं की नियुक्त की गयी है। उन्होंने बताया कि विवि में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सुनिश्चितता में अधिष्ठाताओं की नियुक्ति मददगार साबित होगी। इसके साथ ही डॉ मजहर खालिक, सहायक आचार्य, कंप्यूटर साइंस विभाग को आईटी सेल का प्रभारी बनाया गया है। कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत विवि में इन्टरनेट ऑफ़थिंग्स के सुदृढ़ीकरण हेतु आईटी सेल इंचार्ज भी नामित किये गये हैं।

## इनकम टैक्स आफीसर को तीन साल की कैद, 14 लाख जुर्माना

विधि संवाददाता। लखनऊं

**आय** से अधिक सम्पति अर्जित करने के मामले में दोषी करार दिए गए इनकम टैक्स आफीसर ओम प्रकाश विमल को सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज प्रदीप सिंह ने बस्ती में तैनात रहे इस मुल्जिम पर 14 लाख का जुर्माना भी ठोंका है। वर्ष 1993 से 2006 के दौरान मुल्जिम पर अपनी आय से 20 लाख 50 हजार अधिक की सम्पति अर्जित करने का इल्जाम है। 31 जनवरी 2007 को सीबीआई ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। सीबीआई के लोक अभियोजक विनीत कुमार के मुताबिक जांच में यह पाया गया कि फरवरी 1993 से दिसंबर 2006 तक मुल्जिम की कुल वैध आय 15 लाख 56 हजार थी। लेकिन इस अवधि में इसके पास अपनी इस आय से 20 लाख 50 हजार की अधिक की चल व अचल सम्पति पाई गई। जिसका मुल्जिम कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। सीबीआई ने इस मामले की विवेचना के बाद इसके खिलाफभ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने इस मामले की जांच तब शुरु की थी, जब मुल्जिम ओम प्रकाश विमल 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ था।




## पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांगी इजाजत

### लविवि का फर्जी मार्कशीट मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फर्जी** मार्कशीट प्रकरण में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की भूमिका सन्देह के दायरे में नजर आ रही है। यह पहली बार नही है, इसके पहले भी फर्जी मार्कशीट के प्रकरण का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों की मदद से कार्रवाई के बजाय दबा दिया गया है। बीते साल आये फर्जी मार्कशीट प्रकरण में पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर प्रशासन को रिपोर्ट सौपते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति मांगी थी, जिसकी अनुमति अब तक विवि प्रशासन ने नहीं दी है।बीते साल लखनऊ पुलिस ने 17 अप्रैल को एलयू में फर्जी मार्कशीट्स बनाने के गिरोह का खुलासा किया था। इस मामले में एलयू का एक चपरासी पकड़ा गया था। इस पूरे मामले पर पुलिस के ओर से मई महीने में इसमें मामले में शामिल तीन कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की अनुमति मांगी हैं। पुलिस ने तीनों कर्मचारियों के खिलाफ चार्जशीट लगाने और अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी थी। पर इसके बाद पुलिस के ओर से कई बार इस सम्बन्ध में यूनिवर्सिटी को दो बार रिमांडर भेजा जा चुका है पर यूनिवर्सिटी प्रशासन इस पूरे मामले पर कार्रवाई को आगे बढ़ाने से बजाए इस पूरे मामले को दबा कर बैठा हैं। पुलिस ने यूनिवर्सिटी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नायाब हुसैन, मुकेश धर दुबे और संजय सिंह चौहान के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति मांगी हैं।बताते चलें कि बीते साल 17 अप्रैल को फर्जी मार्कशीट बनाने के आरोप में इंदिरानगर निवासी दीवान सिंह, गुडम्बा निवासी खिरोधन उर्फ गंगेश, बाराबंकी निवासी रविन्द्र प्रताप सिंह, मडियांव निवासी दीपक तिवारी, ठाकुरगंज निवासी व एलयू का चतुर्थ क्षेणी कर्मचारी नायब हुसैन और हसनगंज निवासी मधुरेन्द्र पांडेय को गिरफ्तार किया था। फर्जी मार्कशीट बनाने के मामले में ही गंगेश को 2009 में लखनऊ यूनिवर्सिटी से बर्खास्त किया गया था। वही इस मामले में कार्यवाहक कुलसचिव वीपी कौशल का कहना है कि मुझे इस मामले में कोई जानकारी नहीं हैं, मैं अभी इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं।

## नए साल से होगी लविवि में पीजी की पढ़ाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में इस बार पीजी मेरिट में गड़बड़ी का खामियाजा आम छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि साल के समाप्त होने में कुछ ही दिन का समय शेष है और अभी तक पीजी में पहले सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में नए साल में पीजी की कक्षाओं के शुरू होने की संभावना है।कक्षाओं के संचालन को लेकर इस बार विश्वविद्यालय से कालेज काफी आगे निकल चुके हैं। जबकि विवि में अभी एडमिशन की प्रक्रिया तक खत्म नहीं हो सकी है। विवि की मानें तो पीजी में एडमिशन की प्रक्रिया 25 दिसम्बर को समाप्त हो रही है। ऐसे में छात्रों को भी शुल्क जमा करने के लिए 25 दिसम्बर तक का समय दिया गया है। 25 दिसम्बर तक शुल्क जमा करने और उसके बाद शीतकालीन अवकाश के 31 दिसम्बर तक होने की वजह से, अब नए साल में ही कक्षाओं के शुरू होने की पूरी संभावना है।

### अप्रैल के पहले नही शुरू हो पाएंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

**सत्र पिछड़ा, अप्रैल तक परीक्षाओं के शुरू होने की संभावना**

कोरोना संक्रमण के बीच पीजी की मेरिट में गड़बड़ी के चलते इस बार एलयू का सत्र पटरी से उतर गया है। जिसका अच्छा खासा असर परीक्षाओं और उनके परिणाम पर पड़ने के पूरे आसार हैं। जबकि कालेज इस बार विवि से काफी आगे निकल गए हैं। कालेजों में तकरीबन 25 फीसदी कोर्स पूरे हो चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से विवि की तरफ से पढ़ाई का शेड्यूल चल रहा है, उस हिसाब से अप्रैल के पहले सेमेस्टर परीक्षाओं के शुरू होने के आसार नही दिखाई दे रहे हैं।

# सूबे में कल से एक जनवरी तक चलेगा टीबी हारेगा, देश जीतेगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** के सभी जनपदों में 26 दिसम्बर से पहली जनवरी 2021 तक राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया जायेगा। जिसके तहत सम्भावित टीबी मरीजों की जाँच और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश के महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा डॉ डीएस नेगी ने बताया कि टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान पूरे प्रदेश में तीन चरणों में चलाया जायेगा। 26 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रहे प्रथम चरण के अभियान में अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार आदि में टीबी और कोविड की स्क्रीनिंग की जायेगी। जिनमें टीबी की पुष्टि होगी उनका जल्दी से जल्दी इलाज शुरू किया जायेगा। डा नेगी ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे से फैल सकती है, इसलिए जितना जल्दी हो सके रोगी की पहचान कर इलाज शुरू करना होता है। प्रथम चरण के अभियान में क्षय रोग एवं कोविड स्क्रीनिंग को एनटीईपी एवं आईडीएसपी के कार्मिकों द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। संदिग्ध क्षय रोगी के बलगम की जाँच सीबी नॉट से की जायेगी और क्षय रोग अधिकारी क्षय रोगी का विवरण निक्षय पोर्टल पर अपडेट करेगा। बता दें कि टीबी मरीजों के लिए अप्रैल 2018 में लाई गयी निक्षय पोषण योजना बड़ी मददगार साबित हुई है।

# सीआरपीएफ के बिजनौर केंद्र पर 28 को पेंशन लोक अदालत

**लखनऊ।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के लखनऊ में बिजनौर स्थित ग्रुप केंद्र पर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे से पेंशन लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डीआईजी सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र की ओर से कहा गया है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद व मृतक कार्मिकों के आश्रितों एवं सेवानिवृत्त हुए सभी कार्मिक अपनी पेंशन, पारिवारिक पेंशन अथवा अन्य देय लाभांशों व समस्याओं के विषय में कोई शिकायत या सुझाव देना चाहते हैं तो दूरभाष नंबर 0522-2817847 (नियंत्रण कक्ष) पर दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे लिंक पर जुड़कर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी शिकायत निवारण के लिए जानकारी हासिल कर सकते हैं।

# अगवानी को मोहनलालगंज तैयार, सीएम का इंतजार

संवाददाता। मोहनलालगंज



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अगवानी के लिए मोहनलालगंज ब्लाक को नए सिरे से संवारा गया है। रंगरोगन से लेकर निर्माण कार्यों को फाइनल टच देने के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं और जनशिकायतों की समीक्षा कर शत-प्रतिशत निपटारा कराया गया है। रायबरेली हाईवे से लेकर तहसील और ब्लाक परिसर को अफसरों की टीम चमकाने में कामयाब रही है। तहसीलदार निखिल शुक्ल और एसडीएम विकास कुमार सिंह की टीम बीडीओ अजीत कुमार सिंह के साथ मिलकर खुद एक-एक तैयारी अपनी निगरानी में पूरा करा चुकी है। तहसील में वरासत अभियान समेत सभी राजस्व सम्बन्धी कार्यों के आवेदन की जानकारी दे रहे बैनर लगाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है तो ब्लाक परिसर भी जनकल्याणकारी योजनाओं की होर्डिंग से पाटा जा चुका है। सारी तैयारियों को अंजाम तक पहुंचाने के बाद प्रशासनिक अधिकारी अब शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 97वीं जयन्ती पर पीएम नरेन्द्र मोदी की किसानों से वर्चुअल संवाद के दौरान सीएम योगी की मोहनलालगंज ब्लाक में मौजूदगी के लिए उनकी अगवानी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### डीएम और पुलिस कमिश्नर ने दिया तैयारियों को अन्तिम रूप

**मोहनलालगंज** में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार शाम डीएम अभिषेक प्रकाश और पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने ब्लाक पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कमियों को अपनी मौजूदगी में दुरुस्त कराते हुए डीएम और पुलिस कमिश्नर ने मातहतों के साथ शुक्रवार के कार्यक्रम की रिहर्सल भी कराई। वहीं अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने भी ब्लाक पहुंचकर सीएम के कार्यक्रम की तैयारियां देखीं। पुलिस और प्रशासन के अफसरों के साथ ही अपर मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अफसरों से भी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# किसानों को वास्तविक ऋण देने में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं बैंक

● वित्त मंत्री ने नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी में स्टेट फोकस पेपर का किया विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वित्त** मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश राज्य के लिए वर्ष 2021-22 के लिए स्टेट फोकस पेपर का विमोचन किया। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए राज्य फोकस पेपर में वर्ष 2021–22 के लिए स्वल्पावधि एवं दीर्घावधि ऋण सम्भाव्यता का आकलन क्षेत्रवार और उपक्षेत्र वार किया गया है। भारत सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर पैकेज के अंतर्गत क्रषि ग्रामीन और असंगठित क्षेत्रों को महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2021–22 के लिए ऋण सम्भाव्यता का अंकलन वर्तमान 2 लाख करोड के ऊपर किया गया है। वर्ष 2021–22 के लिए रु 310 लाख करोड् ऋण सम्भाव्यता आकलित की गई है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए फसल उत्पादन हेतु ऋण सम्भाव्यता रुपए 1.43 लाख करोड् 46 आकलित की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने संबोधन में बैंकों को सलाह दी कि वे किसानों को वास्तविक ऋण प्रदान करने मे सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य मे यह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक शंकर ए पांडे ने कहा कि स्टेट फोकस पेपर में निर्धारित ऋण आकलन आधार स्तर से तैयार किए जाते हैं।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांक–2705/नि0अनु0न0पा0परि0(क0)/2020–21 दिनांक–21.12.2020

## अल्प कालीन ई–निविदा सूचना

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश नगर विकास के शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 20, सितम्बर 2019 एवं शासनादेश–संख्या–3/2017/1067/78–2–2017–42 आईटी0/2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–06–2017 तथा निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय सेक्टर–7 गोमती नगर विस्तार उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक संख्या तक0 सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28, जून 2019 के क्रम में समस्त ठेकेदार/कान्ट्रेक्टर्स/बेन्डर्स को सूचित किया जाता है सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियमावली 2016 के प्रस्तर–15 (ज) पर निकाय में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) अधिष्ठापित किया जाना है। जिसका मानवीकृत ड्राइंग डिजाइन, प्राक्कलन निविदा के साथ संलग्न है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से www.etender.up.nic.in पर सफाई अनुभाग की निविदाएं आमंत्रित की जाती है, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से निविदा आमंत्रित की जाती है जो निम्न टेण्डर शेड्यूल पर है। उक्त निविदाये www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है तथा नगर पालिका परिषद कन्नौज की वेबसाईट www.nppkannauj.in पर देखी जा सकती।

टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in)

| क्र. सं. | नगर पालिका | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | | |
| | | Tender Download | 21-12-2020 16:00 | 30-12-2020 13:00 |
| | | Bid Submission | 21-12-2020 16:00 | 30-12-2020 13:00 |
| | Bid Opening | | 30-12-2020 15:00 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, कन्नौज

# कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांक :– 2709/के0जे0/करअनु0/2020–21 दिनांक :– 21.12.2020

## अति अल्प कालीन ई–निवदा सूचना

टैम्पो लाइसेंस शुल्क की निविदा दिनांक 01 जनवरी 2021 से 31 मार्च 2021 तक के लिए पालिका सीमान्तर्गत टैम्पों लाइसेंस शुल्क वसूली ठेका की www.etender.up.nic.in पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न टेन्डर शेड्यूल पर होगी तथा www.etender.up.nic.in भी देखी जा सकती है। उक्त सूचना नगर पालिका परिषद कन्नौज की वेबसाइट nppkannauj.in पर देखी जा सकती है। नियत अवधि के बाद कोई निविदा मान्य नहीं होगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in)

| क्र0 सं0 | नगर पालिका | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1– | Tender Release | | | |
| | | Tender Download | 22-12-2020 16:30 | 30-12-2020 13:00 |
| | | Bid submission | 22-12-2020 16:30 | 30-12-2020 13:00 |
| | Bid Opening | | 30-12-2020 15:00 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

# कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद–कानपुर देहात

संख्या–41/01/एन0पी0एम0/विकास कार्य/2020–21 दिनांक 24.12.2020

## अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना

एतद् द्वारा समस्त फर्मो/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नव गठित नगर पंचायत मूसानगर में 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले अति आवश्यक निर्माण कार्यों कार्य/आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित घरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के पदनाम से एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बैंक ड्राफ्ट अथवा विशेष परिस्थितियों में नगद जमा की जा सकती है। निविदा बिक्री कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में निविदा प्रकाशन के दिनांक 07.01.2021 को सायं 500 बजे तक की जायेगी, एवं प्राप्त निविदायें/कोटेशन दिनांक 08.01.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे नगर पंचायत कार्यालय मूसानगर में रखे टेण्डर बॉक्स में फर्मो/ठेकेदारों/कम्पनी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा कमेटी द्वारा उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात के पद नाम बन्धक करना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं पता | अगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित | 2% अर्नेस्टमनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय में अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष हेतु नवीन कक्ष का नव निर्माण कार्य। | 9,98,000.00 | 19,960.00 | 1120.00 | 45 दिवस |
| 2 | पुराने पंचायत भवन का पुनरोद्धार एवं रंगाई पुताई कार्य। | 4,97,000.00 | 9,940.00 | 560.00 | 45 दिवस |
| 3 | कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर की बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई आदि का कार्य। | 4,08,681.00 | 8,174.00 | 504.00 | 45 दिवस |
| 4 | कार्यालय परिसर से संलग्न 100 मी0 कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 5,91,500.00 | 11,830.00 | 672.00 | 45 दिवस |

| क्र. सं. | क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | सफाई व्यवस्था हेतु झाड़ू आपूर्ति कार्य। | प्रति नग | 15 दिवस |
| 2 | फावड़ा, गैती, फरोही आदि। | प्रति नग | 15 दिवस |
| 3 | कार्यालय हेतु कम्प्यूटर, प्रिंटर, एवं मेज कुर्सी आदि कम्पलीट सेटअप आपूर्ति कार्य | प्रति नग | 15 दिवस |

नोट–नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात


# मार्च तक 20 लाख एमएसएमई इकाइयों में मिलेंगे एक करोड़ रोजगार: सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल ने कहा है कि कम पूंजी और जोखिम में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) सेक्टर में स्थानीय स्तर पर रोजगार की सर्वाधिक संभावना है। मार्च 2021 तक सरकार 20 लाख एमएसएमई इकाइयों को ऋण मुहैया कराएगी। इससे लगभग एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा।

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सहगल बृहस्पतिवार को अयोध्या के राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। तालीम–ए–तरबियत की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हर आदमी खुद में उद्यमी है। यह जानने के लिए झिझक तोड़नी होगी। यह सोच बदलनी होगी कि कोई काम छोटा होता है। आपके पास आइडिया, प्रशिक्षण और पूंजी होनी चाहिए। सरकार अपनी ओर से कई योजनाओं के जरिए उदार शर्तो पर पूंजी उपलब्ध करा रही है। अगर आप अपने आइडिया के मुताबिक काम कर ले गए तो लोगों को रोजगार दे सकेंगे।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की अतिरिक्त महानिदेशक रुपिंदर बरार ने इस मौके पर पर्यटन के क्षेत्र में रोजी रोजगार की असीम संभावनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के बढ़ने और कोरोना खत्म होने के बाद इस संभावनाओं का और विस्तार होगा। केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर अयोध्या को ऐसा बनाएंगे जहाँ हर कोई एक बार जरूर आना चाहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रविशंकर सिंह, प्रख्यात गायिका मालिनी अवस्थी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख हृषिकेश मिश्रा ,भारतीय व्यापार मंडल के जफर सरेसवाला व अयोध्या के जिलाधिकारी अनुज कुमार झा उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल अध्यक्ष हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**मोहनलालगंज।** व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड का पांच दिन बाद भी पुलिस राजफाश नहीं कर सकी है। लिहाजा पीड़ित परिजनों का पुलिस की जांच से भरोसा उठ चुका है। दहशतजदा परिवारीजन मामले की एसआईटी से जांच कराने की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्र ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर घटनाक्रम का जायजा लिया और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सरकार से मामले की एसआईटी अथवा सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए कातिलों को सजा मिलने तक परिवार को स्थायी रुप से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। वहीं डीसीपी साऊथ रवि कुमार की निगरानी में चल रही जांच में लगी पुलिस की आधा दर्जन टीमें मिलकर भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी हैं। वहीं अफसरों का दावा है कि पुलिस खुलासे के काफी करीब पहुंच रही है। एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत ने बताया पुलिस की टीमें संदेह के घेरे में आ रहे लोगों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। अहम सुराग हाथ लगे हैं जिनके सहारे पुलिस हत्याकांड के खुलासे के नजदीक है। वहीं पुलिस की नाकामी से मामले ने राजनीतिक रंग अख्तियार करना शुरु कर दिया है। गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्र ने पूर्व एमएलसी और वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल नारायण मिश्र पूर्व एमएलसी नौशाद अली , अखिलेश आम्बेडकर बसपा नेता नागेश्वर द्विवेदी समेत अन्य लोगों के साथ मृतक सुजीत पाण्डेय के बड़े बेटे अजय पाण्डेय से मिलकर घटनाक्रम की जानकारी ली और ढांढ़स बंधाया। पुलिस की जांच को लेकर परिजनों में असंतोष देखकर उन्होंने अपर मुख्य सचिव गृह और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले की एसआईटी गठित कर अथवा सीबीआई से जांच कराने की मांग करने का भरोसा दिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) गोमती नगर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड टाईप–4/95 इन्द्रलोक विद्युत कालोनी मानस नगर, कृष्णानगर लखनऊ** अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–19/वि0जा0खं0 (वि0) गो0न0/ल0/ई–टेन्डर/2020–21 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक–पृथक ई–निविदायें अनुभवी ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग पोर्टल http:// etender.up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है:– **क्र० सं०** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 74/वि0जा0 ख0 (वि0)/गो0न0/ई–टेण्डर/ 2020–21 **कार्य का नाम** इन्द्रलोक हाइडिल कालोनी कृष्णानगर लखनऊ स्थित अधिकारी कालोनी परिसर में गार्ड की व्यवस्था का कार्य। **कार्यावधि** 05 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)** 295.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4,000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 04.01.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने का तिथि** 05.01.2021 सुबह 11:30 बजे तक **क्र0 सं0** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 75/वि0जा0खा0 (वि0)/ गो0न0/ई–टेण्डर/ 2020–21 **कार्य का नाम** कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) गोमतीनगर लखनऊ हेतु एक अदद कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था का कार्य **कार्यावधि** 12 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)** 295.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4,000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 04.01.2021 **निविदा खोले जाने का तिथि** 05.01.2021 सुबह 11.30 बजे तक **क्र0 सं0** 3 **निविदा विशिष्ट संख्या** 76/वि0जा0ख0 (विव)/गो0न0/ई–टेण्डर/ 2020–2 **कार्य का नाम** कार्यालय मुख्य अभियन्ता, (जानपद), म0वि0वि0नि0लि0, 4–ए गोखले मार्ग, लखनऊ हेतु एक अदद कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था का कार्य। **कार्यावधि** 12 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)** 295 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4,000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 04.01.2021 **निविदा खोले जाने का तिथि** 05.01.2021 सुबह 11:30 बजे तक **क्र0 सं0** 4 **निविदा विशिष्ट संख्या** 77/वि0जा0ख0 (विव)/गो0न0/ ई–टेण्डर/ 2020–21 **कार्य का नाम** विद्युत वितरण खण्ड सण्डीला जनपद हरदोई के कार्यालय भवन हेतु बरान्दे माह के विस्तारीकरण, शौचालय की मरम्मत, अंतरिक रंगाई–पुताई इत्यादि कार्य। **कार्यावधि** 01 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)** 295.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4,000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 04.01.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने का तिथि** 05.01.2021 सुबह 11:30 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो ''Eecutive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gomti Nagar' के सेन्ट्रल बैक ऑफ इण्डिया, आलमबाग लखनऊ के A/c No- 1277785019 एवं IFSC Code & CBIN0280140 में RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं PreQualification Condition ई–टेण्डरिंग पोर्टल http:// etender.up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) गोमती नगर टाईप–4/95 इन्द्रलोक विद्युत कालोनी, मान. सनगर, कृष्णानगर लखनऊ। Email Id:- ecddgn2011@ gmail.com हेल्पलाईन नम्बर–18001800440 पत्रांक – 925 दिनांक 23.12.2020 राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्व की जगह एल0ई0डी0 लगायें


# ओवरलोड ट्राली पलटने से दबा मजदूर, इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** चिनहट इलाके के सेमरा गांव में गुरुवार शाम ईंट लदी ओवरलोड ट्राली पलटने से मजदूर दबकर बुरी तरह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 7 बजे चालक पांचू लाल लक्ष्मी ब्रिक्स भट्टे से ईट लेकर हरिनगर सेमरा गांव आया था। ट्राली बैक करते समय ईंट भरभरा कर गिरने लगा। ऐसे में बिहार के जमुई निवासी मजदूर कन्हैया बुरी तरह घायल हो गया था।

## नेशनल लेविल प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस की कक्षा-7 की मेधावी छात्रा नोलिता मेधवानी ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020' में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें इन्दिरा नगर कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## बीबीएयू की छात्रा दिल्ली गणतन्त्र दिवस परेड के लिए चयनित



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्रा अंशु श्रीवास्तव का चयन दिल्ली मे आयोजित 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस शिविर के लिए हुआ है। अंशु बीबीएयू के ग्रामीण प्रबंधन विभाग के बीकॉम ऑनर्स की छात्रा है। उन्हे लाल किला पर आयोजित होने वाले मुख्य परेड के लिए देश भर से चुने हुए अन्य स्वयं सेवकों के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा। अंशु की इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो संजय सिंह ने छात्रा को सराहा व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया है।

## 107 साल के बुजुर्ग ने अपने जन्मदिन पर ली अंतिम सांस



**निगोहां।** पूर्व प्रधान व व्यापार मण्डल अध्यक्ष के वयोवृद्ध पिता रामआसरे दीक्षित ने अपने जन्मदिन पर निगोहां स्थित अपने निज निवास पर अंतिम सांस ली। खबर सुनकर पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ल व मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर सहित इलाके के सैकड़ो लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। निगोहां के पूर्व प्रधान व व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित ने बताया कि उनके पिता इलाके के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे। जिनका जन्मदिन बुधवार को हुआ इस दिन ही वो 107 साल के पूरे हुए थे। इसी दिन देर रात्रि लम्बी बीमारी के चलते घर पर अंतिम सांस लीं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** विभूतिखंड इलाके के अयोध्या हाईवे से सटे एमजे लान के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। मृतक 31 वर्षीय युवक ललित गोमतीनगर विस्तार के रोहिणी अपार्टमेंट में परिवार के साथ रहता था। बुधवार रात करीब 11 बजे पॉलिटेक्निक चौराहे से वापस लौट रहा था। तभी अयोध्या हाईवे से सटे एमजे लान के पास अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान युवक घसीटता चला गया। आसपास के लोगों के साथ साथ राहगीरों ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी और ललित को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी है।

## कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम आज

**लखनऊ।** शुक्रवार दोपहर 1 बजे नारायण संघ स्थल सनातन नगर शिव मंदिर इस्माइलगंज द्वितीय सरदार पटेल नगर लखनऊ पूर्व में कुटुम्ब प्रबोधन बिभाग के अंतर्गत परिवार मिलन समारोह व विष्णु सहस्त्र नाम जाप का पाठ किया जाएगा। जिसमे मुख्य रूप से प्रान्त सह संघचालक सुमित, बिभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख धीरज, विभाग कार्यवाह ज्योति प्रकाश, कुटुम्ब प्रमुख अनिल सहित अन्य लोगो का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी नगर कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख राजेश सिंह एडवोकेट ने दी।

## हाईटेंशन लाइन फिर से ब्रेकडाउन, सबस्टेशन आठ घंटे रहा ठप

**निगोहां।** बछावां से निगोहां विद्युत सब स्टेशन को आने वाली 33 केवी लाइन एक बार फिर से ब्रेकडाउन हो गयी जिससे लगभग 8 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही। एक सप्ताह में तीसरी बार हाईटेंशन लाइन ब्रेकडाउन होने से उपभोक्ताओं को कड़ाके की ठंड में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। वही लेसा की टीम को हाड़ कापती ठंड में कड़ी मश्क्कत करनी पड़ी। लेसा को लगभग आठ घंटे विद्युत आपूर्ति बहाल करने में लग गये। उपभोक्ताओं ने बताया कि निगोहा विद्युत सबस्टेशन की आपूर्ति बुधवार की बीती रात लगभग 3 बजे अचानक ठप हो गई। उपभोक्ताओं ने सबस्टेशन से सम्पर्क किया तो पता चला कि बछरावां से आने वाली 33 केवी हाईटेंशन लाइन पुनः ब्रेकडाउन होने से पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

# सीएमएस कैम्पसों में धूमधाम से मना क्रिसमस उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों में बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में 'क्रिसमस उत्सव' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा नृत्य व संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान करते भजनों व गीतों (क्रिसमस कैरॅल्स) की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शक झूम उठे। राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित 'क्रिसमस उत्सव' में छात्रों ने समूह गान, ब्राडवे, नीड ए लिटिल क्रिसमस, क्रिसमस एट ऑल, येरूशलम चैलेन्ज, दिस लिटिल लाइट ऑफ माइन, कोरियोग्राफी आदि एक से बढ़कर शानदार प्रस्तुतियों की इन्द्रधनुषी छटा प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी, जॉपलिंग रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या शिप्रा उपाध्याय समेत कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रभु यीशु ने अपने जीवन में स्वयं कष्ट उठाकर, त्याग, तपस्या एवं बलिदान द्वारा सारी मानवता को खुशहाली व अमन–चैन का संदेश दिया है और इस संदेश को धरती के कोने–कोने तक पहुँचाने की हम सभी जिम्मेवारी है, तभी इस विश्व समाज में सुख व शान्ति संभव है। चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी ने सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य छात्रों में सर्वधर्म समभाव की भावना को बढ़ावा देना है। चौक कैम्पस द्वारा आयोजित 'क्रिसमस उत्सव' में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर छात्रों को प्रभु यीयु की महिमा से अवगत कराया गया तथापि छात्रों ने क्रिसमस गीत एवं लघु नाटिकाओं के शानदार प्रस्तुतिकरण द्वारा एकता, शान्ति, सद्भाव व भाईचारे की भावना को जन–जन तक पहुँचाया। इसी प्रकार, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा भी क्रिसमस उत्सव मनाया गया।

# अटल जयंती पर पीएम देंगे किसानों को 18 हजार करोड़ की सौगात

● ब्लाक मुख्यालयों पर किसानों से वर्चुअल रूबरू होंगे प्रधानमंत्री

संवाददाता। अंबेडकरनगर



वर्चुअल सम्मेलन में पंहुचने के लिए आमंत्रित करते श्याम बाबू — पायनियर

**केंद्र की** सरकार मोदी के नेतृत्व में में लगातार किसानों की चिंता कर उन्हें उनकी उपज का सही मूल्य मिले इस पर काम कर रही है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के साथ उनकी आमदनी दोगुना करने के लिए हर वो कदम उठाने का काम कर रही है जिसकी आवश्यकता है। आगामी 25 दिसम्बर को भारत रत्न देश के सर्वमान्य नेता अटल विहारी बाजपेई के जन्मदिवस पर देश के करोडो किसान भाइयों को वर्चुवल रैली के माध्यम से देश के सभी ब्लाक परिसर में किसान भाइयों के हितों से जुड़े विषयो पर वार्ता करेंगे जिसकी तैयारी भाजपा बूथ स्तर पर कर रही है। टाण्डा विधायक संजूदेवी के प्रतिनिधि श्याम बाबू ने विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर 25 दिसम्बर को अधिक से अधिक संख्या में पंहुचने का आवाहन किया। श्याम बाबू ने कहा देश के किसान मोदी को अपना नेता मानते है। क्योंकि उन्हें पता है कि हमारा हितैसी कौन है और हमारा लंबे समय तक अहित किसने किया है । 25 दिसम्बर को किसानों के सम्मान निधि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 9 करोड़ किसानों के खातों 18000हजार करोड़ रुपये का सौगात देकर उनका सम्मान करेंगे । भ्रमण करने में मण्डल अध्यक्ष दान बहादुर यादव,विजयपाल,शनि,मनोज साहू,व्यपारी नेता पिंटु जायसवाल मौजूद रहे।

## 10 फरवरी 2021 को घोषित हुआ साकेत छात्र संघ का चुनाव

**अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के धरना प्रदर्शन व विद्यालय की छत पर आत्महत्या करने के प्रयास में युवा नेताओं के आगे नतमस्तक होकर आखिरकार चुनाव तिथि 10 फरवरी 2021 की घोषणा कर दी। महाविद्यालय प्रशासन की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस चुनाव के चुनाव अधिकारी वनस्पति विज्ञान विभाग के एचओडी फौजदार यादव को बनाया गया है। प्रशासन का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में बाहरी व्यक्तियों के कालेज कैम्पस में पूरी तरह से प्रवेश पर रोक रहेगी। गौरतलब है कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर साकेत महाविद्यालय में छात्रों ने महीनों से आमरण अनशन किया था, वही छात्र नेताओं से बातचीत कर चुनाव घोषणा की तिथियों के बारे में जानकारी देकर समाधान भी निकाल लिया गया था, लेकिन इसी बीच महाविद्यालय प्रशासन द्वारा ठंडी की छुट्टियों की घोषणा के बाद ही छात्र नेताओं ने जमकर बवाल काटा था।

# पुलिस मुठभेड़ में 75 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**बसखारी** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर स्थित शुकुल बाजार बाईपास पर पुलिस मुठभेड़ में 75 हज़ार का इनामी बदमाश पुलिस मुड़भेड़ में घायल हो गया जबकि दूसरा आरोपी मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। ज्ञात हो कि बसखारी थाना क्षेत्र में ट्रक लूट की एक घटना में वांछित चल रहे नकुल यादव पुत्र माया प्रसाद निवासी मऊआइमा इलाहाबाद पर आईजी रेंज अयोध्या डॉ संजीव गुप्ता ने 50हज़ार का इनाम घोषित किया थाए वही पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने भी 25हज़ार का इनाम घोषित किया था। ट्रक लूट की घटना में वह काफी दिन से फरार था जिसको लेकर जिले की एसओजी तथा स्थानीय थाने के टीम काफी दिनों से गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत थे गुरुवार को ट्रक बेचने के सिलसिले में वह रात साढे 7 बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शुकुल बाजार मोड़ पर पहुंचा था कि मुखबिर की सटीक सूचना पर वांछित अभियुक्त नकुल यादव की पुलिस से मुड़भेड़ हो गयीए एवं पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने के कारण वह घायल होकर गिर पडाए जबकि दूसरा साथी दिलबहार उर्फ बाबा भागने में सफल रहा। अभियुक्त नकुल यादव को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पास से एक तमंचा तीन कारतूस तथा बिना नंबर के बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। पुलिस टीम में कटका थाना प्रभारी विजय तिवारी कांस्टेबल प्रत्यूष सिंह कांस्टेबल सूरज पांडेए रामबली यादव एसओजी प्रभारी देवेंद्र पाल सिंह आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष बसखारी श्रीनिवास पांडे ने बताया कि ट्रक लूट में वांछित इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सदर सांसद ने किया महोत्सव स्थल का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**गोरखपुर** के सदर सांसद रवि किशन ने गोरखपुर महोत्सव कार्यक्रम स्थल व बौद्ध संग्रहालय का निरीक्षण किया। सदर संसदीय क्षेत्र के कई कार्यक्रमो में हिस्सा लिया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने बौद्ध संग्रहालय की कई परियोजनाओं के कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियो से अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की। बौद्ध संग्रहालय के निरीक्षण के बाद सांसद रवि किशन 12 एवं 13 जनवरी को होने वाले गोरखपुर महोत्सव स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सांसद ने मुक्त काशी मन्च और प्रेक्षा गृह का निरीक्षण किया। सांसद ने महोत्सव की तैयारियो के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम समयबद्ध और नियोजित तरीके सफल बनावे। महोत्सव में सभी कार्यक्रमों का सफलता के साथ समापन किया जाए। सांसद ने कहा कि सभी तरह के स्थानीय कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं और स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाए। कोरोना का संकट है ऐसे में बड़ी ही सावधानी से सभी कार्यक्रम आयोजित कराए जाए। 12 और 13 जनवरी को आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई है। इस बार अधिक से अधिक स्थानीय कलाकारों को ही मंच देने की तैयारी है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कुमारगंज थाना अंतर्गत चिलबिली चौकी क्षेत्र के गनेशपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट। मारपीट में दोनों पक्षों से कई लोग खाए चोट। आधा दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लियाए पुलिस ने पकड़े गए सभी लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। प्राप्त समाचार के अनुसार चिलबिली चौकी क्षेत्र के गनेशपुर पूरे बरईन गांव निवासी शिव प्रताप सिंह पुत्र रन बहादुर सिंह और अभिषेक सिंह पुत्र विजय सिंह के बीच काफी दिनों से चुनावी रंजिश तथा मुकदमे बाजी को लेकर विवाद आए दिन हुआ करता था।बृहस्पतिवार की सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी हो ही रही थी कि धीरे धीरे दोनों पक्षों से लोग इकट्ठा हो गए और एक दूसरे से मारपीट करने लगे।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चतरा-सोनभद्र।

पत्रांक—1772 / रा0वि0 / प0के0वि0 / सा0आ0 / नि0का0 / 2020—21 दिनांक—23.12.20

## अल्पकालीन निविदा सूचना/सामग्री आपूर्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी चतरा को राज्य वित क्षेत्र पंचायत व पन्द्रहवां केन्द्रीय वित आयोग क्षेत्र पंचायत के योजनान्तर्गत वर्ष 2020—21 में प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों को पूर्ण कराने तथा प्राकलन में वर्णित सामग्री की आपूर्ति चिन्हित स्थल पर कार्य हेतु सामग्री। जैसे— पत्थर, गिटटी 22.04—53, 45—90, 45—63, डाला गिटटी 20 mm सीमेंट, सरिया, प्रथम श्रेणी ईट, भस्सा, लाल मोरम, बोल्डर, बालू मोटा, बालू महीन, ईण्टरलाकिंग ईट, साईन बोर्ड, टाईल्स इत्यादि के निविदा दर आमंत्रित की जाती है जिसका निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक—26.12.2020 से 01.01.2021 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक विकास खण्ड के कैशियर से कार्यालय कार्य दिवस में निविदा मुल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा दर के साथ धरोहर के रूप में सामग्री के लागत का 0.5 प्रतिशत धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर0 एन०एस०सी० जो खण्ड विकास अधिकारी चतरा के नाम बन्धक या बैंक गारण्टी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्ते की जानकारी कार्यालय अवधि में लेखाकार पटल से देखी व पढ़ी जा सकती है। निविदा दिनांक—02. 01.2021 को सुबह 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा की जायेगी। तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष दिनांक—02.01.2021 को 02:00 बजे अपरान्ह यथा स्थान खोली जायेगी। जिसमें निविदा दाता उपस्थित रह सकते है। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने एव तिथि परिर्वतन का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते फार्म क्रय के समय लेखा पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | विकास खण्ड | परियोजना की अनुमानित लागत | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | विकास खण्ड परिसर के बाउण्ड्री मरम्मत का कार्य | चतरा | 2.25 | 250 |
| 2 | सोढ़ा ग्राम पंचायत में खोंगवा के पहाड़ी नाला पर सुरक्षात्मक दिवाल का निर्माण | चतरा | 7.50 | 1000 |
| 3 | बेलगाई में रामा पाठक के घर से लोलारक के घर तक ईण्टरलाकिंग का कार्य | चतरा | 3.50 | 500 |
| 4 | ग्राम पंचायत ऐलाई के रइया में कृपा मिश्रा के घर से संजय मिश्रा के घर तक ईण्टरलाकिंग का कार्य | चतरा | 4.50 | 500 |
| 5 | ग्राम पंचायत उंचीखुर्द के पथरहा में श्रीकान्त सिंह के घर के पास सामुदायिक शौचालय व ईण्टरलाकिंग का निर्माण | चतरा | 6.00 | 1000 |
| 6 | प्राथमिक विद्यालय मझिदढ़ के कायाकल्प का कार्य | चतरा | 4.00 | 500 |
| 7 | ग्राम पंचायत कोरियांव में पारस पाड़े के घर के पास कूप मरम्मत व जगत निर्माण | चतरा | 3.00 | 500 |
| 8 | ग्राम पंचायत पुरनाकला के थुभिया में अर्जुन के घर के पास कूप मरम्म्त व जगत निर्माण | चतरा | 3.00 | 500 |
| 9 | ग्राम पंचायत केतार में राधे गोंड़ के घर के यात्री सेड निर्माण | चतरा | 4.25 | 500 |
| 10 | ग्राम पंचायत पुरनाकलां के थुभियां में रामराज के घर से विजेन्द्र के घर तक ईण्टरलाकिंग का कार्य | चतरा | 4.50 | 500 |
| 11 | पुरना मेन रोड से छठ घाट तक ईण्टरलाकिंग खडंजा का कार्य | चतरा | 2.75 | 500 |
| 12 | ग्राम पंचायत बमनगवां में महेन्द्र सिंह के खेत से रामानुज के खेत तक पक्की नाली निर्माण | चतरा | 6.00 | 1000 |
| 13 | केतार मेन रोड से परमेश्वर हरिजन के घर तक ईण्टरलाकिंग खड्जा निर्माण | चतरा | 1.50 | 250 |
| 14 | जलखोरी हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | चतरा | 5.50 | 1000 |
| 15 | ग्रा०पं0 किचार में रामसखी बिन्द के घर से संतोष दुबे के घर तक सी०सी० रोड का कार्य | चतरा | 3.50 | 500 |
| 16 | ग्राम पंचायत मगरहथा पुल से खडुई पक्की सड़क तक डब्लू0बी०एम० | चतरा | 5.50 | 1000 |
| 17 | उचीखुर्द के मड़ई टोला महेन्द्र के घर के पास ब्लासटिंग कूप का कार्य | चतरा | 1.90 | 250 |
| 18 | विकास खण्ड चतरा के विपणन धान क्रय केन्द्र पर इण्टरलांकिग व वाटर सप्लाई का कार्य | चतरा | 2.90 | 500 |
| 19 | छतेहरी नहर से ददन सिह के घर तक इण्टरलांकिग का कार्य | चतरा | 3.50 | 500 |
| 20 | उचीकला के अनुसूचित बस्ती में पक्की नाली निमार्ण | चतरा | 3.80 | 500 |
| 21 | बरईल के जलखोरी बार्डर पर गेट निर्माण | चतरा | 4.00 | 500 |
| 22 | केतार के भटपरुवा में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण | चतरा | 5.50 | 1000 |
| 23 | बंजरिया में पशुचिकित्सालय का मरम्मत व इण्टरलांकिग का कार्य | चतरा | 5.00 | 500 |
| 24 | कसारी में मेन रोड से स्कूल तक इण्टरलांकिग का कार्य | चतरा | 3.40 | 500 |
| 25 | विकास खण्ड परिसर में बी0डी0ओ0 आवास मरम्मत का कार्य व रंगाई पुताई | चतरा | 5.25 | 1000 |
| 26 | विकास खण्ड की ग्राम पंचायत पुरनाकलां में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण कार्य | चतरा | 9.50 | 1000 |
| 27 | विकास खण्ड में 11 स्थलों पर हाट बाजार का निर्माण/पुर्नोद्धार कार्य | चतरा | 2.50@ | 1000 |
| 28 | ग्राम पंचायत ऐलाई के रैया में कृपा मिश्रा के घर से संजय मिश्रा के घर तक इण्टरलांकिग | चतरा | 5.35 | 1000 |
| 29 | बभनगवां में मुख्य मार्ग से महेन्द्र के घर तक डब्लू0एबी0एम0 सम्पर्क मार्ग | चतरा | 4.50 | 500 |
| 30 | उंचीखुर्द में गौरी के घर से देवनाथ के घर तक ईण्टरलाकिंग खड्जा का कार्य | चतरा | 2.50 | 250 |
| 31 | बरईल में केवल के घर से जलखोरी सरहद तक डब्लू0बी0एम0 का कार्य | चतरा | 5.00 | 1000 |

खण्ड विकास अधिकारी
चतरा – सोनभद्र

# प्रेमिका समेत तीन पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल पुलिस ने युवक की मौत के मामले में उसकी प्रेमिका समेत तीन नामजद और अज्ञात लोगों पर हत्या कर साक्ष्य मिटाने का केस दर्ज किया है। युवक के घर वालों ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि पुलिस आरोपितों के खिलाफकार्रवाई नहीं कर रही है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर मारने की बात लिखी गई है। कोर्ट के आदेश पर दो माह बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

## प्रेमी-प्रेमिका ने दो जून को मंदिर में की थी शादी

बेलीपार के खरोहवा निवासी रामकरन ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके बेटे मजनू का रामगढ़ ताल के खिरवनिया गांव की रहने वाली युवती गुड़िया से प्रेम संबंध था। 2 जून 2019 को मजनू और गुड़िया ने बसियाडीह मंदिर में शादी कर ली थी। गुड़िया के घर वाले रिश्ते के खिलाफथे। वह लोग मजनू को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कई बार उस खोजते हुए घर भी आए थे। शादी के कुछ दिन बाद गुड़िया अपने मायके चली गई। 22 अक्टूबर को मजनू के पास फोन करके उसने खिरनिया गांव में बुलाया था। 24 अक्टूबर को मजनू की लाश गांव के बाहर पेड़ पर लटकती हुई मिली।

## गुड़िया ने माता-पिता के साथ मिलकर की थी हत्या

जानकारी होने पर परिवार के लोग पहुंचे तो पता चला कि 23 अक्टूबर की रात में गुड़िया ने अपनी मां सुधा, पिता रामसकल और अज्ञात लोगों के साथ मिलकर मजनू की गला दबाकर हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए लाश को पेड़ से लटका दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर मारे जाने की पुष्टि होने पर उन्होंने आरोपितों के खिलाफप्रार्थना पत्र रामगढ़लाल थाना प्रभारी और एसएसपी को दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीओ कैंट सुमित शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# पंचायतों के परिसीमन की तिथि बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूरे प्रदेश** में पंचायतों के आंशिक परिसीमन को लेकर निर्धारित की गई समय सीमा 22 दिसंबर को पूरी हो चुकी है लेकिन गोरखपुर में इसकी अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। गोला नगर पंचायत के विस्तारीकरण का नोटिफिकेशन जारी होने, उरुवा बाजार एवं घघसरा बाजार नगर पंचायतों के गठन व बड़हलगंज के विस्तारीकरण की प्रक्रिया शुरू होने होने के कारण नया कैलेंडर जारी किया जा रहा है। नए कैलेंडर के अनुसार पांच से 15 जनवरी 2021 तक परिसीमन पूरा करना होगा।

### पहले 22 दिसंबर तक पूरी करनी थी प्रक्रिया

**पुराने** शासनादेश के अनुसार 12 से 22 दिसंबर तक परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करनी थी। गोरखपुर में भी इसके तहत काम किया गया। परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर भी ली गई थी। इसमें जिला पंचायत के चार वार्ड कम हो गए थे। पहले उनकी संख्या 73 थी लेकिन परिसीमन के बाद 69 हो गई। इसी तरह क्षेत्र पंचायत के करीब 100 वार्ड समाप्त हुए हैं। ग्राम पंचायतों की संख्या 1308 रह गई है। पर, कुछ नगर पंचायतों के विस्तारीकरण एवं नई नगर पंचायतों के अस्तित्व में आने के कारण ग्राम पंचायतों की संख्या घट सकती है। साथ ही जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के कुछ वार्ड भी कम हो सकते हैं। परिसीमन के लिए जारी नए कैलेंडर में भी आबादी की गणना की जाएगी। इसी के अनुसार तय किया जाएगा कि किस पंचायत के कितने वार्ड घटेंगे। उम्मीद जतायी जा रही है कि इसी बीच उरुवा बाजार एवं घघसरा बाजार को नगर पंचायत घोषित करने का नोटिफिक्रेशन भी जारी हो सकता है।

इस संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया है कि परिसीमन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई थी। लेकिन गोला नगर पंचायत के विस्तारीकरण का नोटिफिक्रेशन जारी होने के कारण कुछ ग्राम पंचायतें और प्रभावित हो रही हैं। इसलिए गोरखपुर के लिए समय सीमा बढ़ा दी गई है। शासन की ओर से दी गई समय सीमा में परिसीमन का काम पूरा कर लिया जाएगा।

# दशरथ राजमहल के 12 वें पूर्वाचार्य विश्वनाथ प्रसादाचार्य को संतों ने किया नमन

संवाददाता। अयोध्या



**चक्रवर्ती** सम्राट महाराजा दशरथ के राजमहल बड़ी जगह दशरथ महल में 12 वें विन्दुगाद्याचार्य आचार्य विश्वनाथ प्रसादाचार्य महाराज को 24 वीं पुण्यतिथि पर शिद्दत से याद किया गया। इस मौके पर रामनगरी के विशिष्ट संत.महंतों ने साकेतवासी महन्त के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया और कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। इस अवसर पर दशरथ महल के वर्तमान विन्दुगाद्याचार्य महन्त देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज ने कहाकि पूर्वाचार्य महन्त में संतत्व के गुण देखते ही झलकते थे। वह निराश्रितों व जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहा करते थे। अन्त में विन्दुगाद्याचार्य महन्त देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज के कृपापात्र शिष्य रामभूषण दास कृपालु जी महाराज ने आए हुए संत महंत व विशिष्ट जनों का स्वागत.सत्कार किया। इस मौके पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन हुआ। पुण्यतिथि के मौके पर श्री श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महन्त नृत्यगोपाल दास उत्तराधिकारी शिष्य महंत ज्ञानदास, रंगमहल मन्दिर के महन्त रामशरण दास, अयोध्या संत समिति अध्यक्ष महन्त कन्हैयादास रामायणी, रामकथा मण्डप महन्त डॉ. रामानंद दास, श्रीरामवल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास, जगतगुरु राम दिनेशाचार्यए रामजन्मभूमि मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास, रसिक पीठाधीश्वर जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जनमेजय शरण, उदासीन आश्रम रानोपाली के महंत भरत दास, जगन्नाथ मंदिर महन्त राघव दास, हनुमत सदन महन्त अवधकिशोर शरण, महन्त रामलोचन शरण, महन्त रामजी दास, महन्त रामभजन दास, रामायणी राममंगल दास, महन्त रामकुमार दास, महन्त कमलादास रामायणी, महन्त अर्जुन दास, महन्त अवधेश दास हनुमानगढ़ी, महन्त हरिसिद्धि शरण, महन्त राममिलन दासए नव्यन्यायाचार्य तुलसीदास, पार्षद पुजारी रमेश दास, पुजारी राजू दास हजारों की संख्या में संत महंत एवं श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव
## घाटी में खिला कमल

**जम्मू** कश्मीर में लोकतंत्र की विजय हुई है। स्थानीय निकाय चुनावों में फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले गुपकार गठबंधन के बेहतर प्रदर्शन से स्पष्ट है कि परंपरागत नेता अब भी जनता की पसंद हैं। भाजपा 74 सीटें जीत कर अकेली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और उसे जम्मू में हिंदू मतदाताओं का भारी समर्थन मिला है। लेकिन घाटी में उसका प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं रहा है जहां उसने श्रीनगर, बांदीपुर व पुलवामा में विजय पाई है। उसका दावा है कि यह कश्मीर को मुख्यधारा में शामिल करने की उसकी साहसी रणनीति का परिणाम है जिसका समर्थन बड़ी सीमा तक जनता ने किया है। जिन सीटों पर भाजपा को विजय मिली है उनसे स्पष्ट है कि वह विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल हुई है। यह कश्मीर के बदले दर्जे की बढ़ती स्वीकार्यता का भी प्रतीक है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से भाजपा प्रवक्ताओं ने घाटी में 'कमल खिलने' का दावा किया है। जम्मू में भाजपा ने 71 सीटें जीत कर आशानुकूल प्रदर्शन किया है। गुपकार गठबंधन को जिला विकास परिषद-डीडीसी चुनावों में 100 से अधिक सीटों पर विजय मिली है। इससे सिद्ध होता है कि लंबे समय से जनता की नजर से दूर रहने वाले पुराने नेता जनता की सोच से बाहर नहीं हुए थे। उनके खिलाफ तमाम जहरीले प्रचार के बावजूद स्थानीय मतदाता अभी उनको पसंद करते हैं। सात पार्टियों के गठबंधन में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कान्फ्रेंस-नेकां, महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी-पीडीपी शामिल थीं। उसने जम्मू में 45 सीटें जीतने के साथ ही पुंछ व राजौरी तथा किश्तवार व रामबन की संवेदनशील सीटों पर विजय पाई है। इसे मुख्यधारा कहा जा सकता है क्योंकि अब्दुल्ला परिवार ने सिद्ध कर दिया है कि जम्मू में भी उनका आकर्षण बना हुआ है। शायद इसका कारण स्थानीय निवासियों में भूस्वामी वर्ग की सोच है, भले ही उसका धर्म व क्षेत्र चाहे जो हो। नए भूमि कानूनों से कश्मीरी उत्तेजित हैं जिन्होंने बाहरी लोगों को गैर-कृषि भूमि खरीदने के अवसर दिए हैं। हिंदू प्रभुत्व वाले जम्मू व लद्दाख के डोगरा भी खुश नहीं हैं क्योंकि उनकी स्थानीय संस्कृति व विशेषाधिकार कुछ धाराओं से प्रभावित हुए हैं। नई सरकार की नीति अटल बिहारी वाजपेयी की पुरानी सरकार से अलग है जिसने सहयोगी के रूप में नेकां को विश्वास में लिया था, जबकि वर्तमान सरकार ने पीडीपी का सहयोग लिया। यदि स्थानीय पार्टियां अलग-अलग लड़ी होतीं तो मुस्लिम वोट विभाजित होता और भाजपा को कश्मीर में तीन सीटों से अधिक पर विजय मिलती। संभवत: कश्मीर को मुख्यधारा में लाने का एजेंडा एक साल बाद भी बहुत अच्छा राजनीतिक माहौल बनाने में पूरी तरह सफल नहीं रहा है। इससे राष्ट्रीय पार्टी को विश्वसनीय स्थानीय विकल्प तैयार करने में भी ज्यादा सहायता नहीं मिली है। उसने हालांकि पीडीपी व नेकां के कुछ तत्वों को मिला कर जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी-जेकेएपी खड़ी करने में सहायता की थी, लेकिन उसका चुनावों में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। कांग्रेस केवल 26 सीटें पा सकी जिससे उसकी गिरावट स्पष्ट है। स्वतंत्र उम्मीदवारों के 49 सीटें जीतने को देखते हुए अब उसकी प्रासांगिकता समाप्त होती लगती है। श्रीनगर में महत्वपूर्ण रूप से स्वतंत्र उम्मीदवारों ने 14 में से 7 सीटों पर विजय पाई है। यदि कांग्रेस अंतत: गुपकार गठबंधन का समर्थन करती है तो बड़ी संख्या में स्वतंत्र उम्मीदवार भाजपा के साथ जा सकते हैं। संभवत: केन्द्र सरकार ने ऐसी स्थितियों का अनुमान लगाया होगा। भाजपा ने परिपक्व राजनेता मनोज सिन्हा को उप राज्यपाल बना कर राजनीतिक प्रक्रिया आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन इंटरनेट बाधा जैसी समस्यायें छात्रों को प्रभावित कर रही है तथा उनको नई अर्थव्यवस्था में उचित अवसर नहीं मिल रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को 40,000 करोड़ से अधिक का घाटा हुआ है। भाजपा को अब इन मुद्दों को संबोधित करना होगा।



# पाकिस्तान का सबसे अपमानजनक दिन

### अदम्य साहसी जनरल सैम मानेकशॉ व अन्य सेना नायकों ने ढाका में पाकिस्तानी ले.जन. एएके नियाजी को आत्मसमर्पण पर मजबूर किया था जिससे स्वतंत्र बांग्लादेश का जन्म हुआ।



**मारूफ़ रज़ा**
(लेखक सुरक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



आधी शताब्दी पहले पाकिस्तान का सबसे बुरा दिन ढाका में 16 दिसंबर, 1971 को 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के रूप में सामने आया। लगभग 81,000 युद्धबंदी-पीओडब्लू पाकिस्तानी सशस्त्र बलों से तथा 12,000 सिविलियन थे जिनकी उनके साथ मिलीभगत थी। हालांकि, सभी लोग ढाका विजय का श्रेय तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल सैम मानेक्शॉ को देते हैं जिनकी साउथ ब्लाक में बहुत महत्वपूर्ण उपस्थिति सामने आई थी। लेकिन जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के आदेश से कोलकाता में आधिकारिक रिकार्ड नष्ट करने के कारण घटनाक्रम के कुछ विवरणों से स्पष्ट है कि इसका श्रेय तत्कालीन मेजर जनरल जेएफआर जैकब व सैनिक कार्रवाइयों के महानिदेशक मेजर जनरल इंदर गिल को भी दिया जाना चाहिए। इनमें ले.जन. सगट सिंह भी शामिल हैं जो तेजपुर में चौथी कार्पर्स का नेतृत्व कर रहे थे। मेजर जनरल जेएफआर जैकब भारत की पूर्वी कमांड के चीफ आफ स्टाफ थे तथा पूर्वी पाकिस्तान में हुई कार्रवाइयों की योजना बनाने व क्रियान्वयन में उनकी प्रमुख भूमिका थी। इसका विस्तृत विवरण उनकी आत्मकथा 'एन ओडिसी इन वार एंड पीस' में है।

पाकिस्तान के तत्कालीन तानाशाह यहिया खान के आदेश पर निर्मम सैनिक अत्याचारों के बाद 1971 में करोड़ों शरणार्थी तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से सटे पूर्वी भारत के राज्यों में आए थे। वे बंगाली नेता शेख मुजीबुर रहमान की चुनाव में स्पष्ट विजय के बाद अपना अधिकार मांग रहे थे। प्रभावित भारतीय राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों ने जोर दिया कि भारत इस मानवीय संकट से निपटने के लिए कुछ करे। ततकालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल सैम मानेकशा को अपनी 'अंतरंग कैबिनेट' की बैठक में बुलाया। वे चाहती थीं कि जनरल युद्ध में पूर्वी पाकिस्तान का काफी क्षेत्र जीत लें ताकि शरणार्थियों को वहां वापस भेजा जा सके।

लेकिन जनरल मानेक्शॉ ने अनेक कारणों से जल्दबाजी न करने को कहा। वह समय 1971 में गर्मियों का था और देश भर में फसलों से मिले अनाज का स्थानान्तरण हो रहा था। ऐसे में ट्रेनों व सड़क परिवहन का ज्यादातर हिस्सा इसी काम में लगा था जिनकी आवश्यकता सैनिकों को स्थानान्तरण के लिए थी। इसके बाद आने वाला बरसात का मौसम खासकर बांग्लादेश की छोटी-छोटी नदियों वाले क्षेत्र में सेना के आवागमन में बाधा डाला सकता था।

इंदिरा गांधी ने सेना की सलाह मान कर उसे अपनी इच्छानुसार युद्ध लड़ने व जीतने का अवसर दिया। मानेक्शॉ ने संभवत: उनको आश्वासन दिया था कि वे इससे 'इतिहास बनाने और भूगोल बदलने' में सफल होंगी। मुझे याद है कि अक्टूबर, 1994 में विज्ञान भवन में पहले इन्फेंट्री लेक्चर में उन्होंने यह बात कही थी। इस ऐतिहासिक विजय के लिए सेना की तैयारी के साथ इंदिरा गांधी ने भारत की मानवीय पहल के लिए दुनिया का समर्थन पाने का प्रयास किया। अगस्त, 1971 में नई दिल्ली ने मास्को के साथ भारत-सोवियत शांति, मैत्री व सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए। हालांकि, यह गुटनिरपेक्षता की नेहरूवादी सोच से महत्वपूर्ण विचलन था, पर रूस के समर्थन से भारत को संयुक्त राष्ट्रसंघ में अनेक अवसरों पर सफलता मिली जब वाशिंगटन ने पाकिस्तान का समर्थन किया। तब भारतीय सैनिक पूर्वी पाकिस्तान के मैदानों में थे। लेकिन जैकब मानेकशा के इस विचार को खारिज करते हैं कि उन्होंने मार्च, 1971 में युद्ध करने के इंदिरा गांधी के विचार का विरोध किया था। आधिकारिक रूप से युद्ध की शुरुआत 3 दिसंबर को हुई थी, जबकि पूर्वी पाकिस्तान की सीमाओं पर सैनिक कार्रवाइयां नवंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू हो गई थीं।

संभवत: संरा. युद्धविराम की आशंका से भारत खुलना व चटगांव के बंदरगाह शहरों में स्वतंत्र बांग्लादेश सरकार स्थापित करना चाहता था। लेकिन कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ने पर जैकब ने ढाका पर कब्जे की योजना बनाई। पाकिस्तानी जनरलों ने भारत से ऐसी उम्मीद नहीं की थी। पाकिस्तानी सेना ने छावनियों में अपनी स्थिति मजबूत की थी जिसके कारण वहां भारी युद्ध हुआ तथा ढाका की ओर आगे बढ़ने का अभियान भी चला। सेना के हर अधिकारी ने यह सबक सीखा कि प्रतिरोध के क्षेत्रों में ज्यादा उलझे बिना उनको पीछे छोड़ कर आगे बढ़ा जाए। लेकिन अक्सर शराब के नशे में चूर रहने वाले पाकिस्तानी तानाशाह जनरल याहिया खान को विश्वास था कि तीन कारणों से पूर्वी पाकिस्तान में भारतीय सैन्यबलों को सफलता नहीं मिलेगी।

पहला, पश्चिमी पाकिस्तान की मजबूत सेना भारत के पंजाब व जम्मू कश्मीर जैसे रणनीतिक प्रदेशों को खतरे में डाल सकती है। दूसरा, हिमालय में चीनी सेना एकत्र होने से भारत पर दबाव पड़ेगा। इन दो कारणों से भारत पूर्वी पाकिस्तान में कोई गंभीर सैनिक दु:साहस नहीं करेगा। इसके साथ ही पाकिस्तान भारतीय सैनिक कार्रवाइयों के बर्दाश्त से बाहर होने पर अमेरिकी सैनिक हस्तक्षेप की उम्मीद करता था।

ढाका पर अचानक प्रभावी हमले के लिए ज्यादा सैनिकों की आवश्यकता थी। मानेक्शॉ को चीन द्वारा खेल बिगाड़ने की आशंका थी, इसलिए उन्होंने भारत-चीन सीमा से सैनिक बुलाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, मानेकशा की आशंका की पुष्टि में कोई खुफिया जानकारियां नहीं थीं, इसलिए जैकब ने मानेक्शॉ को जानकारी दिए बिना हिमालय से कुछ सैनिकों को हटाया जिसमें मेजर जनरल गिल ने उनकी सहायता की। हालांकि मानेकशा ने इसके लिए गिल की खिंचाई की, लेकिन तब तक चीजें तेजी से आगे बढ़ रही थीं और ढाका की तरफ बढ़ने का समय बहुत कम था क्योंकि अमेरिका संरा. में युद्धविराम के लिए दबाव डाल रहा था। यदि ऐसा होता तो सारी सैनिक उपलब्धियां शून्य हो जातीं। भारतीय वायुसेना की शानदार सहायता से भारतीय सेना ढाका की ओर बढ़ी। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी वायुसेना की कमर तोड़ दी थी। जल्द ही आसमान पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों से मुक्त हो गया जो टूटी-फूटी हालत में हवाईअड्डों पर पड़े थे। इसके बाद स्वतंत्रता के बाद पहली बार अपनी किस्म की हेली-बार्न कार्रवाई की गई। विशाल मेघना नदी व अनेक अन्य नदियों को पार कर सेना उतारी गई जो ढाका को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करती थीं। इसके बाद भारतीय छाताधारी सैनिकों को ढाका के पास विमानों से उतारा गया और 15 दिसंबर तक भारतीय सैनिकों ने ढाका को घेर लिया था।

इस युद्ध में मेजर जनरल जैकब को मानेक्शॉ का संदेश मिला, 'जेक जा कर समर्पण करवाओ'। इसके बाद वे पूर्वी पाकिस्तान के सेनिक कमांडर ले.जन. एएके नियाजी से मिले। जैकब ने सैल्यूट कर उनसे पूछा कि क्या वे बिना शर्त आत्मसमर्पण के लिए तैयार हैं। जनरल नियाजी ने यह प्रस्ताव खारिज कर कहा कि कौन कहता है कि मैं समर्पण करूंगा? आप यहां केवल युद्धविराम और मेरे द्वारा प्रस्तावित वापसी पर चर्चा करने आए हैं।' उनको शायद आशा थी कि संरा. के आदेश से युद्धविराम उनको और उनकी सेना को अपमान से बचा लेगा। लेकिन जनरल जैकब ने कहा कि उनके पास केवल 30 मिनट हैं और उसके बाद वे सेनाओं को आगे बढ़ने का आदेश देंगे। उन्होंने तीन बार अपनी बात दुहराई। यदि नियाजी प्रतिक्रिया न करते तो वे पाकिस्तानी परिवारों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते थे क्योंकि बंगाली विद्रोही उन सबको मार डालने के लिए तैयार थे।

जनरल जैकब 30 मिनट बाद जनरल नियाजी से मिले और पूछा कि क्या उन्होंने आत्मसमर्पण प्रस्ताव स्वीकार किया। नियाजी की प्रतिक्रिया न मिलने पर जनरल जैकब ने आत्मसमर्पण दस्तावेज उठा कर कहा कि मैं इसे स्वीकार करता हूं।' जनरल नियाजी की आंखों से आंसू बह रहे थे और उनका सिर शर्म से झुका था। जनरल जैकब ने नियाजी से आत्मसमर्पण के लिए कदम उठाने को कहा जिसका आयोजन ढाका रेस कोर्स में जल्दी से किया गया था। वहां एक मेज और दो कुर्सियां रखी थीं तथा बाहर भीड़ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रही थी। आंसुओं में डूबे नियाजी ने अपने बैज उतारे तथा पिस्तौल जनरल अरोड़ा को सौंप दी। इसके बाद वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी उनको वहां से ले गए। उनको जीवित रखना और दुनिया को यह दिखाना जरूरी था कि आत्मसमर्पण के समय उनको कोई चोट नहीं पहुंचाई गई। दुनिया ने ढाका परेड ग्राउंड का यह दृश्य देखा। यह उपलब्धि ऐसे समय मिली जब ढाका में 26,400 पाकिस्तानी सैनिक और केवल 3,000 भारतीय सैनिक थे। नियाजी ने बाद में स्वीकार किया कि जैकब ने 'मुझे धमका कर समर्पण कराया।'

# विलंब से न्याय का अर्थ न्याय से वंचित होना

**मुकदमे की प्रक्रिया को गति प्रदान करने एवं मामला दाखिल होने के कुछ ही महीनों के भीतर निष्कर्ष पर पहुंचने से हमारी अदालतों को किसने रोका है?**

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



केंद्रीय जांच ब्यूरो के विशेष न्यायाधीश 'के सनल कुमार' द्वारा थिरुवनंतपुरम में सिस्टर अभया हत्या मामले में सुनाए गए फैसले के तहत सेफी और थामस कोट्टउर को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के साथ ही इस सनसनीखेज हत्याकांड से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो गया। हालांकि, यह अस्थायी है क्योंकि आरोपियों द्वारा केरल उच्च न्यायालय और फिर सर्वोच्च न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील किया जाना संभावित है।

यह लंबा खिंचा मामला था क्योंकि, सिस्टर अभया केरल के कोट्टायम में सेंट पायस कान्वेंट में एक नवदीक्षित शिक्षार्थी थीं, जो 27 मार्च 1992 को कान्वेंट परिसर में रहस्यमय परिस्थितियों में एक कुएं में मृत पाई गईं थीं। केरल पुलिस जिसने शुरुआत में मामले की जांच की थी, नतीजा निकाला था कि यह स्पष्ट रूप से आत्महत्या का मामला था। अपने निष्कर्षों की पुष्टि करने के लिए, पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि अभया एक ऐसे परिवार से थीं जहां मानसिक व्याधि से प्रभावित होने की प्रवृत्ति ज्यादा थी जिसका आत्महत्याओं का इतिहास रहा है। यद्यपि अभया की मौत को 28 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है मगर कोई भी पत्रकार केरल पुलिस के निष्कर्षों को प्रमाणित नहीं कर सका। मौत को आत्महत्या बताने के अलावा, स्थानीय पुलिस व अपराध शाखा इकाई सबूतों को नष्ट करने के लिए प्रतिस्पर्धारत थे। एक स्थानीय छायाकार जिसे पुलिस ने अभया के शव की तस्वीरें खींचने के लिए बुलाया था उसने उनमें से अधिक तक फोटो नष्ट कर दी थीं जिनमें उनके गले पर नाखूनों के निशान थे।

जो हत्या 1992 में हुई थी उस पर नतीजा लगभग तीन दशक बाद आया है जिसका काफी हद तक श्रेय दो व्यक्तियों, समाज सेवा जोमोन पुथेनपुराक्कल, और एक मामूली चोर, राजू को जाता है जिन्होंने पूरा ड्रामा कान्वेट परिसर में एक पेड़ के पीछे छुपकर जीवंत देखा था।

अभया की हत्या को लेकर बहुत कुछ लिखा जा सकता है लेकिन हमारे समक्ष मुद्दा केवल इसी मामले तक सीमित नहीं रहना चाहिए। एक कहावत है, ''विलंब से न्याय का अर्थ है न्याय से वंचित होना।'' केवल अभया ही नहीं, भारत में ऐसे हजारों लोग हैं जो न्याय से वंचित रहे हैं। मुकदमे की प्रक्रिया को गति प्रदान करने एवं मामला दाखिल होने के कुछ ही महीनों के भीतर निष्कर्ष पर पहुंचने से हमारी अदालतों को किसने रोका है?

मैंने सर्वप्रथम जनवरी 2009 में नरेंद्र मोदी का एक भाषण सुना था जब वो प्रवासी भारतीय दिवस पर भाषण देने चेन्नै गए थे। मोदी, जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे, ने अपने भाषण को उनकी सरकार द्वारा गुजरात में की गई विकास की पहलकदमियों पर केंद्रित रखा था। उन्होंने कहा था कि उनका मिशन अपने राज्य में 2010 तक लंबित मुकदमों की संख्या को शून्य पर लाना है।

यह कहना कठिन है कि गुजरात की अदालतों में वर्तमान स्थिति क्या है। लेकिन यदि अभया हत्याकांड जैसे उदाहरणों से कोई संकेत मिलता है, तो यह कि भारत मुकदमों के शून्य बैकलाग की स्थिति पाने से अभी हजारों वर्ष दूर है। इसका बहुतों के जीवन पर नकारात्मक असर पड़ा है। इसका एक प्रमुख उदाहरण कि स्वर्गीय एमकेके नायर का मामला। वरिष्ठ नौकरशाह, जो देश में भारतीय प्रशासिनक सेवा के पहले बैच के अधिकारी थे, उनका शानदार करियर रहा था लेकिन केरल में सीबीआई अधिकारी द्वारा उनके खिलाफ फर्जी मामला दर्ज कराए जाने के कारण सीमित हो गया।

अंतत:, अदालत ने पाया कि नायर के खिलाफ सभी आरोप गलत थे लेकिन उससे उन्हें नुकसान पहुंचा। नायर को 1977 में कैबिनेट सचिव के पद से सेवानिवृत्त होना चाहिए था, मगर इसके बजाए, वो 1973 में निलंबित कर दिए गए थे। अदालत को उन्हें आरोपों से मुक्त करने में एक दशक से अधिक समय लग गया। यह नहीं कहा जा सकता कि उन्हें न्याय मिला। साथ ही, देश एक दूरदृष्टिपूर्ण अधिकारी की सेवाओं से वंचित हो गया जो केरल में उद्योगमंडल के सूत्रधार थे जिसने हरित क्रांति में प्रचुर योगदान दिया था। इसी तरह, अन्नाद्रमुक प्रत्याशी मनोज पांडियन, एक विधिवेत्ता थे, जिन्होंने 2006 में चेरूमहादेवी चुनाव क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, और कांग्रेस के वेल्दुरई से पराजित हो गए थे। पांडियन ने अदालत में चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी और शीर्ष अदालत को वुल्दुरई का निर्वाचन अवैध घोषित करने में पांच वर्ष लग गए। फैसला उस दिन आया जब तमिलनाडु की जनता नई विधानसभा के लिए मतदान करने जा रही थी।

2009 के चुनावों में, सीवांगना लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार, पीं चिदंबरम, को शुरुआत में पराजित घोषित किया गया था। लेकिन कुछ घंटों के लिए वोटों की गिनती रोक दी गई थी और फिर निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषणा की गई कि वो अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजा कनप्पन को 3,000 मतों से हराकर चुनाव जीत गए थे। यद्यपि कनप्पन ने मद्रास उच्च न्यायालय में चुनाव के तुरंत बाद परिणाम को चुनज़ैती दी थी, मद्रास उच्च न्यायालय ने अब तक फैसला नहीं दिया है, यद्यपि देश में तब से दो लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं।

हालांकि, ऐसा नहीं है कि केवल चुनावों से संबंधित मामले अदालतों में विलंबित होते हैं। 2 जी स्पेक्ट्रम मामले का क्या हुआ जिसका 2007 में दि पायनियर द्वारा खुलासा किया गया था? या कोलगेट घोटाला? सुब्रमण्यमय स्वामी द्वारा उठाया गया नेशनल हेराल्ड मामला अथवा अवैध टेलीफोन एक्सचेंज मामला? हम अदालतों में इस अत्यधिक विलंब की समस्या से ग्रसित क्यों हैं? आश्चर्य की बात नहीं कि तमिलनाडु में कंगारू अदालतें फल-फूल रही हैं और वे लोग जो सेवानिवृत्ति की उम्र तक पहुंच चुके हैं वे भी चेन्नै के आसपास विधि विद्यालयों में छात्रों के तौर पर दाखिले ले रहे हैं। यह दु:खद है कि कि न्याय मिलने में दूरी का होना निरंतर जारी है और इसलिए देश में न्याय से वंचित होने की प्रक्रिया भी जारी है। उम्मीद है, नया वर्ष भारत में लंबित मुकदमों की समस्या दूर करने के लिए नवीनीकृत प्रयास लेकर आएगा।

## आप की बात

### पाक में बेतहाशा महंगाई

**पड़ोसी** मुल्क पाकिस्तान में महंगाई चरम सीमा लांघ रही है। और वंहा की अवाम में महंगाई को लेकर कोहराम मचा है। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर पाकिस्तान में अंडा 30 रु, चीनी 104 रु,प्रति किलो, गेंहू 60 रु,और अदरक एक हजार रु, किलो तक ,सब्जियों के भी आसमान छूते भाव जनता को लाचार कर रहे है। अदरक, चीनी, गेहूं के रिकार्ड तोड़ दाम पाकिस्तान की बदहाल तस्वीर को पेश करते नजर आ रहे है। इसमें कोई दो मत नही की पाकिस्तान में आतंकवाद को दाना पानी देना और दूसरे देशों में आतंकी पहुचाने का काम और आतंकवाद परोसने के काम को ही पाकिस्तान ने अपने एजेंडे में शामिल किया है। इमरान सरकार की नाकामी को वहां की जनता कोसती भी है। परन्तु बेचारी जनता करे भी तो क्या..? पाकिस्तान को महंगाई पर जल्दी ही काबू में करना चाहिए। ताकि लोगों को सुखद जीवन जीने की उम्मीदे जग सके ाक ुनीतियों,और आतंकवाद को पालने की बजाय वंहा के जरूरत मन्द भूखे लोगो की पेट की चिंता करना चाहियें। लोगो को रोजगार के अवसर से अवगत कराना चाहिये। अच्छे उत्पादन और औद्योगिक इकाइयों को मजबूत करना चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### अपने गिरेबां में झांके पाक

**पाकिस्तान** की प्रवृति ही हमेशा से हिंदुस्तान के विरुद्ध आचरण करने की रही है। चाहे वो खुद उनके लिए अच्छा हो या नहीं। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बेतुका बयान देकर, ये जाहिर कर दिया कि उनको अपने मुल्क से ज्यादा भारत के आवाम की चिंता है। महमूद शाहब को ये पता होना चाहिए कि जब खुद उनका देश विकास की ओर मुखातिब नहीं हो रहा, और वे दूसरे पर गलत इल्जाम लगाकर, अपने सोचने की प्रवृति का बखूबी इजहार कर रहे। इतना ही नहीं, उन्होंने तो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को भी कटघरे में खड़ा कर दिया कि भारत सर्जिकल स्ट्राइक करने जा रहा। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है, जब खुफिया एजेंसी और विदेश मंत्री शाहब ही अपने आवाम को गलत खबर देकर बरगला रहे, तो औरों का क्या होगा? जरूरत है पाकिस्तान को एक मुल्क के नाते अपने गिरेबान में झांकने की, क्योंकि भारत पर नज़र फेरने से उनके आवाम का भला नहीं होगा। देश को प्रगति के राह पर आगे बढ़ाना है तो आतंकवाद को खत्म करना होगा। ये पाकिस्तान और उनके लोगों पर है कि वे कैसा मुल्क बनाना चाहते हैं?

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### प्राचीन ग्रंथों में अश्व की महत्ता

**प्राचीन** ग्रंथों मे बताया गया है की देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया तो उसमे चौदह रत्न निकले थे। उन्ही रत्नों में उच्चे श्रवा घोड़ा भी था। राजा-महाराजाओं से लेकर भारतीय सेना पुलिस के पृथक अश्वारोही दलों मे घोड़े अभिन्न अंग बनने के साथ महत्वपूर्ण साधन माने जाते है। दुर्गम स्थानों ,जंगल, पहाड़ों आदि के लिए घोड़ों की उपयोगिता महत्वपूर्ण होती है। घोड़े के शरीर पर रंग, चिन्ह, ऊंचाई से घोड़ों की कुशलता और काम में आने वाला जाना जाता है। जैसे अश्वमेध यज्ञ के समय घोड़े की पहचान अनुसार ही घोड़े प्राचीन समय में में छोड़े जाते थे। मारवाड़ी घोड़े के कान ऊपर जाकर आपस मे मिल जाते हैं। राजस्थान मे तो अश्व दिवस भी मनाया जाता है। घोड़ा पालना हर किसी के बस की बात नहीं होती है। घोड़े कि सफाई, मालिश, पौष्टिक आहार महंगा होता है। घोड़ा पालने मे खर्च ज्यादा आता है। घोड़ा पालने का शौक काफी महंगा होने के बावजूद शौकिया लोग घोड़े के बिना अपनी जिन्दगी को अधूरी समझते हैं। खैर जिनके पास घोड़ा हो उसकी शान अलग ही होती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पश्चिम** बंगाल विकास के कई संकेतकों पर नीचे सरक गया है और भ्रष्टाचार, फिरौती व राजनीतिक हिंसा में पहले नंबर पर आ गया है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**जम्मू-कश्मीर** डीडीसी चुनावों में हमारा प्रदर्शन उत्साहजनक है। चुनावों में भाजपा को नेकां, पीडीपी और कांग्रेस गठजोड़ से ज्यादा मत मिले हैं।

– **रवि शंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री



**पांच** वर्ष कार्यकाल के शेष बचे समय में पीटीआई सरकार को और अधिक उच्च स्तर का प्रदर्शन करना है। मंत्री महसूस करें कि निष्पादन का समय आ गया है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

# पूर्व सांसद के गुर्गे आबिद प्रधान के मकान पर गरजी जेसीबी

## ● एक झटके में ही पीडीए ने ढहा दिया मकान, भारी फोर्स रही तैनात



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**योगी** सरकार के कार्यकाल में माफियाओं के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण और पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। अब तक दर्जनों माफियाओं के खिलाफ ,वस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। कई अपराधियों के मकान अब तक गिराये गए हैं। इसी क्रम में आज आपरेशन माफिया पर कार्रवाई के क्रम में पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद के एक और करीबी गुर्गे आबिद प्रधान के आलीशान मकान पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का जेसीबी गरजा। धूमनगंज थानान्तर्गत मरियाडीह निवासी आबिद प्रधान अतीक अहमद का करीबी शूटर है। आज उसके मरियाडीह स्थित आलीशान अवैध निर्माण पर पीडीए ने कार्रवाई कर उसके मकान को ध्वस्त कर दिया। पीडीए के अधिकारी दलबल के साथ आबिद प्रधान के घर पहुंच गए। जेसीबी से घर को ढहाए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी गयी। इस दौरान वहाँ स्थानीय लोग पहुंच गए। भारी भीड़ जमा हो गयी।

पीडीए अफसरों का कहना है कि बिना नक्शा पास कराए अपराधी आबिद प्रधान ने यह निर्माण कराया था। पीडीए की कार्रवाई से इलाके में खलबली मच गयी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कई थाने की पुलिस और अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा। उल्लेखनीय है कि बसपा विधायक राजू पाल हत्या में आबिद भी आरोपित है। इसके अलावा धूमनगंज के मरियाडीह में अपनी चचेरी बहन और ड्राइवर की हत्या करने का भी आरोप है। आबिद प्रधान ने अतीक के इशारे पर कई वारदातों को अंजाम दिया है। आबिद पर दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। हाल में ही वह जमानत पर बाहर आया है। मकान के ध्वस्तीकरण के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। किसी तरह के विरोध को लेकर वहां पहले से ही अधिकारी भारी दलबल के साथ खड़े रहे।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का जन्मदिन

**वाराणसी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को जनपद वाराणसी सभी विकास खंड मुख्यालयों एवं पहड़ियां स्थित मंडी परिषद में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। सभी विकास खंड स्तर पर 25 दिसंबर को पूर्वाहन 10:30 बजे से कृषि मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने विकास खंड वार नोडल संयोजक एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किए हैं। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के मुताबिक सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम काशी विद्यापीठ विकास खंड के जगतपुर इंटर कॉलेज रोहनिया मैदान पर आयोजित है। जिलाधिकारी ने बताया है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक प्रतिभाग करेंगे। सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले गोष्ठी में पूर्वाहन 10 से 11 तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए क्रियान्वित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाए जाने की तैयारी पूर्णः जिलाधिकारी

## ● सुशासन दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस भी आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रदेश शासन** के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को जनपद वाराणसी सभी विकास खंड मुख्यालयों एवं पहड़ियां स्थित मंडी परिषद में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। सभी विकास खंड स्तर पर 25 दिसंबर को पूर्वाहन 10: 30 बजे से कृषि मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा द्वारा विकास खंड वार नोडलए संयोजक एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम काशी विद्यापीठ विकास खंड के जगतपुर इंटर कॉलेज रोहनिया मैदान पर आयोजित है। इसके अलावा आराजी लाइन विकास खंड क्षेत्र में होने वाला सुशासन दिवस कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुरए सेवापुरी विकासखंड में होने वाला कार्यक्रम विकास खंड परिसरए बड़ागांव विकास खंड क्षेत्र में होने वाला कार्यक्रम नॉर्मल स्कूल बड़ागांव, इसके अलावा विकास खंड पिंडराए हरहुआए चिरईगांव एवं चोलापुर विकास खंड क्षेत्र में होने वाला सुशासन दिवस कार्यक्रम विकास खंड परिसर मैं ही आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, दुग्ध समिति आदि से संबंधित लगभग 500 कृषकों से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले गोष्ठी में पूर्वाहन 10:30 से 11:45 तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए क्रियान्वित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। तत्पश्चात मध्याह्न 12:00 बजे प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी द्वारा कृषकों को ऑनलाइन संबोधित भी किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पुलिस ने बरामद की लाखों की अवैध शराब

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली पुलिस ने आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक कार से हरियाणा ब्रांड 400 क्वार्टर तथा 60 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। कार चालक पुलिस को देख कर भाग खड़ा हुआ। गंज मुरादाबाद चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव, कोतवाली के उपनिरीक्षक रामजीत यादव, मुख्य आरक्षी विजय सिंह पटेल तथा आरक्षी ध्रुव कुमार व लोकेंद्र यादव जब आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर गश्त कर रहे थे। तभी गंगा पुल के निकट पुलिस को एक संदिग्ध कार तेज गति से लखनऊ की ओर जाते हुए दिखाई दी। पुलिस द्वारा रूकने का इशारा करने पर चालक कार खड़ी कर भाग खड़ा हुआ। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार से 400 क्वार्टर तथा 60 बोतल हरियाणा ब्रांड अंग्रेजी शराब बरामद की। बताया जाता है बरामद शराब की कीमत करीब एक लाख रुपए है। पुलिस ने कार सीज कर अज्ञात चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### करंट की चपेट में आने से युवती गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी विनोद की 16 वर्षीय पुत्री वैशाली आज प्रातः अपने घर की विद्युत लाइन के प्लग में मोबाइल चार्जर लगा रही थी। तभी अचानक वह तेज करंट की चपेट में आ गई। यह देखकर परिजन दौड़े और किसी तरह उसे चार्जर से अलग किया। करंट से किशोरी बेहोश हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गंभीर बीमारियों और स्थायी विकलांगता के निदान में मदद

**वाराणसी।** बढ़ती महंगाई की चुनौती से निपटने के लिए ग्राहकों के पास अपने योगदान को बढ़ाने और इस तरह से आय को बढ़ाने का विकल्प है।उत्पाद विशिष्ट गंभीर बीमारियों और स्थायी विकलांगता के निदान पर प्रीमियम राशि की वापसी की सुविधा भी देता है। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लानश्की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफडिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पलटा ने कहाए ष्हम ग्राहकों को जीवन भर की आय के समाधान की गारंटी देते हुए खुशी का अनुभव कर रहे हैं। यह एक ऐसी योजना हैए जो वर्तमान दौर के अप्रत्याशित समय में निश्चितता प्रदान कर सकती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने ष्आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लानष् शुरू किया है।

### राजेश कुमार ने बरेका में जन सर्म्पक अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया



**वाराणसी।** राजेश कुमार ने बनारस रेल इंजन कारखानाए वाराणसी में जन सर्म्पक अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप बरेका में ही मुख्य प्रचार निरिक्षक के पद पर कार्यरत थे। श्री राजेश कुमार ने स्नातक व मास्टर ऑफफिजिकल एजुकेशन तथा योग डिप्लोमा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से एवं बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशनए महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से प्राप्त की। आपने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्तए विश्वविद्यालयए प्रयागराज से फोटोग्राफी में डिप्लो्मा तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया व जैन विश्वरभारती संस्थानए लाडणूए राजस्थान से योगा में मास्टर डिग्री प्राप्ति की। इसके उपरांत दी ग्लोबल ओपन विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार में मास्टर डिग्री हासिल किया। आप योग के राष्ट्रीय खिलाडी रहे है तथा उत्तर प्रदेश टीम के योग प्रशिक्षक व राष्ट्रीय योग निर्णायक भी रह चुके है। आप अधिकारी व कर्मचारियों में समान रुप से लोकप्रिय है।

### जनवरी सत्र में नहीं होगा यूजी एवं पीजी में प्रवेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र जनवरी 2021 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश नहीं होंगे। सत्र जनवरी 2021 में मात्र प्रमाण पत्र कार्यक्रम डिप्लोमा कार्यक्रम एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ जागरूकता कार्यक्रमों में ही प्रवेश होगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय की विद्या परिषद एवं कार्य परिषद में पूर्व में लिया गया है। वर्तमान सत्र से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कलाए विज्ञान वाणिज्य सभी शाखाओं में सेमेस्टर प्रणाली लागू हो चुकी है। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि अभी तक जुलाई एवं जनवरी दोनों सत्रों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर में प्रवेश होते रहे हैं लेकिन सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद जनवरी सत्र में केवल सर्टिफिकेट डिप्लोमा स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा जागरूकता कार्यक्रमों में ही प्रवेश दिया जाएगा।विश्वविद्यालय के जनवरी सत्र में प्रवेश चाहने वाले छात्रों से अपेक्षा है कि वह बड़ी हुई तिथि के साथ 31 दिसंबर तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश ले सकते हैं। वर्ष पर्यंत प्रवेश उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का एक घोषित कार्यक्रम रहा है। जो परंपरागत विश्वविद्यालयों में नहीं है । उल्लेखनीय है कि कोई भी छात्र स्नातक तथा स्नातकोत्तर करते हुए एक सर्टिफिकेट डिप्लोमा तथा पीजी डिप्लोमा में प्रवेश ले सकता है। यह सुविधा केवल मुक्त विश्वविद्यालय में ही उपलब्ध है। जुलाई सत्र में जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सुशासन एकात्म मानववाद नागरिकता संशोधन कानून एवं कोविड 19 जैसे समसामयिक विषयों में प्रवेश जारी हैं।

### कोविड एल 2 अस्पताल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, सुधार को लेकर दिए निर्देश



**नवाबगंज।** सरस्वती मेडिकल कालेज कोविड एल 2 अस्पताल का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफसफाई के साथ ही उपस्थित को चेक किया। मुख्य चिकित्साधिकारी कैप्टन आशुतोष कुमार एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विवेक गुप्ता से कोविड संक्रमित रोगियों के अस्पताल में चल रहे उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही पूर्व में कोविड पाजिटिव हुए मेडिकल छात्रों का कुशल क्षेम पूछा एवं छात्रों एवं स्टाफको संक्रमण के प्रति सतर्क करने के निर्देश दिये। कालेज प्रशासन से महाप्रबंधक मनोज शिशौदिया से बात करते हुए अस्पताल के रोगियों के भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के विषय में विस्तृत जानकारी ली, एवं कोई भी लापरवाही न हो इसके निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपस्थित चिकित्सकों को अस्पताल में चल रही सामान्य ओ0पी0डी0 में आने वाले रोगियों को कोविड संक्रमण संबधित सतर्कता एवं सावधानियों के विषय में अवगत कराने को प्रतिबद्ध होने को कहा। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जनपद के स्वास्थ्य सेवाओं के शीर्ष अधिकारियों सहित मेडिकल कालेज के मुख्य चिकित्साधीक्षक प्रो0 एल0डी0 मिश्रा, उप मुख्य चिकित्साधीक्षक कर्नल डा0 के के राय एवं अन्य विभिन्न विभागों के चिकित्सक उपस्थित रहें।

# कौंधियारा में किशोर की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**यमुनापार** के कौंधियारा थानाक्षेत्र ग्राम पंचायत बड़गोहना कला के मजरा पीतांबर का पूरा गांव में बीती रात एक किशोर की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गयी। गुरुवार की सुबह हत्या की वारदात की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। सीओ और इंस्पेक्टर भी फोर्स के साथ पहुंच गए। कौंधियारा के बड़गोहना गांव के पीतांबर का पूरा मजरा निवासी गुलाब बिंद मजदूरी करता है। गुलाब अपनी पत्नी कमला देवी के साथ बुधवार को कौंधियारा थाना क्षेत्र के ही अगवईया गांव में रिश्तेदार के घर गए थे। घर में गुलाब की बेटी जानकी 17 और बेटा अमन 14 ही थे। अमन गांव के ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था। दोनों रात में खाना खाकर सो गए थे।

गुरुवार सुबह जानकी उठी थी तो भाई के कमरे का दरवाजा खुला देख अंदर गई। अंदर का दृश्य देख वह चीख पड़ी। कमरे के अंदर भाई अमन का खून से लथपथ शव पड़ा था। उसकी चीख पुकार पर आसपास के लोग आ गए। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पहले कौंधियारा इंस्पेक्टर कुलदीप तिवारी फिर सीओ बारा अजीत कुमार रजक फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से पूछताछ की और फिर छानबीन शुरू की। पुलिस ने अमन की बहन जानकी से पूछताछ की। इंस्पेक्टर ने बताया कि कुल्हाड़ी से सिर पर प्रहार कर किशोर को मौत के घाट उतारा गया है। उसका शव चारपाई पर ही पड़ा मिला है। सभी तथ्यों पर गहराई से छानबीन की जा रही है। गांव के लोगों से पूछताछ में प्रेम प्रसंग की बातें भी सामने आई है। इस बिंदु पर भी पड़ताल कराई जा रही है। गांव के कुछ लोगों पर शक जताया जा रहा है। जल्द ही कातिलों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

# कार्रवाई से पहले ही, साहब ने नई सेवा पंजिकाएं बनाने के जारी कर दिए निर्देश

## ● आदेश कई दिए पर नहीं की गई जांच, पूर्व एबीआरसी किए गए निलंबित पर बीईओ पर नहीं आई आंच

**पाटन।** बेसिक शिक्षा विभाग में जिम्मेदारों के भी खेल निराले हैं। गायब सेवा पंजिकाओं के मामले में न ही जांच पड़ताल पूरी हुई और न अभी तक प्रथम सूचना रिपोर्ट ही दर्ज कराई गई किंतु नयी प्रतियां बनाने के निर्देश दे दिए गए! विभागीय जानकार अचरज में हैं कि जिन सेवा पंजिकाओं को लेकर शिक्षक महीनों से परेशान थे, भागदौड़ कर रहे थे और इतना बवाल मचने के बाद भी जिनका पता नहीं चल पा रहा था। द्वितीय प्रति जारी किए जाने के आदेश होते ही करीब दो तिहाई पंजिकाएं एकाएक कहां से बरामद हो गई। और कार्यालय में अभीतक क्यों नहीं जमा कराई गई थी।

ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से गायब सेवा पंजिकाओं को लेकर बीएसए के आदेश पर उंगलियां उठ रही हैं। विभागीय जानकार पूरी कार्यवाही को प्लान्ड मान रहे हैं। उनका कहना है कि एक साथ इतनी सेवा पंजिकाओं का गायब होना भी प्रायोजित हो सकता है। संभव है कि उनके गायब होने के पीछे कोई विशेष वजह रही हो। क्योंकि जैसे ही द्वितीय प्रति जारी करने के आदेश जारी हुए गायब 34 में से 21 सेवा पंजिकाएं एकाएक निकलकर सामने आ गई। ऐसे में यदि विधिवत छानबीन होती तो संभव था कि बाकी की 13 सेवा पंजिकाओं की मूल प्रतियां भी बरामद हो जाती। विभागीय सूत्रों का कहना है कि पूर्व एबीआरसी के निलंबन के साथ ही नवीन सेवा पंजिकाएं जारी करने के निर्देश दे दिए गए। जिससे की शिक्षकों के शांत होते ही मामले को मनमाने तरीके से आख्या लगवाकर रफा दफा किया जा सके। और कार्यवाही की आंच से बीईओ को सुरक्षित निकाला जा सके। शायद यही वजह है कि संबंधित बीईओ पर कार्यवाही तो दूर की बात है यह तक नहीं पूंछा गया कि संसाधन केंद्र में एबीआरसी कार्यालयी कामकाज किस आधार पर संभाल रहे थे। जबकि विभाग द्वारा उनकी नियुक्ति विद्यालयों में शैक्षिक सपोर्ट हेतु की गई थी।

### बदलते रहे जांच अधिकारी, नही हुई जांच

गायब सेवा पंजिकाओं के मामले में विभागीय कार्यवाही को विभागीय जानकार काफी हद तक प्रयोजित मान रहे हैं। उनका कहना है कि बीएसए द्वारा मामले की जांच के लिए तमाम बार जांच अधिकारी व टीमें नियुक्त की गई किंतु जांच आख्या आजतक प्रकाश में नहीं आई। जांच आख्या लंबित रखते हुए मामला ठंडा होने का इंतजार किया जा रहा है।

### आदेश की समयावधि बीती नहीं कराई गई, एफआईआर

**पाटन।** गत 15 दिसंबर को बीएसए द्वारा जारी पत्र में पूर्व एबीआरसी के निलंबन के साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए थे। इसके लिए एक सप्ताह की समयावधि दी गई थी। किंतु विभागीय निर्देशों के बावजूद अभी तक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में बनारस प्रदेश में दूसरे स्थान परः कमिश्नर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**ईज आफ** डूइंग बिजनेस में वाराणसी प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। उक्त जानकारी कमिश्नर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में दी गई। औद्योगिक क्षेत्र चांदपुर में 10 करोड़ रुपए से सड़कए नालीए पटरी आदि निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। कार्यों को मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने निर्माण कार्यों का थर्ड पार्टी से जांच कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ईट भट्ठा उद्यमियों की मांग पर अब भक्तों का पंजीयन जो 01 वर्ष तक किया जाता थाए उसे अब 5 वर्ष तक के लिए एक बार में ही करने का जिला पंचायत बोर्ड में पारित कर लिया गया है। इंडस्ट्रियल एरिया के विद्युत बिलों की समस्या समाधान हेतु सुनील यादव अधिशासी अभियंता को नोडल बना दिया गया है। प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना में शत.प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार व ओडीओपी में मंडल में 569 इकाइयां स्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष 322 प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं। शेष के लिए आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। कमिश्नर ने अग्रणी बैंक प्रबंधक से कहा कि आगामी 10 दिन में लक्ष्य के सापेक्ष 100 फीसदी की स्वीकृतियां कराई जाए तथा स्वीकृत प्रोजेक्ट में तत्काल धनराशि वितरित की जाए। औद्योगिक एरिया फेज1 के निकट निजी भूमि पर स्थापित उद्योगों को जोड़ने वाली सड़कों के मरम्मत हेतु प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि इस सड़कों पर हैवी ट्रैफिक चलता है। इसलिए उसे ध्यान में रखकर प्रोजेक्ट बनाएं ताकि सड़के चलें। सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र जौनपुर में 100 लाइटे शीघ्र एक सप्ताह में लगा दी जाएंगी। कमिश्नर ने उद्यमियों से अपेक्षा भी की कि कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर का समय है। उनके यहां जो कामगार हैं उन्हें उनकी अवस्था व के अनुरूप गरिमामय व्यवस्था प्रदान करें। ताकि सर्दी में दिक्कत नहीं हो। ईज आफ लिविंग अनिवार्य है। इसके हर पहलू को ध्यान में रखा जाए।

## लंबे समय तक चलने वाली बीमारी है अस्थमाः डा. टंडन

**प्रयागराज।** वर्तमान परिस्थितियों में अस्थमा के मरीजों को बिना किसी परेशानी के अपना जीवन सामान्य तरीके से जीने में मदद करता है। अस्थमा एक लंबे समय तक चलने वाली बीमारी है। जो आमतौर पर वायुमार्ग में सूजन होने और वायुमार्ग संकरा होने के कारण होती है। जो समय के साथ भिन्न हो सकती है। भारत में अस्थमा के 37०9 मिलियन मामले हैं। परंतु देश में इतनी अधिक संख्या में मरीज होने के बावजूद अस्थमा से सबसे कारगर उपचार इनहेलर का उपयोग असामान्य रूप से कम किया जाता है। यह कहना है प्रयागराज के एमडी चेस्ट रोग विशेषज्ञ हरदिया अस्पताल डा आशीष टंडन का। डा टंडन ने कहा इन्हलेशन थेरेपी से जुडी सामान्य धारणा को रोगी के दिमाग में बदलने की जरूरत है। बेरोक ज़िंदगी कैंपेन के तीसरा अध्याय अस्थमा के लिए इनहेलर है। इनहेलर है सही को आज आयुष्मान खुराना ने प्रयागराज में लांच किया।

# गायत्री जप से समस्त पाप कर्मों का शमनः प्रो रामकेश्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सामने घाट** तारापुर कालोनी स्थित वेद माता मंदिर में चल रहे गायत्री महामंत्र जाप यज्ञ के दशवें दिन गुरुवार को कमेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में कार्यरत प्रोफेसर रामकेस्वर तिवारी के अलावा ओमकार नाथ व निलांबुज का अभिनंदन किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पंण् शिव पूजन चतुर्वेदी ने लोगों का उत्साह वर्धन किया। सामाजिक कार्यकर्ता योगेश त्रिपाठी ने विद्वान व पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर रामकेष्वर तिवारी ने गायत्री रहस्योपनिषद के अलावा स्मृति एवं शंख स्मृति का प्रमाण देते हुए बताया की गायत्री मंत्र से सभी पाप भष्म हो जाते है। गायत्री मंत्र का उच्चारण अपने आप में कई यज्ञ के फल के बराबर है। इस मंत्र के जाप से जहां सारे पाप नष्ट हो जाते हैं वही घर में सुख समृद्धि आपसी भाईचारा और खुशहाली बनी रहती है। ऐसे पाप नाशक मंत्र का सभी लोगों को जाप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र की साधना करने वाले दैहिक भौतिक व शारीरिक बाधाओं से दूर रहते है। इस अवसर पर पंण् शिवपूजन शास्त्री ने कहा कि गायत्री महामंत्र यज्ञ कराने का मूल उद्देश्य भारत को सर्वशक्तिशाली बनाने के साथ ही पूरे विश्व में शांति की स्थापना की कामना है। ओमकार नाथ सहित काफी संख्या में भूदेव उपस्थित थे।

# क्रिसमस पर्व आज, बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**क्रिसमस** पर्व तैयारियां को गुरुवार को अंतिम रूप दिया गया। इसे लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिख रहा है। लेकिन कोरोना संक्रमण को लेकर इस बार क्रिसमस मेला आदि का आयोजन नही हो रहा है। फिर भी युवाओं और बच्चों में उत्साह है। रिलायंस ज्वेल्स ने क्रिसमस पर बच्चों युवाओं और महिलाओं के लिए ख़ास ज्वैलरी कलेक्शन दिया है। परिकथाओं और कल्पनाओं की दुनिया से प्रेरित रूपरेखा के साथ नितारा बच्चों के आभूषण की प्यारी रेंज है। जिसे बेहतरीन बारीकी के साथ गढ़ा गया है। आकर्षक कलेक्शन बच्चों को निश्चित ही सम्मोहित करेगा। इस बार के त्योहारी मौसम में बच्चों के लिए सुन्दर अलंकार है। नितारा कलेक्शन में यूनिकॉर्न सितारा फूल तितली और डॉलफिन और अन्य दूसरे अनेक सुन्दर डिजाइन हैं। सीईओ सुनील नायक ने कहा कि नितारा और बेला पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

### क्रिसमस और नूतन वर्ष की दी गयी बधाई

चौतरफा लोग एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दे रहे हैं। कुर्बान हुआ में नील का रोल निभा रहे राजवीर सिंह ने कहा कि क्रिसमस पर जश्न की दरकार होती है। इस फेस्टिव सीजन सभी मजे करें। क्रिसमस से जुड़े इस त्यौहार को लाल रंग केक और सैंटा क्लॉज से जोड़कर देखते हैं। बचपन में चाहते थे कि सैंटा क्लॉज हमारे घर आए और हमारे सपने सच कर दे। ज़ी टीवी के कुमकुम भाग्य में प्राची का रोल निभा रहीं मुग्धा चापेकर कहा कि क्रिसमस का मतलब है ढेर सारी कुकीज़ और प्लम केक खाना। क्रिसमस पर धार्मिक गीत और कैरल्स गाते हुए बड़ी हुई है। ज़ी टीवी के कुमकुम भाग्य में रिया का रोल निभा रहीं पूजा बैनर्जी कहती हैं कि क्रिसमस और न्यू ईयर से जुड़ी मेरी बहुत सी खूबसूरत यादें हैं। क्रिसमस और न्यू ईयर ईव पर चर्च जाती हूं। कुंडली भाग्य में पृथ्वी का रोल निभा रहे संजय गगनानी कहते हैं कि क्रिसमस हमेशा स्पेशल रहा है। जिसमें हम सभी मिलकर कैरोल गाते हैं। घर में यही परंपरा चली आ रही है और इस दिन हम सुबह चर्च सर्विस के लिए भी जाते थे। ब्रह्मराक्षस दो में कालिंदी का रोल निभा रहीं निक्की शर्मा ने कहा क्रिसमस सेलिब्रेशन में ज्यादातर बेस्ट क्रिसमस मूवीज़ देखना शामिल होता है। क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में कुलदीप का रोल निभा रहे सिद्धांत वीर सूर्यवंशी कहते हैं क्रिसमस का माहौल और खुशियां बहुत पसंद हैं। परिवार में हमेशा से क्रिसमस ट्री को सजाने की परंपरा रही है। वहीं महर्षि पतंजलि स्कूल में क्रिसमस एवं नूतन वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा एक से बारह तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप एवं गतिविधियाँ की गयीं। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के द्वारा क्रिसमस के अवसर पर पेपर प्लेट संता क्लॉज़ क्लासिकल स्टिक हैण्ड प्रिंट सैंटा रेनडियर क्राफ्ट हैण्ड प्रिंट व्रेथ क्रिसमस ट्री क्रिसमस पैडल पॉप स्टिक कठपुतली बनाना सैंटा ग्लोब थ्री डी पेपर क्रिसमस ट्री आदि बनाया गया। कक्षा छह से बढ़ तक के विद्यार्थियों द्वारा क्रिसमस के अवसर पर ग्लिटर जार गिफ्ट रैपिंग डेकोरेटिव लैंप सजावट की वस्तुएं गिफ्टिंग ऑफ़ एक्स्पेरियंस कार्ड सीक्रेट सैंटा बेकिंग केक कुकीस आदि बनाये गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से दिए गए सन्देश में सभी विद्यार्थियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इसे लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

## दो बाइकों की भिड़ंत में सवार घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर एक नर्सरी से पेड़ खरीद कर जा रहे बाइक सवार युवकों को लखनऊ की तरफसे आ रहे दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन फानन एंबुलेंस से सीएससी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने दोनों बाइक सवारों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हिम्मतगढ़ गांव निवासी मुकेश मिश्रा पुत्र राजकिशोर मिश्र उम्र 25 वर्ष व उसका साथी सतीश मिश्रा पुत्र प्रेम शंकर मिश्रा मोटरसाइकिल से लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर कुशहरी गांव के सामने स्थित एक नर्सरी में पेड़ खरीद खरीदने गए थे। जहां से पेड़ खरीद कर जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक हाईवे पर आए तभी लखनऊ की तरफसे तेज रफ्तार में आ रहे और अपाचे सवार युवक ने दोनों युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दूसरा अन्य साथी बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन एंबुलेंस से घायलों को सीएससी नवाबगंज में भर्ती कराया जहां मुकेश का पैर टूटने के साथ-साथ अन्य चोटों को देखते हुए चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जबकि अपाचे सवार दूसरा युवक को भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया पल्सर सवार दूसरे युवक ने अपना नाम अनुज मौर्या पुत्र हरिशंकर मौर्य उम्र 25 वर्ष कुटी हरचंदपुर जिला रायबरेली होना बताया।

# धान क्रय केन्द्र के निरीक्षण को पहुंचे डीएम किसानों से जानी केन्द्र की वास्तविकता



**नवाबगंज उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार अचानक स्थानीय धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंच गये। जिलाधिकारी को देखकर कर्मचारियों में हडकम्प मच गया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र प्रभारी प्रिया यादव अनुपस्थित मिली। उपस्थित मिले सहायक क्रय केंद्र प्रभारी रामनरेश से क्रय केंद्र प्रभारी के संबंध में जानकारी करने पर बताया गया उनके पास क्रय केंद्र नवीन मंडी उन्नाव का भी चार्ज है। उन्हें यह भी बताया गया 18486.78 कुंटल खरीद अभी तक हुयी है। बोरो की उपलब्धता के संबंध में जानकारी करने पर 1300 बोरे उपलब्ध होना बताया गया। मौके पर उपस्थित एक किसान द्वारा अवगत कराया गया कि जिन बोरों में धान बेचने हेतु ला रहे हैं उनका बोरा वापस नहीं किया जा रहा है। जिस पर उपस्थित सहायक क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि धान की तौल के बाद संबंधित किसान का बोरा वापस किया जाय। जिलाधिकारी ने खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा समस्त क्रय केंद्र प्रभारी किसानों का धान लेने के बाद बोरा तुरंत वापस करें तथा जिन केंद्रों पर बोरे उपलब्ध नहीं है उन पर तत्काल आवश्यकतानुसार बोरे उपलब्ध कराये जाय। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी व जिला विपणन अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ से फोन पर धान खरीद की प्रगति जानी और कहाकि जिन किसानों ने सौ कुन्तल से अधिक धान केन्द्र पर बेचा है उन किसानो की उपज का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी जिला मुख्यालय को भेजी जाय।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 25 दिसंबर, 2020



# कुछ वर्षों में पीएफआई के बैंक खातों में 100 करोड़ रुपए से अधिक आए : ईडी

**कोच्चि (केरल)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ धन शोधन जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को यहां की एक अदालत को बताया कि उसकी जांच में अब तक इस बात का खुलासा हुआ है कि इस संगठन के बैंक खातों में पिछले कुछ वर्षों में 100 करोड़ रुपए से अधिक आए हैं। ईडी ने पीएफआई की छात्र शाखा के नेता के. ए. राउफ शरीफ की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए धन शोधन रोकथाम मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के समक्ष यह दलील दी।

शरीफ को धन शोधन की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। ईडी की याचिका पर विचार करते हुए अदालत ने शरीफ की हिरासत की अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ा दी। उसकी सात दिन की ईडी की हिरासत बृहस्पतिवार को समाप्त हो गई थी, जिस कारण उसे अदालत में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत को सौंपे अपने हलफनामे में कहा कि इन रुपए के स्रोत एवं भुगतान की जांच की जा रही है।

पीएफआई के खिलाफ की गई जांच में अब तक इस बात का खुलासा हुआ है कि पिछले कुछ वर्षों में इसके बैंक खातों में 100 करोड़ रुपए से अधिक आए हैं और इस रकम का बड़ा हिस्सा नकद जमा किया गया था। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि 2013 से पीएफआई कई अपराधों में संलिप्त रहा है तथा धन अंतरण एवं नकद राशि का जमा किया जाना भी 2014 के बाद से बढ़ा है। जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि सीएए विरोधी प्रदर्शनों में भी पीएफआई संलिप्त रहा तथा दिसंबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच इस उद्देश्य के लिए धन का इस्तेमाल किया गया था।

ईडी ने फरवरी में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में भी पीएफआई की भूमिका रहने का जिक्र किया है। जांच एजेंसी ने अपने हलफनामे में कहा, बेंगलुरु शहर में हाल में हुई हिंसा से भी पीएफआई का संबंध होने के बारे में संकेत मिले हैं। इस घटना में पीएफआई की राजनीतिक शाखा एसडीपीआई की संलिप्तता पाई गई थी। अतीत के विभिन्न मामलों में भी इसकी संलिप्तता रही है, जिनमें लोक-व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की गई थी। साथ ही, इसके सदस्यों ने गंभीर अपराध किए थे। ईडी ने आरेप लगाया है कि पीएफआई को विदेशों से भारी मात्रा में धन प्राप्त हुआ। शरीफ ने आज अदालत में पेश किए जाने पर जब न्यायाधीश से कहा कि उसे जांच एजेंसी ने मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है, तब न्यायाधीश ने ईडी को चेतावनी दी और दोबारा ऐसा नहीं करने का निर्देश दिया।

## त्रिपुरा में उग्रवादियों ने अगवा किए गए तीन मजदूरों को रिहा किया

**अगरतला।** त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक गांव से प्रतिबंधित नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा के उग्रवादियों द्वारा अगवा किए गए तीन निर्माण मजदूरों को रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड गंगानगर थाना क्षेत्र के दलाई जिले के मालदापाड़ा गांव में सीमा पर तारबंदी का काम करवा रही है। इसी दौरान सात दिसंबर को इन मजदूरों को अगवा कर लिया गया था। जिस स्थान से मजदूरों को अगवा किया गया वह अगरतला से करीब 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। त्रिपुरा पुलिस के सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुब्रत चक्रवर्ती ने बताया कि बुधवार की शाम मजदूरों को रिहा कर दिया गया। स्वचालित हथियारों से लैस छह उग्रवादियों के एक समूह ने चटगांव हिल ट्रैक्ट्स के निर्माण स्थल पर धावा बोला और तीनों मजदूरों को बांग्लदेश लेकर चले गए थे।



अजमेर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट लोगों से मुलाकात करते हुए।

# राजनीति से प्रेरित है ईडब्ल्यूएस मराठा कोटा का विरोधः चव्हाण

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के पीडब्ल्यूडी मंत्री अशोक चव्हाण ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठा उम्मीदवारों को ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ देने के राज्य सरकार के फैसले का विरोध केवल राजनीति है। राज्य कैबिनेट ने बुधवार को मराठा उम्मीदवारों को शैक्षिक संस्थानों में नामांकन एवं राज्य सरकार की नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की श्रेणी में आवेदन करने की अनुमति दे दी थी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत का आरक्षण उन लोगों के लिए है जिन्हें किसी प्रकार का आरक्षण नहीं मिलता है।

चव्हाण ने कहा, इस संबंध (आरक्षण) में लिए जा रहे किसी भी निर्णय का विरोध हो रहा है। यह केवल राजनीति है, केवल विरोध करने के लिए। संवाददाताओं से यहां बातचीत करते हुए चव्हाण ने कहा कि सरकार ने इससे पहले मराठाओं को ईडब्ल्यूएस कोटा की सुविधा देने की योजना बनाई थी, जिन्हें सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग में माना गया। उन्होंने कहा, लेकिन विनायक मेटे एवं शम्भाजी छत्रपति (भाजपा सांसद) जैसे (मराठा) समुदाय के नेताओं ने इस कदम का विरोध किया।

उन्होंने कहा, लेकिन कुछ समूहों ने सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के लिए ईडब्ल्यूएस कोटा को लेकर बम्बई उच्च न्यायालय का रूख किया और अदालत ने यह फैसला दिया कि इसके बारे में सरकार को निर्णय करना चाहिए था। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले में आठ जनवरी को उच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल करना पड़ा था।

## गुजरातः सरकारी कोष के गबन के आरोप में 22 कंप्यूटर संचालकों के खिलाफ केस दर्ज

**भावनगर (गुजरात)।** गुजरात सरकार द्वारा राहत पैकेज के तौर पर किसानों के लिए जारी 7.61 लाख रुपए के गबन के आरोप में 22 कंप्यूटर संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह रकम भावनगर जिले में फसल का नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए जारी की गई थी। पुलिस निरीक्षक एम जे कुरैशी ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी से मिली शिकायत के आधार पर बुधवार को भावनगर शहर के नीलमबाग थाने में धारा 420 (जालसाजी) और 409 (लोकसेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया गया। जिले के छह तालुका के 22 ग्राम्य कंप्यूटर उद्यमी (वीसीई) ने जाली दस्तावेजों और किसानों के फर्जी हस्ताक्षर के जरिए 7.61 लाख रुपए का गबन किया। ग्राम पंचायतों ने कमीशन के आधार पर वीसीई की सेवाएं ली थीं। राज्य सरकार ने इस साल भारी बारिश के कारण फसल का नुकसान झेल चुके किसानों के लिए राहत पैकेज के तौर पर कोष को जारी किया था। कथित अपराध अक्टूबर में हुआ था और राज्य सरकार आरोपियों से रकम पहले ही वसूल कर चुकी है और रकम को बैंक खाते में जमा करा दिया गया है। ग्राम पंचायतें किसानों के ऑनलाइन आवेदन भरवाने के लिए वीसीई की सेवा लेती है और आवेदन भरने के लिए इन ऑपरेटरों को कमीशन का भुगतान किया जाता है।

# सिद्धरमैया ने एदियुरप्पा से तत्काल त्यागपत्र देने की मांग की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की क्योंकि उच्च न्यायलय ने मुख्यमंत्री के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के पुराने मामले को निरस्त करने से इनकार कर दिया है। एदियुरप्पा ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा आलाकमान से दखल देने और एदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से त्याग पत्र देने के लिए कहने का आग्रह करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा आलाकमान मुख्यमंत्री बदलने की योजना बना रहा था और अब उसके पास ऐसा करने के लिए पुख्ता वजह है। सिद्धरमैया ने कहा, मैं श्री एदियुरप्पा से इस्तीफे की मांग करता हूं, क्योंकि उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। लिहाजा उनको एक क्षण के लिए भी मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है।

बेंगलुरू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेतृत्व को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और एदियुरप्पा से इस्तीफे के लिए कहना चाहिए। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एदियुरप्पा की याचिका को खारिज कर दिया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की फरियाद की थी। यह प्राथमिकी 2006-07 में भूमि को अवैध तरीके से गैर अधिसूचित करने के मामले में दर्ज की गई है। उस वक्त एदियुरप्पा एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली जद(एस)-भाजपा की सरकार में उपमुख्यमंत्री थे।

सिद्धरमैया ने दावा किया कि न्यायाधीश ने अपने आदेश में विस्तार से बताया है कि जांच को क्यों जारी रखना चाहिए और प्राथमिकी को क्यों रद्द नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कहा, वह मुख्यमंत्री हैं और उनके पास शक्तियां हैं। लिहाज़ा जांच को प्रभावित करने के अंदेशे हैं। निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है, इसलिए एदियुरप्पा को सत्ता में नहीं रहना चाहिए और तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा, वह बरी होकर वापस सत्ता में आ सकते हैं, हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। सिद्धरमैया ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री कानून का सम्मान करते हैं और लोकतंत्र में उनका विश्वास है तो उन्हें तत्काल पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। अगर वह अड़े रहते हैं और इस्तीफा नहीं देते हैं, तो भाजपा और प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### केरल के राज्यपाल से विस का सत्र बुलाने की मंजूरी मांगी

**तिरुवंनतपुरम।** केरल मंत्रिमंडल ने केंद्र के नए कृषि कानूनों पर चर्चा करने और इनके खिलाफ प्रस्ताव पारित करने के लिए राज्यपाल से 31 दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मंजूरी देने की सिफारिश करने का बृहस्पतिवार को फैसला किया। नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर हजारों किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंत्रिमंडल के फैसले के बारे में मीडिया को जानकारी दी और कहा कि उनकी सरकार को उम्मीद है कि राज्यपाल विधानसभा के विशेष सत्र के लिए मंजूरी प्रदान कर देंगे। राज्य सरकार ने नए कृषि कानूनों पर चर्चा करने और आंदोलनकारी किसानों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए इससे पहले भी 23 दिसंबर को विशेष सत्र आहूत करने की सिफारिश की थी, राज्यपाल आरिफ मो. खान ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने राज्यपाल के इस कदम की निन्दा की थी।हालांकि प्रदेश भाजपा ने राज्यपाल के कदम का स्वागत किया था। विजयन ने संवाददाताओं से कहा मुझे उम्मीद है कि राज्यपाल विशेष सत्र आहूत करने की स्वीकृति प्रदान कर देंगे। हमारे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली के अनुसार, राज्यपाल बहुमत की सरकार के निर्णय को आम तौर पर मंजूरी प्रदान कर देते है।

### सिलीगुड़ी में पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता की हत्या की : पटेल

**जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ता उलेन राय को श्रद्धांजलि दी और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में एक रैली के दौरान उसकी हत्या कर दी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री मेंगारा गांव में राय के घर गए और उनके परिवार के लोगो से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उसके परिवार के लोगों ने हत्या की जांच की मांग की है। पटेल ने बुधवार को धूपगुड़ी का दौरा किया और एक मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा के अन्य नेताओं के साथ कॉलेज पाड़ा इलाके का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगो को केंद्र द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और इस सिलसिले में उन्हें पुस्तिकाएं दी। पटेल ने आरोप लगाए कि राज्य सरकार केंद्रीय कोष का इस्तेमाल कर विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रही है और इसका पूरा श्रेय ले रही है। राज्य मे पर्यटन क्षेत्र का जिक्र करते हुए पटेल ने कहा कि दार्जिलिंग और सुंदरबन के अलावा बंगाल में अन्य स्थान है जिन्हें विकसित किया जा सकता है। धूपगुड़ी को सब डिविजन बनाने की मांग करते हुए पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।

### कर्नाटक ने रात में कर्फ्यू लगाने के आदेश को वापस लिया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने रात में कर्फ्यू लगाने के आदेश को बृहस्पतिवार को वापस ले लिया। ब्रिटेन मे कोरोना वायरस के नए स्वरूप के मामलो के बाद ऐहतियाती कदम उठाते हुए कर्नाटक सरकार ने बृहस्पतिवार से नौ दिनों तक रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक कर्फ्यू लगाने का फैसला किया था। मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने एक बयान में कहा, रात्रिकालीन कर्फ्यू को लेकर लोगों की राय के मद्देनजर फैसले की समीक्षा की गई। मंत्रिमंडल के सहयोगियो और वरिष्ठ अधिकारियो से चर्चा करने के बाद रात्रिकालीन कर्फ्यू के आदेश को वापस लेने का फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लोगो से मास्क पहनने, हाथ धोने और उचित दूरी बनाए रखने जैसे नियमो का पालन करने के साथ अत्यंत सतर्कता बरतने की अपील की है।

### ईडी ने 1.85 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के सोना तस्करी मामले में धनशोधन की अपनी जांच के तहत 1.85 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की है। सीमा शुल्क विभाग ने पांच जुलाई को केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजनयिक सामान से 30 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया था, जिसके बाद सोना तस्करी का यह मामला सामने आया था। जब्त सोने की कीमत 14.82 करोड़ रुपए आंकी गई है और ईडी ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के वाणिज्य दूतावास भेजे जा रहे राजनयिक सामान से यह सोना बरामद किया गया था। ईडी ने कहा है कि केरल के सोना तस्करी मामले में धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत नकदी, सावधि जमा (एफडी) समेत 1.85 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है।

### लद्दाख में कोविड-19 के 13 नए मामले

**लेह।** लद्दाख में कोविड-19 के 13 नए मामले सामने आने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 9,309 हो गए। वही पिछले 24 घंटे मे 46 लोगो के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही उपचाराधीन लोगों की संख्या घटकर 237 हो गई। यहां वायरस से अभी तक 125 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से 82 लोग लेह और 43 अन्य करगिल के थे। केन्द्र शासित प्रदेश मे अभी तक कुल 8,947 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जो कुल मामलों का 96 प्रतिशत है।




नई दिल्ली में सेक्रेड हार्ट कैथड्रल चर्च में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर गेट पर मोमबत्ती जलाकर खुशी का इजहार करती एक युवती

# मराठा कोटे पर न्यायालय में मुकदमा जीतने के प्रति आश्वस्त नहीं है महाराष्ट्र सरकारः भाजपा सांसद

भाषा। मुंबई

**भाजपा सांसद** संभाजी छत्रपति ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि महाराष्ट्र सरकार सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े (एसईबीसी) वर्ग में मराठा कोटा देने के मुद्दे पर कानूनी लड़ाई जीतने के प्रति आश्वस्त नहीं है। इससे एक दिन पहले सरकार ने मराठों को आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के कोटे के तहत शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और नौकरी देने का निर्णय लिया था।

सरकार ने बुधवार को कहा था कि जिनके पास ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र है वह एसईबीसी वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ नहीं ले सकेंगे। साल की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय ने एसईबीसी वर्ग में मराठों को आरक्षण देने पर रोक लगा दी थी जिसे महाराष्ट्र सरकार ने चुनौती दी थी। न्यायालय की संवैधानिक पीठ के समक्ष मामले की अगली सुनवाई 25 जनवरी को होनी है।

भारतीय जनता पार्टी से राज्य सभा सदस्य छत्रपति ने कहा, ऐसा लगता है कि राज्य सरकार इस बारे में आश्वस्त नहीं है कि वह उच्चतम न्यायालय में एसईबीसी आरक्षण कोटे के लिए कानूनी लड़ाई जीत पाएगी। अगर न्यायालय ने राज्य के एसईबीसी कोटे को समाप्त कर दिया तो यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी हो जाएगी। उन्होंने कहा, ईडब्ल्यूएस कोटा सामान्य वर्ग के उन सभी लोगों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। यह कोटा केवल मराठा समुदाय के लिए नहीं है, लेकिन एसईबीसी आरक्षण मराठा समुदाय के लिए है।

# एमवीए एक साथ आए तो, चुनाव में भाजपा को मात दे सकती है : कांग्रेस

**मुम्बई।** महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी सरकार में शामिल कांग्रेस पार्टी ने अगले साल राज्य में होने वाले नगर निगम और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है और उसका कहना है कि एमवीए के एकसाथ चुनाव लड़ने पर भाजपा को मात देना मुश्किल नहीं होगा। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (नेकां)भी शामिल हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इन चुनाव के लिए पार्टी के राज्य प्रमुख बालासाहेब थोरात ने 13 सदर्स्ईस एक चुनाव प्रबंधक समिति और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। नवी मुम्बई, औरंगाबाद, वसई-विरार, कल्याण-डोम्बिवली और कोल्हापुर नगर निगम में 2021 में चुनाव होने हैं। इनके अलावा दो जिला परिषद, 13 नगर परिषद और 83 नगर पंचायत में अगले साल चुनाव होने हैं।

कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि विधान परिषद चुनाव के नागपुर स्नातक और पुणे शिक्षक के हालिया चुनावों में पार्टी की जीत ने पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है। उसने कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) भले ही तीन पार्टियों की सरकार है लेकिन कांग्रेस ने लोगों के कल्याण के लिए काम करने की तैयारी शुरू कर दी है। उसने कहा, अगर तीनों पार्टियों एक साथ आती हैं, तो भाजपा को मात देना मुश्किल नहीं होगा। कांग्रेस सूत्र ने कहा कि पार्टी अगले साल स्थानीय निकाय चुनाव के लिए शिवसेना और राकांपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार है। सूत्र ने कहा, अंतिम निर्णय स्थानीय नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया जाएगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह सप्ताहांत में करेंगे असम, मणिपुर का दौरा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 26 दिसंबर से असम और मणिपुर का दो दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान वह गुवाहाटी में एक मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखेंगे और असम दर्शन कार्यक्रम के तहत 8,000 नामघरों या वैष्णवों के मठों को वित्तीय अनुदान वितरित करेंगे। मणिपुर में, केंद्रीय मंत्री चूराचंद्रपुर मेडिकल कॉलेज, म्योंगखोंग में एक आईआईटी, इंफाल में सरकारी अतिथि गृह, राज्य के पुलिस मुख्यालय और एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र की आधारशिला रखेंगे। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नामघरों को वित्तीय अनुदान का वितरण करने के अलावा शाह बाताद्रव्य थान को सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए आधारशिला रखेंगे। नगांव में वैष्णव संप्रदाय के मठ बाताद्रव्य थान की स्थापना 15 वीं-16वीं सदी के असमिया संत-विद्वान, कवि और समाज सुधारक श्रीमंत शंकरदेव ने की थी।

# देश के 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए शीर्ष न्यायालय में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** देश के 22वें विधि आयोग को सांविधिक संस्था घोषित करने और एक महीने के भीतर इसके अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को एक जनहित याचिका दायर की गई। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने यह जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय, कानून एवं न्याय मंत्रालय और विधि आयोग को पक्षकार बनाया गया है।

21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2018 को समाप्त हो गया था। लेकिन केन्द्र सरकार ने न तो उसका कार्यकाल बढ़ाया और न ही अभी तक 22वें विधि आयोग का गठन किया है। केन्द्र ने 19 फरवरी, 2020 को 22वें विधि आयोग के गठन के फैसले की घोषणा की थी लेकिन इसके लिए अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां अभी तक नही हुई हैं। याचिका में केन्द्र सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह यथाशीघ्र 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति करे। साथ ही, यह भी अनुरोध किया गया है कि न्यायालय को वैकल्पिक उपाय के रूप में अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आवश्यक पहल करनी चाहिए।

उपाध्याय ने विधि आयोग को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया है कि नेताओं और अपराधियों की सांठगांठ के बारे में वोहरा समिति की रिपोर्ट पर विचार करने का निर्देश दिया जाए। याचिका में काला धन, बेनामी संपत्ति और आय के ज्ञात स्रोत से अधिक अर्जित की गई संपत्ति पूरी तरह से जब्त करने तथा ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने पर जीवन भर के लिए प्रतिबंध लगाने के बारे में भी विधि आयोग को विचार कर अपनी रिपोर्ट पेश करने के वास्ते निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।



जम्मू में राज्य की पहली महिला बस ड्राइवर पूजा देवी प्रसन्न मुद्रा में फोटो खिंचवाती हुईं।


# भारत में कोविड-19 संक्रमण के 24,712 नए मामले सामने आए

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण के 24,712 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 1,01,23,778 हो गई है और इनमें से स्वस्थ हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 96.93 लाख हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण के कारण 312 लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,46,756 हो गई है। देश में संक्रमणमुक्त हुए लोगों की संख्या बढ़कर 96,93,173 हो गई है, यानी संक्रमित होने के बाद लोगों के स्वस्थ होने की दर 95.75

## ● कोरोना से 312 और लोगों की मौत



प्रतिशत है, जबकि मृत्युदर 1.45 प्रतिशत है। कोविड-19 से संक्रमित उपचाराधीन लोगों की संख्या लगातार तीसरे दिन तीन लाख से नीचे रही।

आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस से संक्रमित 2,83,849 लोगों का उपचार चल रहा है, जो कुल मामलों का 2.80 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ से अधिक हो गई थी। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, 23 दिसंबर तक कुल 16,53,08,366 नमूनों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 10,39,645 नमूनों की जांच बुधवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 312 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र में 93, पश्चिम बंगाल में 34, केरल में 22 और उत्तर प्रदेश में 21 लोगों की मौत हुई। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक 1,46,756 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 48,969, कर्नाटक में 12,038, तमिलनाडु में 12,024, दिल्ली में 10,347, पश्चिम बंगाल में 9,473, उत्तर प्रदेश में 8,245, आंध्र प्रदेश में 7,085 और पंजाब में 5,243 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।



सिलीगुड़ी में गुरुवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक चर्च में सेल्फी लेती महिलाएं।

## केंद्र सरकार को नए कृषि कानूनों को वापस लेना चाहिएः पायलट

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को कहा कि केन्द्र सरकार को नए कृषि कानूनों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इन कानूनों में 15-18 संशोधन करने को तैयार हैं तो उसे स्वीकार करना चाहिए कि ए कानून ही गलत है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार को जिद छोड़कर इन कानूनों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने पाली में संवाददाताओं से कहा, इन कानूनों को लेकर किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। केन्द्र सरकार को तुरंत प्रभाव से तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना चाहिए। सरकार को अपनी जिद छोड़कर जबरदस्ती पारित किए गए इन कानूनों से पीछे हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान जो देश की रीढ़ हैं, वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और किसान चाहता है कि केन्द्र सरकार सारी बातें छोड़कर वार्ता करें और तुरंत प्रभाव से तीनों



कृषि कानून वापस लें। किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का प्रावधान जोड़ा जाए क्योंकि सबसे ज्यादा मेहनतकश कोई वर्ग इस देश में है तो वह किसान वर्ग है। उसकी अनदेखी हो रही है और जानबूझकर उसके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है।

प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों के सवाल पर पायलट ने कहा, दिसम्बर में कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन होगा और जनवरी में राजनीतिक नियुक्तियों का काम होगा और हम सब का एक ही उद्देश्य है कि संगठन और कांग्रेस की सरकार लोगों के वादों पर खरा उतरे और उस दिशा में हम सब मिलकर काम कर रहे हैं।

## नए वर्ष का जश्न मनाने से रोकने की ताकत किसी में नहीं हैः नारायणसामी

भाषा। पुडुचेरी

**पुडुचेरी** के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी ने बृहस्पतिवार को सरकार के उस निर्णय को दोहराया जिसके तहत कोविड-19 सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए नया साल मनाने की अनुमति दी गई थी। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामला विभाग की ओर से आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा, नए वर्ष का जश्न मनाने से रोकने की ताकत किसी में नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों की परंपराओं पर प्रतिबंध लगाए बिना सरकार को अपना काम करना चाहिए।

जिला कलक्टर पूर्वा गर्ग द्वारा नए साल का जश्न मनाने पर पाबंदी लगाने की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जश्न मनाने से रोकने के लिए महामारी की स्थिति का हवाला दिया जा सकता है तो सवाल उठता है कि क्या औद्योगिक, आर्थिक, कृषि या अन्य



गतिविधियां बंद हैं। उन्होंने पूछा कि क्या इस स्थिति में कर्मचारी कार्यालय नहीं आ रहे हैं। नारायणसामी ने कहा कि धार्मिक परंपराओं पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती हालांकि लोगों को सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। कभी फ्रेंच उपनिवेश रहे पुडुचेरी में पारंपरिक रूप से नए साल का जश्न मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी संस्कृति में फ्रेंच संस्कृति घुली मिली है। उन्होंने कहा कि जो लोग लाल झंडे दिखा रहे हैं उन्हें अपना दृष्टिकोण बदलना चाहिए और लोगों को परेशान करने से बाज आना चाहिए। उप राज्यपाल किरण बेदी ने कांग्रेस सरकार द्वारा नए साल का जश्न मनाने की अनुमति देने पर आपत्ति जाहिर की थी। उन्होंने महामारी का हवाला देते हुए नारायणसामी से आग्रह किया था कि जश्न पर प्रतिबंध लगाया जाए। बेदी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा था कि तमिलनाडु में सार्वजनिक स्थानों पर नए साल का जश्न मनाने पर प्रतिबंध है इसलिए लोग जश्न मनाने पुडुचेरी आएंगे और संघ शासित प्रदेश में कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए किए गए सारे काम पर पानी फिर जाएगा।

इसके जवाब में नारायणसामी ने कहा था कि पुडुचेरी एक पर्यटन स्थल है जहां कई लोगों की रोजी रोटी इस पर निर्भर है और इस प्रकार के जश्न पर प्रतिबंध लगाने से सेवा क्षेत्र और अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने बेदी पर सरकार के रोजमर्रा के कामकाज में दखलअंदाजी करने का आरोप लगाया।

## माता-पिता को दिल्ली स्टेशन पर छोड़ अकेले मथुरा पहुंचा डेढ़ साल का बच्चा

भाषा। मथुरा

**घर** से बेंगलुरु जाने के लिए निकले परिवार के साथ रविवार को हुई घटना खट्टी-मीठी यादों वाली बन गई, जब उनका डेढ़ साल का बच्चा माता-पिता को छोड़कर अकेले ट्रेन से मथुरा पहुंच गया लेकिन रेलवे की मदद से कुछ ही घंटों में पूरा परिवार फिर साथ था।

रेलवे चाइल्ड लाइन के कोऑर्डिनेटर सईद ने बताया कि रविवार की शाम रेलवे नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस (12628) में सवार होने के लिए स्टेशन पहुंचे एक परिवार के साथ यह हादसा हुआ है और मापा-पिता स्टेशन पर रह गए हैं जबकि डेढ़ साल का बच्चा ट्रेन में सवार हो गया है। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर टीम मथुरा स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम ने बच्चे को उतारा और उसके परिवार को सूचित किया। उन्होंने बताया, उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के जटपुराखेड़ा निवासी मुस्तकीम और उसकी पत्नी अपने बच्चे अदनान के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रविवार की शाम साढ़े सात बजे कर्नाटक एक्सप्रेस में सवार होने वाले थे। स्टेशन पर ही उनकी दोस्ती बिजनौर निवासी हबीबा नामक महिला से हुई, जो अपने पति के साथ उसी ट्रेन पर सवार होने वाली थी।

उन्होंने बताया कि स्टेशन पर बातचीत के दौरान हबीबा ने अदनान को अपनी गोद में ले लिया और उसे लेकर ट्रेन की कोच संख्या एस-12 में सवार हो गई। लेकिन जब तक मुस्तकीम और उसकी पत्नी ट्रेन में सवार हो पाते, ट्रेन चल दी और दोनों स्टेशन पर ही रह गए। सईद ने बताया कि मुस्तकीम ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे को दी। रेलवे चाइल्ड लाइन ने राजकीय रेलवे पुलिस की मदद से बच्चे को बरामद कर लिया। उन्होंने बताया, देर रात डेढ़ बजे मुस्तकीम और उसकी पत्नी इंटरसिटी एक्सप्रेस से मथुरा पहुंचे। सामान्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चा उन्हें सौंप दिया गया।

## बैंक से 121 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने नवसारी और सूरत में ली तलाशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2017-19 के दौरान कथित रूप से 121 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी के मामले में सूर्या एक्जिम लिमिटेड और उसके निदेशकों पर मामला दर्ज करने के बाद बृहस्पतिवार को गुजरात के नवसारी और सूरत में पांच स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने कैनरा बैंक की शिकायत के आधार पर कंपनी और उसके निदेशकों पर मामला दर्ज किया। सीबीआई के प्रवक्ता आर के गौर ने कहा, आरोप है कि 2017-19 के दौरान आरोपियों ने कैनरा बैंक समेत बैंकों के समूह को धोखा देने की साजिश रची। फजीवाड़े और पैसे की हेराफेरी से 121.05 करोड़ रुपए का चूना लगाया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी को बैंकों के समूह से ऋण की सुविधा मिल रही थी लेकिन समूह के सदस्य बैंकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना निजी बैंकों में खाते खोले गए और उनका इस्तेमाल पैसे निकालने में किया गया।

## बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद में यूपीपीएल-भाजपा-जीएसपी गठबंधन ने विश्वास मत हासिल किया

**कोकराझार।** बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) में यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल, भाजपा और गण सुरक्षा पार्टी ने बृहस्पतिवार को संयुक्त रूप से विश्वास मत हासिल किया। गौहाटी उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया संपन्न कराई गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यूपीपीएल, भाजपा और जीएसपी ने 40 सदर्स्यय परिषद में संयुक्त रूप से 22 मत प्राप्त किए। वहीं, विपक्षी दल बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट को 16 मत मिले। अधिकारी ने कहा कि सदन के अध्यक्ष कटीराम बोडो ने मतदान नहीं किया और यूपीपीएल अध्यक्ष प्रमोद बोडो दो सीटों पर विजई हुए। गौहाटी उच्च न्यायालय ने मंगलवार को यूपीपीएल-भाजपा-जीएसपी गठबंधन से चार दिन के भीतर बहुमत साबित करने को कहा था। बीपीएफ अध्यक्ष हाग्रामा मोहिलारी की ओर से रिट याचिका दायर करने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया था।

## सोना तस्करी मामले में 1.85 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने केरल के सोना तस्करी मामले में धनशोधन की अपनी जांच के तहत राज्य के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर समेत आरोपियों की 1.85 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को इस बारे में बताया। ईडी ने एक बयान में कहा, सावधि जमा (एफडी), बैंक लॉकर से नकदी समेत 1.85 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। जब्त की गई संपत्ति में एक करोड़ रुपए की संपत्ति एम शिवशंकर की है। केरल के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव शिवशंकर को एजेंसी ने 28 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर

### ● जब्त की गई संपत्ति में एक करोड़ रुपये की संपत्ति एम शिवशंकर की है

ईडी ने यह मामला दर्ज किया था। एनआईए ने मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश और उनके सहयोगी संदीप नायर को भी गिरफ्तार किया था। इसके अलावा कुछ अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी हुई है। सीमा शुल्क विभाग ने पांच जुलाई को केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजनयिक सामान से 30 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया था, जिसके बाद सोना तस्करी का यह मामला सामने आया था। जब्त सोने की कीमत 14.82 करोड़ रुपए आंकी गई है और ईडी ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के वाणिज्य दूतावास भेजे जा रहे राजनयिक सामान से यह सोना बरामद किया गया था।

## केरल के पत्रकार, तीन अन्य की गिरफ्तारी से जुड़ा मामला अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश को स्थानांतरित

भाषा। मथुरा (उप्र)

**केरल** के पत्रकार सिद्दीक कप्पन तथा तीन अन्य की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की सुनवाई अब अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम करेंगे, क्योंकि यहां की एक अदालत ने व्यवस्था दी कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मामले की सुनवाई करने तथा आरोपियों के रिमांड संबंधी आदेश देने में सक्षम प्राधिकार नहीं हैं।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार मिश्रा द्वारा इस सप्ताह के शुरू में दिए गए आदेश में कहा गया है, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मथुरा तत्काल सभी रिकॉर्ड, रिमांड दस्तावेज, इत्यादि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम को स्थानांतरित करना सुनिश्चित करेंगे। मिश्रा ने कहा कि मामले में आगे की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम की अदालत में

### ● मिश्रा ने कहा कि मामले में आगे की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम की अदालत में जारी रहेगी।

जारी रहेगी। पत्रकार कप्पन और तीन अन्य को मथुरा पुलिस ने पांच अक्टूबर को उस समय गिरफ्तार किया था जब वे हाथरस में कथित सामूहिक बलात्कार पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे थे। इस लड़की की बाद में दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से संबंधों के आरोप में कप्पन, अतीक उर रहमान, आलम और मसूद को भारतीय दंड संहिता तथा गैर कानूनी (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत नामजद किया गया था। मामले में शुरुआती जांच मथुरा पुलिस की अपराध शाखा ने की थी, लेकिन बाद में जांच उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को सौंप दी गई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार इस तरह के मामलों में सत्र न्यायाधीश की अदालत के सिवाय कोई अन्य अदालत सुनवाई नहीं कर सकती।

यह आदेश पुलिस उपाधीक्षक (एसटीएफ), गौतम बुद्ध नगर के उस आवेदन पर पारित किया गया जिसमें मामले को सत्र न्यायाधीश को स्थानांतरित करने का आग्रह किया गया था। बचाव पक्ष के वकील मधुबन दत्त चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने रिमांड पर सुनवाई के दौरान मामले को उठाया था, लेकिन इसे न्यायाधीश ने खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि अतीक उर रहमान तथा अन्य की अवैध हिरासत के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

## पोंजी घोटाले में दो पूर्व प्रबंध निदेशक गिरफ्तार

भाषा। नई दिल्ली

**सीबीआई** ने एक घोटाले से संबंधित दो अलग-अलग मामलों में कंपनियों के दो पूर्व प्रबंध निदेशकों को गिरफ्तार किया है, जिसमें निवेशकों के 756 करोड़ रुपए जांच के दायरे में है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सन प्लांट एग्रो लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अवधेश सिंह को निवेशकों को बड़ी रकम लौटाने का लालच देकर अवैध रूप से 697 करोड़ रुपए और न्यू लैंड एग्रो इंडस्ट्री लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक दीपांकर डे को 139 करोड़ रुपए एकत्रित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई का आरोप है कि दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल में पैसा इकट्ठा कर फरार हो गए और फिर उस धनराशि को गबन कर लिया। एजेंसी ने



उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नौ मई 2014 को सारदा और अन्य पोंजी घोटाला मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली थी। अधिकारियों ने कहा कि सन प्लांट एग्री निवेशकों को पेड़ बेचने के नाम पर लोगों के पैसा इकट्ठा किया और उन्हें भारी रकम लौटाने का लालच दिया।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा था कि सामूहिक निवेश योजना में नियम-कायदों का उल्लंघन किया गया है और बिना किसी पंजीकरण के चल रही है। सेबी ने न्यू लैंड एग्रो द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं में भी अनियमितताएं पाईं थीं और उसे एकत्रित किया हुआ पैसा लौटाने का निर्देश दिया था।

# पेज 1 का शेष

### सरकार ने...

आगे कहा गया है 'देश के सभी किसान संगठनों की बात सुनना सरकार की जिम्मेदारी है और वह इससे भाग नहीं सकती। संयुक्त मोर्चा के तहत सरकार किसान संगठनों से खुले दिमाग से बातचीत कर रही हैं और भविष्य में आपकी सुविधा के अनुसार वार्ता करना चाहती है।' अग्रवाल ने कहा कि यह जरूरी है कि सरकार से वार्ता के लिए सभी दरवाजों को खुला रखा जाए। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसान संगठनों और किसानों की बात सुने तथा इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इससे पहले सरकार ने रविवार को किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार छठे दौर की बातचीत के लिए न्योता दिया था।

### नौ करोड़...

भाजपा की रणनीति के तहत प्रधानमंत्री शुक्रवार को छह राज्यों के किसानों को संबोधित करेंगे। एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि किसान प्रधानमंत्री को 12 बजे से सुनेंगे। उन्होंने अनुमान लगाया कि नौ करोड़ किसान मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुनेंगे। सिंह ने कहा कि सभी केंद्रीय मंत्री, भाजपा के मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद और मेयर पूरे देश में जागरूकता अभियान में भाग लेंगे। सिंह ने दावा किया कि इस मुद्दे पर 19000 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### किसानों से...

वसूलने वालों पर भी सख्ती की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग की बैठक में लिए गए निर्णयों को पूरे प्रदेश में तत्परता से लागू किया जाए। इस सम्बन्ध में सभी जनपदों में समयबद्ध ढंग से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आयोग के निर्णयों के क्रम में सम्पादित किए जाने वाले कार्यों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए चारे पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाई रखी जाए। गोवंश को सर्दी से सुरक्षित रखने के लिए गो आश्रय स्थलों में सभी जरूरी इन्तजाम सुनिश्चित किए जाएं।

### उत्तर प्रदेश...

चुकी है। शुक्रवार को ऑनलाइन हस्तांतरण के बाद यह राशि 28 हजार 443 करोड़ हो जाएगी। केंद्र सरकार इस योजना के तहत हर पात्र किसान को दो-दो हजार रुपए की तीन बराबर किश्तों में साल भर में 6000 रुपये देती है। यह पैसा ऐसे समय दिया जाता है, जब रबी, खरीफ और जायद की फसलों में कृषि निवेश के लिए किसानों को इसकी बेहद जरूरत होती है। योजना की घोषणा वर्ष 2019 में हुई थी। किसानों के हित की इस बेहद महत्वाकांक्षी योजना पर हर साल केंद्र सरकार को 75,000 करोड़ रुपये खर्च करने होते हैं।

### वोडाफोन मामले...

का रास्ता साफ हो गया है। न्याधिकरण ने ब्रिटेन की तेल एवं गैस कंपनी केयर्न एनर्जी पीएलसी को 1.4 अरब डॉलर लौटाने को कहा है। सरकार ने दोनों मामलों में 2012 के कानून का उपयोग किया। इसमें कर प्राधिकरण को पिछले मामलों को खोलने और कई साल पहले हुए कथित पूंजी लाभ के एवज में वोडाफोन और केयर्न से कर मांगने का अधिकार दिया गया था। दोनों वोडाफोन और केयर्न ने द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौतों के तहत कर मांग को चुनौती दी थी और मध्यस्थता कार्यवाही शुरू की थी। सूत्रों के अनुसार सरकार का मानना है कि विभिन्न देशों के साथ निवेश संरक्षण संधि के तहत कराधान का मामला नहीं आता और कराधान कानून देश का संप्रभु अधिकार है। संधियों का मुख्य मकसद निवेश को संरक्षित करना है जबकि कर कंपनियों की कमाई पर लगाया जाता है। इस बारे में वोडाफोन समूह ने कुछ भी कहने से मना कर दिया है।

### नए कोरोना...

प्रयोगशाला इसे स्थापित नहीं कर देती तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। पिछले कुछ दिनों में इंग्लैंड से भारत के विभिन्न शहरों में पहुंचने वाले यात्रियों में 22 कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

### आत्मनिर्भर भारत...

चिंतन में मुखर थी। उन्होंने कहा, उनका दृष्टिकोण था कि जो भारत में सर्वश्रेष्ठ है, उससे विश्व को लाभ हो और जो दुनिया में अच्छा है, भारत उससे भी सीखे। आपके विश्वविद्यालय का नाम ही देखिए, विश्व-भारती। मां भारती और विश्व के साथ समन्वय। उन्होंने कहा, विश्व भारती के लिए गुरुदेव का विजन आत्मनिर्भर भारत का भी सार है। आत्मनिर्भर भारत अभियान भी विश्व कल्याण के लिए भारत के कल्याण का मार्ग है। ए अभियान, भारत को सशक्त करने का अभियान है, भारत की समृद्धि से विश्व में समृद्धि लाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने स्वदेशी समाज का संकल्प दिया था और वह गांवों तथा कृषि को आत्मनिर्भर देखना चाहते थे। उन्होंने कहा, वह वाणिज्य, व्यापार, कला, साहित्य को आत्मनिर्भर देखना चाहते थे। उन्होंने आजादी के आंदोलन और उसके बाद विश्व बंधुत्व को बढ़ावा देने में विश्व भारती विश्वविद्यालय की सराहना की और साथ ही छात्रों से वोकल फॉर लोकल अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिवर्ष लगने वाले पौष मेले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जब हम आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता की बात कर रहे हैं तो विश्वभारती के छात्र-छात्राएं पौष मेले में आने वाले कलाकारों की कलाकृतियां ऑनलाइन बेचने की व्यवस्था करें। इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कला, संस्कृति, साहित्य, विज्ञान और नवाचार में इस विश्वविद्यालय की उपलब्धयों की भी जमकर सराहना की। भारत की आजादी के आंदोलन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति आंदोलन ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने का काम किया था।

### आगे बढ़ने...

भी भाव हैं, वो आज साकार होते दिखते हैं। जिस दिन कश्मीर में धारा 370 समाप्त हुईए अटल जी की आत्मा को शांति मिली होगी कि उनका संकल्प पूरा हुआ। अपने महापुरुषों के प्रति श्रद्धा का भाव सिर्फ भाषणों से नहीं व्यावहारिक रूप से होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि कोरोनाकाल में हम लापरवाही नहीं कर सकते। हम सतर्क रहते हुए सभी कार्यक्रमों को करेंगे तो कोरोना से भी जीतेंगे और अपने महापुरुषों को श्रद्धांजलि भी दे पाएंगे। योगी ने कहा कि धारा 370 का खत्म होना आतंकवाद की ताबूत में अंतिम कील ढोंकना है। साथ ही उन महापुरुषों के लिए श्रद्धांजलि है, जिन्होंने कश्मीर मुक्ति के लिए अपने आप को बलिदान किया। उन्होंने कहा कि मंदिर तो अनेक बन सकते हैं पर अयोध्या में राम मंदिर हमारी आस्था का केंद्र बिंदु है। अयोध्या की पहचान राम के साथ साथ दीपोत्सव से भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोहिया के नाम पर लोग राजनीति जरूर करते हैं,लेकिन परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं। आज वे लोग वातावरण खराब कर रहे, हमें समझना होगा। इससे पहले सीएम योगी ने भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित काव्य संध्या का दीप जलाकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी ने यह बताया कि राजनीति मूल्यों और आदर्शों की होनी चाहिए तथा इसे अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रचारित व प्रसारित भी किया। सार्वजनिक जीवन के साथ-साथ उनकी स्मृतियां और संस्मरण लोगों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में आदर्शों व मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध होकर हम अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की कविताएं राष्ट्रवाद, सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्य व आदर्शों के साथ.साथ संघर्ष का प्रतीक हैं। उन्होंने जो सपना देखा था, वह आज साकार हो रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य स्वतंत्रदेव सिंह, विधायी एवं न्याय मंत्री तथा अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउण्डेशन के अध्यक्ष बृजेश पाठक ने भी अटल जी की स्मृतियों और संस्मरणों को साझा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह तथा अटल जी की पुस्तकें भेंट की गईं। इस काव्य संध्या में कवि कुमार विश्वास द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित एकल काव्य पाठ किया गया। साथ ही उन्होंने अन्य रचनाएं भी प्रस्तुत कीं। इस मौके पर मंत्रिगण, जनप्रतिनिधिगण, लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ईजीएम में बीएफआई अधिकारियों का कार्यकाल बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने गुरुवार को अपने अधिकारियों का कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ा दिया और फरवरी तक चुनाव आयोजित करने का फैसला किया जिन्हें कोविड-19 महामारी के कारण इस साल स्थगित करना पड़ा था।

### बास्केटबॉल खिलाड़ी भामरा पर दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** एनबीए टीम में शामिल किए गए पहले भारतीय खिलाड़ी सतनाम सिंह भामरा पर पिछले साल डोपिंग परीक्षण में विफल होने के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने दो साल का प्रतिबंध लगाया है। पिछले साल नवंबर में 25 वर्षीय भामरा पर अस्थाई निलंबन लगाया गया था।

### तोक्यो ओलंपिक के सभी 68 घरेलू प्रायोजक नए अनुबंधों के लिए तैयार

**तोक्यो।** तोक्यो ओलंपिक के अधिकारियों ने कहा कि स्थगित हुए इन खेलों के साथ अपना करार एक साल के लिए बढ़ाने पर सभी 68 घरेलू प्रायोजकों के साथ सहमति बन गई है। जापान के घरेलू प्रायोजक स्थानीय परिचालन बजट में तीन अरब 30 करोड़ डॉलर का योगदान दे रहे हैं। अधिकारियों ने अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाए जाने का वित्तीय ब्यौरा नही दिया है। उन्होंने कहा कि अभी इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### मैनचेस्टर युनाइटेड सेमीफाइनल में

**मैनचेस्टर।** विरोधी खिलाड़ी का गला पकड़ने के बावजूद सजा से बचे एडिसन कवानी ने एवर्टन के खिलाफ मैच के आखिरी क्षणों में गोल करके मैनचेस्टर युनाइटेड को इंग्लिश लीग कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। अब युनाइटेड का सामना मैनचेस्टर सिटी से होगा। अगर वीएआर की सेवाएं ली जाती तो उरूग्वे के स्ट्राइकर कवानी को लाल कार्ड मिल गया होता।

### वोल्फ्सबर्ग जर्मन कप के अंतिम 16 में

**वोल्फ्सबर्ग (जर्मनी)।** कोरोना वायरस महामारी के कारण 11 खिलाड़ियों के बाहर होने के बावजूद वोल्फ्सबर्ग ने सैंडहॉसेन को 4- 0 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया।

### प्रतिबंधों के बावजूद श्रीलंका दौरे पर जाएगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड के क्रिकेट अधिकारियों को यकीन है कि उसकी पुरूष टीम का श्रीलंका दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा हालांकि श्रीलंकाई टीम इस समय दक्षिण अफ्रीका में है जहां कोरोना महामारी के बीच यात्रा संबंधी कुछ पाबंदियां लगाई गई है।

# 2022 आईपीएल में 10 टीमों को स्वीकृति मिली



● 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने का समर्थन
●पुरुष और महिला प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों को मिलेगा मुआवजा
●दो महिला टेस्ट की श्रृंखला का आयोजन किया जा सकता है

**भाषा।** अहमदाबाद

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की संचालन संस्था ने गुरुवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो नई फ्रेंचाइजियों के प्रवेश को स्वीकृति दी जिससे 2022 से यह 10 टीमों का टूर्नामेंट होगा। साथ ही 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की कवायद का भी समर्थन करने का फैसला किया गया। बोर्ड के सूत्र ने बताया, दो नई टीमों को 2022 आईपीएल में शामिल किया जाएगा। पता चला है कि अगले साल नौ टीमों के आईपीएल के आयोजन के लिए समय काफी कम है क्योंकि विस्तृत निविदा प्रक्रिया, मैचों की संख्या में इजाफे और विदेशी खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में सामंजस्य की जरूरत होगी जो काफी मुश्किलों से भरा काम होगा। एक अन्य बड़े फैसले में बीसीसीआई अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से कुछ स्पष्टीकरण के बाद क्रिकेट के टी20 प्रारूप को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल करने की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की दावेदारी का

### ● बीसीसीआई की आम सभा में लिए गए फैसले

सैद्धांतिक रूप से समर्थन करने को राजी हो गया। एजीएम के हिस्सा लेने वाले एक सदस्य ने कहा, देखिए, बीसीसीआई स्वायत्त संस्था है और वह अपनी स्वायत्ता को बकरार रखना चाहता है। हमारी विधिक टीम कुछ स्पष्टीकरण चाहते है। बेशक, क्रिकेट का ओलंपिक में शामिल होना खेल के लिए शानदार होगा। उम्मीद करते हैं कि हम सही दिशा में आगे बढ़ेंगे। बोर्ड ने हालांकि यह खुलासा नहीं किया कि इस मामले में उसे किस तरह के स्पष्टीकरण की जरूरत है। बीसीसीआई ने फैसला किया है अगले साल विश्व टी20 की मेजबानी के लिए अगर उसे सरकार से पूर्ण कर छूट नहीं मिलती है जैसे कि आईसीसी ने मांग की है तो वह वैश्विक संस्था से मिलने वाले 39 करोड़ डॉलर के अपने वार्षिक राजस्व से कटौती के लिए तैयार हो जाएगा। हम कर छूट के लिए सरकार से संपर्क करेंगे लेकिन अगर हमें छूट नहीं मिली तो यह राशि हमारे वार्षिक राजस्व से काट ली जाए जो लगभग 12 करोड़ 30 लाख डॉलर बैठती है और ऐसे में हमें लगभग 26 करोड़ 70 लाख डॉलर की राशि मिलेगी। लेकिन भारत 2021 टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। यह भी फैसला किया गया कि सभी पुरुष और महिला प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों को कोविड-19 महामारी के कारण संशोधित घरेलू सत्र को देखते हुए उपयुक्त मुआवजा दिया जाएगा। बीसीसीआई कई महीनों के विलंब के बाद जनवरी में सैयद मुश्ताक अली टी20 चैंपियनशिप के साथ घरेलू सत्र शुरू करने की योजना बना रहा है। इसके लिए धनराशि अलग रखने के बारे में पूछने पर बोर्ड के सूत्र ने कहा, बीसीसीआई राज्य इकाइयों को एकमुश्त मुआवजा राशि देगा। अब वे अपनी स्वयं की सूची बनाएंगे और इसी के अनुसार अपने महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मुआवजा देंगे। महिला टूर्नामेंटों (सीनियर एवं जूनियर) के साथ आयु वर्ग के टूर्नामेंटों (अंडर-23, अंडर-19, अंडर-16) का आयोजन आईपीएल-14 के दौरान किया जाएगा जिसके महामारी से जुड़ी चिंताओं के बावजूद भारत के आयोजित होने की पूरी संभावना है। हम प्रत्येक वर्ग में कम से कम एक आयु वर्ग टूर्नामेंट और आईपीएल के दौरान महिलाओं के टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे।

## चेतन शर्मा नए मुख्य चयनकर्ता नियुक्त, कहा, काम बोलेगा



**अहमदाबाद।** बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने गुरुवार को पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज चेतन शर्मा को सीनियर राष्ट्रीय चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया। सीएसी ने पांच सदस्यीय टीम में मुंबई के अबे कुरुविला और ओडिशा के देबाशीष मोहंती का भी चयन किया। बीसीसीआई की यहां 89वीं सालाना आम बैठक के मौके पर ही नए पैनल का गठन किया गया जिसमें शर्मा ने उत्तरी क्षेत्र से मनिंदर सिंह और विजय दहिया को पछाड़ दिया। शर्मा (54 वर्ष) ने कहा, भारतीय क्रिकेट की एक बार फिर से सेवा करने का मौका मिलना निश्चित रूप से मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं ज्यादा नही बोलता क्योंकि मेरा काम ही बोलेगा। मैं इस मौके के लिए केवल बीसीसीआई का शुक्रिया करता हूं। पूर्व मध्यम गति के गेंदबाज कुरूविला को मुंबई क्रिकेट संघ के बड़े अधिकारियों का समर्थन प्राप्त था, उन्हें पश्चिम क्षेत्र से अजीत अगरकर पर तरजीह दी गई। ओडिशा के पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मोहंती पिछले दो वर्षों से जूनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता के तौर पर काम कर रहे थे और केवल दो साल के लिए समिति में बने रहेंगे। चयन पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुनील जोशी (दक्षिण क्षेत्र) और हरविंदर सिंह (मध्य क्षेत्र) भी शामिल है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, समिति ने वरिष्ठता (टेस्ट मैचों की कुल संख्या) के आधार पर सीनियर पुरूष चयन समिति के मुख्य चयनकर्ता के लिए चेतन शर्मा की सिफारिश की। शाह ने कहा, सीएसी एक साल के बाद उम्मीदवारों की समीक्षा करेगी और बीसीसीआई को सिफारिश करेगी।

## एमसीजी पर भारत की धज्जियां उड़ा देगी आस्ट्रेलियाई टीम : वॉर्न



**मेलबर्न।** महान स्पिनर शेन वॉर्न का मानना है कि एडीलेड टेस्ट में शर्मनाक हार से भारतीय क्रिकेट टीम अभी भी सहमी हुई होगी और आस्ट्रेलियाई टीम बॉक्सिंग डे टेस्ट में उसकी धज्जियां उड़ा देगी। मुझे लगता है कि आस्ट्रेलियाई टीम उनकी धज्जियां उड़ा देगी। भारत के पास के एल राहुल जैसे शानदार खिलाड़ी हैं। युवा शुभमन गिल भी टीम में होगा। अजिंक्य रहाणे भी बेहतरीन खिलाड़ी है और हमें पता ही है कि चेतेश्वर पुजारा क्या कर सकता है। मोहम्मद शमी का नहीं खेलना भी बड़ा नुकसान है। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। मेलबर्न में पिच उसकी गेंदबाजी के अनुकूल भी थी। वॉर्न का कहना है कि भारतीय बल्लेबाजों को दोष देने की बजाय आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की तारीफ की जानी चाहिए। मैं आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को श्रेय दूंगा जिन्होंने इतनी उम्दा गेंदबाजी की। चारों गेंदबाज और कैमरन ग्रीन ने मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। ए महान गेंदबाज बनते जा रहे हैं। पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और नाथन लियोन काफी समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। निश्चित तौर पर उनकी तुलना मेरे दौर से गेंदबाजों से होगी। अगर अगले चार या पांच साल ऐसा ही खेलते रहे तो शायद यह आस्ट्रेलिया का अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण होगा।

### सिडनी में हालात नहीं सुधरने पर मेलबर्न में होगा तीसरा टेस्ट

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कहा कि सिडनी में कोरोना वायरस संक्रमण के ताजा मामले सामने आने के बावजूद तीसरा टेस्ट मूल कार्यक्रम के अनुसार कराए जाने के प्रयास जारी है लेकिन हालात नहीं सुधरने पर मेलबर्न को तीसरे टेस्ट की मेजबानी के लिए विकल्प के तौर पर रखा गया है। सिडनी के उत्तरी तटों पर कोरोना संक्रमण के नए मामले मिलने के बाद सात जनवरी से वहां शुरू होने वाले तीसरा टेस्ट को लेकर अनिश्चतता की स्थिति है। मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट होना है और वह तीसरे टेस्ट की मेजबानी की दौड़ में भी है। हम सिडनी क्रिकेट ग्राउंड को तीसरे टेस्ट और गाबा को चौथे टेस्ट की मेजबानी का पूरा मौका देंगे। सिडनी में अगर हालात में सुधार नहीं होता है तो आपात योजना के तहत हम विक्टोरिया सरकार के साथ मिलकर तीसरा टेस्ट भी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर कराएंगे और चौथा टेस्ट ब्रिसबेन में खेला जाएगा। इस पर अंतिम फैसला बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान लिया जाएगा। वैसे सिडनी के उत्तरी तटो पर हालात बेहतर हुए है लेकिन ऐसी आशंका है कि क्वीसलैंड जरूरी रियायत नही देगा यानी खिलाड़ी और प्रसारण दल सिडनी से ब्रिसबेन यात्रा नही कर सकेंगे जहां चौथा टेस्ट होना है।

### संसदीय पैनल की सिफारिश, ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों व कोचों को पहले मिले कोविड-19 टीका

**भाषा।** नई दिल्ली

संसद के एक पैनल ने गुरूवार को सिफारिश की कि कोविड-19 टीकाकरण प्रक्रिया में 2021 तोक्यो ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को प्राथमिकता ग्रुप में रखा जाए। समिति ने कोचों के लिए बड़ी संख्या में रिक्त पदों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि इन्हें समय पर भरना चाहिए ताकि ओलंपिक की तैयारियों पर कोई असर नहीं पड़े।

तोक्यो ओलंपिक अगले साल जुलाई में होंगे जिन्हें कोरोना वायरस के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। पैनल ने यह भी सिफारिश की कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग सुविधाएं, स्टेडियम और खेल केंद्र का भी पता किया जाए जिन्हें अभी तक नहीं खोला गया है। इसके अनुसार बंद्र केंद्रो को भी जल्द से जल्द दोबारा खोला जाना चाहिए या फिर खिलाड़ियों को उन वैकल्पिक केंद्रों में पहुंचाया जाए जो खुल चुके हैं।

# जडेजा का फिटनेस परीक्षण हुआ

### भारतीय टीम ने कुश्ती जैसी डिल की

**भाषा।** मेलबर्न



भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को कुश्ती के मुकाबले की तरह की ड्रिल में हिस्सा लिया जिसमें दो खिलाड़ी एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास कर रहे थे। आलराउंडर रविंद्र जडेजा ट्रेनिंग सत्र के लिए सबसे पहले नेट पर पहुंचे और उन्होंने फिटनेस परीक्षण में हिस्सा लिया। जडेजा इस दौरान बल्ला हाथ में लेकर विकेटों के बीच दौड़े। यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) तेज गेंदबाज टी नटराजन ने नेट पर गेंदबाजी करते हुए प्रभावित किया और कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को लगातार छकाने में सफल रहे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह बनाने के प्रबल दावेदार लोकेश राहुल ने नेट पर लंबा समय बिताया जबकि ऋषभ पंत ने भी पसीना बहाया। वार्म अप के बाद जब खिलाड़ी नेट अभ्यास में व्यस्त थे तब मुख्य कोच रवि शास्त्री, गेंदबाजी कोच भरत अरूण और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ के थिंक टैंक को अभ्यास के नोट्स की अदला-बदली करते हुए देखा गया। उन्होंने रहाणे के साथ लंबी चर्चा की जो विराट कोहली की गैरमौजूदगी में बाकी बचे तीन टेस्ट में टीम की अगुआई करेंगे। कोहली अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए भारत लौट गए हैं। शास्त्री को राहुल के नेट सत्र के बाद उनसे बात करते देखा गया। खराब फॉर्म से जूझ रहे पृथ्वी साव ने भी नेट पर चाइमामैन गेंदबाज कुलदीप यादव जैसे गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी अभ्यास किया। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के मार्गदर्शन में स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाजों ने भी एमसीजी पर नेट सत्र में हिस्सा लिया। श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सुरज रणदीव उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे।

### भारतीय टीम यह नही भूले कि एडीलेड में पहले दो सत्र में वह हावी थी : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि एडीलेड मे शर्मनाक हार से भारतीय टीम दुखी होगी लेकिन उसे यह नही भूलना चाहिए कि पहले टेस्ट के पहले दो सत्र मे उसका दबदबा था। गंभीर ने शो क्रिकेट कनेक्टेड पर कहा , भारतीय टीम को याद रखना चाहिए कि पहले दो दिन उसका दबदबा था। पहले दो दिन मैच पर उसकी पकड़ थी। एक सत्र को लेकर वे दुखी होंगे लेकिन उन्हे याद रखना होगा कि अभी तीन टेस्ट मैच खेले जाने है और उनके पास उनका सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कप्तान विराट कोहली नही है। रहाणे पर काफी दारोमदार रहेगा। शमी भी टीम मे नही है और देखना होगा कि टीम संयोजन कैसा रहता है। भारत को पांच गेंदबाजो को लेकर उतरना चाहिए और रहाणे को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने अंतिम एकादश मे केएल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल को शामिल करने की भी पैरवी की थी।

### बीएलएम अभियान से पहले चीजों की अनदेखी करता था: पेन

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन ने कहा है कि ब्लैक लाइव्स मैटर (बीएलएम) अभियान से पहले वह चीजों की अनदेखी करते थे जबकि उप कप्तान पैट कमिंस ने अश्वेत लोगो के प्रति पीड़ादायक टिप्पणी करने की बात स्वीकार की है जिसका उन्हे अब खेद है। पेन ने कहा कि वह नस्लवाद की समस्या के बारे में अधिक नही सोचते थे क्योंकि इसका असर उन पर नही पड़ता था लेकिन बीएलएम अभियान ने उनके नजरिए को बदल दिया। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने पेन के हवाले से कहा, ब्लैक लाइव्स मैटर अभियान के शुरू होने के बाद पिछले 12 महीने में मेरा नजरिया बदला। अगर मै पूरी ईमानदारी से कहूं तो मै संभवतः वह व्यक्ति था जो चीजों की थोड़ी अनदेखी करता था और संभवतः यह मेरी दुनिया का हिस्सा नही था इसलिए मेरे लिए यह कोई बड़ा मुद्दा नही था।

### भारतीयों के साथ सहानुभूति लेकिन उन्हें तनाव में देखना सुखद : लैंगर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि एडीलेड टेस्ट में 36 रन पर सिमटी भारतीय टीम से उन्हें सहानुभूति है लेकिन उन्हें खुशी है कि 26 दिसंबर से शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले मेहमान टीम दबाव में है। यह पूछने पर कि अगर वह भारतीय कोच रवि शास्त्री की जगह होते तो क्या करते, उन्होंने कहा , मुझे इससे कोई सरोकार नहीं। मैं खुद काफी तनाव झेल चुका हूं। मेरी विरोधी टीम से सहानुभूति है और मुझे पता है कि उन्हें कैसा लग रहा होगा। भारतीय टीम अगर दबाव में है तो मैं खुश हूं क्योंकि क्रिसमस के इस सप्ताहांत पर हम दबाव में नहीं हैं। कोहली व शमी की कमी भारतीय टीम को खलेगी लेकिन उनका फोकस अपनी टीम की रणनीति पर रहेगा। आप कोई भी खेल खेलें लेकिन दो स्टार खिलाड़ी अगर बाहर हैं तो टीम को कमी तो खलती ही है। विराट कोहली महान खिलाड़ियों में से है और शमी काफी प्रतिभाशाली है। उनके नहीं होने से हमें फायदा मिलेगा। हमें पहले ही दिन से दबाव बनाना होगा क्योंकि रहाणे नया कप्तान है। किसी भी टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के नहीं रहने से टीम कमजोर हो जाती है और यही सच्चाई है।



### दूसरे टेस्ट में इसी एकादश के साथ उतरेंगे : लैंगर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि मेजबान टीम में भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के लिए कोई बदलाव नही किया जाएगा बशर्ते कोई अनहोनी न घट जाए। इतना शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम में बदलाव की जरूरत नही है। पिछले मैच के बाद टीम में बदलाव करना दुस्साहस होगा। इस समय अगर अगले दो दिन में कोई अनहोनी नही होती है तो हम उसी एकादश के साथ उतरेंगे। आस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला शुरू होने से पहले फिटनेस समस्याओं से जूझ रही है। डेविड वॉर्नर ग्रोइन की चोट के कारण बाहर है जबकि विल पुकोवस्की को अभ्यास मैच में सिर में चोट लगी थी। तेज गेंदबाज सीन एबोट कोरोना प्रोटोकॉल के कारण दूसरा टेस्ट नही खेल सकेंगे। वॉर्नर के फिट नही होने से जो बर्न्स और मैथ्यू वेड ही पारी की शुरूआत कर सकते है। लैंगर ने कहा , आस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए हर कोई सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता है।यह प्रतिस्पर्धा आस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए अच्छी है। सभी खिलाड़ियों को अपनी जगह बनाए रखने के लिए अच्छा खेलना होगा।

## उपभोक्ताओं का स्थानीय उत्पादों पर ध्यान बढ़ाने से रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद मिलेगी: गोयल



**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वोकल फॉर लोकल (स्थानीयता के लिए मुखरता) और भारत में मूल्य वर्धित उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो सकते हैं और देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर एक आभासी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि उपभोक्ताओं के देश में निर्मित सही कीमत पर गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं पर अधिक जोर देने से, युवाओं के लिए अधिक रोजगार पैदा होगा और देश की अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी। अर्थव्यवस्था उपभोक्ता-चालित है और देश में 130 करोड़ उपभोक्ताओं के पास यह तय करने की शक्ति है कि देश की अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ सकती है। देश में जितना अधिक मूल्य वर्धित उत्पाद निर्मित होते हैं, उतने ही अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### सेबी का सनशाइन ग्लोबल एग्रो, अन्य के बैंक, डीमैट खातों की कुर्की का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सनशाइन ग्लोबल एग्रो और उसके निदेशकों के बैंक और डीमैट खातों की कुर्की का आदेश दिया है। नियामक ने इन लोगों से एक करोड़ रुपए से अधिक के बकाया की वसूली के लिए यह कदम उठाया है। सेबी ने इन इकाइयों पर मार्च, 2019 में एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। ए इकाइयां जुर्माना भरने में विफल रही थीं जिसके बाद नियामक ने यह कार्वाई की है।

### नए साल से वाहनों के लिए फास्टैग अनिवार्य होगा : गडकरी



**नई दिल्ली।** वाहनों के लिए नए साल यानी एक जनवरी, 2021 से फास्टैग अनिवार्य होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फास्टैग की शुरुआत 2016 में हुई थी। यह टोल प्लाजा पर शुल्क का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक तरीके से करने की सुविधा है। फास्टैग को अनिवार्य किए जाने के बाद टोल प्लाजा पर वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा और टोल शुल्क का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हो जाएगा।

### रिजर्वबैंक अक्टूबर में डॉलर का शुद्ध लिवाल रहा, 15.64 अरब डॉलर खरीदे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर में अमेरिकी मुद्रा का शुद्ध लिवाल बना रहा। इस दौरान उसने हाजिर बाजार से 15.64 अरब डॉलर की खरीद की। दिसंबर के लिए रिजर्वबैंक द्वारा जारी मासिक बुलेटिन के अनुसार, अक्टूबर में रिजर्वबैंक ने बाजार में अमेरिकी मुद्रा की कोई बिकवाली नहीं की। अक्टूबर 2019 में, रिजर्व बैंक ने 7.102 अरब डॉलर की शुद्ध खरीद की थी। पिछले साल अक्टूबर महीने में उसने हाजिर बाजार में रिजर्वबैंक ने 7.302 अरब डॉलर की खरीद की और 20 करोड़ डॉलर की बिकवाली की थी।

# सेंसेक्स 529 अंक और चढ़ा

### ● निफ्टी 13,700 अंक के पार, वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख का असर

**भाषा।** मुंबई




रिलायंस इंडस्ट्रीज और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी से स्थानीय शेयर बाजारों में बढ़त का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और सेंसेक्स 529 अंक और चढ़ गया। ब्रेक्जिट व्यापार करार को लेकर संभावनाएं बढ़ने से वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख से भी यहां धारणा मजबूत हुई। कारोबारियों ने कहा कि रुपए की मजबूती तथा विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से भी बाजार को रफ्तार मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 529.36 अंक या 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,973.54 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.15 अंक या 1.09 प्रतिशत के लाभ से 13,749.25 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 3.04 प्रतिशत चढ़ गया। सन फार्मा, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और कोटक बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। सेंसेक्स की बढ़त में आधे से अधिक योगदान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक का रहा। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, इंडसइंड बैंक, डॉ. रेड्डीज, एचसीएल टेक और बजाज फिनसर्व के शेयर 1.32 प्रतिशत तक टूट गए। चार कारोबारी दिवस वाले इस सपताह में सेंसेक्स 12.85 अंक या 0.02 प्रतिशत लाभ में रहा। वहीं निफ्टी 11.30 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरावट में रहा। शुक्रवार को क्रिसमस पर बाजारों में अवकाश रहेगा। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच ब्रेक्जिट करार होने को है, जिससे वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा। कोटक सिक्योरिटीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं बुनियादी शोध प्रमुख रुस्मिक ओझा ने कहा, यह एक छोटा लेकिन काफी घटनाक्रमों वाला सप्ताह रहा और शेयर मूल्यों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सोमवार को जबर्दस्त गिरावट के बाद तीन कारोबारी सत्रों में बाजार चढ़ा। मासिक निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। इन्फोसिस और विप्रो द्वारा इस सप्ताह बड़े करारों की घोषणा से आईटी कंपनियों के शेयर एक बार फिर आकर्षण के केंद्र में रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 0.59 प्रतिशत तक का लाभ रहा।

### रुपया 21 पैसे की तेजी के साथ 73.55 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ

**मुंबई।** रुपए मे लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश का प्रवाह बने रहने और घरेलू शेयर बाजार की तेजी के बीच अंतर बृहस्पतिवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया 21 पैसे की तेजी के साथ 73.76 55 पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशो में डॉलर के कमजोर होने तथा ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के ब्रेक्जिट समझौते पर जल्दी ही सहमत होने की उम्मीदो के बीच बाजार मे उत्साह बढ़ा हुआ था। अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार मे डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर प्रति डालर 73.66 पर खुली। दिन में यह ऊंचे में 73.54-73.66 के बीच चलती रही। अंत में रुपया प्रति डालर21 पैसे की तेजी के साथ 73.55 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ।

### कुबेरान्स भारत में लांच

**मुंबई।** अपनी तरह के पहले प्लेटफ ॉर्म कुबेरान्स हाउस ने उद्यमिता की थीम पर आधारित शो की घोषणा की है। जो भारत के विभिन्न राज्यों से आने वाले इनोवेटिव स्टार्ट अप आइडियाज की सोर्सिंग और स्ट्रीलाइनिंग करने के साथ उन्हें देश भर के लोगों के सामने पेश करेगा। यह प्लेटफॉर्म उद्यमियों की निवेशकों और उद्यमी पूंजीपतियों के सर्वश्रेष्ठ पैनल से निवेश हासिल करने में मदद करेगा। इसमें से बेस्ट आइडिया देने वाले उभरते हुए कारोबारियों को निवेशकों के सबसे ताकतवर पैनल के सामने पेश होने और उन्हें अपने स्टार्टअप में निवेश करने के लिए राजी करने का मौका मिलता है। अपनी इस गतिविधि से कुबेरान हाउस स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए बेहतरीन उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है। इससे उद्यमियों को आदर्श निवेशकों की खोज में भी सहायता मिल रही है।

### पराली जलाने की रोकथाम के प्रोजेक्ट के लिए दिया गया पुरस्कार

**मुंबई।** सीएनएच इंडस्ट्रियल (इंडिया) को सीएसआर टाइम्स 2020 में ग्रीन एंड एनवायरनमेंट स्टीवर्डशिप श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट (गोल्ड कैटेगरी अवार्ड) का विशिष्ट सम्मान दिया है। ग्रीन और इनवायरनमेंट स्टेवर्डशिप कैटेगरी में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रोजेक्टरू 'पराली जलाने की रोकथामध्प्रबंधन' के लिए कम्पनी को यह पुरस्कार दिया गया। इस पहल से कम्पनी ने पराली जलाने से स्वास्थ्य, पर्यावरण और मिट्टी को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाई और पराली के स्थायी प्रबंधन का भी प्रदर्शन किया है।

## इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में गिरावट के अनुमान को घटाकर 7.8 प्रतिशत किया

**भाषा।** मुंबई


इंडिया रेटिंग्स ने दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में अर्थव्यवस्था में उम्मीद से बेहतर सुधार के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट के अपने अनुमान को घटाकर 7.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 11.8 प्रतिशत गिरावट का अनुमान लगाया था। हालांकि, इसके साथ ही इंडिया रेटिंग्स ने सितंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था में आए सुधार के टिकाऊ होने पर सवाल भी उठाया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में कोविड-19 महामारी की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की जबर्दस्त गिरावट आई थी। हालांकि, दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा और जीडीपी में गिरावट घटकर 7.5 प्रतिशत रह गई। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में सुधार की प्रमुख वजह त्योहारी और दबी मांग थी। महामारी से जुड़ी चुनौतियों की वजह से जो अड़चनें आ रही हैं वे बड़े टीकाकरण कार्यक्रम से पहले दूर नहीं होंगी।

### इस्पात उद्योग को 2021 में अच्छे दिनों की उम्मीद

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था में सुधार, बढ़ती मांग और कीमतों में सुधार से देश के इस्पात उद्योग को अगले साल यानी 2021 में अच्छे दिनों की उम्मीद है। कोरोना वायरस महामारी की वजह से पैदा हुई अड़चनों की वजह से मौजूदा 2020 का साल इस्पात उद्योग के लिए काफी झटके देने वाला रहा है। घरेलू इस्पात कंपनियों के शीर्ष संगठन भारतीय इस्पात संघ को उम्मीद है कि आने वाले दिन अच्छे रहेंगे। इस साल कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन से इस्पात उद्योग को अपने परिचालन को जारी रखने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

## अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रहा सुधार, तीसरी तिमाही में सकारात्मक दायरे में होगी

**भाषा।** मुंबई



आरबीआई लेख

देश की अर्थव्यवस्था विभिन्न अनुमानों की तुलना में तेजी से कोविड-19 महामारी के दुष्प्रभाव से बाहर आ रही है और आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में ही सकारात्मक दायरे में आ जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के एक लेख में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है, ...इस बात के कई साक्ष्य हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के कारण गहरे गर्त से तेजी से बाहर आ रही है। यह सर्दियों की लंबी छाया से बाहर निकलते हुए सूरज के उजाले की ओर बढ़ रही है ... सरकार के मौद्रिक एवं राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों के जरिए अनुमानों के विपरीत अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 23.9 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई। वहीं दूसरी तिमाही में गिरावट कम होकर 7.5 प्रतिशत रही। रिपोर्ट का हवाला देते हुए लेख में कहा गया है, वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में सकारात्मक दायरे में आ सकती है। हालांकि, इस दौरान यह वृद्धि दर केवल 0.1 प्रतिशत रह सकती है।

### ईएसआईसी योजनाओं से अक्टूबर में 11.75 लाख नए सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अक्टूबर में 11.75 लाख नए अंशधारक जुड़े, जबकि सितंबर में इन योजनाओं से 11.49 लाख नए सदस्य जुड़े ।

# डोनाल्ड ट्रंप ने वार्षिक रक्षा विधेयक के खिलाफ किया वीटो का इस्तेमाल



एंड्रयू एअरफोर्स बेस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व पत्नी मेलिनिया ट्रंप

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 740.5 अरब डॉलर के वार्षिक रक्षा विधेयक के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि इसके कुछ प्रावधान राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करते हैं।

हालांकि प्रतिनिधि सभा दोनों दलों के समर्थन से इस वीटो को बेअसर करने की तैयारी में है। अमेरिकी संसद ने पिछले सप्ताह वित्त वर्ष 2021 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पारित किया था। प्रतिनिधि सभा में इसके पक्ष में 335 वोट जबकि इसके खिलाफ 78 वोट पड़े, एक सदस्य अनुपस्थित रहा। सीनेट में 13 के मुकाबले 84 वोट से इस विधेयक को पारित कर दिया गया।

ट्रंप ने विधेयक के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल करने के अपने कदम को उचित करार देते हुए एक बयान में कहा , आप धारा 230 में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े जोखिम को समाप्त करने में असफल रहे। इससे हमारे खुफिया विभाग के लिए काम करने में अड़चन होगी। संचार औचित्य कानून की धारा 230 में सार्थक बदलाव के लिए भी कदम नहीं उठाए गए, जबकि दोनों दलों ने उस प्रावधान को निष्प्रभावी किए जाने की मांग की थी। ट्रंप के इस कदम पर शीर्ष अमेरिकी सांसदों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने इसे लापरवाही से लिया गया फैसला बताया। पेलोसी ने कहा, अगले सप्ताह, 28 दिसंबर को द्विदलीय समर्थन के साथ सदन वीटो को अमान्य कर देगा।

ट्रंप ने कहा कि विधेयक में कुछ सैन्य संस्थानों के नामों में बदलाव की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सैन्य निर्माण कोष की मनमाने ढंग से सीमा तय करके देश की सुरक्षा के संबंध में राष्ट्रपति के अधिकारों को भी सीमित करने का प्रयास किया गया है।उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब आतंरिक सुरक्षा के लिए कई तरह के खतरे हैं राष्ट्रपति के पास इतने अधिकार होने चाहिए कि संसद की मंजूरी का इंतजार किए बिना वह अमेरिका के लोगों की रक्षा करने में सक्षम हों।ट्रंप ने आरोप लगाया कि कानून में एक संशोधन भी है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर, खासकर ग्रामीण इलाकों में 5जी सेवा शुरू करने की रफ्तार धीमी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून में ऐसे कई प्रावधान किए गए हैं जो उनके प्रशासन की विदेश नीति के ठीक विपरीत है। दूसरे देशों में तैनात अमेरिकी सैनिकों से जुड़े फैसले भी इसमें शामिल हैं।

उन्होंने कहा, मैं ऐसी जंग के खिलाफ हूं, जिसका कोई अंत नहीं है और अमेरिका के लोग भी ऐसा ही चाहते हैं। इस कानून के जरिए अफगानिस्तान, जर्मनी और दक्षिण कोरिया से हमारे सैनिकों की वापसी के लिए राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित किया गया है। यह गलत नीति है और असंवैधानिक भी है।

## मूलर जांच में दोषी पाए गए दो पूर्व सहयोगियों, दामाद के पिता को अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी माफी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से जुड़ी रॉबर्ट मूलर की जांच में दोषी पाए गए पूर्व सहयोगियों और अपने दामाद के पिता सहित 29 लोगों को माफी दी है।ट्रंप ने बुधवार को जिन लोगों को माफी दी उनमें रॉबर्ट मूलर की जांच में दोषी पाए गए रोज़र स्टोन और पॉल मैनाफोर्ट के नाम प्रमुख हैं। व्हाइट हाउस की ओर से कहा गया, राष्ट्रपति ट्रंप ने आज, पॉल मैनाफोर्ट को पूरी तरह माफ कर दिया। उन्हें रूसी हस्तक्षेप के संबंध में की गई विशेष वकील रॉबर्ट मूलर की जांच के बाद सजा मिली थी। मैनाफोर्ट दो साल की जेल की सजा पहले ही काट चुके हैं... उसने कहा, आज राष्ट्रपति ट्रंप ने रोज़र स्टोन को भी बिना शर्त पूर्ण रूप से माफी दे दी है...स्टोन 68 साल के हैं और उन्हें कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी हैं। ट्रंप ने अपने दामाद जारेड कुशनर के पिता चार्ल्स कुशनर (66) को भी माफी दी।व्हाइट हाउस ने कहा, 2006 में अपनी सजा पूरी करने के बाद से चार्ल्स कुशनर महत्वपूर्ण परोपकारी संगठनों के लिए काम कर रहे हैं... सुधार और दान के ए काम उनके आरोपों से कहीं बड़े हैं। कुशनर पर फर्जी टैक्स रिटर्न तैयार करने, गवाह को धमकाने और एफईसी को गलत बयान देने के आरोप में दो साल की सजा हुई थी। पहले, माह की शुरूआत में ट्रंप ने 20 अन्य लोगों को भी माफ किया था। वहीं नवम्बर में ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल फ्लिन को भी माफी दी थी।

## ट्रंप के नरसंहार दोषियों को माफी देने पर इराक के नागरिकों ने की निंदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रंप के बगदाद में 2007 में हुए नरसंहार के मामले में दोषी पाए गए पूर्व सरकारी ठेकेदारों को माफी देने के फैसले को मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और कुछ इराकी लोगों ने न्याय नहीं होना बताया है।इराकी नेतृत्व के लिए खबर ऐसे महत्वपूर्ण समय में आई है, जब वह कुछ इराकी गुटों द्वारा अमेरिकी सैनिकों की इराक से पूर्ण वापसी का मांग पर संतुलित बनाने की कोशिश कर रहा है। बगदाद के निवासी सलेह आबेद ने कहा, कुख्यात ब्लैकवॉटर कम्पनी के लोगों ने निसूर स्क्वायर में इराकी नागरिकों की हत्या की। आज, हमें पता चला कि राष्ट्रपति ट्रंप के निजी आदेश पर उन्हें रिहा कर दिया गया, जैसे कि उन्हें इराक में बहे खून की कोई परवाह ही नहीं है। ब्लैकवॉटर के कर्मचारियों ने सितम्बर 2007 में भीड़भाड़ वाले बगदाद ट्रैफिक सर्कल पर लोगों पर गोलियां चला दी थीं। इसमें बच्चों और महिलाओं समेत 14 नागरिक मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय ने भी बुधवार को इस फैसले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की दंड-मुक्ति से लोगों को भविष्य में ऐसे अपराध करने को लेकर बढ़ावा मिलेगा।



स्पेन एअरफोर्स मुखिया रिक बैलीनटाइन कोविड 19 की वैक्सीन लगवाते हुए

# दक्षिण सूडान में अकाल की स्थिति हजारों लोग भुखमरी की कगार पर

**लेकुआंगोले (द सूडान)।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यमन, बुरकीना फासो और नाइजीरिया समेत दक्षिण सूडान वे चार देश हैं जिनके कुछ इलाकों में अकाल पड़ सकता है।

दक्षिण सूडान के पिबोर काउंटी को इस साल भयावह हिंसा और अभूतपूर्व बाढ़ का सामना करना पड़ा था। देश के लेकुआंगोले शहर में सात परिवारों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि फरवरी से नवंबर के बीच उनके 13 बच्चे भूख से मर गए। यहां के शासन प्रमुख पीटर गोलू ने कहा कि उन्हें सामुदायिक नेताओं से खबरें मिली कि सितंबर से दिसंबर के बीच वहां और आसपास के गांवों में 17 बच्चों की भूख से मौत हो गई। इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन द्वारा इस महीने जारी की गई अकाल समीक्षा समिति की रिपोर्ट में अपर्याप्त आंकड़ों के कारण अकाल घोषित नहीं किया जा सका है। परंतु माना जा रहा है कि दक्षिण सूडान में अकाल की स्थिति है। इसका अर्थ है कि कम से कम 20 प्रतिशत परिवारों को भोजन के संकट का सामना करना पड़ रहा है और कम से कम 30 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषण के शिकार हैं। हालांकि दक्षिण सूडान सरकार रिपोर्ट के निष्कर्षों से सहमत नहीं है। सरकार का कहना है कि यदि अकाल की स्थिति है तो इसे असफलता के तौर पर देखा जाएगा। देश की खाद्य सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जॉन पंगेच ने कहा, वे अनुमान लगा रहे हैं[8230], हम यहां तथ्यों पर बात कर रहे हैं। वह जमीनी हकीकत नहीं जानते। सरकार का कहना है कि देश में 11,000 लोग भूखमरी की कगार पर हैं और यह, खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा रिपोर्ट में बताए गए।,05,000 के अनुमान से बहुत कम संख्या है। दक्षिण सूडान, पांच साल तक चले गृह युद्ध से उबरने का संघर्ष कर रहा है। खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भूख का संकट जंग की स्थिति लगातार बने रहने के कारण ही उत्पन्न हुआ है। वर्ल्ड पीस फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक अलेक्स डी वाल ने कहा कि जो कुछ भी हो रहा है, दक्षिण सूडान सरकार न केवल उसकी गंभीरता को अनदेखा कर रही है, बल्कि इस तथ्य को भी नकार रही है कि इस सकंट के लिए उसकी अपनी नीतियां और सैन्य रणनीति जिम्मेदार है।

## होंडुरास में पत्रकार की हत्या, हमलावरों ने इस साल चार पत्रकारों की ली जान

**तेगुसिगल्पा (होंडुरास)।** होंडुरास में रेडियो में काम करने वाले एक पत्रकार की हत्या कर दी गई। इंटर-अमेरिकन प्रेस एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि इस साल हमलावरों ने यहां पर चार पत्रकारों की हत्या कर दी।संगठन ने कहा कि पत्रकार की पहचान रेडियो बांबी के मालिक और समाचार कार्यक्रम कोरेओ इनफॉर्मेटिवो के होस्ट पेड्रो आर्कनजेल केनिल्स के तौर पर हुई है।इंटर-अमेरिकन प्रेस एसोसिएशन ने कहा कि ओलांचो प्रांत में मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने गोली मारकर केनिल्स की हत्या कर दी। संगठन ने होंडुरास सरकार से मामले की गहनता से जांच कराने का अनुरोध किया है।सितंबर में स्वतंत्र पत्रकार लुईस एलोंसो एलमेनडरेस की, जुलाई में संवाददाता जर्मन वेलेसिल्लो जूनियर और कैमरामेन जॉर्ज पोसास की हत्या कर दी गई थी।

# कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद कम से कम छह महीने तक बनी रहती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

**अध्ययन**

**वाशिंगटन (भाषा)।** कोरोना वायरस संक्रमण के बाद स्वस्थ होने वाले लोगों में इस संक्रमण के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता संक्रमणमुक्त होने के छह महीने बाद तक और संभवत: इससे भी अधिक समय तक बनी रहती है। दो नए अध्ययनों में यह बात सामने आई है।ए अध्ययन कोविड-19 रोधी टीकों के प्रभावी होने की उम्मीद को प्रबल करते हैं। ये टीके रोग प्रतिरोधी क्षमता को संक्रमण के खिलाफ एंटीबॉडी बनाने में मदद करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. नेड शार्पलेस ने कहा कि अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि संक्रमण के बाद जिन लोगों के शरीर में एंटीबॉडी मौजूद हैं, उनमें संक्रमण का खतरा काफी कम है, तथा यह सुरक्षा टीके से मिलने वाली सुरक्षा की तरह ही है। उन्होंने कहा कि दोबारा संक्रमित होने की आशंका बहुत ही कम है।इन अध्ययनों में दो तरीके के परीक्षण किए गए हैं। पहले अध्ययन में एंटीबॉडी के लिए रक्त की जांच की गई। दूसरे प्रकार की जांच में संक्रमण का पता लगाने के लिए नाक से लिए नमूनों या अन्य नमूनों का अध्ययन किया गया।इनमें से एक अध्ययन के परिणाम न्यू इंग्लैंड जरनल ऑफ मेडिसिन में बुधवार को प्रकाशित हुए और इसमें ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स के 12,500 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों ने हिस्सा लिया। अध्ययन में शामिल जिन 1,265 लोगों में कोरोना वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी थे, छह महीने बाद उनमें से केवल दो लोगों में संक्रमण पाया गया और उनमें भी संक्रमण के लक्षण नहीं थे, जबकि इसके विपरीत जिन 11,364 कर्मियों में शुरुआत में एंटीबॉडी नहीं थे, उनमें से 223 में संक्रमण पाया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अध्ययन में 30 लाख से अधिक लोगों को शामिल किया गया, जिनकी अमेरिका की दो निजी प्रयोगशालाओं में एंटीबॉडी जांच की गई।



मैक्सिको सिटी के जनरल हास्पिटल में कोविड 19 का टीका लगवाने के लिए खड़े सैनिक व स्वास्थ्यकर्मी

## क्विक न्यूज

### अमेरिका में टीकाकरण की रफ्तार उम्मीद से कुछ कम रह सकती है: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टीकाकरण अभियान से जुड़े एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि जनवरी के पहले सप्ताह तक कोविड-19 से बचाव के लिए टीके की दो करोड़ खुराक उपलब्ध करवाने के लिए काम किया जा रहा है, लेकिन लोगों को कितनी जल्दी ए टीका लगाए जा सकेंगे यह स्पष्ट नही है। ऑपरेशन वार्प स्पीड के अधिकारी जनरल गस पेर्ना ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि सभी राज्यों में टीके की खुराक देने की गति अच्छी है तथा काफी संख्या में लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। हालांकि अमेरिका में टीकाकरण अभियान के लिए मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार ने कहा, हमने जो सोचा था उसकी तुलना में रफ्तार (टीकाकरण की) कुछ कम है। बीमारी रोकथाम और निवारण केंद्र (सीडीसी) के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार सुबह तक 95 लाख टीकों की आपूर्ति कर दी गई, जिसमें से करीब दस लाख खुराक लोगों को दी जा चुकी है। हालांकि पेर्ना ने कहा कि टीकाकरण के बारे में सूचनाएं देरी से मुहैया कराई जा रही है।कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए अमेरिका में दवा कंपनी फाइजर-बायोएनटेक तथा मॉडर्ना के टीके की आपूर्ति की जा रही है।

### पाकिस्तान में कोविड-19 से एक दिन में 111 मरीजों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले चौबीस घंटे में कोविड-19 से 111 मरीजों की मौत हो गई जो नवंबर में आई संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान सर्वाधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया, देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 4,65,070 हो गए है। अब तक संक्रमण के शिकार हुए कुल 9,668 मरीजों की मौत हो चुकी है। एक दिन में 111 मरीजो की मौत हो गई जो महामारी की दूसरी लहर में हुई मौत की सर्वाधिक संख्या है। पाकिस्तान में अब तक कोविड-19 के 4,17,134 मरीज ठीक हो चुके है और 2,361 मरीजों की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस समय 38,268 मरीज उपचाराधीन है।

### रूस में कोरोना वायरस संक्रमण के 29,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए

**मास्को।** रूस मे कोरोना वायरस संक्रमण के 29,935 नए मामले सामने आए है जो कि एक दिन में सामने आने वाले मामलों की सर्वाधिक संख्या है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रूस मे अब तक संक्रमण के 29 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके है। सरकार के कोरोना वायरस कार्यबल के अनुसार महामारी से अब तक 53,000 मरीजों की मौत हो चुकी है। अधिकारियो ने दूसरी बार राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगाने या व्यापक स्तर पर प्रतिष्ठानों को बंद करने का विरोध किया है। इस महीने के आरंभ मे रूस मे कोविड-19 टीकाकरण की शुरुआत की जा चुकी है।

### वर्तमान हालात में भारत के साथ वार्ता की कोई संभावना नहीं: पाक विदेश मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि वर्तमान में जो हालात चल रहे है उनमे भारत के साथ कूटनीतिक वार्ता की कोई संभावना नही है। एक मीडिया रिपोर्ट मे बृहस्पतिवार को यह कहा गया।नई दिल्ली अपने इस रूख पर कायम है कि वार्ता और आतंकवाद साथ-साथ नही चल सकते है तथा वह इस्लामाबाद से बार-बार यह कहता रहा है कि वह भारत के खिलाफ हमले करने के लिए जिम्मेदार विभिन्न आतंकी समूहो के खिलाफ स्पष्ट कदम उठाए। डॉन अखबार ने कुरैशी के हवाले से कहा, वर्तमान हालात मे भारत के साथ पीछे के दरवाजे से या फिर कूटनीतिक वार्ता की कोई संभावना नही है...इस वक्त संवाद के लिए परिस्थितियां उचित नही है। अखबार के मुताबिक कुरैशी अपने गृहनगर मुल्तान मे संवाददाताओ से बात कर रहे थे जब उन्होंने ए टिप्पणियां की।पठानकोट वायुसेना अड्डे पर 2016 मे पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों ने हमला किया था उसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहद खराब हो गए। इसके बाद उरी मे भारतीय सेना के शिविर पर हमले समेत कई अन्य हमलो के चलते दोनों देशो के बीच संबंध रसातल मे चले गए।

### डैनियल पर्ल हत्याकांड में आरोपित व्यक्ति को अदालत ने रिहा करने के आदेश दिए

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध उच्च न्यायालय ने अमेरिकी पत्रकार डैनियल पर्ल की 2002 में हुई हत्या मे आरोपित व्यक्ति को बृहस्पतिवार को रिहा करने के आदेश दिए। बचाव पक्ष के वकील ने यह जानकारी दी।इस आदेश ने उच्चतम न्यायालय के सितंबर के उस आदेश को पलट दिया है कि अहमद उमर सईद को हिरासत में रखा जाना चाहिए जबतक कि पर्ल के कत्ल के आरोपों से बरी करने को लेकर उसकी अपील पर सुनवाई की जाती है। यह जानकारी उनके वकील महमूद ए. शेख ने दी। पर्ल के परिवार और पाकिस्तान की सरकार ने रिहाई के खिलाफ अपील दायर की है। उच्चतम न्यायालय अपील पर सुनवाई कर रहा है और सुनवाई पांच जनवरी से फिर शुरू होगी।

# नेपाल में राजनीतिक संकट के बीच चीनी राजदूत ने प्रचंड से मुलाकात की

**भाषा।** काठमांडू

**चीनी राजदूत** होउ यांकी ने बृहस्पतिवार को नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि प्रचंड ने प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली को पार्टी के संसदीय दल के नेता और अध्यक्ष के पदों से हटाने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी पर अपना नियंत्रण होने का दावा किया है। माय रिपब्लिका समाचारपत्र ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के करीबी सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रचंड के आवास, खुमलटार में हुई यह बैठक करीब 30 मिनट चली। एनसीपी में टूट के बाद मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर इसमें चर्चा हुई।प्रचंड गुट के एक करीबी नेता विष्णु रिजाल ने ट्वीट किया, चीन की राजदूत होउ यांकी ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड से आज सुबह मुलाकात की। उन्होंने दोनों देशों की द्विपक्षीय चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। काठमांडू पोस्ट ने प्रचंड के सचिवालय के एक सदस्य के हवाले से अपनी खबर में दावा किया है कि चर्चा अवश्य ही समकालीन राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द केंद्रित रही होगी। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से उनके शीतल निवास में मंगलवार को मिलने के दो दिनों बाद चीनी राजदूत ने प्रचंड से मुलाकात की है।माय रिपब्लिका की खबर में कहा गया है कि समझा जाता है कि होउ ने प्रतिनिधि सभा को भंग करने के कदम और मध्यावधि चुनावों की घोषणा के बाद के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा की होगी। यह पहला मौका नहीं है जब चीनी राजदूत ने संकट के समय में नेपाल के राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप किया है।होउ ने मई में, राष्ट्रपति भंडारी, प्रधानमंत्री और प्रचंड सहित एनसीपी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की थी। उस वक्त भी ओली पर इस्तीफे के लिए दवाब बढ़ रहा था।जुलाई में, ओली की कुर्सी बचाने के लिए चीनी राजदूत ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, प्रचंड, माधव कुमार नेपाल और झाला नाथ खनल और बामदेव गौतम सहित कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। दरअसल, ओली चीन के प्रति झुकाव रखने को लेकर जाने जाते हैं।कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने चीनी राजदूत की सत्तारूढ़ दल के नेताओं के साथ सिलसिलेवार मुलाकातों को नेपाल के आंतरिक राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप बताया है। नेपाल के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के विरोध में दर्जनों छात्र कार्यकर्ताओं ने यहां चीनी राजदूत के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने चीन विरोधी नारे लिखे तख्तियां ले रखी थी।गौरतलब है कि हाल के वर्षों में नेपाल में चीन की राजनीतिक पैठ बढ़ी है। दरअसल, चीन ट्रांस-हिमालयन मल्टी डायमेंशनल कनेक्टिविटी नेटवर्क बनाने सहित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटव (बीआरआई) के तहत अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है।निवेश के अलावा, नेपाल में नियुक्त चीनी राजदूत होउ ने ओली के लिए समर्थन जुटाने की खुली कोशिश की है।नेपाल में बीते रविवार को राजनीतिक संकट पैदा हो गया जब राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया और प्रधानमंत्री ओली की सिफारिशों पर मध्यावधि चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। इसपर, सत्तारूढ़ दल के एक हिस्से ने और नेपाली कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने अपना विरोध दर्ज कराया।सत्तारूढ़ पार्टी में अंदरूनी कलह चरम पर पहुंच जाने के बाद यह कदम उठाया गया था। एनसीपी में दो गुटों के बीच महीनों से सत्ता के लिए रस्साकशी चल रही थी, जिनमें से एक गुट का नेतृत्व ओली (68), जबकि दूसरे गुट का नेतृत्व प्रचंड (66) कर रहे हैं।नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने संसद को भंग करने के प्रधानमंत्री ओली के कदम को चुनौती देने वाली सभी रिट याचिकाओं को बुधवार को एक संविधान पीठ के पास भेज दिया। सत्तारूढ़ दल के प्रचंड नीत गुट ने प्रधानमंत्री ओली की जगह उन्हें (प्रचंड को) संसदीय दल का नया नेता चुना है।इससे पहले, मंगलवार को प्रचंड नीत गुट की केंद्रीय समिति की एक बैठक में ओली को पार्टी के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। प्रतिनिधि सभा को असंवैधानिक तरीके से भंग करने को लेकर ओली के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का भी बैठक में फैसला लिया गया।सत्तारढ़ पार्टी एक तरीके से अब विभाजित हो गई है। ओली नीत सीपीएन-यूएमएल और प्रचंड नीत सीपीएन-माओवादी सेंटर के 2018 में विलय के बाद इस पार्टी का गठन हुआ था। दोनों गुटों ने पार्टी की आधिकारिक मान्यता एवं चुनाव चिह्न को अपने पास रखने के लिए पार्टी पर नियंत्रण की रणनीतियां बनाने की कोशिशें तेज कर दी है।

**● प्रचंड ने प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली को पार्टी के संसदीय दल के नेता और अध्यक्ष के पदों से हटाने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी पर अपना नियंत्रण होने का दावा किया है**

## लामा पशु से प्राप्त हुई कोरोना वायरस के खिलाफ प्रभावी सूक्ष्म एंटीबॉडी

**वाशिंगटन (भाषा)।** वैज्ञानिकों ने लामा पशु में ऐसी सूक्ष्म एंटीबॉडी या नैनोबॉडी का पता लगाया है, जो कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने में मददगार हो सकती हैं। साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन के प्रारंभिक परिणाम में कहा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि नैनोबॉडी तरल या ऐरोसोल दोनों रूपों में समान रूप से कारगर हैं, यानी ये सांस से लिए जाने पर भी प्रभावी हो सकती हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि इनमें से एनआईएच-कोवएनबी-112 नामक एंटीबॉडी ऐसी हैं, जो संक्रमण रोक सकती हैं और कोविड-19 संक्रमण के लिए जिम्मेदार सार्स-कोव-2 के स्पाइक प्रोटीन को काबू करने वाले वायरस के कणों का पता लगा सकती हैं। यूनीफॉर्म्ड सर्विसेज यूनिवर्सिटी फॉर द हेल्थ साइंसेज के प्रोफेसर डेविड एल ब्रोडी ने कहा, हमें उम्मीद है कि ए कोविड-19 रोधी नैनोबॉडी संक्रमण को रोकने में काफी प्रभावी और बहुआयामी हो सकती हैं। नैनोबॉडी एक विशेष प्रकार की एंटीबॉडी होती हैं, जो कैमिलिड पशुओं में पाई जाती हैं। ऊंट, लामा और अल्पाका कैमिलिड पशु हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 25 दिसंबर, 2020





# ‘हर साल एक फिल्म ऐसी करती हूं जो मुझे चुनौती देती हो’

**हिंदी फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने पायनियर संवाददाता साक्षी शर्मा के साथ एक रोचक बातचीत में बताया कि उनकी फिल्म ‘शकीला’ में दक्षिण भारत की एक वयस्क फिल्म अभिनेत्री के बारे में गढ़े गए मिथक को तोड़ने के साथ ही उनके मानवीय पक्ष को सामने लाती है। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**

रिचा चड्ढा को जूम और फोनकॉल के माध्यम से प्रमोशन किया जाना भा नहीं रहा। हो सकता है कि ऐसा इसलिये हो कि उन्हें आसानी से किये जाने वाले कार्य नहीं भाते। जबकि वो अपने निभाए चरित्रों को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। उन्होंने कहा, ‘हर चीज़ दूर से हो रही है इस प्रकार से प्रमोशन वास्तविक प्रमोशन से कितना सरल है।

इस फिल्म में रिचा एक वयस्क स्टार शकीला का चरित्र कर रही हैं जो इसी नाम से एक दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री की जीवनी है जिन्होंने उस क्षेत्र की फिल्मी परिदृश्य में दो दशक से अधिक समय तक अपना आधिपत्य बनाए रखा। ये भी सत्य है कि उस समय उनकी फिल्में विवादास्पद बताई जाती हैं क्योंकि उनकी अधिकांश फिल्में सॉट पॉन श्रेणी में मानी जाती थीं। ये फिल्म उनके बारे में एक वयस्क फिल्म स्टार की बजाय उनके मानवीय पक्ष को खंगालती हैं।

प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-



**❖ जब आपको इस शकीला फिल्म में अभिनय करने का प्रस्ताव मिला तो आपकी प्रारंभिक प्रतिक्रिया क्या थी? क्या आप उनकी यात्रा से परिचित थीं?**

मुझे ये रोल मिलने से पहले मैं उनसे कभी नहीं मिली थी। मैं दिल्ली में ही रही हूं और यही कारण है कि उनकी फिल्मों के बारे में अधिक नहीं जानती थी। लेकिन मैंने वर्ष 2000 में उनके बारे में एक राष्ट्रीय मैगज़ीन में पढ़ा था। मुझे याद है कि छोटी होने के कारण मैं उनके बारे में जानकर भ्रमित थी क्योंकि उस मैगज़ीन ने उनके व्यक्तित्व के बारे में कई बातें की थीं जैसे कि वो कितनी भयानक थीं, वो सदा ही नकारात्मक रोल किया करती थीं और कि वो स्टार नहीं थीं। अत: प्रारंभिक चरण में मैं शकीला नामक अवधारणा के बारे में समझने का प्रयास ही कर रही थी।

**❖ जिस व्यक्ति के बारे में आप बचपन में भ्रमित थीं वो रोल करके आपको कैसा प्रतीत होता है?**

कई बार आपको ऐसे लोगों के साथ चरित्र करने पड़ते हैं जिन्हें आप अपना आदर्श मानते थे। सच कहूं तो ये किसी भी अभिनेत्री के लिए ये महान अनुभव होता है। जब फिल्म सत्या में 1998 में मैंने मनोज बाजपेयी के साथ में बच्चे की मां का चरित्र निभाया था लेकिन बाद में 2012 में गैंग्स ऑफवासेपुर में मैंने उनकी पत्नी का चरित्र किया था तो ये मेरे लिए बहुत ही विशेष तथा भिन्न अनुभव था। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा था।

**❖ आपने क्या सोचकर इस भूमिका के लिए सहमति दी थी?**

शकीला का जीवन बहुत ही सिनेमाई था उसमें काफी उतार-चढ़ाव भी थे। उनके जीवन में भी धोखा, तथा नाटकीयता काफी थी। जब मैंने उनकी कहानी को पहली बार सुना था तो आश्चर्यचकित थी कि उनकी कहानी को इससे पहले क्यों नहीं बनाया गया। ऐसे में मैंने इसे एक ऐसे अवसर के तौर पर लिया जिसमें उनके पूरे व्यक्तित्व को सामने लाने का प्रयास किया गया हो।

**❖ जब आप किसी बायोपिक में लीड रोल करते हैं तो आपका दायित्व भी बढ़ जाता है। विशेष रूप से तब जब ये किसी विवादास्पद व्यक्ति के बारे में हो। आपने स्वयं को इस रोल के लिए कैसे तैयार किया?**

मुझे ये तो पता था कि शारीरिक तैयारी, जिसमें भार बढ़ाना शामिल था, के अलावा मुझे कुछ पूर्व तैयारी तो करनी ही होगी। ये सही है कि भूमिका के साथ पूरा न्याय करने का भाव तो विद्यमान था लेकिन मैं उस बारे में अधिक चिंतित नहीं थी क्योंकि मुझे पता था कि ये सब तो मेरे नियंत्रण में था ही। मुझे पता था कि मैं किस ओर जा रही हूं। मैं चाहती थी कि फिल्म बनने पर शकीला प्रसन्न हो जाए। मैं बस इसी बात को लेकर विचलित थी क्योंकि महामारी के कारण मैंने अभीतक फिल्म देखी ही नहीं है। हम सभी इसे साथ में देखेंगे।

मैं चाहती हूं कि फिल्म रिलीज़ होने के बाद भी वो अपना जीवन गरिमापूर्ण ढंग से जी सकें। मैंने शकीला जी के दृष्टिकोण को समझने के लिए उनके साथ बहुत समय बिताया है। मैंने उनसे ढेर सारे प्रश्न भी पूछे थे। लेकिन उन्हें इस बात का पूरा श्रेय देना होगा कि उन्होंने मेरे हर प्रश्न का अच्छे ढंग से उत्तर दिया। वास्तव में मैं फिल्म में अपने रोल को अच्छे से निभाने के क्रम में ही उन्हें और उनकी दुनिया के बारे में जानना चाहती थी। लेकिन कहना होगा कि वो बहुत ही निर्भीक थी, उतनी ही निर्भीक जितनी वो पब्लिक में या फिल्मों में हुआ करती थीं। शकीला जी के साथ काम करना अच्छा था।

**शकीला का जीवन बहुत ही सिनेमाई था और उतार-चढ़ाव से भरा था। उसकी यात्रा में बहुत विश्वासघात और ड्रामा है। जब मैंने पहली बार उसकी कहानी सुनी तो मुझे बहुत आश्चर्य हुआ कि अब तक किसी ने उस पर फिल्म नहीं बनाई थी।**

**❖ अब जबकि आप उनके बारे में जान चुकी हैं और उन्हे गहराई से जानती हैं तो क्या आप मानती हैं कि उनका एक पक्ष ऐसा भी है जो लोगों को पता ही नहीं है?**

देखिये वो बहुत ही अच्छी महिला हैं। उन्हें किसी बात की शिकायत नहीं है फिर चाहे उनका परिवार, मित्र या फिर वो सुपरस्टार ही क्यों न हों जिन्होंने उनके जीवन को नष्ट करने का प्रयास किया था। इन अर्थों में आप कह सकते हैं कि वो एक विजयी महिला हैं। उनके जीवट को कोई तोड़ नहीं सका है। मुझे लगता है कि अब उन्हें स्नेह तथा पहचान की आवश्यकता है चाहे उनके साथ कुछ भी क्यों न हुआ हो। मैं तो इस परिदृश्य में उन्हें एक पीड़ित ही कहूंगी। एक ऐसी महिला जिसके साथ गलत हुआ।

**❖ आप ऐसा क्यों सोचती हैं?**

ऐसा इसलिये क्योंकि मुझे उनके बारे में जानकारी है और उनके परिवार के बारे में भी, कि किस प्रकार से कुछ अभिनेताओं ने उनके कॅरियर को समाप्त करने के कुत्सित प्रयास किये। इस विषय को फिल्म में भी उठाया गया है।

**❖ लोग शकीला की फिल्में देखते रहे हैं जो प्राय वयस्क फिल्में हुआ करती थीं लेकिन इन फिल्मों को समाज द्वारा अच्छी दृष्टि से नहीं देखा जाता था। क्या आपके अनुसार क्या ये पाखंड नहीं है?**

पाखंड तो आज हर पहलू में है ये केवल वयस्क फिल्मों तक ही सीमित नहीं है। ये पूरी फिल्मी दुनिया में व्याप्त है। उदाहरण के लिए मुंबई में किसी अभिनेता के लिए घर मिलने में समस्या होती है जबकि हर कोई फिल्में देखता है। अब आप समझ गई होंगी कि मैं क्या कहना चाहती हूं।

ये एक समस्या है लेकिन समाज में बदलाव आ रहा है और अब लोग इनसब बातों को समझने लगे हैं। अब तो पॉर्नस्टार भी यहां गरिमापूर्ण ढंग से काम कर सकता है। हम अब बहुत दूर आ चुके हैं।

**❖ आपके निभाए चरित्र काफी अलग प्रकार के होते हैं। किसी फिल्म को लेने के समय आप किन पहलुओं से प्रभावित होती हैं?**

कई बार तो कॉमर्शियल कारण ही होते हैं लेकिन कई बार एक अभिनेत्री के रूप में मैं कुछ करके देखना चाहती हूं। कई बार मेरे सहकलाकारों तथा निर्देशकों के साथ अपने संबंध भी कारण बन जाते हैं। तो कह सकते हैं कि कारणों में बदलाव आते रहते हैं। लेकिन जो बाद समान होती है वो ये कि साल में एक फिल्म में ऐसी लेती हूं जिसमें मैं एक अभिनेत्री के रूप में स्वयं को चुनौती दे सकूं।

**❖ आपके काम ने एक अभिनेत्री के रूप में आपमें कितना परिवर्तन किया है?**

यदि आप परिश्रम करते हैं तो आपको हर काम में कुछ न कुछ सीखने को अवश्य मिलता है। लेकिन यदि आप परिश्रम नहीं करना चाहते तो सीखने में भी समय अधिक लगेगा। लेकिन अच्छा यही होता है कि आप अपने काम से ही सीख लें क्योंकि सिनेमा से अभिनेताओं को काफी कुछ सीखने को मिलता है। यद्यपि लोग अभिनेत्रियों को विवाह आदि के बारे में स्मरण कराते रहते हैं लेकिन सच तो यही है कि आप जैसे जैसे समय गुजरता है आप और अच्छे परफॉर्मर बनते जाते हैं और अपने अनुभवों से सीखते जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप आपके जीवन को एक आकार मिलता जाता है और आप और अच्छे निर्णय लेना सीख जाते हैं।

**(उनकी ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज़ हो रही है)**

# ‘व्यक्तित्व को आकार देने वाली फिल्में ही प्रिय’

**अभिनेता** अमित साद को आराम बोरिंग लगता है और उनका कहना है कि वो सदैव नए नए जॉनर तथा चरित्रों के साथ प्रयोग करते रहते हैं। उन्होंने कहा, ‘मैं ऐसे चरित्र करना चाहता हूं जो मुझे चुनौतीपूर्ण लगते हैं। मैं सदैव ऐसे ही चरित्र करना चाहता हूं जो मेरे व्यक्तित्व के अलग अलग पक्ष को सामने लाते हों। हाल ही में उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ‘यारा तथा शकुंतला देवी जैसी फिल्मों में भूमिकाएं की थीं इसके अलावा भी वो अवरोध: द सीज़ विदइन तथा ब्रीद: इंटू द शैडोज़ में भी काम किया था। अब वो अपनी एक नई वेब सीरीज़ ‘जिद’ की रिलीज़ की तैयारी कर रहे हैं।

उनके अनुसार, ‘कई चीजें हैं। मैं तो इसे जादुई पिटारा कहता हूं। इनमें पांच बक्से होते हैं जिन्हें 10 से लेकर 20 बक्सों में विभाजित किया जाता है। ये चरित्र की जटिलता के अनुसार किया जाता है। आराम उबाऊ होता है। मैं सदा से ही ऐसे चरित्र और जॉनर करना चाहता हूं जो मेरे पिछले कार्य से अलग हो। मैं ऐसी फिल्में ही करना चाहता हूं जो मेरे व्यक्तित्व तथा मेरे भीतर के अभिनेता को भी आकार देती हों। मैं ऐसे चरित्र करना चाहता हूं जो मानवीय भावना से ओतप्रोत हों। दबे कुचले लोगों की कहानियां भी मुझे आकर्षित करती हैं। लेकिन मैं अपने मेथड के चलते दर्शकों को बोर नहीं करना चाहता।’



अमित को फिल्म शकुंतला देवी में अपना चरित्र काफी रोचक लगा था। वो इसमें अजय अभय कुमार बने थे जो सान्या मल्होत्रा के चरित्र अनुपमा के पति की भूमिका में था जो शकुंतला देवी के चरित्र की बेटी थी। अजय मां-बेटी के बीच के द्वंद में एक धुरी की भूमिका निभा रहा था।

मां और बेटी के संबंधों पर अच्छी कहानियां कभी कभी ही आती हैं। लेकिन जब ये संबंध शकुंतला देवी और अनु के हों तो ये और भी विशेष बन जाते हैं। मैं वास्तविक सिनेमा से सदा से प्रभावित रहा हूं। मैं सेट पर कई प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों, निर्देशकों तथा मेरे डीओपी तथा दूसरे अभिनेताओं के साथ भी काम करने का अनुभव रहा है। लेकिन जब ये फिल्म आई तो मेरे प्रशंसकों ने इसे अपना प्यार देकर इसे और भी विशेष बना दिया था। इसके अलावा विद्याबालन इस फिल्म में थीं और मेरे लिए फिल्म का हिस्सा होना हर्ष का विषय था।

फिल्म सोनी मैक्स चैनल पर शीघ्र ही प्रसारित हो सकती है।

# 2020 की विदाई करें सोनीलिव की सीरीज सैंडविच्ड फॉरएवर के साथ

**हिंदी** फिल्मों ने हमें सिखाया है कि सब कुछ अपने माता-पिता को प्यार करने में हैष्ए किन्तु जब वही प्यार थोड़ा अतिरेकपूर्ण हो जाता हैए तब क्या होता है! गेम निर्माता और राष्ट्र.स्तरीय एक खिलाड़ी शादी करती है और मुंबई में ष्सदा.सदा के लिए खुशहाल जीवन आरम्भ करने की योजना बनाती है। लेकिन उनलोगों ने अपनी नई ज़िंदगी शुरू की ही थी कि उनके दुखदायी ससुराल वाले उनके नए पड़ोसी के रूप में आ धमकते और अशांति छाने लगती है। इस बार क्रिसमस के अवसर पर सोनीलिव अपने आगामी मौलिक शो, सैंडविच्ड फॉरएवर में वर्ष 2020 का अति आवश्यक अंत का समारोह लेकर आ रहा है। 25 दिसम्बर से आरम्भ होने वाला 15 एपिसोड का यह हास्यप्रधान शो शहर के सबसे सनकी परिवार और उन्हें एकजुट रखने वाले टेढ़े-मेढ़े समीकरणों पर आधारित है। रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित और स्टूडियो नेक्स्ट द्वारा निर्मित सैंडविच्ड फॉरएवर एक हास्यप्रधान शो है जो नवविवाहित समीर और नैना के इर्द-गिर्द घूमता है। घरष् की उनकी तलाश का अंत एक फ्लैट में होता है जो नैना के माता-पिता के फ्लैट से सटा हुआ है, जबकि समीर के माता-पिता भी कुछ ही दिनों में उनके पड़ोस में आ बसते हैंण् घर की सजावट से लेकर भोजन की पसंद तक इन सास-श्वसुरों



की दखलंदाजी घर के मामलों में जैसे.जैसे बढ़ती जाती हैए समीर और नैना के जीवन में उथल.पुथल शुरू हो जाता है और पल भर में सब कुछ उलटा.पुल्टा हो जाता है। हास्य, व्यंग्य और जीवन से गहरे जुड़े पलों से भरपूर इस शो में हर आधुनिक भारतीय परिवार में व्याप्त पेचीदा फिर भी प्रेमपूर्ण संबंधों पर रोशनी डाली गयी है। मुख्य भूमिका में आहना कुमरा और कुणाल रॉय कपूर अभिनीत इस शो का कथानक-लेखन और संचालन द कपिल शर्मा शो से मशहूर हुए भारत कुकरेती ने किया है। इस शो में ज़ाकिर हुसैन, दिव्या सेठ शाह, अतुल कुलकर्णी और लुबना सलीम एवं अन्य शानदार कलाकारों ने अभिनय किया है।

# सीख देने वाले मौके हैं जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव : अभिषेक बच्चन

**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बच्चन का कहना है कि असफलताओं से सार्वजनिक तौर पर निपटना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन एक कलाकार के नाते उन्होंने जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव को सीख देने वाले मौकों के रूप में लेना सीख लिया है। बच्चन ने वर्ष 2000 में जे पी दत्ता की फिल्म रिफ्यूजी से अपने करियर की शुरुआत की थी और हाल ही में उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में 20 साल पूरे किए। इन वर्षों में बच्चन की कई फिल्मे हिट हुईं तो कई बुरी तरह फ्लॉप रहीं।



उन्होंने कहा, सभी को सफलता पसंद है लेकिन जब आपका सबसे बुरा समय सबके सामने आता है तब इससे निपटना चुनौतीपूर्ण होता है। आपको आगे बढ़ना होता है... लेकिन यह दोनों ही चीजें समान रूप से कठिन होती हैं। बच्चन (44) ने कहा, स्वयं को दूसरों से अधिक महत्वपूर्ण समझे जाने का खतरा मोल लेते हुए, मैं दोनों स्थितियों में रहा हूं। मैंने बड़ी कामयाबी देखी है और ऐसी फिल्में भी देखी हैं जिन्होंने अच्छा नहीं किया। मुझे प्यार और प्रशंसा मिली है तो तिरस्कार भी झेला है। आपको दोनों ही परिस्थितियों में समान रूप से व्यवहार करना होता है। आपको इन्हें सीखने के मौके के रूप में देखना होता है। अभिनेता ने कहा कि लोगों द्वारा सफलता और असफलता को लेकर दिए गए ध्यान पर वह हमेशा सामान्य रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां स्टार बनने नहीं आया हूं, मैं यहां एक अच्छा अभिनेता बनने आया हूं। यह मेरी प्राथमिकता और लक्ष्य है। मैं ऐसी फिल्में बनाना चाहता हूं जिसे मेरे दर्शक पसंद करें। इस साल बच्चन ने अमेजन प्राइम पर ब्रीद: इनटू द शैडोज सीरीज के साथ डिजिटल माध्यम पर आगाज किया। उनकी फिल्म लूडो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। उनकी अगली फिल्म अपराध थ्रिलर बॉब बिस्वास है।

# रजनीकांत की फिल्म अन्नाथे की शूटिंग रुकी निर्माण से जुड़े चार सदस्य कोविड-19 से संक्रमित

**चेन्नई।** रजनीकांत की फिल्म अन्नाथे के सेट पर फिल्म निर्माण से जुड़े चार लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद शूटिंग रोक दी गई है। सूत्रों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। फिल्म प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने बताया कि शीर्ष अभिनेता एवं अन्य सदस्यों में वायरस के संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। सन पिक्चर्स ने ट्वीट कर कहा, रूटीन जांच के दौरान अन्नाथे फिल्म के निर्माण से जुड़े चार सदस्यों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। सुपरस्टार रजनीकांत एवं फिल्म निर्माण से जुड़े अन्य सदस्यों में इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सबकी सुरक्षा को देखते हुय फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है। महामारी के कारण इस फिल्म की शूटिंग रोक दी गई थी और 14 दिसंबर को इसे दोबारा शुरू किया गया था।



**बार एसोसिएशन का चुनाव, खुशी में मनी होली और दिवाली एक संग, भूले कोविड प्रोटोकाल**

# बार एसोसिएशन के चुनाव में पांचवी बार जीते हरीश त्रिपाठी

● युवा वकीलों ने फहराया परचम इकलौती महिला पदाधिकारी चुनी गईं जया सिंह

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-विजयी होने के बाद विजयी मुद्रा में बार अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी पायनियर



सीतापुर-हरीश त्रिपाठी के जीतने के बाद गेट के बाहर अधिवक्ताओं को जश्न मनाने से रोंकती पुलिस पायनियर

**सीतापुर** बार एसोसिएशन के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश त्रिपाठी एक बार फिर अध्यक्षी सीट पर काबिज हुए हैं। त्रिपाठी अबकी पांचवी दफा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने अपने निकटतम पूर्व उपाध्यक्ष विजय नाथ अवस्थी को पराजित कर यह जीत दर्ज की है। सबसे खास बात यह रही है कि चुनाव में नए चेहरे जीत कर सामने आए तो एक मात्र महिला पदाधिकारी के रूप में जया सिंह संयुक्त सचिव प्रकाशन चुनी गई हैं। अरसा बाद बार एसोसिएशन चुनाव के नतीजे दिन में घोषित हुए हैं, इससे पहले देर रात तक परिणाम आते थे, भीषण ठंड में बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर गर्मी का माहौल बना रहा, जैसे ही नतीजे आए ढोल नगाडे के बीच अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का साथी अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रंगों की होली भी खेल डाली और पटाखे फोड़कर दिवाली भी मना डाली। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार भी किया। जोश में वह कोविड प्रोटोकाल का पालन करना भी भूल गए। इस बार भी नतीजों में चौकाने वाली बात यह रही है कि अपने को बुद्धिजीवी कहने वाले दस वकील ठीक से अपना मत भी नहीं दे पाए, इससे उनके मत अनबैलिड करार दे दिए गए। पांच अधिवक्ताओं को चुनाव में उनके प्रत्याशी पसंद नहीं नहीं आए, लिहाजा उन्होंने नोटा का इस्तेमाल किया। अब आइए, एक नजर डाल लेते हैं कि इस चुनाव में किसको कितने मत मिले। चुनाव अधिकारी हारिश कमाल अय्यूबी व सहायक चुनाव अधिकारी राजेश मेहरोत्रा, श्रीराम रस्तोगी द्वारा घोषित नतीजों के मुताबिक अध्यक्ष पद पर हरीश त्रिपाठी ने 301 मत पाकर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर 273 मत पाकर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय नाथ अवस्थी रहे। तीसरे नंबर पर अक्षय सहाय को 192 मतों पर ही संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 336 मत पाकर नजीर अहमद जीते। दूसरे नंबर पर 280 मत पाकर राजेश तिवारी रहे। तीसरा स्थान पर अवधेश शुक्ला का रहा। अवधेश को 221 मत हासिल हुए। दो पदों वाले ज्येष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 252 मत पाकर विवेक शुक्ला और 223 मत पाकर लखपति सिंह ने जीत दर्ज की। जबकि अमित कुमार पाल को 144, आशुतोष दीक्षित को 148, भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव 152 व शिव नाथ मिश्र को 213 मत मिले। दो पदों वाले कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 425 मत पाकर शिवलेंद्र बहादुर सिंह व 336 मत पाकर अनुराग श्रीवास्तव जीते। जबकि राम कृष्ण त्रिवेदी को 291 मत मिले। महासचिव पद पर 324 मत पाकर संजय सिंह विजयी हुए। बुद्धि प्रकाश मिश्रा को 250 मत, रत्नेश द्विवेदी को 90, नीरज मिश्रा को 62 मत पाकर संतोष करना पड़ा। संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर 403 मत पाकर जया सिंह ने जीत दर्ज की है। उनके प्रतिद्वंदी अजेंद्र कुमार शुक्ला को 337 मत मिले। संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर 409 मत पाकर अनुज कुमार श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की है। अनुपम कुमार अवस्थी को 337 मत हासिल हुए। कोषाध्यक्ष पद पर456 मत पाकर राजेंद्र कुमार भट्ट विजयी हुए। शैलेंद्र कुमार टललन को 285 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर 481 मत पाकर राम प्रताप सिंह, 376 मत पाकर सदाशिव त्रिवेदी, 334 मत पाकर विवेक गौरव गुप्ता, 333 मत पाकर सईद अहमद अंसारी को 321 मत पाकर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, 309 मत पाकर राम मनोहर लोधी ने जीत दर्ज की। जबकि राजेंद्र कुमार गौड़ 259 मत पाकर हा गए।



जया सिंह

# सांसद, विधायक ने लाभार्थियों को सौंपी चेक

● मिश्रिख ब्लाक में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर



नैमिषारण्य-लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र देते सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव

**नैमिषारण्य** के सत्संग भवन में डूडा की ओर से चेक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सांसद अशोक रावत और विधायक रामकृष्ण भार्गव ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को चेक दिए। सांसद अशोक रावत ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए इस सरकार को जनता की सबसे हितैषी सरकार बताया साथ ही उन लोगों को केंद्र प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भी केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए केंद्र प्रदेश की सरकार को बिना धर्म जाति के भेदभाव के कार्य करने वाली सरकार बताया। इस मौके पर डूडा अधिकारी सुधीर गिरी, जेई पीयूष मिश्र, राज कुमार सोनी, राम गोपाल अवस्थी, विजय भार्गव, भास्कर मिश्रा, मनोज पाण्डेय, प्रदीप दीक्षित, सुधीर शुक्ला राणा, इस्माईल बेग आदि मौजूद रहे। उधर मिश्रिख ब्लॉक परिसर में प्रशासन की ओर से कम्बल बांटे गए। जिसमें सांसद और विधायक रामकृष्ण भार्गव ने जरूरतमंदों को कम्बल दिए। इस मौके पर एसडीएम गिरीश झा, तहसीलदार चन्द्रकांत त्रिपाठी, बीडीओ राम कुमार उपाध्यय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, रामगोपाल अवस्थी, ब्लाक प्रमुख नत्था राम राजवंशी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापकों के साथ एबीएसए ने की बैठक

संवाददाता। कसमंडा सीतापुर

**बीआरसी** कमलापुर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील सिंह ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति और दीक्षा एप की समीक्षा की गई। बीईओ ने जल्द स्वेटर वितरण का लेखा जोखा भी देखा। इस मौके पर एआरपी मनोज कनौजिया, हिमांशु शुक्ला आदि मौजूद रहे। उधर कमलापुर प्राथमिक विद्यालय महोली में संकुल शिक्षक की बैठक हुई। इसमें बीईओ सुषील सिंह ने विद्यालयों में रीडिंग कार्नर बनवाने पर जोर दिया और मिषन षक्ति कार्यक्रम को नियामनुसार चलाने का निर्देष दिया। बैठक में बाबू लाल कोरी, अंजली सिंह, भावना तिवारी, सत्येंद्र श्रीवास्तव, सुनीता शर्मा, प्रतिक्षा मिश्रा, अमिता तिवारी, स्मृति खरे, सजीली चौधरी, ज्योति नाथानी आदि मौजूद रही।

**ब्लॉक मुख्यालय पर**

# आवास सूची में दिव्यांगों के नाम न होने से रोष

● राष्ट्रीय विकलांग पार्टी द्वारा दिया गया ज्ञापन

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर



मछरेहटा-प्रदर्शन करते दिव्यांग पायनियर

**मछरेहटा** ब्लॉक परिसर में आवास दिए जाने की मांग के समर्थन में दिव्यांगों ने प्रदर्षन किया और एडीओ पंचायत कृष्ण कुमार सरोज को ज्ञापन दिया। प्रदर्षन के दौरान दिव्यांगों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और किसान आंदोलन को समर्थन भी दिया। जिला अध्यक्ष सुधीर अवस्थी दिव्यांगों का नेतृत्व करते हुए कहा कि ब्लॉक में ग्राम सचिव द्वारा आवास प्लस सूची में धांधली गिरी जमकर की गई है, दिव्यांग जनों के सूची में नाम ना डालकर आपात्रों के सूचियों में नाम डाल दिए गए हैं जिससे हम दिव्यांग जनों को कोई भी सरकार की तरफसे योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। इसके पहले एडीओ पंचायत कृष्णा कुमार सरोज मौके पर आकर धरने पर बैठे दिव्यांग जनों से ज्ञापन देने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित रहे दीपक कुमार मिश्र, अनिल रस्तोगी योगेंद्र कुमार मोर्य ,प्रेम प्रकाश आदि काफी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

### सांसद ने सुनीं दिव्यांगों की समस्याएं

**जलालपुर-मछरेहटा** मार्ग पर गुजर रहे सांसद आषोक रावत और विधायक रामकृष्ण के काफिले को मछरेहटा में दिव्यांगों ने रोक लिया। दोनों नेताओं ने दिव्यांगों की समस्याओं को सुना और मौके पर बीडीओ संजय कुमार सिंह को बुलाकर समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देष दिया।

# संरक्षण में चल रहा अवैध खनन!



लहरपुर-क्षेत्र में हा रहा खनन पायनियर

● कोहरे की आड़ में सुबह होता है खनन का खेल

● क्षेत्रवासियों की शिकायत पर भी नहीं होती कोई सुनवाई

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**अवैध खनन,** अवैध कारोबार, अवैध वसूली पर जहां एक और शासन रोक लगाने की बात कर रहा है वही लहरपुर कोतवाली पुलिस के संरक्षण में अवैध कारोबारियों का बोलबाला है अवैध खनन ईट भट्टों पर बड़े पैमाने पर हो रहा है और लहरपुर पुलिस इस खनन के नाम पर खनन के अवैध कारोबारियों से हजारों रुपए प्रतिदिन वसूल रही है, जिम्मेदार मौन है पूरी पुलिस प्रशासन व्यवस्था सवालों के घेरे में है ऐसा नहीं है कि कोतवाली प्रभारी से लेकर जिले के अन्य अधिकारी इस हो रहे अवैध कारोबार से अनभिज्ञ हैं बावजूद इसके इस अवैध खनन के कारोबार पर रोंक न लग पाना पूरी कानून व्यवस्था को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर देता है। गौरतलब है कि लहरपुर सीतापुर मार्ग लहरपुर हरगांव मार्ग लहरपुर भदफर मार्ग, लहरपुर बिसवां मार्ग पर 2 दर्जन से अधिक ईट भट्टों पर शाम ढलते ही जेसीबी मशीनें धरती मां का सीना चीरने लगती हैं और फिर जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर ट्रालिओं में मिट्टी को भर कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का खेल शुरू हो जाता है जोकि कोहरे की आड़ में सुबह 5:00 बजे तक चलता है इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने कई बार संबंधित उच्च अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र भी भेजे हैं पर भ्रष्ट हो चुके सिस्टम के कान में जूं तक नहीं रेंगती। इस संबंध में जब खनन अधिकारी संजय प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम अधिकारियों के पास पूरे जिले की जिम्मेदारी है रात में कोई अवैध कारोबार ना हो इसका दायित्व पुलिस का बनता है, उन्होंने कहा कि वह स्वयं मामले को संज्ञान में लेंगे और दोषी खनन माफियाओं के विरुद्ध तहसील प्रशासन के साथ मिलकर साझा अभियान चलाएंगे।

## तमंचा दिखाकर छीनी नगदी

**तंबौर सीतापुर।** बेहटा क्षेत्र के कतरा रायपुर के रहने वाले पंचायत मित्र ब्रजेश कुमार पुत्र अशर्फी लाल ने तंबौर थाने में तहरीर देते हुवे भवानीपुर के रहने वाले रजनीश मिश्रा पुत्र गौरीशंकर व उनके दो साथियों पर तमंचा दिखाकर रुपए लूटने का आरोप लगाया है । उन्होंने बताया कि बुधवार को इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्राहक सेवा केंद्र नौवनपुरवा पर 9500 रुपए अपने खाते से निकाल कर भवानीपुर होते हुवे अपने घर जारहा था तभी रास्ते मे खेत के पास आरोपियों ने गाड़ी रुकवा कर तमंचा की नोक पर रुपए छीन लिए । मामले की नामजद तहरीर थाना पर दे दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है।

**जिलाधिकारी ने नवीन मण्डी सीतापुर में संचालित**

# धान क्रय केन्द्रों का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज पायनियर

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज ने मण्डी समिति सीतापुर स्थित पी0सी0एफ0 एवं आर0एफ0सी0 1 के धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कृषकों से वार्ता की एवं धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को कृषकों से मृदु एवं संयमित भाषा में संवाद करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने, केन्द्र पर सेनेटाइजर हैण्डवास साबुन, हाथ धोने का पानी एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्रों के अभिलेखों को भी देखा तथा निर्देश दिये कि नियमों के अनुरूप धान का क्रय किया जाये। उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिये कि नियमित रूप से जांच की जाये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित किया जाये तथा मण्डी समितियों में सभी सुविधाये उपलब्ध करायी जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट, मंडी सचिव ज्योति चौधरी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने इलसिया ग्रंट गौआश्रय का जाना हाल

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज ने इलसिया ग्रंट स्थित गौआश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने निर्देश दिए ठण्ड के दृष्टिगत पशुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाय। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं की आवक तत्काल दर्ज करायें एवं उनकी टैगिंग करायी जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट, खंड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**गांव-गांव पहुंचे प्रसपा जन के पांव**

# किसान विरोधी है प्रदेश सरकार:अशोक




सीतापुर-गांव-गांव यात्रा निकालती प्रसपा पार्टी के कार्यकर्ता पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**बृहस्पतिवार** को प्रसपा के जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने गांव-गांव पहुंचे प्रसपा के पांव यात्रा निकाली गई। जिसमें किसानों को जागरूकता संदेश दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है जो किसानों के हितों की बात नहीं करके उनका शोषण करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सतनापुर, गाजीपुर, असनिया, सिंघनापुर गांव में जाकर किसानों से वार्ता की। इस मौके पर तरून रावत, अमरेन्द्र यादव, राजन, सुखवीर आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने लगवाया नेत्र शिविर



खैराबाद देहात-नेत्र शिविर को सम्बोधित करते जिं.पं. सदस्य महेन्द्र सिंह यादव

● 307 मरीजों का कराया परीक्षण

संवाददाता। खैराबाद सीतापुर

**खैराबाद** ब्लाक के गांव चंदीपुर में 307 मरीजों ने नेत्र शिविर में परीक्षण कराया गया जिसमें 103 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए जिनका कल ऑपरेशन आँख अस्पताल सीतापुर में होगा। आयोजक जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह यादव ने आवास पर कैंप लगाकर लोगों का परीक्षण कराया। इस दौरान महेश यादव, राम लखन मौर्य, विपिन तिवारी, लक्ष्मण राठौर, विजय यादव, रामगोपाल, महेश्वर आदि मौजूद रहे।

# कठिन परिश्रम कर आगे का मार्ग प्रशस्त करें विद्यार्थी : मौर्य

● सीता इण्टर कालेज में मेधावियों को मिला सम्मान, खिले चेहरे

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर



महमूदाबाद-पुरस्कृत होने के बाद मौजूद एसडीएम, सीओ व छात्र पायनियर

**जीवन** में सफलता अर्जित करने के लिए अनुशासित होना बहुत ही आवश्यक है। अनुशासन की पहली सीढ़ी विद्यार्थी जीवन से शुरू होती है। छात्र जीवन में किसी प्रकार का सम्मान संस्थान में मिलना बहुत ही बड़ी बात होती है। सभी बच्चों में प्रतिभाएं होती हैं। प्रतिभाओं में भिन्नता हो सकती है। पसंद सबकी अलग-अलग होती है। जिसे जो पसंद है, उसे चुनकर कक्षाओं के बाद सामाजिक जीवन में बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें उपजिलाधिकारी पीएल मौर्य ने सीता इंटर कॉलेज सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। सीओ रविशंकर प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का काम करती हैं। विद्यार्थी जीवन में सिखा गया अनुशासन पूरे जीवन काम आता है। कोतवाल अनिल पांडेय ने कहा कि जिन्हें सम्मान मिला है उनसे अन्य बच्चे प्रेरणा लेकर सम्मान प्राप्त करने की कोशिश करें क्योंकि सच्चे मन से की गई कोशिश कभी व्यर्थ नहीं जाती। खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह ने कहा कि नॉलेज व कल्चर युक्त नागरिक शिक्षक द्वारा तैयार किया जाता है। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्था में संपन्न हुई त्रैमासिक परीक्षा के कक्षा नौ, 10, 11 व 12 के करीब 271 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रधानाचार्य आरके वाजपेई, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर, एकेडमी प्रिंसिपल डीके गिरी, जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनंत रत्नम् ने माल्यार्पण, बैज अलंकरण, उत्तरी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। संचालन अनूप सूरज द्वारा किया गया। शिक्षक आरजे वर्मा, प्रतिभा सिंह, राकेश शुक्ल, बीके शुक्ल, यशपाल वर्मा, मनोज गुप्त, कमल गुप्त सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

**सीता इंटर** कॉलेज में संपन्न हुयी त्रैमासिक परीक्षा में कक्षा 9 से 12 तक प्रथम स्थान पाने वाले कक्षा 12 के आयुष वर्मा, हिमांशु यादव, अंशु वर्मा, दिव्यांशु सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, आर्यन सिंह, उदयराज सिंह, शुभम कुमार, कक्षा 11 के अभिनव वर्मा, सोनाक्षी वर्मा, अमित चक्रवर्ती, सूरज रस्तोगी, गरिमा वर्मा, श्रुति गुप्ता, रघुराज सिंह, कक्षा 10 की अंशिका गुप्ता, विवेक कुमार, कक्षा नौ की पलक मौर्य, पिंकेश कुमार व सीता चिल्ड्रन एकेडमी में कक्षा 12 के क्षितिज गुप्त व शौर्य सिंह, कक्षा 11 के मुकुल गुप्त व राजन मिश्र कक्षा 10 की छात्रा तान्या श्रीवास्तव व कक्षा नौ के अग्रिम वर्मा के साथ द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले 271 छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 25 दिसंबर, 2020



# दतेली बार्डर पर पहरा

● किसानों को रोकने के लिए उठाए कदम

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**भारत सरकार** की कृषि विरोधी नीतियों के चलते सिंधु बार्डर पर दिल्ली बार्डर पर हरियाणा व पंजाब के किसान नेताओं ने जाम लगा दी। जिससे कई दिनों तक अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त रहा। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा कृषि बिल पास किया गया है वह विरोधी है। इसके चलते कई हफ्तों से कृषि मंत्री भारत के गृह मंत्री सहित किसानों से वार्ता कर रहे हैं।

किसान अपनी मर्जी के आगे कोई भी बात मानने को तैयार नहीं हैं। इसके चलते दिल्ली के आस-पास सटे हुए बार्डर पर अफरा-तफरी का माहौल है। इतना ही नहीं किसान समिति ग्रुप से लंगर आदि की व्यवस्था भी कर रहे हैं और वह अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। इसको लेकर सभी प्रदेशों में रेड अलर्ट जारी कर अपने क्षेत्र में पड़ने वाले जिला बॉर्डर पर थाने के बॉर्डर पर रोक कर उनको चिन्हित कर घर भेज देने का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते जिला लखीमपुर खीरी के कोतवाली गोला के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडे व हैद्राबाद प्रभारी निरीक्षक सुनीत कुमार के नेतृत्व में पीलीभीत बस्ती बाईपास रोड पर थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव दतेली में बैरिकेडिंग लगाकर सभी निकलने वाले वाहनों की सघन तलाशी की गई। इसके चलते वहां पर गोला व हैदराबाद के प्रभारी निरीक्षक के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## जहर खाकर महिला ने दी जान

**चौडगरा फ्तेहपुर।** जनपद के मलवा थाना क्षेत्र के भादवा गांव निवासी सुनीता पत्नी कुन्नू मजरे शिव बख्सपुर उम्र 45 नें घरेलू कलह के चलते जहर खाकरथ आत्महत्या करने जानकारी के अनुसार सूचना पर पहुंची मलवाँ पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु फ्तेहपुर भेजा। थानाध्यक्ष मलवाँ शेर सिंह राजपूत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## दबंगई का सिलसिला

**निघासन-खीरी।** ग्राम त्रिलोकपुर नौगवां के प्रधान शत्रोहन लाल की मिलीभगत से चारागाह में मछली पालन कर रहे सुमित पुत्र शारदा प्रशाद निबासी बोटनपुरवा व उनके दबंग साथी को मौकाये वारदात पर पाया गया। सुमित पुत्र शारदा प्रशाद ने कहा कि मुझे प्रधान जी ने कहा कि चारागाह की जगह में अवैध कब्जा कर लो और मछली पालन कर लो। मुझे हर महीने कमीशन देते रहना और कोई कुछ कहे तो कह देना कि जो करना है करो जाके। मेरा कोई कुछ नहीं कर पाएगा। सुमित पुत्र शारदा प्रसाद निबासी बोटनपुरवा प्रधान शत्रोहन लाल निवासी त्रिलोकपुर के कहने पर चारागाह की जमीन पर मछली पालन कर रहा है। वहीं प्रशासन का मौन होना चिंतनीय है।

# सभी रोगों की दवा है श्री राम कथा

**मोहम्मदी-खीरी।** मानस अमृत सेवा संस्थान के तत्वाधान में नगर मोहम्मदी मोहल्ला शुक्लापुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही श्रीमानस अमृत राम कथा के पंचम दिवस की कथा में जितेन्द्री जी महाराज ने कहा कि श्रीराम की भक्ति से मनुष्य का जीवन सफल होता है। आज के समय में श्रीराम कथा लोगों को शक्ति यानी ऊर्जा दे रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा सभी रोग की दवा है। जो गायेगा वही तर जायेगा। श्रीराम कथा की महिमा तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीराम चरित्र मानस के रूप में हमारे बीच है। हम सब अपने जीवन में श्रेष्ठ आचरण करें। इसके अलावा हमारा आचार विचार व्यवहार भी श्रेष्ठ होना चाहिए। श्रीराम जी के कृपा के बिना वह सत्संग सहज नहीं मिलता। सत्संग आनंद और कल्याण की जड़ है जो मनुष्य इस संत समाज का प्रभाव प्रसन्न मन से सुनते हैं और समझते हैं। वो इस शरीर के रहते ही धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों फल पा जाते हैं। कथा में प्रमुख रूप से कथा आयोजक संजय सैनी, रजनी सैनी समेत भाजपा नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता,अभिषेक दीक्षित, मुकेश दुबे, अनूप पांडे, सुरेश तिवारी, सुधीर तिवारी व अंकित तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# स्वेटर पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जडौरा के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के 133, में से उपस्थित 88, बालक एवं बालिकाओं को ग्राम प्रधान अनुराग मिश्रा द्वारा स्वेटर वितरित किये गये। वहीं उपस्थित प्रधानाचार्य शमशुल हक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में सभी बालक एवं बालिकाओं को निशुल्क जूते, मौजे, किताबें, स्वेटर व दूशे वितरित किये जाते हैं। जिसके चलते दिसम्बर माह में अत्यधिक सर्दी पढ़ने के कारण जड़ौरा प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान अनुराग मिश्र ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राम शिक्षा समिति पदाधिकारीगण प्रधानाचार्य शमशुल हक, सहायक अध्यापिका मुन्नी देवी सहित उमेश मिश्रा, रामू मिश्रा, शिव प्रकाश मिश्रा व लक्ष्मीकांत सहित सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण मौजूद रहे।

# युवक को चौकी प्रभारी ने पहुंचाया परिजनों तक

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**कोतवाली** नीमगांव की पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी ने मानवता की मिशाल पेश की। कड़ाके की ठंड में कांप रहे भूखे युवक को नास्ता करवाया और अपने साथ गाड़ी में बैठाकर परिजनों तक पहुंचाया।

बीती रात पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बेलहरी में रात 2 बजे रात्रि गस्त के दौरान चौकी प्रभारी ने एक दुकान के सामने बैठे युवक से पूछताछ की ।पता चला युवक गोला निवासी अपने ताऊ के यहां से नाराज होकर अपने घर जा रहा था पर रास्ते में वाहन न मिल पाने की दशा में उसको कड़ाके की ठंड में रात दुकान के सामने बैठ कर गुजारने पर मजबूर होना पड़ रहा है। चौकी प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि बीती रात वह रात्रि गस्त पर निकले थे। रात दो बजे ग्राम बेलहरी चौराहे पर एक युवक ठंड से कांपता हुआ नजर आया। गाड़ी रोक कर ठंड से कांप रहे युवक को कंम्बल दिया। जानकारी में पाता चला युवक थाना मितौली के ग्राम परसेहरा का रहना वाला है। उसका नाम सचिन कुमार पुत्र सियाराम है। युवक ने बताया कि वह गोला में रह कर अपने ताऊ की पान की दुकान पर रह कर उनकी काम में मदद करता था। बीती रात किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया जिस पर वह नाराज होकर अपने घर जा रहा था। गोला से बेलहरी तक किसी वाहन से आ गया। रात काफी हो जाने के कारण कोई वाहन नहीं मिल पाया। तभी उसे रात बेलहरी में गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी होने के बाद चौकी प्रभारी ने युवक को चाय नास्ता करवा सरकारी गाड़ी में युवक को बैठा उसके गांव परसेहरा पहुंचाया। इससे पहले भी चौकी प्रभारी लगातार क्षेत्र में दर्जनों सराहनीय कार्य कर चुके हैं। लोगों की जुबान सिर्फ हनुमान लाल तिवारी का ही नाम सुनाई दे रहा है।

# रियाज अहमद को मिली प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी



**लखीमपुर-खीरी।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रियाज अहमद मोनू को उप्र युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव बनाया गया। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष पहलाद पटेल ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने भी बधाई देते हुए कहा कि उनके मनोनयन से युवाओं को नया जोश और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथ कांग्रेस श्रीनिवास बीवी और प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस ओमवीर यादव का भी शुक्रिया अदा किया। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी नकुल सक्सेना ने भी बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मनोनयन से युवा कांग्रेस में एक मजबूती दिखाई देगी। पूर्व सह मंडल प्रभारी किसान कांग्रेस देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि जिम्मेदारी देने के लिए शीर्ष नेतृत्व धन्यवाद दिया जाना चाहिए। वहीं रियाज अहमद मोनू ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई वह उसका वह तन-मन से निर्वहन करेंगे। मनोनयन पर प्रियंका गांधी, श्रीनिवास एवं ओमवीर यादव का शुक्रिया भी अदा किया। कांग्रेस कार्यालय पर जिला संयोजक सोशल मीडिया ललित मिश्रा ने माला पहनाकर बधाई दी। इस दौरान जीतू शुक्ला, रोहित राठौर, सौरभ सिंह, शकील मंसूरी, प्रदीप, अनूप यादव, कामिल उस्मानी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्धनों, निराश्रितों व मजदूरों को बांटे कंबल



संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**युवराज दत्त** स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई के स्वयंसेवकों ने रोटरी क्लब लखीमपुर के सहयोग से निर्धन, निराश्रित तथा दिहाड़ी मजदूरों को भीषण ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए। एसोसिएट प्रोफेसर एवं एनएसएस प्रभारी डा. सुभाष चंद्रा ने ग्राम बांसखेड़ा के निर्धन, निराश्रित तथा दिहाड़ी मजदूरों तथा जरूरतमंदों को चिन्हित कर प्राचार्य डा. डीएन मालपानी, रोटरी अध्यक्ष श्री रघुवीर मित्तल, सहायक मंडलाध्यक्ष श्री हुकुम चंद अग्रवाल, पूर्व मंडलाध्यक्ष डा. अजय कुमार आगा तथा एचपी त्रिपाठी, मधुलिका त्रिपाठी, विनोद जैन, शैलेंद्र सिंह, राजीव जौहरी, ग्राम प्रधान बांसखेड़ा राम गोपाल वर्मा तथा एनएसएस स्वयंसेवक सुदीप अवस्थी, आकाश, फुजैल, बलदाऊ, सोनू राना, मनु बाजपेई व सोमकार्तिक राना के साथ जाकर पचहत्तर परिवारों को कंबल वितरित किये। इस अवसर पर प्राचार्य डा. डीएन मालपानी ने बताया कि रोटरी के सहायक मंडल अध्यक्ष हुकुमचंद अग्रवाल तथा पूर्व मंडलाध्यक्ष डा. अजय कुमार आगा के सहयोग से भीषण ठंड को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों की सेवाएं लेकर आगे भी इसी तरह के निर्धन व निराश्रित लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण का कार्य जारी रहेगा।

# प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।



**भारत रत्न** अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कृषक समाज इंटर कालेज गोला में छात्र-छात्राओं के मध्य क्वीज, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला प्रतियोगिता में स्मरणिका तिवारी प्रथम, मानसी गुप्ता द्वितीय तथा प्रांजली सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर क्विज प्रतियोगिता में आकाशदीप प्रथम, गोविंद कुमार द्वितीय तथा मोहम्मद कैफ अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में निबंध प्रतियोगिता में आयुषी मिश्रा प्रथम, स्मरणिका तिवारी द्वितीय तथा प्रांजली सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम का समापन कालेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस का आयोजन करते हुए किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. एलआर वर्मा ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला। विजेता छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके हुनर की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों द्वारा लिखित निबंध तथा बनाई गई चित्रकला की प्रतियां तथा क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के नाम अग्रेतर कार्यवाही हेतु संस्कृति विभाग को प्रेषित कर दिए गए हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लेफ्टिनेंट एपी सरोज, अशोक कुमार वर्मा, देवेंद्र सिंह, अंकित शर्मा, सुमित यादव व यूपिका गुप्ता सहित विजेता छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जहर खाकर महिला ने दी जान

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम शिवबक्शपुर मजरे भदबा में बुधवार की देर शाम मानसिक तनाव के चलते लगभग 45 वर्षीय अधेड़ महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार शिवबक्शपुर मजरे भदबा निवासी स्व0 राम निषाद की पत्नी सुनीता देवी पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में थी। बताते हैं कि बुधवार की देर शाम उसने आत्महत्या करने के इरादे से जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अज्ञात शव बरामद

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने लगभग 55 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया है। पुलिस ने आस-पास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हो सकी।

### 29 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षत सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत आधा दर्जन थानों की पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हुसैनगंज थानाध्यक्ष तीन, मलवां सात, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी 03, औंग 01, गाजीपुर पांच, जाफरगंज 04, थरियांव 02, हथगाम 02 तथा असोथर थानाध्यक्ष ने 02 लोगों के विरूद्ध शांतिभंग के तहत कार्रवाई की है।

### शराब के साथ युवक को दबोचा

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गुरूवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार थाने के उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर रामचन्द्र पुत्र देवराज निवासी ग्राम पिपरहा का डेरा मजरे महावतपुर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दस लीटर कच्ची शराब बरामद किया है।

### खर्च का ब्यौरा न देने पर पंचायत चुनाव नही लड़ पाएंगे प्रधान

**बरेली।** विकास कार्यो के लिए निकाली गयी धनराशि का ब्योरा नही देने वाले ग्राम प्रधान आगामी पंचायत चुनाव मे नही लड़ पाएंगे। सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यो के लिए निकाली गई धनराशि का ब्योरा 15 दिन मे ब्लॉक कार्यालय मे जमा करने का प्रावाधान है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधानो द्वारा ब्योरा जमा नही कराने पर नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी नही किया जाएगा। प्रधान ब्योरा जमा नही करने पर ग्राम पंचायत चुनाव मे उम्मीदवार नही बन पाएंगे। सहायक विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान 28 दिसबंर तक अपने दस्तावेज कार्यालय मे जमा कर दे। दस्तावेज जमा नही करने वाले ग्राम प्रधानो को गबन का आरोपी मानते उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### फतेहपुर से गौती की टीम हारी

**हथगाम फतेहपुर।** हथगाम नगर के कर्बला मैदान में हो रहे मैच में फ्तेहपुर की ओर से रौनक ठाकुर एवं नईम पठान ने टीम को संभालते हुए जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रुप में पधारे समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान सलेमपुर सरवर खान एवं सोवियत रूस में शिक्षा ग्रहण कर लौटे डॉक्टर फैसल अली ने विजेता टीम को जीत की ट्राफी प्रदान की। मैन ऑफद सीरीज बॉबी त्रिवेदी एवं मैन आफद मैच का खिताब रौनक ठाकुर को दिया गया। फाइनल मैच में निर्धारित 16 ओवर में पहले बैटिंग करते हुए मोहम्मदपुर गौंती की टीम ने 104 रन का लक्ष्य रखा जिसमें ओसामा के सर्वाधिक 40 रन रहे। गौती की ओर से विकेटकीपर साहिल ने असंभव कैच लेते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। सरवर खान ने उन्हें बेस्ट कैच का नकद पुरस्कार भी दिया। 104 रनों का लक्ष्य पूरा करने उतरी फ्तेहपुर की टीम शुरू में लड़खड़ा गई और उसके तीन विकेट जल्दी जल्दी गिर गए। लड़खड़ाती टीम को संभालते हुए फ्तेहपुर के बल्लेबाज रौनक ठाकुर एवं नईम पठान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 44 एवं 35 रन ठोक डाले। गौती की टीम की ओर से संदीप ओलंगा एवं मो. फैज ने दो-दो विकेट लिए जबकि फ्तेहपुर की ओर से नौशाद ने 4 विकेट और बॉबी तिवारी ने दो विकेट हासिल किया। फ्तेहपुर की टीम चार ओवर रहते ही मैच जीत लिया। भोजन जन सेवा समिति के माध्यम से आज सर्वप्रथम प्रातः 9रू30 बजे पीरनपुर बस्ती के 150 बच्चों को केले का व तात्पश्चत दोपहर 1.30 बजे मोटे महादेव मंदिर के पीछे गरीब बस्ती में 200 बच्चों को भोजन कराया गया।

# अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन व मुशायरा

**शाहजहांपुर ।** इस्लामिया इण्टर कालेज के जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों ने भी प्रतिभाग किया । इस अवसर पर मोहम्मद राशिद खान जो प्रेमचंद की विचार धारा से प्रभावित है अपनी कविता में गाँव की मोहक परिदृश्य को प्रस्तुत किया जिसमें अपने बाल्यावस्था के जीवन का चित्रण अति सुन्दर शब्दों के माध्यम से किया । दूसरी ओर हिन्दी के प्रवक्ता व कवि डाक्टर मलिक असमत अली ने अपनी कविता 'मैं भारत हूँ' के माध्यम से हिन्दुस्तान की समाजिक व राजनीतिक परिदृश्य को व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसको सभी श्रोताओं ने भूरी भूरी प्रंशसा की ।मोहम्मद अफरोज खान ने अपने हास्य व्यंग्य कविता 'आया है नया साल चलो शायरी करेंश् दिखलायें कुछ कमाल चलो शायरी करें। अच्छी सेहत के वास्ते हँसना है लाजमीश् हँस कर हो सब निढाल चलो शायरी करें'के माध्यम से सभी का मन मोह लिया । संचालन फैसल रियाज खान ने किया तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्री मोहम्मद आमीन ने किया ।इस अवसर पर कालेज के शिक्षकगणों में सर्वश्री मोहम्मद अय्यूब श् निसार हसन खान श्सगीर अहमदश् हन्नान श्संजीव उपाध्यायश् तसलीम अहमद एवं मुजीबुर रहमान खान आदि उपस्थित रहे ।



# अटल सरकार में भारत परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाः सुरेश

संवाददाता। शाहजहांपुर



**प्रदेश सरकार** के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति मे बरेली मोड़ स्थित आवास विकास पार्क मे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा का अनावरण किया

इस अवसर पर मंत्री सुरेष कुमार खन्ना,कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई भारत के 03 बार प्रधानमंत्री बने। इन्होने अपना जीवन राश्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। भारत को परमाणु षक्ति संपन्न राश्ट्र अटल सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पॉच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु षक्ति सम्पन्न देष घोशित कर दिया। इसके अतिरिक्त मा0 मंत्री जी द्वारा नगर वासियो से अपील की कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले। जिससे अपने षहर को प्रथम स्थान मिल सके। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने 19 फरवरी 1999 को सदा ए सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा षुरू की गई। अटल बिहारी बाजपेयी राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक कवि थे। स्वर्णिम चर्तुभुज परियोजना भारत भर के चारों कोनो को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिये की षुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने की । इसके साथ ही नगर आयुक्त ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगो से अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में अपनी पूरी सहभागिता करें, जिससे अपने शहर को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में सांसद श्री अरूण कुमार सागर, जिला पंचायत श्री अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा, अपर आयुक्त एस0के सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रष्मि भारती, अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# छापामार दल को बंद मिली मिल

**असोथर ( फ्तेहपुर )।** जनपद में मोटे धान उत्पादन में अग्रणी असोथर क्षेत्र में इन दिनों क्षेत्र का किसान अपना धान बेचने के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं । सरकारी धान क्रय केंद्रों में धान खरीद में बोरी उपलब्धता ना होने के कारण किसान को वापस किया जा रहा हैं, क्षेत्र का किसान मजबूरन आढ़ती और राइस मिलर्स को अपना धान एक हजार से बारह सौ रुपये प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर होना पड़ रहा हैं। सूत्रों की मानें तो जिलें में कई मिलर्स इस समय पूर्व में व अब भी चोरी-छिपे बिहार, बंगाल से आएं सस्ते 14 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल दर पर खरीदे हुए चावल को भारी मात्रा में स्टॉक किए हुए हैं, जिसकों अधिकारियों की मिलीभगत से धान खरीद के नाम पर दर्शाया जा रहा हैं। इसी चावल व धान के स्टॉक मात्रा की मिलान व जांच के लिए गुरुवार दोपहर को सप्लाई इंस्पेक्टर रजत कुशवाहा व असोथर हॉट शाखा केंद्र प्रभारी वंदना सिंह की संयुक्त टीम ने असोथर कस्बें थरियांव मोड़ स्थिति शिव शक्ति राइस मिल में छापा मारा पर स्टॉक मिलान व अन्य जानकारी मिल संचालक को पूर्व में ही हो जाने सेमिल संचालक समेत कर्मचारी मिल में कार्यालय व मुख्य जगहों में ताला जड़ कर मौके से रफूचक्कर हो गयें, मिल संचालक समेत कर्मचारी मिल में कार्यालय व मुख्य जगहों में ताला जड़ कर मौके से रफूचक्कर हो गयें, मिल में काफी इंतजार करनें के बाद भी जब कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा तो टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। हालांकि राइस मिल में अधिकारियों ने निरीक्षण के पूर्व ही मिल संचालक को सूचना देकर मौके पर उपस्थित रहने के लिए सूचना दी थी।

## 15 जनवरी तक संस्थान में हार्डकापी जमा करें छात्र

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के दशमोत्तर (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाए) हेतु नवीन समय सारणी जारी की गई है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु छात्रों द्वारा आनलाइन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2021 तथा छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी 2021 तथा संस्था द्वारा छात्रों से प्राप्त आनलाइन आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2021 शासन द्वारा निर्धारित की गई है।

दशमोत्तर कक्षाओं के नवीनीकरण के जिन छात्र-छात्राओं द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन किया गया है तो वह प्रदेश सरकार की समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति वेबसाइट पर अपने नवीनीकृत आवेदन में नाम संशोधित आधार की प्रविष्टि के उपरांत गत वर्ष के आवेदन पत्र की प्रति, हाई स्कूल प्रमाण पत्र, संशोधित आधार कार्ड की प्रति सहित 5 जनवरी 2021 तक प्रत्येक दशा में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास भवन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि कार्यालय से आनलाइन आवेदन वेरीफाई होने के बाद छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर आवेदन भरने हेतु खुल सके।

# अटल के जन्मदिन को मौके पर महिला महाविद्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता। फतेहपुर

**डॉ0 भीमराव** अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अटल बिहारी के जन्मोत्सव के अवसर पर 21 से 25 दिसम्बर तक उनके जीवनवृत्त एवं उपलब्धियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से परिलक्षित करने हेतु महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त विषय पर क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, छात्राओं द्वारा काव्य पाठ एवं चित्रकला प्रदर्शनी इत्यादि का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में आज अटल बिहारी बाजपेयी के मुख से उद्घोषित महत्वपूर्ण भाषणों का ऑनलाइन प्रसारण राजनीति विज्ञान विभाग एवं रेंजर्स इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ0 जव्वाद अहमद एसो0 प्रोफेसर अँग्रेजी ने अटल जी के व्यक्तित्व परबहुत ही गहन प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में आपने शेरो-शायरी और साहित्यिक कविताओं के माध्यम से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। आपने अटल जी की कविताओं को गाकर उनके व्यक्तित्व को दर्शाने का प्रयास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा अटल के व्यक्तित्व एवं उनकी उपलब्धियों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 लक्ष्मीना भारती ने अपने वक्तव्य में बताया कि अटल जी ऐसे शख्सियत थे जिनके मुरीद न केवल उनकी पार्टी के लोग थे अपितु विरोधी पार्टी के लोग भी उनके व्यक्तित्व के समक्ष सम्मान से नतमस्तक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मेंबताया कि अटल जी का व्यक्तित्व सचमुच विराट और अटल था। आप ऐसी हस्ती थे जिन्होंने मूल्यों की राजनीति पर बल दिया जो कि वर्तमान समय में प्राय: कम होता जा रहा है।आप बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। एक कुशल राजनीतिज्ञहो ने के साथ-साथ आप राष्ट्र के प्रति समर्पित एक संवेदनशील व्यक्तित्व थे जिनका जीवन और आचरण सदैव ही प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 लक्ष्मीनाभारती ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समस्याओं को लेकर रोड पर बैठे भाकियू के लोग पुलिस ने उठाया

संवाददाता। बिंदकी (फ्तेहपुर)

**विभिन्न समस्याओं** को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुटके लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कोई अधिकारी न आने सेयूनियन के लोग रोड में बैठ गए। हालांकि उनके बैठते ही पुलिस प्रशासन मौके पर तुरंत पहुंचे और सभी को रोड से हटाकर धरना स्थल भेजा गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू के लोगों ने नगर के मां ज्वाला देवी मंदिर के पास स्थित काशीराम कॉलोनी परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष देवनारायण पटेल, तहसील प्रचार मंत्री सुखीराम, नगर महामंत्री देवदत्त गिरी, मलवा ब्लाक अध्यक्ष जय सिंह यादव, राकेश कुमार, शिव शंकर यादव, रामसखी, राजकुमारी सिंह मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का अधिकारी करें निस्तारण, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: डीएम



संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उद्योग बंधु की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी को आईआईए के चेयरमैन द्वारा बताया गया कि रनिया में ड्रेनेज की समस्याए चिरौरा मन्टोरा रोड के दोनों और नाली के निर्माणए चिरौरा आर पी इडिबिल्स रोड के स्वामित्व स्थानांतरण आदि समस्याओं को अवगत कराई गई जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से कार्य कराएं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए । वहीं जिलाधिकारी ने कौशल मिशन के अंतर्गत इकाइयो का पंजीयन न होने से अप्रेंटिसशिप मे हो रही बाधा के तहत राजकीय औद्योगिक शिक्षण संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही की जाये। वही उद्यमियों द्वारा बताया गया है कि टोल प्लाजा के द्वारा उद्यमियों का टोल पास न बनाए जाने पर आने जाने में दिक्कत आती है जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि उद्यमियों का टोल पास बनाए जाने की कार्रवाई करें इसमें किसी पर की लापरवाही न की जाए । वही उद्यमियों द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा बिल मीटर से समय से नहीं निकाला जाता है जिस पर दिक्कत होती है जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से विद्युत बिल निकाला जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। वहीं जिलाधिकारी को बताया गया कि यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेन की सफाई न होने तथा स्ट्रीट लाइट के मरम्मत के लिए कोई व्यवस्था न होने पर दिक्कत आदि आती है जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्रेन की सफाई समय से कराएं तथा स्ट्रीट लाइट भी ठीक कराएं इसमें किसी पर की लापरवाही पाई जाएगी तो कार्रवाई अवश्य की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उद्यमी हरदीप रखरा द्वारा 66 वधुओ को एक एक साड़ी दिए जाने पर 11 रुपए देकर पुरस्कृत किया तथा सीएसआर द्वारा उद्यमी घड़ी डिटर्जेंट के शुक्ला जी द्वारा ठंड के चलते गरीब व्यक्तियों को वितरण करने हेतु 500 कंबल उपलब्ध कराएं जाने पर 11 रुपए देकर पुरस्कृत किया । इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जीएमडीसी चंद्रभान सिंह आदि उद्यमी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ी

**फर्रुखाबाद।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव में अब कुछ समय ही बचा है। इसके चलते ही तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। भले ही कोरोना का संक्रमण है लेकिन बाजार क्रिसमस के स्वागत की तैयारी में सज कर तैयार है। वहीं कोरोना को देखते हुए इस बार क्रिसमस सामान्य ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि चर्च को ही साफस्वच्छ व सुंदर बनाया जा रहा है। प्रार्थना सभा में इसे लोगों को बताया भी जा रहा है की सोशल डिस्टेशिग का पालन किया जाए। वहीं शहर में सजी दुकानों में सांता मुखौटे, क्रिसमस ट्री और सांता टोपी खूब बिक रही है। इसके अलावा गिफ्ट की दुकानों पर भी खूब ग्राहक पहुंच रहे हैं। लोगों की मांग को देखते हुए दुकानदारों ने रंग-बिरंगे गिफ्ट मंगाए हैं। इस बार चॉकलेट, टॉफी और गुब्बारों की बिक्री भी खूब हो रही है।बाजार में बच्चों से लेकर युवा व महिलाओं सबके लिए अलग-अलग किस्म के गिफ्ट मौजूद हैं। बढपुर में दुकान लगाए दुकानदार ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी क्रिसमस ट्री, घरों को सजाने वाले आइटम, क्रिसमस कार्ड व बच्चों का ड्रेस अधिक लोग खरीद रहे हैं। इसके अलावा खासतौर पर क्रिसमस को देखते हुए बाजार में 40 से अधिक तरह की गिफ्ट मौजूद है। लोग अपने-अपने हिसाब से खरीदारी करते हैं। इसमें बच्चों का खिलौना, पेंसिल बॉक्स, परफ्यूम, कैंडल स्टैंड, फोटो फ्रेम, क्रिसमस कार्ड आदि शामिल हैं। सजावट और गिफ्ट आइटमों में चॉकलेट, केक, क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज, सांता क्लॉज का मास्क, सांता की टोपी, स्टार, ड्रेस, मास्क, बेल वाले झूमर, लटकन वाले सांता क्लाज, थर्मोकोल के स्टिकर आदि से बाजार गुलजार हो गए हैं। इसी तरह पेड़ों पर लटकाने वाले बल्ब, स्टार और घरों में टांगने के लिए झूमर भी उपलब्ध हैं।

## क्विक न्यूज

### डॉ0 मिथुन बने योगासन खेल संघ के जिलाध्यक्ष



**औरैया।** योगासन खेल संघ उत्तर प्रदेश के महासचिव आचार्य विपिन कुमार पथिक ने औरैया शहर के जेसीज चैराहा निवासी डॉ0 मिथुन मिश्रा को योगासन स्पोर्ट्स में रुचि एवं योगदान से प्रभावित होकर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफउत्तर प्रदेश की औरैया जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने आशा की है कि डॉ0 श्री मिश्रा योगासन एवं खेल को अपने जिले में प्रचार.प्रसार के लिए पूर्ण निष्ठा एवं लगन से कार्य करेंगे।

### अनमोल हत्याकाण्ड का मुख्य हत्यारोपी गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली पुलिस ने पिछले महीने अनमोल तिवारी हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी अभियुक्त को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि फर्रुखाबाद शहर कोतवाली के मोहल्ला नाला मच्छरट्टा निवासी अनमोल तिवारी की पिछले महीने 26 नवम्बर 2020 को हत्या करने वाला शहर के मोहल्ला खड़ंजा अब्दुल रज्जाक का निवासी गुलजार उर्फबबी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश पाण्डेय ने अपने दलबल के साथ गुरूवार को प्रातः 10 बजे रोडवेज बस अड्डा के समीप से हत्यारोपी गुलजार उर्फबबी को धर दबोचा। इसके बाद अभियुक्त की निशांदेही पर हत्याकाण्ड में प्रयुक्त एक अदद 315 बोर अवैध तमंचा और एक खोखा बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने अनमोल तिवारी हत्याकाण्ड के मुख्य हत्यारोपी गुलजार उर्फबबी को जेल भेज दिया।

### अध्ययनतर छात्र, छात्राएं करें आवेदन

**कानपुर देहात।** वित्तीय वर्ष 2020-21 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनतर छात्र, छात्राओं हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0, शासन के द्वारा आनलाईन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 10 जनवरी 2021 कर दी गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित छात्र, छात्रायें दिनांक- 10 जनवरी 2021 तक सम्बन्धित बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि तक अपना आवेदन आनलाइन न कर पाने की स्थिति में छात्र/छात्रायें स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### विश्व उपभोक्ता दिवस मना कर दी जन सामान्य को जानकारी

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** आज समाजसेवी योगाचार्य श्रद्धानंद ने विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज के छात्र.छात्राओं एवं अन्य लोगों की एक बैठक आयोजित कर उपभोक्ता दिवस मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक उपभोक्ता के क्याक्क्या अधिकार और कर्तव्य हैं। इसके लिए वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया जा चुका है। इसके उपरांत वर्ष 2002 में व्यापार संशोधन अधिनियम भी पारित किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी अस्पताल से दवा ले या चिकित्सीय परामर्श अथवा किसी भी प्रकार की शारीरिक जांच कराएं तो उस पर मनमाना शुल्क नहीं वसूला जा सकता। हर कार्य की सीमाएं शुल्क के साथ निर्धारित की जा चुकी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता कुलदीप आर्य एवं प्राचार्य डॉ श्याम मिश्रा आदि ने भी उपभोक्ता दिवस एवं इस संबंध में पारित अघिनियमों की विस्तृत जानकारी आयोजन अवसर पर छात्र.छात्राओं एवं उपस्थित जनसमूह को देते हुए उन्हें जागरूक किया।

### सपा जिला अध्यक्ष ने दिया मानहांनि का नोटिस

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** सपा जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने अपने लीगल एडवाइजर के माध्यम से एक नोटिस भाजपा नेता विजय गुप्ता निवासी कस्बा शमशाबाद मोहल्ला दलमीर खाँ को भेजकर कहा है कि उनके मुवक्किल फारूकी एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के साथ ही कायमगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ की सर्वोच्च समिति के सदस्य रह चुके हैं । वर्तमान में वे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष भी हैं । फिर भी उनकी छवि धूमिल करने के लिए षड्यंत्र रचा गयाए आरोप है कि विजय गुप्ता ने दबाव बनाकर उनके नलकूप पर विद्युत टीम भेज कर वैध कनेक्शन होने के बावजूद भी केबिल हटवाई। किंतु तब तक नदीम अहमद के परिवारी जनों ने पहुंचकर अपने विद्युत कनेक्शन के कागजात दिखाकर विरोध किया । तब जाकर टीम ने केबिल वापस कीए इसे उनके अधिवक्ता ने मानहाँनि से जोड़कर राजनैतिक छवि धूमिल करने एवं अनावश्यक रूप से परेशान करने जैसा कार्य बताते हुए नोटिस प्राप्त के 7 दिन के अंदर उत्तर की अपेक्षा की है। साथ ही कहा गया है कि यदि ऐसा न किया गया तो वे सक्षम न्यायालय में मानहानि का दावा करेंगे।

### आबकारी विभाग पुलिस ने लहन व शराब की बरामद

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग पुलिस टीम ने अवैध रूप से बिक रही शराब पर लगाम लगाने के लिये अभियान चलाया गया। आबकारी विभाग सूत्रों ने बताया कि राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुइंयाखेड़ा और सीढ़ेचकरपुर के मध्य अवैध रूप से देसी शराब बनाये जाने की मुखबिर के जरिये जानकारी मिलने पर आबकारी निरीक्षक नीरज तिवारी, शरद कुमार और संजय कुमार गुप्ता ने आबकारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर दबिश देकर 200 किलो लहन बरामद कर नष्ट किया और 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया तथा अवैध शराब बनाने में लिप्त अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी।

### दबंगों ने मां-बेटे को पीटकर कानों के कुंडल व मोबाइल छीना

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** दबंगों ने मां.बेटे को पीटकर कानों के कुंडल व मोबाइल छीन लिया। महिला ने नामजद युवकों के विरुद्ध दी तहरीर'है। थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंची गधे डी निवासी संध्या देवी पत्नी शैलेंद्र सिंह बीती शाम सिरौली बैंक से अपने पुत्र संगीत व कोसू के साथ बैंक से वापस लौट रही थी। गांव के पहले उनके ही गांव के तीन नामजद लोगों ने उनकी बाइक के सामने अपनी साइकिल डाल दी ।जिससे संध्या देवी बा उसके दोनों पुत्र बाइक से गिर गए दबंगों ने महिला तथा पुत्रों को लात घुसा डंडों से पीटा तथा पुत्र का मोबाइल एवं महिला के कान के कुंडल भी मारपीट के दौरान अभियुक्त गण छीन ले गए। महिला ने अपने ही गांव के नामजद युवकों के खिलाफथाने में तहरीर दी है। हल्का प्रभारी विद्यासागर तिवारी ने बताया है मामला मारपीट का है। मोबाइल तथा कुंडल छीनने की बात गलत है।

### क्रिसमस-डे व नववर्ष पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद।** पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद थाना जीआरपी पुलिस ने आज फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर क्रिसमस-डे व नववर्ष को शांति पूर्ण ढंग से मनाये जाने तथा सुरक्षा व्यवथा को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिये फर्रुखाबाद थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के निर्देशन में पुलिस के जवानों ने आज गुरूवार को कलकत्ता से आगरा जाने वाली, भिवानी-दिल्ली फर्रुखाबाद होकर कानपुर जाने वाली कालिन्दी एक्सप्रेस सहित फर्रुखाबाद के मालगोदाम व रेलयात्रियों के प्लेटफार्म नम्बर-1-2-3-4-5 पर क्रिसमस-डे व नववर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# हत्यारोपी अभियुक्त अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार




संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पुलिस अधीक्षक** अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधी पर नकेल कसने के लिए चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में शहर कोतवाली पुलिस ने हत्यारोपी एक अभियुक्त को शहर बसअड्डा से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से अवैध असलाह बरामद हुआ हैए जिसे जेल भेजा जा रहा है। विवरण के अनुसार शहर कोतवाली नालामछरट्टा निवासी अनमोल तिवारी की बीती दिनांक 26 नंवबर 2020 की हत्या कर दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह एंव क्षेत्राधिकारी नगर राजवीर सिंह के नेतृत्व में शहर कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने मय पुलिस बल के साथ आज सुबह 10 बजे तकरीबन बस अड्डा से एक अभियुक्त गुलजार उर्फ बाबी पुत्र नूर जमा खॉ निवासी खड़ंज्जा अब्दुल रज्जाक थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस को निशानदेही पर अलाकत्ल एक अद्द तंमचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है। हत्यारोपी अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

## प्रसपा ने निकाली गांव-गांव पांव-पांव के नारे के साथ यात्रा

**इटावा।** बसरेहर विकासखंड क्षेत्र के गांव आशानंदपुर से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने मिलकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के गाँव.गाँवए पाँव.पाँव के नारे के साथ यात्रा निकाली। प्रसपा के नेता आशीष पटेल व बसरेहर ब्लाकध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में इस यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए कई कार्यकर्ता अपनी अपनी मोटरसाइकिल पर झंडा और सर पर टोपी लगाकर पहुंचे प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नेता आशीष पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता शिवपाल सिंह यादव ने जो नारा दिया है उसके आधार पर हम लोग गांव.गांव पहुंचेंगे और लोगों को अपनी पार्टी की नीतियों और इस समय देश की केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के ऊपर जो जुल्म ढा रही है उसको लेकर आवाज उठाएंगे उन्होंने कहा की अब क्षेत्र की जनता को हमारी पार्टी का चुनाव चिन्ह चाबी को अपने दिलो.दिमाग में बिठाना होगा क्योंकि 2022 के चुनाव में बिना चाबी के प्रदेश की सत्ता किसी के हाथ नहीं लगने वाली।

# तीन चरणों मे लगाई जायेगी भरथना में कोरोना वैक्सीन

● **शासन के निर्देश पर भरथना तहसील क्षेत्र में कोरोना वायरस वैक्सीन लगाने की भरथना प्रशासन ने जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी है**

**भरथना।** उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह की अध्यक्षता में आहूत समीक्षा बैठक में भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित ने अवगत कराया कि शासन के निर्देश पर कॉविड.19 की वैक्सीन लगाने के लिए तैयारियां पूर्ण करली गई है। जिसके अंतर्गत एक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई हैएऔर वैक्सीन को सुरक्षित रखने के लिए एक अतिरक्क्त स्टोर बनाया जा चुका है। अधीक्षक डॉ0 दीक्षित के अनुसार कोरोना वायरस वैक्सीन तीन चरणों मे लगाई जाएगी सर्वप्रथम पहले चरण में कोरोना वैक्सीन स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों एवं द्वितीय चरण में फ्रंट्लाइन वर्कर वह तृतीय चरण में आम नागरिकों को लगाई जायेंगीं।

उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने अधीक्षक से संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर बैठक में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस कार्य मे नियुक्त किसी भी कर्मचारी अधिकारी की शिथिलता बर्दास्त नही की जायेगी। कर्मचारी अधिकारी अपने कार्य को पूरे मनोयोग से करें। समीक्षा बैठक में भरथना तहसीलदार गजराज सिंह यादवएभरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षितएभरथना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमारएभरथना खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्राएकोविड.19 भरथना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया के अलावा स्वास्थ्य विभाग व पालिका कर्मचारीयों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

## पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस कार्यक्रम में मत्स्य पालक बताएं उपलब्धियां

**कानपुर देहात।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसम्बर 2020 के शुभ अवसर पर कृषि एवं उससे जुड़े घटक विभागों के कृषि उत्पादन को बढ़ाने हेतु जनपद के दस विकास खण्डों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, मा0 जनप्रतिनिधियों एवं कृषि से जुड़े व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्यकार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकस अभिकरण अधिकारी डा0 रणजीत सिंह ने बताया कि जनपद के सभी मत्स्य पालकों निर्देशित किया है कि सम्पूर्ण रूप से तैयारी कर अपने अपने सम्बन्धित विकास खण्डों में प्रातः 10 बजे जाकर अपनी मत्स्य पालन उपलब्धियों को जनसामान्य को बतायें ताकि प्रेरणा लेकर लोग मत्स्य पालन व्यवसाय को अपनायें, क्योकि मत्स्य पालन एक लाभदायक व्यवसाय है, जिससे लोगों की गरीबी एवं भुखमरी दूर हो सके व रोजगार का साधन सुलभ हो सके।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए




**बकेवर ( इटावा )।** विकास खण्ड महेवा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय व्यासपुर पर आयोजित नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि शिवमहेश दुबे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाण्जण्पाण् कानपुर व बुंदेलखण्डसे ने कहा कि समाज से लेकर राष्ट्र तक का विकास तभी संभव है जब वहाँ की शिक्षा व्यवस्था ठीक होगीए हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार प्राप्त होगा।बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृति होगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्र हित को सर्वोच्च बताया। मुख्य अतिथि के ही रूप में उपस्थित भर्थना क्षेत्र की विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा की सरकार बच्चों की शिक्षाए स्वास्थ व सुरक्षा को लेकर बहुत ही संवेदनशील है कोरोना काल के इस कठिन समय में भी सरकार द्वारा बच्चों को समय से पुस्तकेंए यूनीफॉर्म व ऊनी स्वेटर निशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बालिका शिक्षा व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह धाकरे ने उपस्थित बच्चों व अभिभावकों से कहा कि वो ई पाठशालाए शिक्षकों द्वारा व्हाट्स उप ग्रुप के द्वारा व दूरदर्शन के शिक्षा कार्यक्रम से अपने को जोड़ कर अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कार्यक्रम की भी प्रसंशा की।उन्होंने सरकार की कल्याण कारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रविंद्र दुबेए जिला मंत्री भा ज पा राहुल राजपूतए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सत्यम राजपूत ने भी संबोधित किया।गीतेश मिश्रा प्रभारी आई टी सेल भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय मंत्री व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी व विद्यालय के शिक्षक परिवार ने सभी अतिथतियों का फूलमालाओंए शालएप्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। सभी अतिथियों ने अपने कर कमलों से बच्चों को स्वेटर बितरण किये बच्चे स्वेटर पाकर प्रसन्न दिखे अभिभाबक भी खुश नजर आये। खण्ड शिक्षा अधिकारी महेवा दिग्विजय सिंह ने भी सभी का आभार व्यक्त किया और अभिभावकों से बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए कहा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन देशदीपक तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष महासंघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठीए नवनीत पांडेयए पीयूष दीक्षितए रामकृष्ण दुबेए संजीव ऋषिस्वरए अर्चना चौधरीए राजू तिवारीए बलराज चतुर्वेदीए महेश नारायण दुबेए अग्निवेश मिश्राए ललित कुमारए राजकुमारए तरुण तिवारीए पंकज पांडेयए राहुल शुक्लाए विकास शुक्लाए प्रदुमन दुबेए मुनिराज वर्माए विमल शुक्लाए विवेक त्रिपाठीए राकेश राजपूतए ग्रामप्रधान पियूरेश दुबेए सत्यवतीए संध्या दीक्षितएएमहोलिया मीनाए सीमा सहित कई शिक्षक अभिभाबक शामिल रहे। महासंघ के सभी पदाधिकारी कार्य क्रम में सहयोगी रहे।

# जनपद में धारा 144 लागू, 15 फरवरी तक रहेगी प्रभावी: डीएम

**कानपुर देहात।** कोविड-19 को वैश्विक स्तर पर महामारी के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा इस रोग की रोकथाम के उपाय हेतु एडवाइजरी के तहत कोविड महामारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा भी अधिसूचना निर्गत की गयी है। विभिन्न राजनैतिक, साम्प्रदायिक एवं अन्य संगठनों द्वारा आए दिन आयोजित धरना, प्रदर्शन, जुलूस, श्रमिक समस्याओं, क्रिसमस डे, नव वर्ष, मकर संक्रान्ति, गुरू गोविन्द सिंह जयंती, गणतन्त्र (26 जनवरी), बसन्त पंचमी आदि त्योहारों, विश्वविद्यालयों कर्मचारी चयन अयोग, उत्तर प्रदेश सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा एवं परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शांति भंग की सम्भावनाए के चलते उपरोक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने शांति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा के तहत जनपद में धारा 144 दिनांक 22 दिसम्बर से दिनांक 15 फरवरी 2021 तक लागू की गयी है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कोई भी चिकित्सालय (सरकारी एवं निजी) में कोविड-19 के संदिग्ध मामलों की स्क्रिनिंग के लिए आई0एल0आई0 या फ्लू कार्नर संचालन के बिना चिकित्सालय संचालित नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति, परिवार, जिसने कोविड-19 से ग्रसित देशों की यात्रा की है और जिनमें बुखार या खॉसी, श्वसन सम्बंधी परेशानी या कोविड-19 के कोई चिन्ह और लक्षण पाये गये हो वह अपनी पहचान छिपाने का प्रयास नहीं करेगा और न ही प्रभावी गाइड लाइन के अनुसार इलाज से इन्कार करेगा और न ही पृथककरण से इंकार करेगा। कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 की पूर्व अनुज्ञा के बिना कोविड-19 के सम्बन्ध में सूचना हेतु किसी मुद्रण, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया का प्रयोग नहीं करेगा।

# संत बाबा बर्फानी के ब्रह्मलीन होने से शिष्यों में शोक की लहर



**जसवंतनगर, इटावा।** हिमालय पर्वत की चोटियों पर वर्षों तक तपस्यालीन रहे कायकल्पी संत श्री 1011 बर्फानी दादाजी महाराज बीती रात ब्रह्मलीन हो गए। उनके स्वर्गारोहण की खबर से उनके इटावा और आसपास जिलों में बसे शिष्यों और भक्तों में गम की लहर फैल गयी। हनुमान जी की सिद्धि प्राप्त और भक्तों में पवन सुत बजरंगबली के अवतार माने जाने वाले बर्फानी दादा दर्जनों वर्षों से अमरकंटक में अपने आश्रम में वास कर रहे थे। एक दशक पूर्व हनुमंत लाल की आराधना और उपासना में नितलीन रहने और अपने शिष्यों को सहज दर्शन और आशीर्वाद देने के उद्देश्य से उन्होंने राजस्थान के मेंहदीपुर बाला जी मे अपना आश्रम स्थापित किया और वर्ष में अक्सर अमरकंटकए और मेंहदीपुर बाला जी मे वास करते थे। वह अक्सर भ्रमण पर निकलते थे तो जसवंतनगरए इटावाए नगला भगवंतए फीरोजावादए आगरा आदि स्थानों पर रुकते थे। देश भर में उनके लाखों शिष्य है। उनकी उम्र का भी किसी को पता नही बताते हैं कि दर्जनों वर्ष उन्होंने हिमालय पर तपस्या की और अपनी शतायु वहीं पूरी कर शिद्धि प्राप्त कर वह जनकल्याण को निकले और गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत करते लोगों का सत्पथ प्रशस्त किया। उनकी उम्र कोई कोई तो 200 के ऊपर बताता। वह कुम्भ में इलाहाबाद में कल्पवास करने इलाहाबाद उज्जैनए हरिद्वार कई बार गए। कल्पवास में उनके दर्शनों को भारी भीड़ और भारी भंडारे निरंतर चलते थे। वह कुछ दिनों से अन्तर्मनस्थ हो गए थे ए बाला जी आश्रम में तबियत खराब हुई फिर भक्त उन्हें जयपुर ले गये एजहां से फिर बाला जी आए। उसके बाद मंगलवार को भक्त एयर एंबुलेंस से अहमदाबाद ले गए बुधवार रात्रि 9: 45 बजे उन्होंने अपने प्राण विसर्जित करते हुए अपने को ब्रह्मलीन कर लिया।

## तहसीलदार ने असहाय बेसहारा गरीबों को रात्रि में दिये कम्बल

**इटावा।** शासन के आदेश और जिला अधिकारी श्रुति सिंह के निर्देश पर ठिठुरन भरी सर्दी में भरथना तहसीलदार गजराज सिंह यादव ने बीती रात्रि करीब 9 बजे भरथना नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण कर बेसहारा, असहाय और गरीब राहगीरों को सर्दी से बचने का आग्रह करते हुए कंबल वितरित किये है। बीती रात्रि करीब 9 बजे तहसीलदार के नायब तहसीलदार विशाल सिंह के साथ भरथना नगर के विभिन्न वार्डों एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों इटावा बस स्टैंडएरेलवे स्टेशनएजवाहर रोडएसरोजनी रोडए उसराहार बस अड्डाएरेलवे फाटक आदि स्थानों पर घूम कर गरीबएबेसहाराएअसहाय व राहगीरों को कंबल वितरित किये है। वहीं सर्दी में घर तक पहुँचने का वाहन उपलब्द नही होने पर तहसीलदार गजराज सिंह यादव ने निजी संसाधनों से समुचित व्यवस्था कर लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाया है। अधिकारी द्वय ने सर्दी के चलते पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा और नगर में जलाये गए अलावा का निरीक्षण किया।

# बेटियों नें हौसले की स्टेयरिंग थाम दौड़ायी फर्राटा कार



**फर्रुखाबाद।** मिशन शक्ति के तहत ड्राइविंग को लेकर आत्मनिर्भर बनानें के लिए उन्हें कार का स्टेरिंग थमाया गया। जिसमे दर्जनों छात्राओं और महिला पुलिस कर्मियों नें प्रतिभाग किया। पुलिस लाइन फतेहगढ़ के मैदान में मिशन शक्ति अभियान के तहत निरूशुल्क वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप नें हरी झंडी दिखाकर किया। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में यह एक बेहतर प्रयास है। जिससे महिलाओं को आगे बढने का मौका मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम एक माह तक चलेगा। जिसमे कार, बाइक और स्कूटी चलाने का प्रशिक्षण महिला पुलिस कर्मियों और छात्राओं को दिया जायेगा। कार ट्रेंनर की जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रही दीपिका त्रिपाठी नें बताया कि पहले दिन 35 छात्राओं और महिला पुलिस कर्मियों नें कार सीखने के लिए अपना नाम अंकित कराया। इसके साथ ही बाइक के लिए एक दर्जन, स्कूटी के लिए 17 छात्राओं नें नाम अंकित कराएं हैं। उन्हें प्रशिक्षण दिया जायेगा। सीओ सिटी राजवीर सिंह, सीनियर अंडर आफिसर रिंकी यादव, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नेहरु युवा केंद्र निहारिका पटेल, ट्रेनर दीपिका पाल, रानी यादव, रंजना तिवारी, मोनिका चौहान आदि रहे।

# नवाबगंज में दस दिनों से धान की खरीद नहीं

**नवाबगंज फरुखाबाद।** किसान एक ओर जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं। वहीं नवाबगंज स्थित धान खरीद केंद्र पर पिछले दस दिनों से खरीद बंद चल रही है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान मामला सामने आने पर एसडीएम कायमगंज सुनील यादव ने नाराजगी जताई।

नवाबगंज कस्बे में स्थित किसान सेवा सहकारी समिति गनीपुर जोगपुर में सरकारी धान खरीद केंद्र का गुरुवार को उपजिलाधिकारी कायमगंज सुनील कुमार ने निरीक्षण किया। केंद्र पर मौजूद प्रभारी शिवराज सिंह यादव से धान खरीद की जानकारी ली। केंद्र प्रभारी ने 73 किसानों से 3946 क्विंटल धान की खरीद की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें से 2545 क्विंटल धान मिल में भेजा गया। धान खरीद का 68 किसानों का भुगतान भी होने की जानकारी दी गई। क्रय रजिस्टर में 14 दिसंबर से धान की खरीद अंकित न होने पर एसडीएम ने केंद्र प्रभारी से नाराजगी जताईए तो केंद्र प्रभारी ने बीमार होने की बात कही। एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को किसी भी व्यापारी का धान कदापि न खरीदने की हिदायत देकर किसानों से खरीद करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने धान की खरीद न किए जाने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।



### केंद्र प्रभारी के खिलाफ दर्ज हो चुका है मुकदमा

नवाबगंज की किसान सेवा समिति गनीपुर जोगपुर में खोले गए सरकारी धान खरीद केंद्र का पूर्व में सर्वेश कुमार को केंद्र प्रभारी बनाया गया था। धान खरीद में किसानों को परेशान करने व धान की तौल करने में हीलाहवाली करने के मामले में केंद्र प्रभारी सर्वेश कुमार के खिलाफ पीसीएफ की जिला प्रबंधक अंजना नायक ने 23 नवंबर को नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सर्वेश कुमार के खिलाफमुकदमा दर्ज होने के बाद किसान सेवा केंद्र के सचिव शिवराज सिंह यादव को खरीद का प्रभारी बनाया गया।

# नववर्ष पर बरतें सतर्कता:एसपी

संवाददाता। चित्रकूट

**डीएम शेषमणि पाण्डेय** व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में हुई मासिक गोष्ठी में खनिज अधिकारी से अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी के बारे में पूंछा गया। गुरुवार को डीएम-एसपी ने सोनेपुर स्थित राघव प्रेक्षागार में खाद्य पूर्ति अधिकारी व अभियोजन अधिकारियों से बरी मामलों के बारे में पूंछा कि मुकदमे में वादी गवाह क्यों हो जाते हैं। खनन मामलों में न्यायालय से वाहन रिलीज होने की बाबत खनिज अधिकारी की आख्या अवश्य भेजी जाये। परिवहन विभाग के सीज किये वाहन थाना-चौकियों में खड़े हैं। उनके निस्तारण को एआरटीओ को निर्देश दिये गये। पंचायत चुनाव की तैयारी होने पर 25 दिसम्बर से प्रधानों के खाते सीज किये जा रहे हैं। प्रधानी चुनाव में गांवों में रंजिश अधिक होगी। इसके लिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही की जाये।



मासिक अपराध गोष्ठी में बोलते डीएम-एसपी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नये वर्ष एवं क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर पूरी सतर्कता बरतें। नये वर्ष पर भारी तादाद में लोग शराब का सेवन करते हैं। कहीं भी अवैध शराब न बिकने पाये। बैरियर लगाकर जांच की जाये। तीन सवारी व फर्राटा भरने वालों पर अंकुश लगायें। नये वर्ष पर प्रमुख चौराहों, माल, सर्राफा की दुकानों पर सतर्कता बरतें। नये वर्ष के रजिस्टर बनाना शुरु कर दें। रजिस्टरों का कार्यभार दरोगाओं को आवंटित किया जाये। थाने के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी वरिष्ठ दरोगा को दें। लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण एवं वांछितों की गिरफ्तारी की जाये। गैंगेस्टर एक्ट के खिलाफ कार्यवाही की जाये। प्रार्थना पत्रों की आख्या में वादी तथा प्रतिवादी के मोबाइल नम्बर अवश्य लिखे जायें। बैठक में एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय, एसडीएम राजापुर राहुल कश्यप, एसडीएम मानिकपुर संगमलाल गुप्ता, सीओ सिटी रजनीश यादव, सीओ मऊ सुबोध गौतम, सीओ राजापुर रामप्रकाश समेत पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश से एक दिन के लिए मिल गई प्रधानी

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** ग्राम इगोहटा के प्रधान को ग्राम पंचायत चुनाव का कार्यकाल समाप्त होने के एक दिन पूर्व मात्र एक दिन के लिए प्रधानी कोर्ट के आदेश से मिली है। जानकारी के मुताबिक इगोहटा प्रधान शीतल कुटार की प्रधानी काफी संघर्ष भरी रही है, निर्माण कार्य को लेकर शिकायत, जांच, अधिकारियों तथा कोर्ट के आदेश निर्देश का दौर लगातार चलता रहा है, शिकायत के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर गत वर्ष डीएम ने एक बार पहले प्रधान के पावर सीज कर दिए थे हाई कोर्ट का आदेश लाकर प्रधान ने अपनी कुर्सी बचा ली थी आठ अक्टूबर को दूसरी जांच में गड़बड़ पाए जाने की रिपोर्ट पर प्रधान के दुबारा पावर सीज करके तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया था हालांकि प्रधान का कार्यकाल कुछ ही दिनों का बचा था तो भी प्रधान ने दुबारा कोर्ट की शरण लेकर आर्थिक और प्रशासनिक अधिकार बहाल कराने का आदेश प्राप्त कर लिया डीएम द्वारा 24 दिसंबर को प्रधान के अधिकार बहाल कर दिए गए हैं 24 दिसंबर को प्रधान को अधिकार देने की कार्यवाही होती रही सिर्फएक दिन के लिए अधिकार पाने के लिए प्रधान के द्वारा किए गए प्रयासों की चर्चा पूरे ब्लॉक में होती रही क्योकि 25 दिसम्बर से ग्राम प्रधान का चार्ज पंचायत सचिव के पास हो जायेगे।

# अभियान चलाकर 2487 के बनाए गए गोल्डन कार्ड

**चित्रकूट।** पीएम जनआरोग्य योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने का अभियान जारी है। ये अभियान 31 दिसम्बर तक चलेगा। अब तक ढाई हजार लोगों के गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। सीएमओ ने बताया कि 15 दिसंबर से आशा कार्यकत्री, एएनएम व आंगनबाडी अपने क्षेत्रों के लाभार्थी परिवारों के गोल्डन कार्ड 15 दिसम्बर से जनसुविधा केन्द्र या लोकवाणी केन्द्रों पर बनवा रहे हैं। प्रति गोल्डन कार्ड तीस रुपये का शुल्य देय है। जिस तरह मतदान के समय मतदाताओं का पहचान पत्र होता है, उसी तरह देश के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में इलाज के लिए लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड जरूरी है। गरीब व वंचित तबकों के लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। इसका लाभ जिले के साथ प्रदेश व देश के किसी भी पंजीकृत राजकीय व निजी अस्पताल में लिया जा सकता है। डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम मैनेजर ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 39282 पात्र परिवारों के कार्ड बनाये जाने हैं।

## क्विक न्यूज

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी ग्रामीण ने आटो चालक के खिलाफपिता की बाइक में टक्कर मार कर घायल कर देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। क्षेत्र के भौली गांव निवासी रमन जीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 8 नवम्बर को मेरे पिता ज्ञानेंद्र सिंह बाइक से जलसंस्थान का नल कूप चालू करने जा रहे थे। तभी गांव निवासी प्रमोद यादव आटो लेकर गांव की तरफआ रहा था। उसने लापरवाही से चलाकर बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उनका दाहिना पैर टूट गया था। जिसका इलाज कानपुर मेंहोता रहा है। ठीक होने पर थाने में तहरीर दी है। वही पुलिस ने आरोपी के खिलाफदुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

### छेड़खानी के बाद धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के मंगलपुर गाँव निवासी महिला ने घर में घुसकर दबंग द्वारा अश्लील हरकत व छेड़खानी करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। गाव की गुड्डन देवी पत्नी किशन ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मेरा पति सूरत में रहकर मजदूरी करता है। घर में दुकान रखकर बच्चों का भरण पोषण करती हूं। दुकान बंद कर घर के अंदर थी। तभी गांव निवासी दबंग राजकुमार रात में मेरा दरवाजा खटखटाया जब मैने दरवाजा खोला तो उसने मुझे पकड़ कर जमीन में पटक दिया तथा मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा। जब मैने व मेरे बच्चों ने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए तो वह धमकी देकर कहा कि इस बार बच गयी हो दुबारा नही बचोगी। तब मैंने 112 नम्बर हेल्प लाइन को घटना की जानकारी दी तो वह गांव आये तथा राजकुमार को पकड़ कर ले गयी।

### ट्रक पलटने से चालक व खलासी गंभीर रुप से घायल

**राठ (हमीरपुर)।** आज तड़के राठ-पनवाड़ी मार्ग पर एक ट्रक अनियात्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। चालक सहित खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। आज तड़के मौरंग से भरा एक ट्रक गोहांड स्थित एक प्लांट में जा रहा था। राठ-पनवाड़ी मार्ग पर अचानक ट्रक चालक अपना संतुलन खो बैठा और ट्रक आनियांत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक सददाम पुत्र साबिर अली निवासी बिकरी थाना मुरादाबाद और खलासी मुकर्रब गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया।

### गिरवी रखी चूडी लेने गयी महिला से दुकानदार ने की छेड़खानी

**राठ (हमीरपुर)।** एक महिला ने सर्राफा दुकानदार के ऊपर सोने की चूड़ी न देने व आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायत की है।राठ निवासी एक महिला ने बताया कि 23 नवंबर को कोटबाजार स्थित एक सर्राफा दुकानदार के यहां उसने 18.440 मिग्रा सोने की चूड़ी रखकर 20 हजार रुपये लिये थे। उसने जुलाई 2018 को दुकानदार का पूरा पैसा ब्याज सहित चुकता कर दिया था। इसके बाद भी दुकानदार उसकी सोने की चूड़ी देने से मना कर रहा है। बीते 14 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे वह सर्राफा दुकानदार से अपनी सोने की चूड़ी लेने के लिये गई। आरोप लगाया कि दुकानदार चूड़ी देने से मना कर रहा है और बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दुकानदार आपराधिक धमकी देने लगा।

### हत्यारोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने दहेज हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले में मृतका के पिता ने छः के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। कस्बे के माँझखोर मुहाल में सात दिसंबर को 26 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों लटका शव बरामद हुआ था। मृतका के पिता मान सिंह निवासी अरघट मऊ जनपद महोबा ने आरोप लगाया था कि ससुराली जनों ने उसकी पुत्री सीमा (26) को दहेज की मांग को लेकर हत्या करने के बाद फांसी पर लटका दिया है। पति सहित छः के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष जरिया ने बताया कि पति सत्येंद्र व ससुर उत्तम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### दबंगों ने अवैध असलहे लेकर घर में घुसने का किया प्रयास

**हमीरपुर।** ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासाबुजुर्ग गांव में फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी का विरोध किया तो दबंगों ने घर में घुसकर युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया, पुलिस से लिखित शिकायत की है। गांव के शिशुपाल ने पुलिस को बताया कि गांव का सनत कुमार पुत्र राजकुमार द्वारा अभद्र टिप्पणी की थी। जानकारी मैने उसके पिता को बतायी इस पर सनत बौखला गया और बीती रात अवैध असलहे लेकर उसके घर के दरवाजे तोड़ कर घर में घुसने का प्रयास किया जानकारी पुलिस को दी गयी जब तक पुलिस आती तब तक सनत व उसका साथी मनीष मौके से भाग गये।

### कान्ट्रैक्ट खेती के बारे मे दी जानकारी

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम उपरहखा, बण्डवा में किसान चौपाल लगाकर सरकार द्वारा लागू की गयी एमएसपी के बारे में दिल्ली से आए डॉ दिलीप यादव जेएनयू और कामता राजपूत जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी हमीरपुर ने कृषि बिल पर किसानों के साथ संवाद किया जिसमें कॉन्ट्रैक्ट खेती एवं मण्डी खत्म करने का कानून पर विस्तृत चर्चा की इस कानून के तरह मण्डियों को खत्म किया जा रहा है।और कॉन्ट्रैक्ट खेती को बढ़वा दिया जा रहा हैं जिससे किसान समुदाय में इस संवाद के दौरान किसानों में आक्रोश व्यप्त हैं।

### बांदा में फोरम की पहल पर मिली 42 हजार की क्षतिपूर्ति

**बांदा।** जिला उपभोक्ता फोरम ने बस मालिक को बीमा कंपनी से बस मरम्मत का 42 हजार 305 रुपये क्षतिपूर्ति दिलाई। बस मालिक ने बीमा कंपनी के आनाकानी करने पर पिछले माह फोरम में वाद दायर किया था। फोरम अध्यक्ष ने बुधवार को बास मालिक को चेक सौंपा। कटरा मोहल्ला निवासी संतोष पटेल बस मालिक हैं। उनकी बसों का यूनाइडेट इंडिया बीमा कंपनी में बीमा है। पिछले दिनों में हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गई थी। बस मालिक ने कंपनी में क्लेम किया शाखा प्रबंधक ने हीलाहवाली की। संतोष पटेल ने जिला उपभोक्ता फोरम में वाद दायर किया। फोरम अध्यक्ष तूफानी प्रसाद व सदस्य अनिल कुमार की पीठ ने बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक को एक माह के अंदर बीमा की धनराशि जमा कराने के आदेश दिए थे। फोरम के आदेश पर शाखा प्रबंधक ने बीमित राशि फोरम के खाता में भेजी। रीडर स्वतंत्र रावत ने बस मालिक के अधिवक्ता की मौजूदगी में उन्हें 42 हजार 305 रुपये का चेक सौंपा।

### बाइक से गिरकर महिला पीआरडी कर्मी की मौत

**बांदा।** ब्रेकर पर चलती बाइक से गिरकर महिला पीआरडी कर्मी की मौत हो गई। स्वजन ने बताया ड्यूटी में जाते समय हादासा हुआ है। स्वजन शव घर ले गए हैं। जसपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गड़रिया निवासी बरदानी की 52 वर्षीय पत्नी भूरी पीआरडी में तैनात थी। सोमवार शाम वह घर से पति के साथ ड्यूटी करने जसपुरा कस्तूरबा गांधी विद्यालय जा रही थीं। रास्ते में ग्राम बहुंडरी व गौरीकलां के बीच ब्रेकर में वह बाइक से उछल कर सड़क में गिरकर घायल हो गई। पति उसे जसपुरा सीएचसी ले गया था। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। पति ने बताया कि उसके तीन बेटियां व दो बेटे हैं। बिना पुलिस को सूचना दिए वह शव वापस गांव ले गए हैं।

# गबन का आरोपी ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में ग्राम विकास अधिकारी।

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** अंकित मित्तल के निर्देश पर डेढ़ वर्ष से फरार ग्राम विकास अधिकारी आशुतोष कुमार को पुलिस ने दबोच लिया है। इधर, कोतवाल कर्वी की पुलिस टीम ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा की टीम के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने गबन के आरोपी डेढ़ साल से फरार चल रहे ग्राम विकास अधिकारी आशुतोष कुमार पुत्र जगदीश स्वरुप निवासी वार्ड सात कगराही बाजार थाना दिबियापुर जिला औरैया को पसियाना तिराहा कर्वी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी 14वें वित्त आयोग व मनरेगा से गबन किया था। इसके खिलाफ 2019 में मामला दर्ज हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था। इसी क्रम में कर्वी कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बलबा, जान से मारने के प्रयास व हत्या के आरोपी ललई कुशवाहा पुत्र गोरेलाल निवासी छिपटहरी तरौंहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में कर्वी कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी, दरोगा आनन्द मिश्रा, सिपाही प्रवीण कुमार, रोहित सिंह व विपिन कुमार शामिल रहे।

## व्यावसायिक शिक्षकों की समस्या का होगा निस्तारण: सुरेश त्रिपाठी

**चित्रकूट।** माध्यमिक व्यवसायिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता की अगुवाई में व्यवसायिक शिक्षकों ने शिक्षा विधायक दल के नेता सुरेश कुमार त्रिपाठी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के 892 मा. विद्यालयों में 2335 व्यवसायिक शिक्षक व अतिथि विशेषज्ञ के रुप में छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। ज्ञापन में व्यवसायिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि व्यवसायिक शिक्षक रोजगार परक शिक्षा देते हुए खुद बेरोजगार बने हैं। सरकार व्यवसायिक शिक्षकों के नियमितीकरण को 26 वर्षों से विचार कर रही है। शिक्षक विधायक त्रिपाठी ने भरोसा दिया कि बहुत जल्द व्यवसायिक शिक्षकों के नियमितीकरण के लिए सरकार से बात करेंगे। मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का निदान करायेंगे। योगी सरकार आत्मनिर्भर भारत के तहत रोजगार परक शिक्षा को प्रभावी ढंग से संचालित करने को संकल्पित है।

# गौवंश के भूसे में 11 करोड़ 80 लाख का घोटाला

**बांदा।** बाँदा में 2 महीने अंदर लगभग 400 गौवंशो की मौत भूख प्यास और ठंड से और इलाज न मिल पाने के कारण जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है। मुख्यमंत्री योगी तिंदवारी गौशाला में आ चुके हैं और उन्होंने बच्चियां गायों को गुड़ और चना खिलाने की कोशिश की थी लेकिन उन्होंने नहीं खाया इनके आने के पूर्व सभी अधिकारियों ने इतनी अच्छी तैयारी की थी कि इस ठंड में सभी गायों को और बच्चियों को निरमा और लक्स साबुन से नहला दिया था ठंड के कारण लगभग एक दर्जन गाय मौत के गाल में समा गई थी और उन्हें भर के जंगल में फेंक दिया गया था अब तो बांदा में और भी गौशाला में बढ़ गई हैं गौशालाओं में सही से ना तो पेयजल की व्यवस्था है सर्दी से बचाव के लिए टीम सेट भी नहीं है आखिर जानवरों को जेल की तरह गौशालाओं में बंद कर दिया गया है इसमें जानवरों की संख्या ज्यादा होने पर एक के ऊपर एक लग जाती है उसे भी इनकी मौतें हो जा रही है और खाने की भी व्यवस्था नहीं है ना भूसा है ना गुड है ना चना है सिर्फ पुआल कहीं.कहीं डाल दिया जाता है पुआल नियमित तरीके से नहीं खिलाया जा सकता जब भी मुख्यमंत्री आते हैं तो करोड़ों रुपए खर्च कर दिया जाता है लेकिन एक ही बहाना साहब अभी तक बजट नहीं है पैसा नहीं आया जबकि भूसा कभी कहीं मेरठ से आना दिखाया जाता है कहीं नोएडा कहीं मुजफ्फरनगर कहीं गोरखपुर गुस्सा आता ही नहीं गोवंश बराबर ठंड से और भूख से मर रहा है जिला प्रशासन इसकी व्यवस्था करने में बिल्कुल ही फेल हो चुका है क्योंकि जानवरों को पीने के पानी हेतु चराई नहीं है बहुत सारी गौशालाओं में सर छुपाने के लिए ऊपर आसमान के अलावा कुछ भी नहीं मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट सिर्फ सपनों में ही है प्रैक्टिकल में जमीन पर नहीं है।

230 गौशालाओ मे कुल 33 हजार 70 गौवंश दर्ज है दिसम्बर 2020 में शाशन ने गौवंश के भूसा के लिए 11 करोड़ 80 लाख बाँदा भेजा गया है जबकी बाँदा में दिसम्बर माह में 10 करोड़ 45 लाख निकाल चुके है ज्यादा से ज्यादा फर्जी नम्बर गौशालाओ में गौवंश को दिखाकर जबकि हकीकत में उन गौशालाओ में नम्बर संख्या बहुत कम है जैसे कमसिन में 1600 सौ गौवंश दिखाया गया है जबकि यहाँ पर 300 मात्र गौवंश गौशाला में है जबकि 1600 गौवंश का पैसा निकाला गया आखिर1300 गौवंश कहाँ गया है इसका पैसा कौन खा रहा है गाय भूख से तड़प रही है मर रही है अब तक कुल 400 गौवंश दो महीने के अंदर मर चुकी है ऐसे ही नरैनी में भी एक गौशाला में 65 गौवंश है इसमें शाशन को रिपोर्ट 65 गौवंश पालने की बात कही है जबकि प्रति गौवंश 900 सौ रुपये निकाला गया अर्थात 58 हजार 500 सौ। इस गौशाला में 37 गौवंश मर चुके है अब मात्र 28 गौवंश ही बचे है आपको बताते चले कि गौशालाओ में संख्यां ज्यादा बढ़ाकर उनके खाने के पैसे में घोटाला कर के मात्र दिसम्बर माह 2019 में 2 करोड़ 45 लाख निकले गये है इन वेजुबानो के खाने के पैसों को घोटालेबाज अधिकारियो द्वारा बराबर हड़पा जा रहा है।

## कोटरा में भांग के ठेके से खुलेआम बेंचा जा रहा गांजा

**उरई ( जालौन )।** एक ओर जहां पुलिस अधीक्षक जनपद में सक्रिय गांजा तस्करों की धरपकड़ कर अब तक डेढ़ कुंटल गांजा की बरामदगी करवा चुके हैं तो वहीं कस्बा कोटरा में आबकारी विभाग के भांग ठेके पर खुलेआम गांजा की बिक्री की जा रही है। भांग की दुकान पर बैठने वाला व्यक्ति ही एक वीडियों ने साफतौर पर कहता नजर आ रहा है कि वह भांग के साथ गांजा की भी बिक्री करता है। आबकारी विभाग द्वारा हर वर्ष भांग ठेकों की नीलामी की जाती है। प्राय: देखने में आता रहता है कि भांग ठेके लेने वाले व्यक्ति चोरी छिपे वहां से अवैध तरीके से गांजा की बिक्री कराने से नहीं चूकते हैं। फिर चाहे इससे युवा पीढ़ी गांजे के नशे की लती बने या फिर वह असमय बीमारियों से ग्रसित हों इससे उनका कोई वास्ता नहीं रहता है। ऐसा मामला आजकल कस्बा कोटरा में स्थित भांग ठेके पर बैठने वाला व्यक्ति एक वीडियो में इस बात को स्वयं की स्वीकार कर रहा है कि वह भांग के साथ गांजा की भी बिक्री करता है।

# आजादी के सात दशक बाद हुआ जालौन पालिका का सीमा विस्तार

**जालौन ( उरई )।** नगरीय क्षेत्र के बढ़ते कदमों को देखते हुए नगर पालिका परिषद जालौन को प्रदेश सरकार ने सीमा विस्तार के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। शासन से हरी झंडी मिलते ही नगर में खुशी देखी गई तथा नगर पालिका कार्यालय परिसर में मिठाई बांटी गयी। नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार के लिए शासन द्वारा हरी झंडी मिलते ही लोगों ने खुशी जाहिर की है। अब नगर पालिका में और भी विकास के द्वार खुलने की भी उम्मीदें बढ़ गई हैं। आजादी के 7 दशक बाद भी नगर पालिका की सीमा में विस्तार नहीं हुआ था। ज्यों ज्यों समय बीतता गया विकास की मांग बढ़ती गई। नगर पालिका के स्थापना के बाद से अब तक कई चेयरमैन बने लेकिन किसी ने सीमा विस्तार की ओर कोई ध्यान नही दिया। वर्ष 2017 में सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया तथा 23 दिसंबर 20 को प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी दे दी। नगर पालिका अध्यक्ष गिरीश गुप्ता व ईओ डीडी सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि नगर पालिका परिषद सीमा का विस्तार होने से नगर पालिका की आय बढ़ेगी तथा नगर पालिका के पास अपनी जगह होगी जिससे जनहित के लिए प्रयोग किया जा सकेगा।



नगरीय सीमा विस्तार की जानकारी देते पालिकाध्यक्ष व ईओ।

### चारों दिशाओं के गांवों तक पहुंची नगर पालिका

नगर पालिका की सीमा विस्तार के साथ ही नगर पालिका का दायरा बढ़ गया है। उत्तर दिशा में औरैया मार्ग पर विष्णु चरण महाविद्यालय तक, पश्चिम दिशा में बंगरा मार्ग पर पमां बम्बई तक, दक्षिण दिशा में लौना मार्ग पर माइनर के आगे तक तथा पूर्व दिशा में उरई मार्ग भिटारा गांव की सड़क तक, उरगांव मार्ग पर बम्बा के आगे तक, हरदोई मार्ग पर जगरानी ओछे लाल बौद्ध बालिका महाविद्यालय के आगे तक सीमा बढ़ाई गई है।

# उरई की बेटी को मिला इंडिया ग्लोब 2020 का ताज

संवाददाता। उरई (जालौन)

**पिछले दिनों** राजस्थान के जयपुर शहर में आयोजित मिस और मिसेज इंडिया ग्लोब का ग्रांड फिनाले का आयोजन हुआ। जिसमें उरई की बेटी वर्तमान में झांसी निवासी मिसेज शबाना शरीफको मिसेज इंडिया ग्लोब 2020 का ताज पहनाया गया। यह उपलब्धि पाकर उरई की बेटी ने अपने पिता डॉक्टर उस्मानी और माता रिहाना उस्मानी का सिर गर्व से ऊंचा किया। बेटी की सफलता पर संवेदना परिवार गौरवान्वित हुआ है तो वहीं जनपद के साहित्यकारों व समाज सेवियों उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये सफलता पर बधाई दी। बधाई देने वालों में साहित्यकार पंडित यज्ञदत्त त्रिपाठी, जगरूप सिंह, मनींद्र शर्मा एडवोकेट, डॉ. माया सिंह, शांति कनौजिया विमला तिवारी, सिद्धार्थ त्रिपाठी, नईम जिया, शफीकुर्रहमान कश्फी, सुरेश चंद्र त्रिपाठी सहित अनेकों साहित्यकार शामिल रहे।




मिसेज शबाना शरीफ

# 265 करोड़ खर्च होने के बाद भी शहर का रोहाइन नाला जाना जाएगा एक्सीडेंटल जोन के नाम से

## ● ओवरब्रिज न बनने से वाहन चालकों में देखी जा रही है दहशत

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**जिले मे** हमीरपुर शहर के किनारे निर्मित हो रहे नौ किलोमीटर की दूरी का बाईपास में शहर के बाहर कालपी रोड मे ओवर ब्रिज न बनाये जाने से यह स्थान दुर्घटना क्षेत्र के नाम से मशहूर होगा। इसके बचाव के लिये शासन में एक माह से माथा पच्ची चल रही है मगर कोई हल नही निकल पा रहा है। जानकारी के मुताबिक हमीरपुर शहर को भारी ट्राफिक से बचाने के लिये हमीरपुर शहर के बाहर से कानपुर निकलने के लिये नौ किलोमीटर यमुना पार रामपुर गांव तक बन रहे बाई पास के लिये दोनो पुलो के निर्माण के लिये शासन से सेतु निगम को 172 करोड़ रुपये व सड़क निर्माण के लिये लोनिवि प्रांतीय खंड को 93 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, एक साल बाद यानी दिसम्बर 2021 में यह मार्ग चालू हो जायेगा इसके लिये पचास फीसदी बजट खर्च हो गया है हालाकि कार्य 36 फीसदी ही पूरा हो पाया है। जैसे ही यह रोड बनकर तैयार होगा वैसे ही कालपी से कानपुर व कानपुर से कालपी महोवा जानेवाले सभी भारवाहन इसी रोड से निकलेगे। शहर के रोहाइन नाले के पास कालपी रोड पर बाईपास के बीच से सड़क निकली है।

बाईपास दोनो तरफ से काफी ढलान पर बना है अभियंताओं का कहना है कि जैसे है इस रोड पर ट्राफिक शुरु हो जायेगा वैसे ही हमीरपुर शहर की ओर से निकलने वाले वाहनों व बाईपास से निकलने वालों का दुर्घटना होने से रोक नही पायेगा। हालाकि इसके लिये सेतु निगम व लोनिवि से बराबर वार्ता चल रही है मगर कोई हल नही निकल पाया है। सेतु निगम के सहायक अभियंता सीपी दिवाकर का कहना है कि ओवर ब्रिज निर्मित होना बहुत ही आवश्यक है अन्यथा बडी बडी दुर्घटनाओं को कोई रोक नही सकता है। इधर लोनिवि के सहायक अभियंता जेके बाजपेयी का कहना है कि सड़क के मध्य के दोनो ओर सौ मीटर के अंतराल में पुल बने हुये है इसलिये ओवर ब्रिज बनना कठिन काम है, यहां पर एक बड़ा चौराहा बनाकर वाहनों को किसी तरह नियंत्रण मे किया जा सकता है। मगर श्री बाजपेयी की बात किसी के गले नही उतर रही है।

सेतु निमग का कहना है कि यदि उनको बजट मिल जायेगा तो वह ओवर ब्रिज बनाकर खडा करदेगे। इधर वाहन चालकों का कहना है कि यदि इस समस्या का निदान नही किया गया तो ज्यादातर लोग निकलना बंद कर देगे क्योकि इसी बाईपास रोड से मौरंग व गिट्टी के भरे वाहन निकलेगे क्योकि इस बाईपास रोड से हल्के वाहन नही चलेगे इसलिये भारवाहन स्पीड से भागेगे और बडी दुर्घटनाओं को कोई रोक नही पायेगा।

### क्या बोले भाजपा के सदर विधायक

**हमीरपुर।** भाजपा के सदर विधायक युवराज सिंह का कहना है कि उन्होने शासन से इसके लिये ओवर ब्रिज स्वीकृत करा लिया है इसके लिये शीघ्र ही बजट का आवंटन हो जायेगा मगर सेतु निगम के अधिशासी अभियंता सूरज कुमार गर्ग का कहना है कि यदि इस मामले मे कोई कार्यवाही हुई तो विभाग को अवश्य जानकारी होती मगर अभी तक कोई बजट पास नही हुआ है।

## केंद्र व प्रदेश सरकार के विरोध में कांग्रेसियों ने चलाई बैल गाड़ी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों नें किसान बिल का विरोध करते हुये ग्रामीण अंचलों में बैल गाड़ी चला कर व सरकार विरोधी नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। साथ ही चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किसान बिल के विरोध के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपति मित्रों के दबाव में किसानों की मांगों को अनदेखा कर रही है। गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम ऊंचा पट्टी में कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव दुबे उर्फमुन्ना के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बैल गाड़ी चला कर किसान विरोधी बिल को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर किसान विरोधी बिल के बारे में ग्रामीणों को बताया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों की आवाज को कुचलने के भरसक प्रयास कर रही है परंतु कांग्रेस हमेशा किसानों को लेकर लड़ाई लड़ती रही है और उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी। इस अवसर पर जुगल किशोर पाठक, सरफराज हुसैन, समीम खान, सतीश शर्मा, जैनेन्द्र यादव, विनोद कुमार, गुड्डू यादव, वेद प्रकाश, दिनेश चन्द्र मिश्रा, दिलीप तिवारी, विनोद तिवारी, राजीव मिश्रा, अशोक तिवारी, दीपू यादव, सुहेल, भूरा यादव, शहाबुद्दीन, श्याम सिंह, टिंकू तिवारी सहित कई कांग्रेसी नेता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार जनता के हितों के लिये कार्य कर रही है: अर्चना पांडे

## ● पूर्व राज्यमंत्री व एसडीएम, पालिकाध्यक्ष ईओ ने गरीबों को वितरित किए कंबल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के सभागार में गरीबों को भीषण सर्दी से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री व एसडीएम, तहसीलदार, पालिकाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में सैकडों गरीबों को कंबल वितरित करनें के दौरान गरीबों के चेहरों पर मुस्कान झलकती दिखाई दी। पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है।



पात्र को कम्बल वितरित करती पूर्व राज्यमंत्री, पालिकाध्यक्ष व अन्य।

स्थानीय नगरपालिका परिषद के सभागार में पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने नगर के विभिन्न बार्डो के कुल 125 गरीबों को कंबल वितरण करने के उपरांत पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया है। सरकार के द्वारा चलाई गई कई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी दी।

एसडीएम देवेश कुमार गुप्ता, तहसीलदार अभिमन्यु कुमार, पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य, अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने भी गरीबों को कंबल बांटे। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कहा कि पालिका का उद्देश्य है कि नगर को स्वच्छता में अब्बल व प्लास्टिक मुक्त रखें। पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य नें कहा कि मेरा उद्देश्य गरीबों का उत्थान एवं क्षेत्र का विकास है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, शासकीय सभासद सुमित सक्सेना, सहकारी समिति अध्यक्ष अशोक वर्मा, संजीव कुमार गुप्ता उर्फसंजू, अमित गुप्ता सहित कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, निर्माण लिपिक जिलेदार सिंह, अविनाश तिवारी, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, राजेश वर्मा, मोहित कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम रवीश गुप्ता

संवाददाता। सुलतानपुर

**शासन के** दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की कोविड 19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए एक-एक फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भिजने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन सहित जनता दर्शन में आये फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

# कायाकल्प से संवारे गए शिक्षा के मांदिर का एसडीएम ने किया उद्घाटन

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कायाकल्प योजना के तहत संवारे गए प्राथमिक विद्यालय निंबडवल का महराजगंज उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र व क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने कहा यदि शिक्षक चाहें तो अपने विद्यालय को कान्वेंट स्कूल बना सकते हैं बशर्ते उनके अन्दर पठन-पाठन का जज्बा और जुनून होना चाहिए।

वहीं प्रधान चाहे तो शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय को सजाकर, संवार कर उनमें शैक्षिक वातावरण तैयार कर सकते हैं जिसमें पढ़कर ग्रामीण अंचल के बच्चे भी विश्व पटल पर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उप जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने विद्यालय में प्रत्येक कक्षा से पाँच-



पाँच ऐसे बच्चे तैयार करें जो परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर सकें। श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं जरूरी है। खेलकूद से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास तीव्र गति से होता है। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। हर स्कूल में खेलकूद के लिए मैदान होना चाहिये।

जब प्रधान प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस विद्यालय में खेलकूद का मैदान है तो एसडीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की और प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की और कहा कि शिक्षा के मंदिर को सवांरने वाले ऐसे प्रधानों से अन्य प्रधानों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उप जिलाधिकारी ने समारोह में उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपने विद्यालय की बाउंड्री वॉल पर प्रेरणादायक महापुरुषों के चित्र और उनसे संबंधित संक्षेप में कहानियां लिखवाए जिससे बच्चों को प्रेरणा मिल सके। इसके साथ ही विद्यालय में बनाई जाने वाली वाटिका में फल एवं छायादार पेड़ लगवाएं और प्रत्येक पेड़ को किसी एक बच्चे को या बच्चों के समूह बनाकर पेड़ को उन्हें गोद दे दे। इससे बच्चे पेड़ की रक्षा करने के साथ ही उससे एक प्रेरणा लेंगे और अपने जीवन में पर्यावरण को महत्व देंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवानीगढ़ के वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र वर्मा कर रहे थे।

इस मौके पर महराजगंज क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी, बछरावां थानाध्यक्ष राकेश सिंह,खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेश कुमार, प्रधान श्रीमती कामिनी सिंह, पशु चिकित्साधिकारी जावेद आलम, अजय सिंह,प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, विनय वर्मा, हर्षवर्धन सिंह, प्रधानाचार्य आत्माराम, सरला वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी तरुण सिंह ,ग्राम पंचायत सचिव सुमित वर्मा, मोहित सिंह, मनोज शर्मा, सतीश कुमार, टोकन वर्मा, अंतिमा चौधरी, दिनेश सिंह,संजय शुक्ल, कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# धान खरीद केंद्र पर माफियाओं व विचौलियों से मुक्त तौल कराई जाए

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**चौधरी चरण** सिंह जयंती पर किसान कल्याण एसोसिएशन राजनैतिक राजनैतिक द्वारा महराजगंज के मंडे को स्थल पहले चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई इसके बाद किसानों ने मंडी परिषद में मंडी स्थल पर आए धान बेचने के लिए किसानों की शिकायत पर अनिश्चितकालीन धरने भी शुरू कर दिया मुख्य मुद्दा मंडी परिसर में किसानों का धान न खरीद कर व्यापारियों का धान ही खरीदा जा रहा है किसानों के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही तहसीलदार विनोद कुमार सिंह मंडी स्थल पहुंचे वहां पर किसानो ने तहसीलदार को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में मुख्य रुप से मर्जी गई है कि मंडी पर धान खरीद केंद्र पर माफिआओं वह विचौलियों से मुक्त कराकर केवल किसानों के धान की तौल कराई जाए क्योंकि मंडी में खरीद ना होने पर किसान ने अपनी उपज खुले बाजार में आने पौने बेचने को मजबूर है बहुत से किसान महाराज गंज मंडी में धान की बिक्री ना होने पर रायबरेली मंडी भी पहुंच रहे हैं वह भी धान नहीं बिक पा रहा है इसे अलावा मंडी के खरीद केंद्रों पर मजदूरों की तादात बढ़ाकर एक दिन में ज्यादा से ज्यादा तौल कराने की मांग की गई है ज्ञापन लेने के उपरांत तहसीलदार विनोद कुमार सिंह ने कहा पूरे मामले की जांच की जाएगी और मंडी स्थल पर बने क्रय केंद्र रे बिचोली और दलालों के वर्चस्व को समाप्त किया जाएगा धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता शुक्ल ने किया संचालन मंडल अध्यक्ष अरविंद जायसवाल ने किया धरने में जिलाध्यक्ष सदाशिव पांडे रामफेर पाल रामसनेही यादव राकेश सिंह संजय सिंह रंजीत सिंह अरविंद सिंह साजन भाई आदित्य दिवेदी आदि मौजूद रहे

# तैयारियां पूरी, आज धूमधाम से मनाया जाएगा क्रिसमस

**सुलतानपुर।** क्रिसमस की पूर्व संध्या पर प्रभु यीशू के आगमन को लेकर लोगों द्वारा आंतरिक तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। गिरिजाघरों की साफ-सफाई के साथ झांकियां बनना शुरू हो गई है। स्कूल-कॉलेजों में भी विविध कार्यक्रमों के साथ क्रिसमस ट्री व सेंटा क्लाज को तैयार किए गए। गिरजाघरों में कैरल गान सुबह प्रार्थना सभाएं चल रही है।सिविल लाइन स्थित संत पॉल कैथोलिक गिरिजाघर व क्राइस्ट चर्च में आज क्रिसमस पर्व के मद्देनजर सजाया जा रहा है। वहीं अनुयायी भी अपने घरों में छोटी-छोटी झांकियां बना रहे है। फादर जॉन लोबो के नेतृत्व में प्रार्थना सभा के लिए कैथोलिक चर्च में विशेष तैयारियां चल रही हैं। दोस्तपुर व मुडिला डीह के गिरिजाघरों में भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। स्कूलों में भी प्रभु यीशू के जन्मदिन को लेकर शारीरिक दूरी का अनुपालन करते हुए बच्चों द्वारा कार्यक्रम का रिहर्सल किया गया। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा झांकियां बनाने व महोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। गिरजाघरों में ज्यादा भीड़ एकत्र न हो इसके लिए भी टुकड़ों में लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। फादर जॉन लोबो ने बताया कि कोरोना महामारी



को लेकर क्रिसमस डे तैयारियों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन के निर्देशों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। प्रार्थना सभा व अन्य कार्यक्रम में लोगों के बीच शारीरिक दूरी बनी रहे इसके लिए विशेष तैयारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर ही पर्व मनाएं।

# गोमती नदी के पुल निर्माण में मुआवजा बन गया रोड़ा

**सुलतानपुर।** विकास खंड में गोमती नदी पर पहला पुल बभनगंवा गांव के घाट पर बन रहा है। 2176 लाख रुपये से बन रहे इस पुल पर किसानों ने मुआवजे की राशि कम मिलने से रोक लगा दी गई है, इसके चलते पुल का निर्माण रुक गया है। सेतु निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी पहुंचकर नापजोख कर किसानों से बातचीत कर पुल का निर्माण जारी रखने और समन्वय बनाने में जुटे हुए हैं। प्रदेश सरकार के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा जारी पत्र के बाद वित्तीय वर्ष 2019-20 में लोक निर्माण द्वारा नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत पुल की वित्तीय स्वीकृति की गई है। कामतागंज-बभनगंवा-आयुबपुर मार्ग पर बभनगंवा घाट के कारसेवा मार्ग पर पास हुआ है। पुल में 1370 लाख रुपये सेतु निर्माण तथा 833 लाख रुपये सेतु तक दोनों तरफ पहुंच मार्ग कार्य हेतु स्वीकृत है। पुल का निर्माण मार्च 2022 तक पूरा होना है। इस पुल के निर्माण के शुरू होते ही किसानों ने इस पर मुआवजा राशि कम होने पर काम रोक दिया है। गोमती नदी के दोनों तरफ बाग और आबादी की जमीन है। किसानों की मांग है कि आबादी के बगल की जमीन पर कृषि भूमि का मुआवजा मिल रहा है, जो कम है इसको बढ़ाकर दिया जाए। किसानों द्वारा काम रोकने के बाद मंगलवार को राजस्व निरीक्षक सभापति वर्मा लेखपाल आदिल खान और ज्ञानप्रकाश तिवारी तथा सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक मुकेश कुमार पहुंचकर किसानों से बातचीत की। किसान किसान जगदीश सिंह, उदयप्रताप, कधपाशंकर, भानुप्रताप, उमाशंकर, तारकेश्व, राजेश्वर, हरिकेश्वर आदि ने बताया कि मुआवजा की राशि कम है हमको छह महीने से टरकाया जा रहा है और पुल बन रहा है। अब सब कुछ तय होने के बाद काम शुरू करने दिया जाएगा। इस बावत मुकेश कुमार, उप परियोजना प्रबंधक सेतु निगम सुलतानपुर ने बताया कि मौके पर पहुंचकर किसानों व राजस्व विभाग के कर्मियों के सामने बातचीत की गई है। इसी आधार पर तहसील निबंधक से बात कर मुआवजा का मामला निपटाकर जल्द ही पुल निर्माण काम शुरू कराया जाएगा।

# फसलों को चट कर रहे छुट्टा जानवर

● **रखवाली के लिए सर्द रातों में किसान कर रहे खेतों की परिक्रमा**

संवाददाता। सुलतानपुर

**सरकार द्वारा** किसानों को उन्नति पर ले जाने का दावा सिर्फ और सिर्फ कोरा आश्वासन साबित हो रहा है। जहां एक तरफ मोदी सरकार द्वारा पारित किसान बिल से किसानों में आक्रोश फैला हुआ है वहीं दूसरी तरफ किसानों की खून-पसीने से उगाई गई रवी की फसलों को छुट्टा जानवर हजम कर जा रहे हैं। जिससे किसान हर तरफ से खून के आसू रोने पर विवश है। यही नही छोटे किसानों को उनकी फसलों का वाजिब मूल्य भी नही मिल पाता है, जिससे बेचारे किसान खेती-किसानी के साथ साथ घर परिवार की रोजाना की जरूरतों को पूरा करने के लिए औने-पौने दाम में अपनी उपज को बेचे को मजबूर हैं।गौरतलब हो कि सूबे में योगी सरकार बनने के बाद भी समूचे प्रदेश में छुट्टा जानवरों की बाढ़ सी आ गई थी। छुट्टा मवेशी किसानों की फसलों को चट करने के साथ साथ किसानों को घायल भी कर रहे हैं। योगी सरकार ने जानवरों से फसलों को बचाने के लिए लाखों रुपये पानी की तरह खर्च कर पशुशालाओं का भी निर्माण कराया लेकिन सरकार द्वारा उठाया गया एक कदम भी पूरी तरह से सफल नही हो सका। गायों को तो पशुशालाओं में शिफ्ट कर दिया गया लेकिन बछड़े व सांड़ आज भी खुलेआम घूम-घूम कर किसानों की फसलों को रौंदने के साथ साथ खा जा रहे हैं। किसानों छुट्टा जानवरों से फसलों की बचाने के लिए सर्द रातों में भी खेतों का चक्कर काटने को विवश है। दर्जनों किसानों ने कहा कि योगी राज में किसानों की सुनने वाला कोई नही है। योजनाएं सिर्फ और सिर्फ कागजों पर चल रही हैं। आवांरा जानवर कड़ी मशक्कत से उगाई गई फसलों को चट कर रहे हैं। ऐसे में मोदी सरकार किसान विरोधी बिल लाकर किसानों के साथ अन्याय करने पर तुली है।

## क्रिसमस के मौके पर डीएम, एसपी व अधिकारियों ने जनपद वासियों को दी बधाई

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने क्रिसमस के मौके पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस नववर्ष के आने की आहट देता है, हम सभी को आने वाले समय में नए जोश व उम्मीद के साथ एक नई शुरूआत करनी चाहिए। डीएम ने समस्त जनपद वासियों को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मिलजुल कर रहने का आहवान किया।

## क्विक न्यूज

### सुर्खियों में रहे उपनिरीक्षक विकास हुए लाइन हाजिर

**सुल्तानपुर।** पुलिस कप्तान द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जनहित में कई उपनिरीक्षक व निरीक्षक को स्थानान्तरित किया गया है। युवती से अश्लील चैट करने के लगे आरोपों से चर्चा में रहे दरोगा विकास को लाइन हाजिर किया गया। उनके स्थान पर लम्भुआ में उपनिरीक्षक रहे रवि कांत गुप्ता को जिमेदारी दी गयी है। हालांकि उपनिरीक्षक विकास ने अपने ऊपर लगे आरोपों को आधार हीन बेबुनियादी बताया है। जिसकी जांच भी चल रही है। वही कुछ माह पूर्व चर्चा में रहे दरोगा राणा प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से गोसाईगंज और राजकुमार यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी इंचार्ज पारा बाजार थाना बल्दीराय स्थानान्तरित किया गया। हाल ही में उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने उमा कांत शुक्ला को सेमरी चौकी इंचार्ज से प्रभारी आईजीआरएस/सीसीटीयनएस व प्रभारी आईजीआरएस/सीसीटीयनएस रहे निरीक्षक मधु कान्त मिश्र को अपराध शाखा स्थानान्तरित किया गया।

### बिना लाइसेंस के आयोजन पर होगी कार्रवाई: डीएम

**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने समस्त स्वामी प्रबन्धक रेस्टोरेन्ट, होटल, मैरिज हॉल एवं बैंकेट हॉल को अवगत कराया है कि नववर्ष के आगमन में कुछ ही दिन शेष रह गये हैं नववर्ष की पूर्व संध्या पर तथा विभिन्न वैवाहिक कार्यक्रमों, जन्मदिन पार्टी, सेमिनारों एवं नववर्ष के अवसर पर मदिरापान भी किया जाता है, किन्तु नियमों की जानकारी के अभाव में अथवा उपेक्षावश नियमानुसार अकेजनल बार लाइसेंस नहीं प्राप्त किया जाता है जो कि नियम विरूद्ध है तथा इससे सरकारी राजस्व की क्षति होती है। आपके होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज हॉल एवं बैंकेट हॉल में आयोजित होने वाले समारोहों में आयोजनकर्ता द्वारा अकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही मदिरापान की अनुमति प्रदान करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया है कि अकेजनल बार अनुज्ञापन प्राप्ति पर आवेदन कर अकेजनल बार लाइसेंस की फीस आनलाइन जमा करते हुए आवेदन पत्र प्रिन्ट करके मूल रूप में प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न कर जिला आबकारी अधिकारी हितेन्द्र शेखर के कार्यालय के कक्ष संख्या-24 कलेक्ट्रेट, सुलतानपुर में प्रस्तुत करें, जिससे समयान्तर्गत ॲकेजनल बार लाइसेंस जारी किया जा सके।

### पुलिस अधीक्षक का औचक निरीक्षण, खामियों पर कड़ी नसीहत

**डलमऊ रायबरेली।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने महिला हेल्प डेस्क कर्मचारी से मिले तथा आने वाले फरियादियों से कैसे उनकी फरियाद सुनी जाती है उसके बारे में जानकारी हासिल की। उसके बाद आगंतुक कक्ष देखने के बाद कार्यालय के अभिलेखों के रखरखाव और प्रविष्टियों की जांच की। इसके अलावा गदागंज थाना एवं डलमऊ कोतवाली के हल्का के दरोगा एवं चौकी इंचार्ज से लंबित पड़ी विवेचना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए विवेचना में लापरवाही बरतने वाले मातहतो को फटकार भी लगाई। वहीं कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज से गुंडा एक्ट, गैंगस्टर और टॉप टेन अपराधियों की निगरानी करने और उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी हासिल की इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह के साथ-साथ समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता आयोजित

**गोंडा।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष में श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा प्राचार्य डॉ वंदना सारस्वत के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉण् जितेंद्र सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने व्यक्ति के जीवन में धर्म एवं राष्ट्र की भूमिकाए मिशन शक्ति की सफलता के विभिन्न आयाम व नया युगए नई चुनौतियांः रोजगार की नई संभावनाएं आदि विषयों पर अपनी रुचि के अनुकूल विषय का चयन करके निबंध लेखन में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रतियोगिता लेखन का कार्य डॉण् रामसमुझ सिंहए डॉ शिव शरण शुक्लए डॉण् अवधेश वर्माए डॉण् लोहंस कल्याणीए अर्जुन चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में शिवचरण वर्माए मयंक द्विवेदीए दिनेश कुमारए कुमार सत्यमए विनय कुमार यादव आदि स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवियों के निबंध लेखन का मूल्यांकन कर के प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान घोषित किया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं को बांटे स्वेटर

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में आर्थिक रूप से कमजोर एवं विभिन्न अवसरों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र.छात्राओं को स्वेटर का वितरण किया गया। महाविद्यालय प्रबंध.समिति के सचिव उमेश शाह की अध्यक्षता में पचास छात्र.छात्राओं को स्वेटर दिया गया। इस अवसर पर उमेश शाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में यदि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर है उसके अध्ययन में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री आज जनपद में

**रायबरेली ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री डा० दिनेश शर्मा 25 दिसम्बर को प्रातः 10:40 को निरीक्षण भवन, 11:00 से 12:00 बजे तक शहर के सिविल लाइन्स, मंगलम लान में कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों से वार्ता, अपरान्ह 12:00 से 01:00 बजे तक मा० प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आनलाइन सम्बोधन, 2:15 से 2:45 बजे तक निरीक्षण भवन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

## केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 25 व 27 दिसम्बर को रायबरेली में

**रायबरेली ।** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास तथा टेक्सटाइल मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी 25 दिसम्बर को सायं 05:40 से 6:00 बजे तक तहसील व थाना महाराजगंज स्थित ग्राम चन्दापुर में छोटेराजा श्री हर्षेन्द्र सिंह की राजमाता के शोक संवेदना में शामिल होंगी। 27 दिसम्बर को प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक ब्लाक डीह की ग्राम हाजीपुर न्याय पंचायत फगुपुर में मा० प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगी।...

# सुशासन दिवस के रूप में मनेगा पूर्व पीएम अटल का जन्मदिन: डीएम

● **डीएम ने बताया कि सरकार कृषकों की आय बढ़ाने व उनके सतत् कल्याण के लिये संकल्पित है, इस संकल्प की पूर्ति के लिये समस्त विकास खण्डों व कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा**

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** डा० नितिन बंसल ने बताया है कि शुक्रवार 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में जनपद में मनाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम नगर के बेंकटाचार क्लब में आयोजित होगा। जिसमें जनपद के प्रभारी मंत्री उपस्थित रहेगें। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी 16 विकास खण्डों में कृषि मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन होगा।जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विकास खंडवार नोडल अधिकारी व पर्यवेक्षीय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी व पर्यवेक्षीय अधिकारी कार्यक्रम का सफल आयोजन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार कृषकों की आय बढ़ाने व उनके सतत् कल्याण के लिये संकल्पित है। इस संकल्प की पूर्ति के लिये समस्त विकास खण्डों व कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों का संयोजन कृषि विभाग द्वारा किया जायेगा इसमें सहकारिता पशुपालन उद्यान दुग्ध विकास गन्ना विभागए मत्स्य विभाग आदि विभागों से सम्बन्धित अधिकारी भी प्रतिभाग करेगें। कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड में किसानों को प्रतिभाग कराया जायेगा जिसमें उद्यान एवं पशुपालन से भी कृषक प्रतिभाग करेगें। इस अवसर पर बेंकटाचार क्लब में कृषि प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सुशासन दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र कृषकों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की सातवीं किस्त की धनराशि भी ट्रान्सफर की जाएगी जिसमें जिले के 04 लाख 49 हजार किसानों के खाते मे 89 करो? 80 लाख की धनराशि ट्रान्सफर होगी।

# किसानों ने नहर महकमे पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता। सुलतानपुर

**नहरों की कटान** से तीन दिनों में सैकड़ों किसान तबाह हो गए, उनकी रोजी-रोटी का साधन फसलें पानी में डूबकर बर्बाद हो गई। बावजूद इसके अभी भी महकमा ईंट भट्ठों पर मेहरबानी दिखा रहा है।

नहर में साइफन पाइप, भट्ठों द्वारा फेंकी गई ईंट के टुकड़े व मिट्टी नहर में जमा है, जो दोबारा पानी छोड़े जाने पर नहर कटान का कारण बन सकती हैं। नहर के कटने का कारण बनी ईंट भट्ठों द्वारा नहर में लगाई अवैध पाइप को नहर विभाग ने हटाकर नहर की सफाई जरूर करा दी है, लेकिन कई जगह अवैध पाइपें नहरों में मौजूद हैं जिनसे कभी भी आगे चलकर नहर कट सकती है। यदि इन पाइपों के अवरोध को समाप्त कर दिया जाए तो किसानों की फसल को अवैध कटान की नुकसान से बचाया जा सकता है। अभियाकला, व लाखीपुर तथा रामगंज रजबहा की कटान के बाद दर्जनों ग्रामीणों ने नहर कटान पर विभाग की लापरवाही तथा सफाई के समय जेसीबी से नहर की पटरियों को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाकर शिकायत की है।

## सेंट जेवियर स्कूल में मनाया गया क्रिसमस समारोह 2020

**सुल्तानपुर।** सेंट जेवियर स्कूल दोस्तपुर में क्रिसमस समारोह 2020 का आयोजन 24 दिसम्बर गुरूवार की संध्या को डिजिटल तरीके से बड़े ही धूमधाम से किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक कुशाग्र बरनवाल, प्रधानाचार्य जी.पी. मिश्रा एवं उप प्रधानाचार्य रफीक खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा केक काटकर किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने ऑनलाइन तरीके से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक प्रस्तुति दी। कोरोना के मद्देनजर कार्यक्रम का आनंद स्कूल के अन्य बच्चों ने ऑनलाइन तरीके से ही उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की कोऑर्डिनेटर फहमीदा खान एवं शिक्षक गण तथा विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रधानाचार्य पी मिश्रा ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को प्रभु यीशु के शांति और सद्भावना पर चलने तथा उनके करुणामई गुण अपने जीवन में उतारने की अपील की।

# प्रभारी मंत्री ने की जिला योजना समिति के प्रगति की समीक्षा की



संवाददाता। श्रावस्ती

**कलेक्ट्रेट सभागार** में जिला योजना समिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति रणवेन्द्र प्रताप सिंह .धुन्नी सिंह ने जनपद में कराए गए विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि इस वित्तीय वर्ष में अब मात्र 03 माह बचे है इसलिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे विभागों के कार्यों में तेजी लाकर विकासकार्यो को पूरा कराए।सरकार से जिले के विकास हेतु दिए गए धनराशि की 90 प्रतिशत व्यय होने पर मा0 मंत्री ने संतोष व्यक्त किया ।और कहा की सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करके जिले को और विकसित करने का निर्देश दिया। एवम सरकार कि जन कल्याणकारी योजनायो से जन जन को लाभंभावित किया जाय ।समाज कल्याण प्रोबेशन पिछड़ा वर्ग दिव्यांगजन शासक्ति करण द्वारा गरीबो के हित में संचालित योजनाओ से पात्र जनो को शतप्रतिशत लाभान्वित किया जाए और यह भी घ्यान रखा जाए कि कोई भी पात्र गरीब असहाय निर्धन व्यक्ति सरकार की योजनाओं से अछूता न रह जाए।बैठक में जिलाधिकारी टी के शिबु ने बताया कि वर्ष 2020.21 में जिला योजना अन्तर्गत जनपद को 24918.00 लाख रुपया का परिव्यय अनुमोदित किया गया है जिसमें से 9596.01 लाख रुपया का केन्द्रांश सम्मिलित है। अनुमोदित पर परिव्यय 24918.00 लाख के सापेक्ष जनपद के विभिन्न विभागों को रुपया 9892.48 लाख अवमुक्त हुआ है जिसके सापेक्ष विभागों द्वारा रुपया 9643.12 लाख का व्यय किया गया है।अनुमोदित परिव्यय के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि का प्रतिशत 39.70 एवं अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि का प्रतिशत 97.48 है। बैठक का संचालन परियोजना निदेशक बी0एम0 शुक्ला ने किया ।

# नहर कटी ,सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

## सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से सैकड़ों किसान बर्बाद

संवाददाता। बछरावा रायबरेली



**उत्तर प्रदेश** में भले ही योगी आदित्यनाथ की सरकार किसानों के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश आदेश जारी करती हो लेकिन अधिकारी इतना लापरवाह हो चुके हैं कि किसानों की समस्या तब तक नहीं देखते हैं जब तक किसान पूरी तरह से बर्बाद ना हो जाए और अगर सूचना मिली भी तो जब तक कोई कार्रवाई नहीं करते जब तक किसान पूरी तरह से बर्बाद ना हो जाए बता दें कि खण्ड क्षेत्र के सेहगो गांव के पास स्थित नहर में देर रात कटान हो गई । नहर के पानी से किसानों के खेत लबालब गए । किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचना दी । सिंचाई विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा । जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया है । सैकड़ों किसानों कि लगभग 250 बीघे फसल जलमग्न हो गई । किसानों ने घटना की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी । । किसान दीपक , आसाराम , विनोद , रामचंद्र , दुर्गा , रामनरेश , श्रीपाल , सूरजपाल , , प्रेमचंद ,रूपचन्द , पवन , सत्यनारायण , साहबदीन , ने बताया कि सूचना के बाद भी विभागीय अधिकारी मौके तक नहीं आए । नहर का पानी भर जाने से फसल बर्बाद हो जाएगी । किसानो को खुद ही कटान से बहते पानी को रोकना पड़ा । किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की मंशा पर सिंचाई विभाग के अधिकारी पानी फेर रहे हैं । यदि सही समय पर किसान कड़ी मशक्कत के बाद बाहों को ना रोकते । तो हजारों बीघे गेंहू की फसल जलमग्न हो जाती अब देखना यह होगा कि सैकड़ों किसानों की बर्बाद हुई फसल के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होती है या फिर जांच के नाम पर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा यह अभी यक्ष प्रश्न बना हुआ है

# 12 करोड़ में बनेगा 'बाल सम्प्रेक्षण गृह'

- स्कूलों में होगा दिव्यांग बाल शौचालय का निर्माण
- राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में 300 फीसद की हुई उपलब्धि
- सभी तरह के पेंशन लाभार्थियों की बढ़ रही संख्या



संवाददाता। बस्ती

**मीडिया** के जरिए सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योजना बनाई गई, इसके लिए प्रषासन को निर्देष है कि मीडिया के साथ बराबर संवाद के जरिए प्रत्येक विभागों की उपलब्धियों को बताया जाए। इसी क्रम में गुरुवार को डीएम आषुतोष निरंजन की ओर से प्रेसवार्ता आयोजित की गई। पहले चरण में समाज कल्याण विभाग, अल्प संख्यक कल्याण, दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग और पिछड़ा वर्ग विभागों के अधिकारियों की ओर से संचालित योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। विषेष रुप से पेंषन योजना में पिछले चार साल के बढ़ रहे लाभार्थियों की जानकारी दी गई। सबसे बड़ी उपलब्धि 300 फीसदी राष्टीय पारिवारिक लाभ योजना में होने की जानकारी दी गई। रामपुर स्थित मेडिकल कालेज के पास 12 करोड़ की लागत से बाल सम्प्रेक्षण गृह का निर्माण होना बताया गया। इसके लिए दो एकड़ जमीन विभाग को आंवटित भी कर दी गई है। सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बाल षौचालय का निर्माण कराया जाएगा। कहा गया कि इसके लिए अलग से बजट की मांग और प्रस्ताव भेजा गया है। डीएम ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लाभार्थियों की सख्यां में आषातीत वृद्वि हुई है। जहां पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया, वहीं अपात्रों के खिलाफकार्रवाई भी की गई। राष्टीय वृद्धावस्था पेंषन योजना में वर्ष 2017-18 में 64137 थी, वह बढ़कर एक लाख सात हजार 669 हो गया। दिव्यांजन सषक्तिकरण द्वारा संचालित दिव्यांग/कुष्ठावस्था पेंषन योजना में लाभार्थियों की संख्या 9940 से बढ़कर 12254 हो गई। इसी तरह महिला कल्याण विभाग में निराश्रित विधवा महिला पेंषन योजना में लाभार्थियों की संख्या 17-18 के 24637 से बढ़कर 38464 हो गई। घरेलू हिंसा की एवं अत्याचार से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के जिला महिला अस्पताल में 48.66 लाखकी लागत से वन स्टाप सेंटर का निर्माण हो रहाहै। बताया गया कि इस सेंटर में निषुल्क भोजन और आवास के साथ कौसिलिगं की भी व्यवस्था है। यह सेंटर महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित किया जाएगा। इस मौके पर नवागत एडीएम अभयकुमार मिश्र,सहायक सूचना निदेषक प्रभाकर त्रिपाठी और पांच विभाग के अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ..और मरीज को ठेले पर लाद कर अस्पताल पहुंचे परिजन

संवाददाता। बस्ती



ठेले पर मरीज को अस्पताल लेकर जाते परिजन — पायनियर

**हर्रैया** क्षेत्र के कुचैला गांव की एक बुजुर्ग महिला को सीएचसी तक लाने के लिए ठेले पर लादकर लाना पड़ा। बीमार महिला को परिजन ठेले पर लादकर अस्पताल लाए। अस्पताल के भीतर ले जाने के लिए भी स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं हो पाया। इसके बाद उसे ठेले पर ही ओपीडी तक ले जाना पड़ा। इसके बाद बुजुर्ग महिला को ठेले से उतार कर उसे ओपीडी में डाक्टर को दिखाया गया। इस घटना ने जिले में बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलकर रख दी है। बुजर्ग रेषमा देवी के पति झिनकान ने बताया कि अचानक चक्कर आने के बाद वह बेहोष होकर गिर पड़ी। रेषमा देवी के बेहोष होकर गिर पड़ने से घबड़ाए परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया ताकि उपचार के लिए उसे सीएचसी हर्रैया ले जाया जा सके। कई बार फोन करने के बाद जब फोन नहीं लगा तो परिजनों ने बुजुर्ग महिला की हालत को देखते हुए अनहोनी के डर से घर पर खड़े ठेले पर उसे लादा और तीन किलोमीटर का सफर तय कर अस्पताल पहुंचे। यहां पहुचने के बाद उन्हे महिला को ओपीडी तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं हो पाया। इसके बाद ठेले पर ही महिला को लादकर परिजन ओपीडी के सामने पहुंचे। इसके बाद उसे ठेले से उतार कर ओपीडी में डाक्टर को दिखाया। बीमार बुजुर्ग महिला की हालत अब ठीक बताई जा रही है। सीएचसी के अधीक्षक डा0 आरके यादव ने इस सम्बन्ध में बात करने पर कहा कि 108 एम्बुलेंस हमारे यहां से गवर्न नहीं होती है, जब कोई फोन करता है तो वहां से लोकेशन लेकर एम्बुलेंस भेजा जाता है। इस समय पर्याप्त सख्या में एम्बुलेंस हैं। हो सकता है नेटवर्क प्राब्लम की बजह से फोन न लगा हो।

# अनुप्रिया पटेल ने 'किसान दिवस' पर चौ. चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

संवाददाता। मीरजापुर



**अपना** दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुप्रिया पटेल ने किसान दिवस के अवसर पर जनपद के सिंचाई विभाग के डाक बंगला स्थित चौण्चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किसानों के मसीहा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने कहा कि चौण्चरण सिंह जी सही मायने में किसानों के मसीहा थे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी अपना दल (एस) की तरफ से चौण्चरण सिंह जी को भारत रत्न देने की पिछले काफी समय से मांग रही है। श्रीमती पटेल ने कहा कि चौण्चरण सिंह जी के बताए रास्ते पर चलकर ही देश के किसानों का विकास होगा। इस अवसर पर छानबे से अपना दल (एस) के युवा विधायक राहुल प्रकाश कोल, जिलाध्यक्ष राम लौटन बिंद, विजय शंकर केसरवानी, रामवृक्ष बिंद, आनंद सिंह पटेल, शंकर सिंह चौहान, ज्ञानचंद कन्नौजिया इत्यादि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# खेल जीवन के समग्र विकास का मूल मंत्र है : विधायक जय

- दो दिवसीय सूर्या एकेडमी वार्षिक क्रीडा समारोह हुआ सम्पन्न बच्चे हुए पुरस्कृत

संवाददाता। संतकबीरनगर



मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ विद्यार्थी — पायनियर

**सूर्या** एकेडमी के वार्षिक क्रीडा समारोह समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक जय चौबे ने किया। इस अवसर पर उन्होने अपने हाथो से विजयी खिलाडियो को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर उन्हे सम्मानित किया। इसी क्रम में विद्यालय प्रशासन की तरफ से सभी छात्र-छात्राओं व विद्यालय से संबंधित सभी अध्यापकों व कर्मचारियों को मटर व दुग्ध का जलपान कराया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने कहा कि खेल जीवन के समग्र विकास का मूलमंत्र है। विद्यालय में निरन्तर खेलों को आयोजन से भविष्य के चैम्पियन मिलते है। इसी क्रम में प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेलों के माध्यम से सशक्त एवं परिपक्व समाज का निर्माण होता है। हमारा उद्देश्य पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं एवं खेलों के माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास करना एवं बच्चों में प्रतियोगिता की भावना को सृजित करना है ताकि भविष्य में वे अपने को समाज में सामन्जस्य बैठाने में तत्पर हो सकें। साथ ही साथ प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यालयी शिक्षा में खेल का अपना महत्व है। नई शिक्षा नीति में खेलों को महत्व देते हुए प्रारम्भिक शिक्षा से उच्चतर शिक्षा में खेल पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि मानसिक सशक्तिकरण के लिए निरन्तर ऐसे खेल आयोजनों का होना अत्यन्त आवश्यक है। तद्पश्चात राकेश चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष वालीबॉल संघ, प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी व प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मंच का सफल संचालन शरद त्रिपाठी एवं अशोक चौबे ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय जायसवाल, पवन मिश्रा, राजकुमार गौड, अष्टभुजा त्रिपाठी, घनश्याम त्रिपाठी, नितेश द्विवेदी, अविनाश श्रीवास्तव, बलराम उपाध्याय, संजित राव, अमित श्रीवास्तव, अमित राय, अरूण सिंह, श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, तपस्या रानी सिंह, बबिता त्रिपाठी, नाजिया खातून, पिंकी अग्रहरी, रिया जायसवाल, गरिमा उपाध्याय बलराम यादव, आशुतोष पाण्डेय, राहुल श्रीवास्तव इत्यादि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# आईजी ने किया एसपी आफिस के नवनिर्मित गेट, पार्क का उद्घाटन



उदघाटन करते आईजी — पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**एसपी** आफिस के नवनिर्मित मुख्य प्रवेष द्वार एवं पार्क का आईजी अनिल कुमार राय, डीएम आषुतोष निरंजन ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए उद्घाटन कार्यक्रम में एसपी हेमराज मीणा, एएसपी रविन्द्र कुमार सिंह, सीओ सदर गिरीष कुमार सिंह, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, सीओ रूधौली शक्ति सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजाराम यादव व अन्य ने सहभागिता निभाई।

# शौचालय का 60 लाख डकार गए 40 सेक्रेटरी और प्रधान

**बस्ती।** सेक्रेटरी और प्रधानों ने षौचालय को भी नहीं छोड़ा।षौचालय मद में साढ़े सात करोड़ मिला। जिसमें 20 ग्राम पंचायतों के 40 प्रधानों और सेक्रेटरियों पर 60.44 लाख गबन करलिया। जिसमें परसुरामपुर ब्लॉक क्षेत्र के 16-16 सेक्रेटरी एवं प्रधान षामिल है। वसूली और मुकदमा दर्ज कराने का आदेश भी हुआ, मगर अभी तक न तो वसूली की गई, और न मुकदमा ही दर्ज कराया गया, बस नोटिस देकर खाना पूर्ति कर दी गई। सुविधा शुल्क दी गई, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई। मामला डीएम की प्रेसवार्ता में भी उठा। वैसे ही इन दोनों पर जिले में करोड़ों रुपये का बंदरबांट करने का आरोप लगता रहा है, षिकायतें होती रही, जांचें भी हुई, कार्रवाई के लिए लिखा भी गया, मगर सब कुछ डीपीआरओ कार्यालय पर आकर ठहर जाता है। आरोपियों को बचाने की जितनी शिकायतें सीएम से लेकर कमिश्नर, डीएम और सीडीओ से की गई, उतनी अन्य किसी विभाग के अधिकारी के खिलाफ नहीं हुई।देखा जाए तो पिछले पांच साल में जितनी धन की बर्बादी षौचालय के नाम पर हुई, उतना अगर किसी कल्याकारी योजना में लगा दिया जाता तो हजारों बेसहारों की जीवन सुधर जाता। पहले ओडीएफ घोषित के नाम पर लगभग साढ़े चार अरब बर्बाद किया, और अब एलओबी और एनओबी के नाम पर बर्बादी हो रही है।

**इन ग्राम पंचायतों में हुई लूट:**जिन ग्राम पंचायतों धन का गबन करने का आरोप साबित हो चुका है, उनमें परसुरामपुर ब्लॉक के ग्राम बनगवांखास 3.77 लाख, रायपुर 2.76 लाख, गोपीपुर 1.23 लाख, कुसमौरडीह में 4.38 लाख, बदद्पुर में 90 हजार, नाथपुर पांडेय में 2.64 लाख, बुबौना में 4.56 लाख, सेहरिया प्रथम में 3.06 लाख, सेहरिया में 1.26 लाख, बस्थनवां में 3 लाख, रामपुर नवनिधि राय में 1.26 लाख, धरमनगर में 2.64 लाख, अहिरौली में 2.82 लाख, मिश्रौलिया दुर्वासा में 2.10 लाख, करमीपटटी में 1.32 लाख, पड़री बाबू में 1.68 लाखएवं नेवादा में 1.42 लाख। इसी तरह सल्टौआ ब्लॉक के बसडीला में सबसे अधिक 5.52 लाख, बनकटी के ग्राम थाल्हापार में 1.40 लाख और कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरदिया लोहार में 4.20 सहित कुल 60.44 लाख रुपये का गबन करने का आरोप डीपीसी राजाषेर सिंह की जांच में साबित हो चुका है।

# प्रभारी मंत्री ने किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



संवाददाता। सोनभद्र

**जिले** के प्रभारी मंत्री डॉ. सतीश चन्द्र द्विवेदी ने प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय मुसही चरका टोला में स्कूल कायाकल्प के तहत स्मार्ट क्लास का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सरस्वती जी की प्रतिमा का अनावरण किया और दीप प्रज्जवलित करके माल्यार्पण किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास के प्रोजेक्टर रूम का शुभारंभ किया। बेंच, डेस्क, पुस्तकालय, किंचन, खेल सामग्री कक्ष को देखा। इसके बाद उन्होंने पेयजल इकाई को चालू करके जनता को समर्पित किया।

# तहसील अधिवक्ता समिति का चुनाव निर्विरोध हुआ संपन्न

संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र




**स्थानीय** तहसील अधिवक्ता समिति,घोरावल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नाम वापसी के दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव पदों समेत अधिकांश पदों के लिए एक एक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।इस क्रम में गुरुवार को ही निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी गई।मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामअनुजधर द्विवेदी ने बताया कि नामांकन पत्रों की वापसी के दिन बृहस्पतिवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इस प्रकार अब तक अध्यक्ष पद के लिए गोविंदनारायण झा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम के लिए राजेश कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अरूण कुमार त्रिपाठी, महासचिव पद के लिए रामचरित्र, कोषाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिन पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है, उन पदों के लिए बाद में नई कार्यकारिणी मनोनयन करेगी। अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष पदों के लिए एक एक नामांकन दाखिल होने के कारण सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर आदिनाथ मिश्रा,तहसील अधिवक्ता समिति के निवर्तमान अध्यक्ष जय सिंह, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाठक, हरिप्रकाश वर्मा,संतोष कुमार मिश्रा, श्रीप्रकाश सिंह, बिजेंद्र सिंह, सुनील चौबे, मदनगोपाल सिंह, आशुतोष पांडे, सच्चिदानंद चौबे, इनामुलहक अंसारी, रामकिंकर पाठक, राजनारायण श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, अरुण कुमार त्रिपाठी, रामलाल राही, प्रफुल्ल शुक्ला, संतोष कुमार पाठक इत्यादि मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर मां-बेटी की मौत

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी एक विवाहिता ने अपनी पुत्री के साथ गुरुवार की सुबह ट्रेन से कट कर मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। मगहर पुलिस ने बताया कि मामले की जॉच पड़ताल की जा रही है। प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह प्रतीत होता है। विवाहिता की मायके वालो को भी सूचना दी गई। मृतिका की पहचान 28 वर्षीया व लगभग ढाई वर्षीया बच्ची के रूप में शिनाख्त की गई।

## पुरानी रंजिश में हुई मारपीट

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** दुधारा थाना क्षेत्र के गांव लौकीलाला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच में मारपीट के मामले में मुकामी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव लौकीलाला निवासी अनिल कुमार पुत्र राम शब्द ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद, रामचन्द्र तथा अली अहमद के विरुद्ध पुरानी रंजिश को लेकर माता यशोदा देवी, बहन रेनू को मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 323, 504,506 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# शत-प्रतिशत स्कूलों का किया जाय कायाकल्पः डॉ. सतीश

- विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था की सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक



संवाददाता। सोनभद्र

**शासन** की मंशा के अनुरूप विकास परक कार्यक्रमों जन कल्याणकारी योजनाओं व लाभार्थीपरक कार्यक्रमों को चरणबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता तरीके से फरवरी, 2021 तक पूरा कराते हुए मार्च 2021 तक परियोजनाओं को सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाय। समीक्षा में सामने आयी समस्याओं का समाधान जिले स्तर पर एक सप्ताह के अन्दर करते हुए उच्च स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए शासन को संदर्भित किया जाय। आगामी बैठक से पहले सभी समस्याओं का समाधान किया जाय। राबर्ट्सगंज शहर के जल निकासी के समस्या के समाधान के लिए शासन स्तर पर पैरवी करके निस्तारित कराया जायेगा।लम्बित मामलों में की गयी कार्यवाही के प्रति सांसद व विधायक के साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री को भी उपलब्ध करायी जाय। जिले के आधार शिडिंग और स्कूल कायाकल्प के कार्यों को और बेहतर तरीके से पूरा कराते हुए जिले का नाम प्रदेश में रौशन किया जाय। उक्त निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री डॉ0 सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट में विकास कार्यक्रमों एवं कानून की समीक्षा के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों को दियें। मौके पर मौजूद सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लक्षित योजनाओं को हर हाल में फरवरी माह तक पूरा किया जाय और मार्च महीने तक सम्बन्धित विभागों को हैण्डओवर की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि जिले में ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए एक और वर्कशॉप स्थापित करने के लिए कार्यवाही की जाय। कोन व करमा ब्लाक के परिसीमन सम्बन्धी लम्बित प्रकरण पर भी ध्यान दिया जाय। जनप्रतिनिधिगण अपने अपने विधान सभा क्षेत्रों में निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें और खराब काम करने वाली एजेन्सियों के बारे में जिलाधिकारी को भी अवगत कराने के साथ ही गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के लिए अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि जो निर्माण एजेन्सी पैसा पाने के बावजूद काम पूरा नहीं की है और रिवाइज स्टीमेट भेजकर काम को लटकाये रखी है उनकी भी स्थलीय जॉच कराकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि राजकीय निर्माण निगम उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 लोक निर्माण विभाग प्रधान मंत्री ग्राम्य सड़क योजना से जुड़ें अधिकारी अपने कार्यों में सुधार लाते हुए परियोजनाओं को समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि जो निर्माण एजेन्सी पैसा पूरा पाने के बावजूद काम को अधूरा रखी है जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि मण्डलीय अटल आवासीय विद्यालय को जल्द बनावाया जाय जनहित के कार्यों को होने पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभार्थियों को लाभार्थीपरक स्कीमों को समारोह पूर्वक सम्मान के साथ उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि राबर्ट्सगंज शहर के आरटीएस क्लब मैदान के पास रोजाना मौजूद होने वाले श्रमिकों का पंजीयन एक सप्ताह का कैम्प लगाकर किया जाय और ब्लाकवार भी कैम्प लगाकर ज्यादा से ज्यादा मजदूरों का पंजीयन लगाया जाय। कैम्प में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय।

## तकनीकी सहायक बर्खास्त सचिव का तबादला, प्रधान सचिव और टीए से वसूली

**कप्तानगंज,** बस्ती। विकासखंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत कौड़िकोल में मनरेगा में हुए लाखों के गोलमाल का मामला पीएमओ कार्यालय पहुंचने और जांच होने के तीन बाद ही घपलेबाजों पर सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बड़ी कार्रवाई की है। तकनीकी सहायक को बर्खास्त करने के आदेष के साथ सेक्रेटरी को ब्लॉक से तबादला और प्रधान, सेक्रेटरी व तकनीकी सहायक से बारबर-बारबर धन की वसूली का फरमान जारी किया गया है। यह कार्रवाई डीएम आषुतोष निरंजन के आदेष के बाद की गई। कप्तानगंज ब्लॉक के कौड़ीकोल के घूरे प्रसाद और लालता प्रसाद ने 24 सितंबर को डीएम और सीडीओ को शिकायती पत्र देकर गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी और प्रधान की मिलीभगत से विकास कार्यो में फर्जीवाड़ा करके सरकारी धन का बंदरबांट, मनरेगा में फर्जी जॉब कार्ड बनाकर गांव के कुछ विशेष लोगों के खाते में मनरेगा का पैसा भेजने, शौचालय और तालाब खुदाई के नाम पर बिना काम कराए ही धन निकालने सहित कई गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी।

# एचआरपीजी में साहित्य संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, इकाई एवं हिन्दी विभाग हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित कर हुआ। अध्यक्ष हिन्दी विभाग डॉ अमित भारती, डॉ संध्या राय, डॉ अमरनाथ पाण्डेय, प्रिया अग्रहरि ने अटल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन करते हुए उन्हें याद किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की वरिष्ठ सदस्य प्रिया अग्रहरि ने अटल की रचना आओ फिर से दिया जलाएँ, भरी दुपहरी में अंधियारा, सूरज परछाई से हारा की आकर्षक प्रस्तुति किया। साहित्य परिषद की सदस्य सुप्रिया दूबे ने वीर रस केन्द्रित स्वरचित काव्य तू रहित है श्रृंगार से की पंक्तियों-आँखों मे रख एक आग तू का ओज पूर्ण पाठ किया। अध्यक्ष साहित्य परिषद डॉ अमित भारती ने नई कहानी के स्तम्भ कथाकार मोहन राकेश की बहुचर्चित कहानी आर्द्रा का समीक्षात्मक पाठ करते हुए, उसके चरित्रों, उनकी संवेदनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान किया। डॉ भारती ने आर्द्रा कहानी की विषमताओं, वेदनाओं को जीवन यात्रा के विकास के क्रम से जोड़ते हुए उसे जीवन का सौंदर्य कहा और साथ ही उन्होंने छात्र/छात्राओं को जीवन की हर विषमता को सौंदर्य मान कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में साहित्य परिषद के युवा सदस्य राजेश यादव ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं हिन्दी विभाग के सभी सदस्यों, आचार्यों की प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री, साहित्य परिषद डॉ अमरनाथ पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अजय यादव, पूजा कुमारी, रेनु, खुसबू, प्रतीक्षा, चन्द्रशीला, लक्की, नमिता, सोनाली, वर्षा, शत्रुघ्न, सना खातून, रविता आदि उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 25 दिसंबर, 2020



# अटल के जन्म दिवस की रहेगी धूम

## कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सीडीओ के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न, प्रधानमंत्री का कृषकों को सम्बोधन का किया जायेगा सजीव प्रसारण'

संवाददाता। देवरिया



कल 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर जनपद के सभी विकास खण्डों में कृषि मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी आयोजित किये जायेंगें। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित कृषक गण प्रतिभाग करेंगे। गोष्ठी का कार्यक्रम पूर्वान्ह 10:30 बजे से 11:45 तक होगा। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों आनलाईन सम्बोधित किये जाने का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया जायेगा। इस आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने खण्ड विकास अधिकारियों के साथ विकास भवन के गांधी सभागार में बैठक कर उन्हे आवश्यक सभी तैयारियां पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया। साथ ही इस कार्यक्रम में कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम आयोजन में कोविड.19 के दिशा निर्देशों का भी पूरी तरह ध्यान रखा जाये। कोविड से बचाव हेतु निर्देशों का कडाई से अनुपालन कराये जानेए सोशल डिस्टेंसिंग से बैठनेए मास्क पहनने की अनिवार्यता भी सुनिश्चित करायी जाये। उन्होने इस दौरान सभी विकास खण्डो पर कोविड हेल्पडेस्क शिविर का आयोजन कराये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी जनप्रतिनिधियों की प्रतिभागिता हेतु उन्हे आमंत्रित करें। सदर विकास खण्ड का यह कार्यक्रम आईटीआई परिसर में आयोजित होगाए जिसमें जनपद प्रभारीध्राज्यमंत्री;स्वतंत्र प्रभारद्धए उद्यान श्रीराम चौहान सिरकत करेंगें। विकास खंड रामपुर कारखाना का कार्यक्रम स्थल अशोक इंटर कालेज एवं सलेमपुर विकास खण्ड का आयोजन तहसील सलेमपुर परिसर में किया जायेगा। शेष अन्य विकास खंडो का आयोजन उनके कार्यालय परिसरों में आयोजित होगी। इस दौरान कृषि विभाग एवं उससे जुडे विभागो की स्टाल व प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जुडे सभी , खण्ड विकास अधिकारियोंए खण्ड विकास अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश के साथ इसका सफल आयोजन कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में उप निदेशक कृषि डा एकेमिश्र, जिला विकास अधिकारी श्री कृष्ण पाण्डेय, डीसी मनेरगा गजेन्द्र तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी बरहज आलोक दत्त उपाध्याय, सदरध्जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकान्त राय, बैतालपुर मनोज श्रीवास्तव, तरकुलवां अशोक त्रिपाठी, पथरदेवा आलोक सिंहए रुद्रपुर कुमार कार्तिकेय मिश्रए सलेमपुर ओम प्रकाशए भटनी अशोक कुमार पाण्डेयए भाटपाररानी संतोष कुमार श्रीवास्तव,लार सुधा सिंह आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### छात्र–छात्राओं के लिये निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

**जौनपुर**। जौनपुर.सुल्तानपुर सीमा पर स्थित रामचरन सिंह इण्टर कालेज रवनियां में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई।

### मालवीय व्यक्तित्व व कृतित्व विषयक संगोष्ठी आज

**जौनपुर**। भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर गोष्ठी का आयोजन सुनिश्चित हुआ है जो 25 दिसम्बर दिन शुक्रवार को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे बलराम समाचार तिलकधारी महाविद्यालय में होगा। उक्त अवसर पर रामाशीष जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश बिहार झारखंड प्रज्ञा प्रवाह बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त आयोजन उन्मेष प्रज्ञा प्रवाह की जनपद शाखा द्वारा होगा। इस आशय की जानकारी संतोष त्रिपाठी विभाग संयोजक प्रज्ञा प्रवाह एवं संतोष सिंह विभाग सह संयोजक प्रज्ञा प्रवाह ने संयुक्त रूप से दी है।

### समस्याओं के निराकरण को लेकर सौंपा पत्रक

**मुगलसराय,चन्दौली**। सामाजिक संगठन एकात्मशक्ति के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी मुगलसराय सिब्बू गिरी को पत्रक सौंपा और उनसे फ्लाईओवर सहित जिले व नगर की कई समस्याओ के निराकरण हेतु मांग की । नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता व एकात्मशक्ति के संरक्षक संतोष कुमार पाठक व एकात्म शक्ति के अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी मुगलसराय शिप्पु गिरि से मिलकर उनको पत्रक सौंपा। पत्रक सौंपते हुए संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि मुगलसराय नगर में नित्य जाम लग रहा हैएइसका स्थाई समाधान एक मात्र यही है कि चंधासी से लेकर अलीनगर तिराहा व आलू मिल तक फ्लाईओवर बनाया जाए साथ ही नगर में जगह जगह स्थाई स्टैंड बनाया जाए।

### वांछित गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली**। कंदवा पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार पकड़ा गया अभियुक्त अवधेश यादव जनपद चंदौली निवासी बताया जाता है। जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### मोबाइल व नगदी बरामद एक गिरफ्तार

**चंदौली**। जीआरपी ने चेकिंग के दौरान एक युवक को प्लेटफार्म संख्या 1ए2 के पास से गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन व 1800 रु नगद बरामद किया पकड़ा गया युवक स्टेशन वो ट्रेनों में चोरी का कार्य करता था जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।युवक का नाम संतोष चौधरी जनपद पटना बिहार निवासी बताया जाता है।

### लेखपाल की मौत पर प्रशासनिक अधिकारी मर्माहत

सकलडीहा,चन्दौली। नौगढ़ में तैनात 27 वर्षीय लेखपाल सुशांत यादव की दर्दनाक मौत पर प्रशासनिक अधिकारी से लेकर लेखपाल संघ मर्माहत है। बुधवार को तहसील सभागार में एसडीएम प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी और राजस्व कर्मियों ने शोक संवेदना प्रकट किया। अंत में परिवार को आर्थिक मदद देने की पहल किया।शोक संवेदना सभा को सम्बोधित करते हुए एसडीएम प्रदीप कुमार ने कहा कि जीवन से बड़ा कोई धन नही है।

## थानाध्यक्ष ने की व्यवसाइयों के साथ बैठक

**सिद्धार्थनगर**। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ष्शीत लहरध् कोहरा के दौरान बाजारों में चोरी जैसी घटना रोकने की दृष्टि गत बबजअ कैमरे की क्रियाशीलता व सुरक्षा व्यवस्थाष् के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम मे रणधीर कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर द्वारा चौकी बिस्कोहर मे कस्बा बिस्कोहर के सभी स्वर्ण व्यापारियों की मीटिंग की गई तथा सभी लोगों से दुकानों में बबजअ कैमरा को सक्रिय रखने व दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया ।

## ग्रामोदय से भारत उदय अभियान से ग्रामीणों में जागरूकता आई : सदर सांसद



**देवरिया**। ग्रामोदय से भारत उदय अभियान से ग्रामीणों में जागरूकता आई है और विकास कार्यों के प्रस्ताव सार्वजनिक रूप से तैयार करके गांवो का विकास किया जा रहा है।भारत की आत्मा गांवों में बसती है पर उसका पिछड़ापन भी वहीं निवास करता है और इसी पिछड़ेपन को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने मॉडल विलेज बनाने की बात कही है और उसी के अनुरूप राज्य सरकार भी काम कर रही है। उक्त बातें सदर सांसद डा रमापतिराम त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत बोड़िया अनन्त में 14 वें वित्त से निर्मित छठ पोखरे के सीढ़ी कार्य और ग्राम पंचायत में इंटरलाकिंग कार्य का लोकार्पण करने के बाद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी और योगी के नेतृत्व में गांवो और किसानों के विकास तथा भले के कार्य मे लगी हैएवही विपक्षी दल अपनी बन्द होती दुकान को देखते हुये किसानों को गुमराह कर कसानों के विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास कर रहे है। सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि देश तभी खुशहाल रहेगा जब गांव खुशहाल रहेंगेएगांव में रहने वाले किसान खुशहाल रहेंगे।इनकी खुशहाली के लिये केंद्र और प्रदेश की सरकार अनेक योजनाओं को धरातल पर पहुचा कर कार्य कर रही है। पूर्व विधान परिषद सदस्य महेन्द्र यादव ने कहा कि हम लोगो का प्रयास है कि गांव की सारी आवश्यक सुविधाओं को गांवो में ही मुहैया कराये।गांवो में अच्छी सड़कएघर एबिजलीएसाफस्वच्छ पानीएस्वास्थ्यएबेहतर शिक्षा की व्यवस्था देने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## किसानों की सच्ची हितैषी है भाजपा सरकार

देवरिया । भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चरन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किसान संवाद् की तैयारी हेतु रुद्रपुर विधानसभा के रामलक्षन मण्डल के बर्दगोनिया सेक्टर की बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए बर्दगोनिया सेक्टर के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सच्ची हितैषी हैए इसी क्रम में 25 दिसम्बर को भारतरत्न अटल जी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ मिलकर मनाएगीए जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के साथ संवाद करेंगे उसके बाद संवाद में उपस्थित वक्ताओं द्वारा किसान हित मे केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया जाएगा। इसी क्रम में 26 एवं 27 दिसम्बर को सभी बूथों पर भाजपा नेता किसानों के साथ अटल जी का जन्मदिवस मनाएंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड शिविर के दल नायक नामित होने पर कुलपति ने दी बधाई

**जौनपुर**। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अधीन संचालित राजा श्री कृष्ण दत्त पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार पान्डेय को गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए उत्तर प्रदेश एवं उत्तरांचल की टीम का दल नायक नामित किया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अशोक सोती द्वारा इसके लिए पत्र प्रेषित किया गया है। कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने डॉक्टर संतोष कुमार पान्डेय को दल नायक के रूप में चयनित होने पर बधाई दी है। विवि के लिए यह गौरव की बात है कि यहां के राष्ट्रीय सेवा योजना से संबद्ध कार्यक्रम अधिकारी को गणतंत्र दिवस शिविर के दल नायक के रूप में नामित किया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ किये जाने का दिया निर्देश

संवाददाता। देवरिया





जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उद्यानए कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापारए कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारद्ध श्रीराम चौहान ने कहा है कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विकास, निर्माण आदि कार्यो को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें। जो काम रुके हो और अधूरे हो उसे भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरतें। इस दौरान नाबार्ड द्वारा तैयार की गयी जनपद के विकास के लिये सम्भाव्यतायुक्त ऋण योजना 3155 करोड के प्रस्ताव पुस्तिका का विमोचन भी उनके द्वारा किया गया। जनपद प्रभारी मंत्री श्री चौहान विकास भवन के गांधी सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होने कहा कि अधिकारी कार्यो की समीक्षा करेंए जहां त्रुटि रह गयी हो उसे दूर कर लक्ष्य की पूर्ति अनिवार्य रुप से करें। गलती दिखाई दे तो उसे दूर करना चाहिये तथा गति को और तीव्र करते हुए कार्यो को पूरा करना चाहिये। उन्होने कहा कि आमजन को मूल सुविधायें मुहैया कराने के लिये सभी को कार्य करना चाहिये। कहा कि आप सभी के कंधें पर बहुत बडी जिम्मेदारी हैए उस पर खरा उतरें तथा स्वयं चिन्तन करें व अपने विभाग की समीक्षा करें। कहा कि यदि कही कोई कोर कसर रह गयी है तो उसे पूरा करने में लगें। हर हाल में जनसुविधाओं से जुडे संरचनात्मक कार्यो में तीव्रता लाते हुए उसे पूर्ण करायें। शासन की संचालित योजनाओं को अमलीजामा पहनाना हम सभी का उत्तरदायित्व है। अच्छे कार्य से विभागो की छवि बनेगी तथा हिलाहवाली से विकास कार्य बाधित होगा वही हम सभी जनता के प्रति जबाबदेह होगें। जनता के हित के लिये कल्याणकारी योजनाये बनायी जाती हैए उस पर अमल करना व उसे क्रियान्वित करते हुए लोगो तक उसका लाभ पहुँचाना अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है।

# एसडीएम ने परखी राजस्व वसूली की प्रगति, दिए निर्देश

संवाददाता। जौनपुर

उपजिलाधिकारी सदर नीतीश सिंह ने गुरूवार को संग्रह कार्यालय सदर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अभिलेखों के रख.रखाव व कर्मचारियों के कार्य पद्धति पर संतोष जताया। साथ ही मानक के अनुरुप राजस्व की वसूली न होने पर अमीनों के प्रति नाराजगी जताते हुए वसूली कार्य में गति लाते हुए अधिक से अधिक राजस्व वसूली के लिए निर्देशित किया। इससे शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर सहायक राजस्व लेखाकार सहित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### एक से तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले संस्थानों को कराया जायेगा पुरस्कृत : ईओ'

**देवरिया**।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया रोहित सिंह ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष निकाय स्तर पर ष्स्वच्छ सर्वेक्षणष् कराया जाता हैए जिसके अन्तर्गत नगर क्षेत्र में स्थित संस्थानोंध्प्रतिष्ठानोंए विद्यालयोंए होटलोए अस्पतालोंए सरकारी कार्यालयए मोहल्लो व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मध्य स्वच्छता रैकिंग करायी जाना है। स्वच्छता मानकों को पूर्ण करने वाले व प्रतिस्पर्धा में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को जिला स्तर पर आयोजित किये जाने वाले सम्मान समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

## उपेक्षा का शिकार हो चुका है सलखापुर रेलवे स्टेशन

संवाददाता। जौनपुर

**जिला** मुख्यालय पर स्थित सलखापुर रेलवे स्टेशन आज उपेक्षा का शिकार हो चुका है जिसकी ओर न रेलवे विभाग का ध्यान जा रहा है और न ही किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस विषय को आगे बढ़ाया जा रहा है। मालूम हो कि यह स्टेशन बहुत पुराना है। अंग्रेजों के समय में बने इस स्टेशन का नाम सलखापुर रेलवे स्टेशन है। बता दें कि आज भी जौनपुर से इलाहाबाद आने.जाने वाली सभी ट्रेनें इस स्टेशन पर रुकती हैं परंतु किसी भी प्रकार की कोई सुविधा न होने से स्टेशन के साथ यात्री भी उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। स्टेशन पर न केंद्र सरकार एवं न ही प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट हो पा रहा है जबकि यह स्टेशन बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान पर है जिससे प्रतिदिन रेल सरकार यहां के यात्रियों से अच्छा.खासा मुनाफा भी होता है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार बहुत से यात्री यहां से चढ़ते और उतरते हैं। स्टेशन का भवन जर्जर हो चुका है एवं टिकटघर भी नदारद हैं। एक कोने में बैठकर स्टेशन के कर्मचारी किसी तरीके से अपना कार्य कर रहे हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि इस स्टेशन का सुंदरीकरण कराकर सही दिशा व दशा में लाया जा जाय। इससे रेल विभाग के साथ यात्रा करने वालों को भी सुविधाएं मिल जायेंगी। टिकट लेना.देनाए जलपान आदि की व्यवस्था अन्य स्टेशन की भांति इस पर भी हो जाय तो लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उपेक्षा का दंश झेल रहा इस स्टेशन से जिस प्रकार सरकार का मुनाफा हो रहा हैए उसी अनुसार इस स्टेशन की भी सुंदरीकरण कराना नितांत आवश्यक है।



## किसानों के साथ धोखाधड़ी अपराध मानते थे चौधरी साहबः घनश्याम दूबे

**जौनपुर**। नगर के ओलन्दगंज स्थित एक होटल में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम दूबे की अध्यक्षता में लोकदल कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीजा चौधरी चरण सिंह की 118वीं जयंती मनाई। इस मौके पर श्री दूबे ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। किसानों के उत्थान हेतु वे आजीवन संघर्ष करते रहे। वह गरीबों व बेसहारों के जीवन स्तर को उठाने के लिए हमेशा चिंतित रहे थे। किसानों के लिए किये गये उनके कार्यों को आज भी लोग याद करते हैं। श्री दुबे ने कहा कि किसानों के साथ धोखाधड़ी को चौधरी चरण सिंह अपराध मानते थे। वह किसानों के साथ पारदर्शिता से कार्य करने में विश्वास करते थे। इस समय किसान आंदोलन के वक्त उनकी अभिव्यक्ति और प्रासंगिक हो जाती है। इसके पहले उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया। साथ ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सगीर खानए कमलेश सरोजए निजाम खानए शैलेश दूबेए पंकज सिंहए जियालाल सरोज सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेंजर्स ने किया टेण्ट निर्माण व गजट तैयार

**जौनपुर। एडवांस** रोवर फॅार रोवर फीडर एवं रेंजर फीडर कोर्स के 7 दिवसीय कार्यक्रम के 7वें दिवस पर बुधवार को शिविर संचालक डाण् शफीउज्जमां एवं शिविर संचालिका श्रीमती निर्मला देवी के संयुक्त नेतृत्व में हवन शिष्टाचार एवं टीण्एण् की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रतिभागियों द्वारा टेन्ट निर्माण एवं गजट तैयार किया गया। दोपहर बाद प्रतिभागियों ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। सायंकाल कैम्प फायर में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रोण् निर्मला एसण् मौर्य उपस्थित रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को स्काउट.गाइड स्किलए सिविल डिफेंसए प्राथमिक सहायताए आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट गाइड के सिद्धांतों को हर नागरिक अपने में आत्मसात कर लें तो पूरे विश्व में अग्रणी हो जाए। इस अवसर पर प्रशिक्षक रोवर मोण् सादिकए प्रमोद दूबेए कविता पाण्डेयए राकेश मिश्राए डाण् आलोक दासए ओम प्रकाश चक्रवर्तीए प्रदीप कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## स्वेटर मिला तो खिलखिला उठे स्कूली बच्चे



संवाददाता। सिद्धार्थ नगर

विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमवापुर नानकार में 191 छात्र छात्रों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण कोविड के गाइडलाइन का पालन करते हुए किया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ अभिमन्यु ने कहा कि शासन प्रत्येक बच्चे को ध्यान में रखते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग है शासन बच्चों को ठंड के समय में स्वेटर देकर अच्छा काम कर रही है।कार्यक्रम कीअध्यक्षता लालजी यादव प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़ के द्वारा किया गया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि छात्र छात्रों को ठंड के मौसम में शासन द्वारा बच्चों को सही समय पर स्वेटर मिल जाने से बच्चों को राहत मिलेगी। प्रधानाध्पिका सावित्री देवी ने कहा कि शासन की जो भी योजना है वह बच्चो को प्रदान की जा रही। आनलाइन कक्षाएंए ई.पाठशाला आदि के माध्यम से बच्चों को शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। जिन बच्चों के पास मोबाइल नहीं है उन अभिभावकों को बच्चों के साथ व्यक्तिगत संपर्क करके शिक्षण सामग्री और विषय वस्तु प्रदान किया जा रहा है।

## शिक्षक राकेश की कविता पर मिला प्रशस्ति पत्र

**सिकरारा, जौनपुर**। राज्यस्तरीय आनलाइन काव्य संगोष्ठी ष्परवाजष् के अंतर्गत 6वीं कड़ी में राकेश सिंह सहायक अध्यापक प्राण् विद्यालय हरीरामपुरए विकास खंड सिकरारा द्वारा कोविड.19 जैसी वैश्विक महामारी को देखते हुए आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के क्रम में लिखी गई कविता की राज्य स्तर पर सराहना की गयी। उस कविता का शीर्षक है आओ मिलकर दूर करें। जिसे प्रेरक,उत्तम, संदेशप्रद रचना व पाठ बताया गया। इसी को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशालय में अब्दुल मुबीन सहायक शिक्षा निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि उक्त कविता को छाप नामक आनलाइन पत्रिका में पृष्ठ संख्या 46 पर प्रकाशित भी किया गया है।

## पेरियार रामास्वामी थे सच्चे राष्ट्रवादी और समाज सुधारकः अरविन्द पटेल

**सिरकोनी,जौनपुर**। स्थानीय विकास क्षेत्र के कजगांव में सरदार सेना द्वारा पेरियार रामास्वामी नायकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया जहां जिलाध्यक्ष अरविन्द पटेल ने पेरियार जी द्वारा जीवनकाल में किये गये तमाम कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि वह एक भारत में सच्चे तमिल राष्ट्रवादी और समाज सुधारक के रूप में जाने जाते थे। ईण्वीण् रामास्वामी एक तमिल राष्ट्रवादीए राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता थे। इनके प्रशंसक इन्हें आदर के साथ ष्पेरियार, शब्द से संबोधित करते थे।

# किसान सम्मान दिवस के रूप में मनी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण की जयंती

## प्रगतिशील किसानों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। मऊ

पूर्व प्रधानमंत्री स्वण्चौधरी चरण सिंह की जयंती जिले में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पालिका कम्युनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वण्चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर घोसी विधान सभा के विधायक विजय राजभर एवं जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल ने शुभारंभ किया। जिलाधिकारी द्वारा किसान मेला का निरीक्षण करते हुए किसान को दिये जाने वाले ट्रैक्टर को शहर में लगभग 500 मीटर स्वयं चलाकर परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में किसान है और किसानों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ किसानों को मिले इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक चौधरी चरण सिंह के जन्म से लेकर उनके जीवन के बारे में विचार प्रस्तुत किये। चौधरी चरण सिंह ने 1952 में जमीदारी उन्मूलन विधेयक पारित किया। इस विधेयक के कारण 27000 पटवारियों ने त्याग पत्र दे दिया। जिसे इन्होनें निडरता के साथ स्वीकार किया एवं किसानों को पटवारी के आतंकी वातावरण से आजाद किया और स्वयं लेखपाल पद का भार सम्भाला और नए पटवारी नियुक्त किये। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को उनके फसल का जो न्युनतम मूल्य दिया जा रहा है उसके जनक चैधरी चरण सिंह ही थे। जनपद के प्रगतिशील किसान कृषि विभाग से योगेन्द्र कुमार राय रौदा भगवानपुर, सुनील सिंह रतनपुरा, मोतीलाल यादव हाफिजपुर, राम नरायन यादव दादनपुर अहिरौली, मोहन मौर्य लखनी मुबारकपुर, लालचन्द यादव दादनपुर अहिरौली, रामू चैहान चकमुसैयद, उद्यान विभाग से सुरेश्ज्ञ प्रसाद मौर्य इन्दरपुर, हरिश्चन्द्र चोरपाखुर्द,राजेन्द्र राय भदसा मानोपुर,रामशब्द मौर्य कल्यानपुर, फूलचन्द सरवां, रामाश्रय मौर्य पटरांव, रामप्रकाश राय बैराठपुर, को सम्मानित किया गया।




## प्रदेश और देश में अराजकता का माहौलः शहला अहरारी

**मुग़लसराय,चन्दौली** । शहर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष; पूर्वी जोनद्धशहला अहरारी के मुगलसराय प्रथम आगमन पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं कार्यकर्ताओं ने और नगर के पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।त्पश्चात महिला कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि शहला अहरारी ने कहा प्रदेश और देश में अराजकता का माहौल हैए महिलाओं का उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है।बैठक में संगठन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा की शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह बहुत अच्छा कार्य कर रही है और सभी महिला कार्यकर्ता इनका सहयोग करें और सब के सुख दुख में भागीदार बने। उन्होंने कहा महिला कांग्रेस शहर जिला ब्लाक न्याय पंचायत वार्ड ग्राम सभा व बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह ने कहा की महिलाओं को आने वाले आगामी नगर पालिका परिषद के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकट दिया जाए जितने की मनोबल लगातार बढ़ती रहे उन्होंने मांग किया कि आज जिस प्रकार से सरकारी कर्मचारियों का शोषण हो रहा है उनके साथ जबरदस्ती किया जा रहा है।



## दुखना देवी सेवा संस्थान ने आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**जौनपुर**। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत नगर के रोडवेज प्रांगण में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विजय श्रीवास्तव एआरएम जौनपुर ने कहा कि आज सड़क दुर्घटना बढ़ रही है। सड़कों पर नियम का पालन न करने से ज्यादा युवा वर्ग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। दुखना देवी सेवा संस्थान सितम सराय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रबन्धकध्आयोजक डाण् अवधनाथ पाल ने कहा कि आज पूरे जनपद में जो दुर्घटनाएं हो रही हैंए मात्र सड़क के नियम उल्लंघन एवं मोटरसाइकिल से चलते सम मोबाइल से बात करनेए हेलमेट का प्रयोग न करनेए सिग्नल लाइट का उल्लंघन करने से सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। संस्था द्वारा रामनगर ब्लाक सहित विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नियम को बताकर जनता को जागरूक किया जा रहा है।

# डीएम ने धान क्रय केंद्रों का लिया जायजा

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा0 रूपेश कुमार ने गुरुवार को भ्रमणशील रहकर धान क्रय केन्द्रों पर हो रही धान खरीद की प्रगति के सम्बन्ध में साधन सहकारी समिति मलावा छजईपुर, बिहार, बाबागंज, कुण्डा, कालाकांकर का औचक निरीक्षण किया। क्रय केन्द्र साधन सहकारी समिति मलावा छजईपुर के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारी से अब तक धान खरीद की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि केन्द्र पर 5000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष 3700 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने केन्द्र पर नोडल अधिकारी के तैनाती के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि एडीसीओ अजय कुमार मौर्य को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। नोडल अधिकारी केन्द्र पर उपस्थित रहते है की नही के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि 02 से 03 दिन में एक बार आते है, जिस पर जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। क्रय केन्द्र

● **जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारियों ने भी अपने तहसील क्षेत्रों के क्रय केंद्रों का किया मुआयना**

बिहार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से अब तक की गयी धान खरीद के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली तो केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि 18000 मीट्रिक टन लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष 11000 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। केन्द्र पर 386 कृषक बन्धुओं के धान के खरीद की गयी है जिसमें से 325 कृषकों को धनराशि का भुगतान किया जा चुका है, शेष के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। क्रय केन्द्र बाबागंज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धान खरीद के सम्बन्ध में केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली तो बताया गया कि 453 कृषकों से धान की खरीद की गयी है जिसमें से 235 कृषकों का भुगतान किया जा चुका है, शेष भुगतान की प्रक्रिया चल रही है।



इसी प्रकार जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र कालाकांकर के निरीक्षण के दौरान उपस्थित कृषकों से धान खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली तो वहां पर उपस्थित कृषक सूर्यमणि मिश्र द्वारा बताया गया कि 20 दिसम्बर से केन्द्र का चक्कर लगा रहा हूँ और मेरे धान की अब तक खरीद नही की गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली तो वह सन्तोषजनक उत्तर नही दे पाये, जिसके लिये जिलाधिकारी केन्द्र प्रभारी त्रिलोकीराम भारती को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र कुण्डा का भी निरीक्षण किया और वहां पर हो रही धान खरीद की प्रगति एवं कृषकों के भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सभी क्रय केन्द्रों पर बोरी में की गयी खरीद को अपने समक्ष तौलकर वजन कराया तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि निर्धारित वजन लगभग 40.600 किलोग्राम के सापेक्ष 41.300, 41.600, 41.900 किलोग्राम लगभग पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित वजन के अनुरूप ही कृषक बन्धुओं से धान की खरीद की जाये। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर उपस्थित कृषक बन्धुओं से धान विक्रय के सम्बन्ध में समस्या एवं बिचौलियों द्वारा धान की विक्री तो नही करायी जा रही है के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि इस प्रकार की समस्या क्रय केन्द्रों पर नही हो रही है। उन्होने क्रय केन्द्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुये कहा कि क्रय केन्द्रों पर यदि बिचौलियें पाये जाते हो तो उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही की जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाये। उन्होने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों पर धान खरीद निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति जल्द से जल्द करायी जाये, किसानों को अनावश्यक रूप से क्रय केन्द्र पर परेशान न किया जाये और छोटे कृषकों के धान खरीद में प्राथमिकता दी जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों पर कृषकों से धान खरीद के उपरान्त भुगतान की कार्यवाही जल्द से जल्द करायी जाये। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज समस्त उपजिलाधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्रों के क्रय केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर धान खरीद के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली।

## एडीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, कसी लगाम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के एडीएम शत्रोहन वैश्य ने गुरूवार को तहसील क्षेत्र के लालगंज के खानापट्टी तथा सगरा सुंदरपुर व कौशिल्यापुर साधन सहकारी समिति धान क्रय केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया। एडीएम ने निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्रो पर खरीद की प्रगति की जानकारी ली। क्रय केन्द्रों पर मौजूद किसानो से बिक्री के तहत परेशानियो के बाबत भी एडीएम ने पूछताछ किया। हालांकि क्रय केन्द्रो पर किसानो ने एडीएम को संतोषजनक जबाब दिया। इसके बावजूद एडीएम ने क्रय केंद्र के प्रभारियो को छोटे किसानो को खरीद मे किसी भी प्रकार की असुविधा न होने की तल्ख हिदायत दी। अपर जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्रो पर खरीद के लिए कोविड प्रोटोकाल मे लापरवाही देख जरूर नाराजगी दिखाई। उन्होने क्रय केंद्र प्रभारियो को किसानो के लिए शुद्व पेयजल तथा बैठने के भी प्रबन्ध कराए जाने को कहा। एडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारियो को शासन की मंशा के अनुरूप लक्ष्य के शत प्रतिशत खरीद के लिए आगाह भी किया। उन्होने यह भी चेतावनी दी कि यदि किसानो के द्वारा खरीद को लेकर किसी भी प्रकार की असुविधा की शिकायत मिली तो जिम्मेदार बख्शे नही जाएगें। एडीएम के साथ तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव भी निरीक्षण मे मौजूद रहे। एडीएम के दोपहर तक चले क्रय केन्द्रो पर औचक निरीक्षण

## क्विक न्यूज

### आज आएंगी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

**तिलोई, अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत सिंहपुर ब्लाक मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान मैदान पर एक जनसभा का आयोजन किया गया है ।जिसकी मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी होंगी। श्री बाला जी महाराज के लिए सेमरौता के हनुमानगंज चौराहे से बस 24 दिसम्बर को प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पूरा प्रशासनिक अमला दिन भर रामलीला मैदान पर डटा रहा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने सी डी ओ अमेठी अंकुर लाठर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। ब्लाक कर्मचारियों के साथ खंड विकास अधिकारी सिंहपुर प्रीति वर्मा भी मौके पर मौजूद रही। क्षेत्रीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि विजय, प्रमुख रंजीत सिंह व कृष्ण कुमार सिंह आदि मौके पर मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय रक्तदान कैम्प का हुआ आयोजन



**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजा कासिम की नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रृधेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के 96 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रक्तदान कैम्प का आयोजन जिला हास्पिटल के डा0 एस0के0शुक्ला की निगरानी में चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम युवा रक्तदान करके श्रृधेय अटल जी के व्यक्तित्व के अनुरूप समाज सेवा करके मनाया जा रहा है। रक्तदान करने वालों में कुलदीप चौहान, फराज हुसैन, मो0 ताहिर, मो0 उर्फी, अतहर रजा ने रक्त दान किया।

### प्रभारी मंत्री का एक दिवसीय कार्यक्रम आज

अमेठी। जिले के प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याणए मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री उप्र मोहसिन रजा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज सुनिश्चित हुआ है। प्रभारी मंत्री 25 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में मंत्री पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती पर आयोजित किसान गोष्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात 12:00 बजे प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा कृषकों को ऑनलाइन संबोधन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तदुपरांत प्रभारी मंत्री अपरान्ह 02:00 बजे लखनऊ को प्रस्थान करेंगे।

### कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**गौरीगंज,अमेठी।** कड़ाके की ठण्डी से आमजन का जीवन जहाँ प्रभावित हो गया है। वही दूसरी ओर सरकार व समाजसेवी भी लोगो के मदद की ओर हाथ बढाने लगे है। विकासखण्ड शाहगढ़ के पलिया ग्राम सभा के प्रधान सूर्यप्रताप के आवास पर कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें लगभग क्षेत्र व ग्रामसभा के 400 गरीब परिवारों को कम्बल दिया गया। इस मौके पर रिटायर्ड न्यायाधीश प्रेमचंद ने कहा कि गरीबो की सेवा करना बहुत ही पुनीत कार्य है। इसमें समाज के सभी सम्पन्न लोगों को आगे आना चाहिये। इस मौके पर शंकर लाल कोटेदार, चन्द्रशेखर यादव प्रधान कपूरपुर, सूबेदार कोटेदार, अरविन्द पाण्डेय, राम कुमार पांडे, सूर्य प्रकाश तिवारी इंद्रपाल यादव, रेहान अहमद आदि मौजूद रहे।

### पुलिस टीम ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच-पड़ताल

**जगदीशपुर, अमेठी।** कोरोना महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ साथ बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच पड़ताल की। कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत जगदीशपुर रानीगंज वारिसगंज थौरी सरेसर स्थित विभिन्न बैंको की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ उपनिरीक्षक सन्तोष त्रिपाठी अखिलेश प्रजापति व भानू प्रताप सिंह ने बैंक शाखा एटीएम बूथ सीसीटीवी कैमरा सायरन सहित अन्य सुरक्षा प्रबंधों की हकीकत देखी और वहीं बैंको के आसपास तथा बैंको के अंदर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहन चालकों से पूछताछ की। बैंक परिसर में आने वाले सभी लोगों को कोविड-19 के दृष्टिगत मास्क लगाने व सोशल डिसटेसिग का पालन के लिए जागरूक किया।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जगदीशपुर, अमेठी।** शुकुल बाजार विकास खण्ड के अंतर्गत इन्हौना रोड़ स्थित साँई आभा मैटरनिटी सेन्टर पर एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पण्डित केपी त्रिपाठी स्मारक चिकित्सालय रानीगंज की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी द्वारा किया गया वहीं डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 386 मरीजों का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निशुल्क दवा प्रदान की गई शिविर में 50 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवा के साथ साथ ठंड को देखते हुए शाल भी भेंट किया और उनके स्वास्थ्य की कामना की ।शिविर में डॉक्टर पीके तिवारी डॉक्टर एके चतुर्वेदी व डॉक्टर श्वेता तिवारी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया इस मौके पर महेंद्र प्रताप सिंह रवि तिवारी जितेंद्र सिंह राहुल सिंह मुरली यादव अन्जुम आरती यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

### मिशन शक्ति पर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बाराबंकी।** प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वालम्बन के लिए शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य ;17 अक्टूबरए 2020 से अप्रैलए 2021 तक 180 दिनद्ध 20 सरकारी विभाग के समन्वय से मिशन शक्ति अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण के अन्तर्गत विकास खण्ड हरख के ग्राम मंजीठा में जागो री जागो नि:शुल्क संचालित आओ बनाये शिक्षित व संस्कारित बेटियां केन्द्र पर मिशन शक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए वन स्टाप सेन्टरए रानी लक्ष्मी बाई एवं बाल सम्मान कोषए निराश्रित महिला पेंशन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे 181ए 1098ए 1090ए 102ए 108ए 1076 के बारे में जानकारी देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रैली निकालकर लोगों को बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से महिला शक्ति केन्द्र की जिला समन्वयक नेहा गुप्ता जागो री जागो की संस्था के संस्थापक श्री चन्द्र प्रकाश एवं वन स्टाप सेन्टर से सुप्रिया पाठक एवं जागो री जागो से रोशनीए सिद्धिए महिला स्वयं सहायता समूह की सती एवं उजाला वालेन्टियर सीमा वर्माए सबा बानों आदि उपस्थित रहें।

### दुघर्टना मे किशोरी की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाजार से घर लौट रही स्कूटी सवार किशोरी की ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के सराय जानमती निवासी राकेश कोरी की पुत्री काजल 15 स्कूटी से अपनी चचेरी बहन व रामसुंदर की पुत्री गन्नों 19 के साथ गुरूवार को बेलहा स्थित अलका प्रमोद विद्यालय मे किसी सहेली से मिलने आयी थी। घर लौटते समय करीब शाम चार बजे समय लालगंज-कालाकांकर हाइवे पर बेलहा गांव के समीप अचानक तीव्र गति से पीछे से आ रही ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दिया। इससे काजल गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। स्कूटी पर पीछे बैठी काजल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि स्कूटी चला रही गन्नों को मामूली चोट आयी। जख्मी गन्नों ने घर पहुंचकर हादसे की परिजनो को जानकारी दी। भयभीत गन्नों भी कुछ देर के लिए मूर्छित हो गयी। इधर दुर्घटना को देख आस-पास के लोग चीखपुकार करते मौके पर भागकर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल गन्नो को एम्बुलेंस सेवा एक सौ आठ से आननफानन मे जिला अस्पताल भेजवाया गया। इधर दुर्घटना मे काजल की मौत की जानकारी होते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन काजल के शव से लिपटकर विलाप करने लगे। मृतका काजल दिल्ली के एक पब्लिक स्कूल मे कक्षा सात की छात्रा थी। इधर वह घर आयी थी। वहीं सूचना पाकर एसएसआई रामअधार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका किशोरी के शव का पंचनामा कर देर शाम पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दुर्घटना करने वाली ट्रक को पुलिस ने चालक समेत हिरासत मे ले लिया है।

### शिक्षक से घूस मांगने वाला खंड शिक्षा अधिकारी गया जेल

**प्रतापगढ़।** शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने प्राइमरी विद्यालय मदाफरपुर के सामने वाली रोड पर घूस लेते रंगे हाथ खण्ड शिक्षधिकारी को बीते मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट ने आरोपित खंड शिक्षा अधिकारी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के कोहड़ौर थाना क्षेत्र स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदीपुर विकास खंड मगरौरा के सहायक अध्यापक मुकेश कुमार दुबे ने 18 दिसंबर 2020 को पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक मुकेश का नवंबर 2019 से मई 2020 तक का एरियर भुगतान के लिए बकाया था। इसके लिए उसने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्राथमिक विद्यालय मदाफरपुर जाकर प्रार्थना पत्र दिया। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार द्वारा बताया गया कि एरियर 2 लाख 22 हजार रुपये बनता है। उसने भुगतान करने के लिए 20 हजार रुपये घूस की मांग की। जिसमें 10 हजार रुपये पहले देने को कहा और बाकी रकम एरियर मिलने के बाद देने को कहा। शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने आरोपी को प्राइमरी विद्यालय मदाफरपुर के सामने वाली रोड पर घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार को गोरखपुर स्थित विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ओम प्रकाश मिश्र की आदालत में पेश किया गया जहां अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया।

## स्वाट टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कई घटनाएं खोलीं





**बाराबंकी।** स्वाट टीम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न मोहल्लों में हुई चोरियों का खुलासा कर दिया है। पकड़े गये चोरों के कब्जे से नकदी, जेवरात एवं वाहन बरामद हुए है। पुलिस अधीक्षक डा0 अरविन्द चतुर्वेदी ने बताया कि चौदह नवंबर की शहर की डिवाइन सिटी मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने एक पत्रकार सहित चार घरों का ताला तोड़कर लाखों की नकदी व जेवरात पार कर ले गये थे। यही नहीं इसके अतिरिक्त कई और मोहल्लों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में पीड़ितों द्वारा नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद से स्वाट टीम व नगर पुलिस ने संयुक्त रुप से घटनाओं का खुलासा करने में लगी थी। गुरुवार को स्वाट टीम को तब बढ़ी सफलता मिल गयी जब चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्त शनि उर्फसुनील उर्फसोनू रस्तोगी पुत्र चन्द्रपाल रस्तोगी मोहल्ला धमेरी थाना रामनगर, मो0 सलमान पुत्र स्व. रजीक खान निवासी पूरे तरबेज थाना पटरंगा जनपद अयोध्या, आदित्य पुरोहित पुत्र मुन्नीलाल निवासी राजेन्दर नगर मौलाबाग थाना नाका लखनऊ संयुक्त अभियुक्त टीम के हत्थे चढ़ गये। जिनके कब्जे से चोरी किये गये सामान व नकदी बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। इसी के साथ शहर में हुई विभिन्न चोरियों का खुलासा हो गया है।

## शिक्षक निलंबन मे हो रही देरी को लेकर बीएसए से मिला मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ

**बाराबंकी।** मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जुबेर अहमद एवं प्रदेश महासचिव पंकज बाजपेई केनेतृत्वमें गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकत की गई। मुलाकात में पुरेडलई ब्लॉक में हुए विवाद में शिक्षक को निलंबन में हो रहे विलंब पर वार्ता की गई एवार्ता के क्रम में संबधित खंड शिक्षा अधिकारी को सोमवार तक आख्या प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी को एसीपी मामले व अनाधिकृत रूप से कार्य कर रहे शिक्षको के बारे में अवगत कराया गया एसंगठन द्वारा यह भी बताया गया कि शिक्षक आधार के कार्यों का संचालन भी कर रहे है जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी न बताया कि जल्द ही कार्यालय पर सम्बद्ध कार्यालय सहायक को प्रशिक्षण कराया जाएगा जिसका आदेश जल्द ही प्रेषित कर दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पौधरोपण और पर्यावरण समिति की अहम बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी बीण्के पाण्डेय ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2021 हेतु जनपद अमेठी का लक्ष्य 4374120 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। जिसमें वन विभाग द्वारा 2351160 पौधेए पर्यावरण विभाग द्वारा 261240ए ग्राम विकास विभाग द्वारा 1052760ए आवास विकास 4320ए औद्योगिक विकास 4200ए नगर विकास 14760ए लोक निर्माण विभाग 8400ए सिंचाई विभाग 8400ए कृषि विभाग 201600ए पशुपालन विभाग 7080ए सहकारिता विभाग 4800ए उद्योग विभाग 5400ए विद्युत विभाग



5760ए माध्यमिक शिक्षा 2400ए बेसिक शिक्षा 2400ए प्राविधिक शिक्षा 4200ए उच्च शिक्षा 15840ए श्रम विभाग 840ए स्वास्थ्य विभाग 12000ए परिवहन विभाग 840ए रेलवे विभाग 22800ए रक्षा विभाग 6000ए उद्यान विभाग 132840ए पुलिस विभाग 4320ए राजस्व विभाग 119880 व पंचायती राज विभाग 119880 पौधे लगाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने.अपने लक्ष्य के अनुसार कार्य योजना तैयार कर 15 दिवस के अन्दर वन विभाग को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा जो जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है उन पर वृक्षारोपण कराया जाएगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने वर्ष 2020 में किए गए वृक्षारोपण का सत्यापन जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा अंतर्विभागीय जांच समिति गठित कर कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठरए प्रभागीय वनाधिकारी बीण्केण् पाण्डेयए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् आशुतोष दूबेए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनोद मिश्राए पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्राए जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेए उपप्रभागीय वनाधिकारी एण्केण् द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा: प्रदीप

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर आजादपुरा निवासी प्रदीप जैन चिगलौआ को सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने समाजवादी व्यापार सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से जिले के व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृण बनाये रखने के लिए व्यापारी बहुत अहम कड़ी होता है। व्यापारियों और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहते हुएए कई कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया। लेकिन वैश्विक महामारी कोविड.19 की आपदा को अवसर बनाते हुए सरकार के इशारे पर व्यापारियों का विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न किया गया। तो वहीं दूसरी ओर गल्ला व्यापारियों को मण्डी शुल्क विभव कर के अलावा कई तरह के टैक्स के जाल में फांसकर उत्पीड़ित किया जा रहा है। इंस्पेक्टर राज ने व्यापारियों की मुश्किलों को बढ़ाया है। इन सभी समस्याओं के खिलाफ समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी ताकि व्यापारी अपना व्यापार सुगमता व सहजता से कर सके। समाजवादी व्यापार सभा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन चिगलौआ ने कहा कि हाल ही में तालबेहट में सेम्पलिंग के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न के मामले प्रकाश में आये थे लेकिन अब व्यापारियों का उत्पीड़न किसी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दिव्यांगों के प्रति दया के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत: खेदन लाल



**प्रतापगढ़।** दिव्यांगों के प्रति दया के बजाय उन्हें प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है, जिसे तरुण चेतना संस्था बखूबी कर रही हैं। उक्त विचार आज पट्टी के गुडविल पब्लिक स्कूल में तरुण चेतना संस्था द्वारा आयोजित ट्राई साइकिल वितरण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष खेदनलाल जायसवाल ने व्यक्त किया. श्री जायसवाल ने अमेरिका के जीव दया फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि भारत से दूर रह कर भी फाउंडेशन के संस्थापकों द्वारा भारत के लोगों व उसकी मिटटी से प्रेम करना एक सराहनीय कदम है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए. उन्होंने तरुण चेतना की सराहना करते हुए अगले शिविर में सभी विकलांगों को एक-एक कम्बल भी देने की घोषणा की।

इस अवसर पर आयोजक संस्था के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि दिव्यांगों की आजीविका के अवसर को बढाने के लिए आज जीव दया फाउंडेशन, अमेरिका के सहयोग से दिव्यांगों के लिए 21 ट्राई-साइकिल व 4 व्हील-चेयर का वितरण किया, जो फाउंडेशन के सहयोग से आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर गुडविल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राघव राम सहित मो0 समीम, संतोष चतुर्वेदी, मुजम्मिल हुसैन, आजाद आलम, शकुंतला देवी और बृजलाल सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## क्रिसमस पर बढ़ी चौकसी

● **लोगों में बढ़ी सेंटा ड्रेस की मांग, बाजारों में रौनक**

**जगदीशपुर,अमेठी।** क्रिसमस का पर्व नजदीक आते ही गिरजाघरों से लेकर बाजारों तक रौनक बढ गई है क्रिसमस के सजावटी सामान व उपहारों से बाजार गुलज़ार हो गए हैं । हर बार की तरह इस बार भी सेंटा ड्रेस की मांग सबसे अधिक है। साथ ही क्रिसमस ट्री और रंग बिरंगे स्टार की बिक्री भी खूब हो रही है।

औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर सहित आस पास के इलाकों में क्रिसमस पर्व के जश्न की तैयारी के लिए लोग बाजारों से सामानों की खरीददारी कर रहे है। जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र रोड़ नम्बर तीन स्थित गिरजाघर (चर्च) सजकर तैयार हो गए हैं। जैसे जैसे प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे गिरजाघर व बाजार क्रिसमस के रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। शाम होते ही यहाँ के गिरजाघरों की रंग बिरंगी रोशनी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगती हैं। वहीं क्रिसमस के सजावटी सामान से बाजार पट गये हैं और वहीं बाजारों व दुकानों पर सेंटा कैप सेंटा ड्रेस स्टार व सेंटा मास्क की खरीददारी काफ़ी संख्या मे की जा रही है। क्रिसमस के पर्व को देखते हुए सेंटा ड्रेस की मांग सबसे अधिक बढ़ रही है। एक साल से लेकर दस साल तक के बच्चों के लिए सेंटा ड्रेस की बिक्री भी खूब हो रही है ।इस बार प्रभु यीशु के मानने वाले लोगों ने अपने अपने नन्हे मुन्ने बच्चो को सेंटा ड्रेस पहनाकर क्रिसमस पर्व सेलिब्रेशन करने की तैयारी कर रहे है। बाजार में बच्चों के ड्रेस की कीमत लगभग दो सौ रुपये से लेकर पांच सौ रूपये तक चल रही है । इसके अलावा बाज़ारो में छोटे छोटे सेंटा भी खूब बिक रहे हैं छोटे छोटे सेंटा को नन्हे मुन्ने बच्चे काफी पसंद कर रहे है ।घरों में क्रिसमस ट्री सजाने का भी खूब प्रचलन है जो कि लोग काफ़ी समय पूर्व से ही निरंतर सजाते हैं।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी अटल की जयंती को: जिलाधिकारी

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने बताया है कि 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में जनपद में मनाया जायेगा। सरकार कृषकों की आय बढ़ाने व उनके सतत् कल्याण के लिये संकल्पित है। इस संकल्प की पूर्ति के लिये समस्त विकास खण्डों में कृषि मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों का प्रत्येक विकास खण्ड स्तर तथा मण्डी परिसरों पर संयोजन कृषि विभाग द्वारा किया जायेगाए इसमें सहकारिताए पशुपालनए उद्यानए दुग्ध विकास आदि विभागों से सम्बन्धित अधिकारी भी प्रतिभाग करेगें। कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड में 500 किसानो को प्रतिभाग कराया जायेगा जिसमें उद्यान एवं पशुपालन से 50.50 कृषक भी प्रतिभाग करेगे। गोष्ठी का कार्यक्रम पूर्वान्ह 10ण्30 बजे से पूर्वान्ह 11ण्45 बजे तक सम्पन्न होगा जिसमें प्रदेश में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। उन्होने बताया है कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा दोपहर 12 बजे से कृषकों को आनलाईन सम्बोधित भी किया जायेगा। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण हेतु गोष्ठी में समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक विकास खण्ड हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया है। उन्होने पर्यवेक्षक के रूप में विकास खण्ड भादर में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारीए भेटुआ में जिला प्रोबेशन अधिकारीए संग्रामपुर में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीए अमेठी में जिला विद्यालय निरीक्षकए गौरीगंज में जिला उद्यान अधिकारीए जामो में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए शाहगढ़ में अधिशासी अभियंता नलकूपए मुसाफिरखाना में अधिशासी अभियंता सिंचाईए बाजार शुकुल में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारीए जगदीशपुर में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिताए सिंहपुर में जिला आपूर्ति अधिकारीए तिलोई में सहायक अभियंता लघु सिंचाई एवं बहादुरपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी को नामित किया है। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी ;कृषिद्ध को कार्यक्रम के संयोजक हेतु नामित किया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि कोविड.19 से बचाव हेतु एसओपी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये जिसमें सोशल डिस्टेसिंग से बैठनेए मास्क पहनने की अनिवार्यताए सेनिटाइजेशनध्हाथ धोने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

## आज सुंदर कांड पाठ का आयोजन होगा

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के युवाओं द्वारा श्री बाला जी महराज मेहंदीपुर (राजस्थान) में सुंदर कांड के अखंड पाठ का आयोजन किया गया है। सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के पूरे बाबा गंगा दास का पुरवा व श्रीराम युवा सेना के अध्यक्ष उत्तम तिवारी ने बताया कि 25 दिसम्बर को श्रीराम युवा सेना द्वारा श्री बाला जी महराज मंदिर ;मेहंदीपुरएराजस्थानद्ध में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों युवा भाग लेंगे ।गुरुवार को दोपहर दो बजे सैकड़ों भक्त सेमरौता चौराहे से होते हुए आदि शक्तिपीठ माँ अहोरवा भवानी के दरबार मे पहुंचे जहां समाजसेवी बंटी सिंह आशीष मिश्रएदिनेश जायसवाल ने सभी भक्तों का सम्मान किया और मंगलमय यात्रा की बधाई दी ।उसके पश्चात भक्तों का जत्था बाला जी महाराज के दर्शन के लिए रवाना हुए ।इस अवसर पर उत्तम तिवारीए संजीव बाजपेईए भरत मिश्रएआशीष मिश्रएनीतम पाठक समेत सैकड़ों बाला जी शामिल रहे।

## दूसरे दलों से आये लोगों ने थामा सपा का दामन



**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कांग्रेसए बसपा को छोड़कर सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं संचालन कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक गौरव रावत ने कहा वर्तमान सरकार किसानोंएनौजवानोंए छात्रोंए बेरोजगारों के साथ छल करने का काम कर रही है उनके हक अधिकार छीन कर अपमानित करने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सदैव किसानोंए छात्रोंएनौजवानोंए बेरोजगारों के हक और अधिकार दिलाने के लिए आगे रहे हैं और आने वाले समय में भी इनके सम्मान के साथ कोई समझौता समाजवादी पार्टी नहीं करेगी। किसानों की लड़ाई समाजवादी पार्टी हमेशा लड़ती आ रही है लेकिन वर्तमान सरकार पुलिस व प्रशासन के दम पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को प्रताड़ित करने का काम करती है हमारे कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर झुकने वाले नहीं हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कामता यादवए अल्पसंख्यक सभा के पूर्व अध्यक्ष कय्यूम प्रधानएअल्पसंख्यक सभा के नगर अध्यक्ष हाफिज सलमानीए मोहम्मद अकरम सलमानी पूर्व प्रधानएहाफिज उमेरएशमशेर रावतए कालीचरण रावतए महेश गौतमए सलमान शाहए धर्मराज भारतीए राजेंद्र रावतएप्रेम यादवएसलमान शाहए गयासुद्दीन अंसारीए सुशीलए हंसराजएताहिर सलमानीए शाहिद सलमानीए पिंटू यादव एअब्दुल अली शाह एमोहम्मद जैद एगयासुद्दीन अंसारी एनसीरुद्दीन शाहए मणिकांतए मकबूल अहमदए मोहम्मद फरहान आदि लोग शामिल रहे।